वाराणसी, रविवार 9 मार्च, 2025

फाल्गुन माह, शुक्ल पक्ष 10, वर्ष 14, अंक 32, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00

परख सच की

जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

अन्दर : न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे अधिक रन बनाने वाले पांच भारतीय खिलाड़ियों में विराट दूसरे नंबर पर

अन्दर : आत्मा की एक काव्यात्मक सिम्फनी

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

घूंघट में सखियां लठ बरसा रहीं, बरसाने की होली शुरू

मथुरा। चेहरे पर घूंघट लेकिन हाथों में तेल लगी लाठी। शनिवार को बरसाने की रंगीली होली में यही नजारा दिखा। इनकी लाठी से बचने के लिए सभी हुरियार ढाल का इस्तेमाल करते हैं। इस दौरान हेलिकॉप्टर से रंगीली गली के ऊपर पुष्प वर्षा करके हुरियारों के जोश को कई गुना बढ़ा दिया गया। बरसाने की होली खेलने वालों का तो यही मानना है कि जब वो होली खेलते हैं, तो स्वयं राधा रंग-गुलाल खेलती प्रतीत होती हैं, फिर ठाकुरजी तो साक्षात हुरियारों के सामने बैठे होते हैं। लट्ठमार होली हर कोई नहीं खेल सकता है, बल्कि बहुएं ही इसे खेलती हैं, यहां पर कुंवारी लड़कियां लट्ठमार होली नहीं खेल सकतीं हैं। यहां की मशहूर रंगीली गली की बहुएं तो श्रृंगार ही ऐसा करती हैं मानों उन्होंने श्रीजी की ही तरह अपने ठाकुरजी के लिए खुद को सजाया हो। इस श्रृंगार को ठाकुरजी के नाम किया जाता है।

भाजपा के लिए काम कर रहे हैं कांग्रेस के नेता

राहुल गांधी ने गुजरात के सम्मेलन में उठाये गंभीर सवाल, दी चेतावनी

अहमदाबाद। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अपनी ही पार्टी के नेताओं को लेकर बड़ा तंज कसा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कई नेता है जो भाजपा के साथ मिले हुए हैं और जो बब्बर शेर हैं वो चेन से बंधे हुए हैं। ऐसे में गुजरात की हार पर बोलने में शर्म किस बात की।

गुजरात में कांग्रेस की लीडरशीप में दो तरह के लोग हैं। उनमें बंटवारा है। एक हैं जो जनता के साथ खड़े हैं उनके लिए लड़ते हैं, उनकी इज्जत करते हैं जिनके दिल में कांग्रेस की विचारधारा है। दूसरे हैं, जो जनता से कटा हुआ है दूर बैठता है और उसमें से आधे बीजेपी से मिले हैं। राहुल ने आगे कहा, मेरी जिम्मेदारी है कि जो ये दो ग्रुप हैं इनको छांटना है। कांग्रेस में नेताओं की कमी नहीं है। बब्बर शेर हैं लेकिन पीछे से चेन लगी हुई है तो वे चेन से बंधे हैं। यहां रेस के घोड़ों को बारात में बांध दिया जाता राहुल दो दिन के गुजरात दौरे पर हैं। आज दूसरा दिन है। उन्होंने अहमदाबाद के जेड हॉल में प्रदेश के करीब 2 हजार कार्यकताओं को संबोधित किया। इनमें महिला कार्यकर्ताएं भी शामिल हुईं। महिला दिवस के मौके पर राहुल गांधी महिला कार्यकताओं से मुलाकात की। गुजरात फंसा हुआ, इसको रास्ता नहीं दिख रहा। गुजरात आगे बढ़ना चाहती है। गुजरात की कांग्रेस पार्टी उसको रास्ता नहीं दिखा पा रही है। मैं ये बातें डरकर नहीं बोल रहा हूं और न शरमाकर बोल रहा हूं।

मगर मैं आपके सामने ये बातें रखना चाहता हूं कि चाहे राहुल गांधी हो, चाहे जनरल सेक्रेटरी हों हम गुजरात को रास्ता नहीं दिला पा रहे हैं। अगर हम गुजरात की जनता को रिस्पेक्ट करते हैं, तो साफ कहना पड़ेगा कि आज तक जनता की जो उम्मीदें हमसें थी, मुझसे थीं, वो हम पूरी नहीं कर पाए। अगर ये नहीं बोलेंगे तो हमारा गुजरात की जनता से रिश्ता नहीं बनेगा।

साफगोई

गुजरात में कांग्रेस की लीडरशीप में दो तरह के लोग हैं एक जनता के साथ खड़े हैं, दूसरे वो जो जनता से कटे हुए हैं



NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
(प्रा०लि०)
सोने, चाँदी, हीरे, प्लेटिनम एवं कुंदन के आभूषण
• 916 हॉलमार्क ज्वेलरी •
रथयात्रा : 8303173010
अर्दली बाजार : 9696470424
चौक(ठठेरी बाजार): 8318650589
चितईपुर(अवलेशपुर) :9696544217
SUNDAY OPEN
•रथयात्रा • अर्दली बाजार • चौक(ठठेरी बाजार) • चितईपुर(अवलेशपुर)वाराणसी
•पार्किंग की सुविधा उपलब्ध•

मणिपुर में फिर हिंसा की आग

फ्री ट्रैफिक मूवमेंट के पहले दिन बवाल, एक की मौत,16 घायल

भड़की हिंसा

कुकी समुदाय के लोगों ने बसें रोकीं, सुरक्षाबलों ने आंसू गैस छोड़ी

मणिपुर। कुकी और मैतेई बहुल इलाकों में करीब 2 साल बाद फ्री ट्रैफिक मूवमेंट शुरू होते ही हिंसा भड़क उठी। इंफाल, चुराचांदपुर, कांगपोकपी, विष्णुपुर और सेनापति को जोड़ने वाली सड़कों पर शनिवार को जैसे ही बसें चलनी शुरू हुईं, कुकी समुदाय के लोगों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने आवाजाही रोकने के लिए सड़कों पर पत्थर बिछा दिए। सड़कों पर पेड़ काटकर गिरा दिए। कई जगह गाड़ियां खड़ी कर सड़कें रोक दीं। बसों, कारों में आग लगा दी। हिंसा कर रहे लोगों को रोकने के लिए सुरक्षाबलों ने लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले दागे। जवाब में प्रदर्शनकारियों ने पत्थरबाजी की। सुरक्षाबलों और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प में एक व्यक्ति की मौत हुई है, जबकि 16 गंभीर रूप से घायल हैं। सुरक्षाबलों की ओर से पैलेट गन का इस्तेमाल होने की भी खबर है। कुछ तस्वीरों-वीडियोज में घायलों के शरीर पर पैलेट गन के छर्रों के निशान दिख रहे हैं। इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इंफाल, चुराचांदपुर, कांगपोकपी, विष्णुपुर और सेनापति इलाकों में जा रही सरकारी बसों को सीआरपीएफ और स्थानीय पुलिस की सुरक्षा में चलाया जा रहा है। इसके अलावा रेड जोन वाले इलाकों में जगह-जगह सुरक्षाबलों की तैनाती की गई है।





अमित शाह ने फ्री मूवमेंट का ऐलान किया था

गृह मंत्री अमित शाह ने 1 मार्च को मणिपुर के हालात पर गृह मंत्रालय में समीक्षा बैठक की थी। गृह मंत्री ने 8 मार्च से मणिपुर में सभी सड़कों पर बेरोकटोक आवाजाही सुनिश्चित करने को कहा था। साथ ही सड़कें ब्लॉक करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने 9 फरवरी को इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद मणिपुर में 13 फरवरी को राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया था। राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने उपद्रवियों से सभी लूटे गए हथियार सरेंडर करने को कहा था। अब तक 500 से ज्यादा हथियार सरेंडर किए जा चुके हैं।

मुख्य सचिव बोले- सामान्य स्थिति बहाल होगी

मणिपुर के मुख्य सचिव पीके सिंह ने कहा कि राज्य में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए हम सभी प्रयास कर रहे हैं। राजधानी इंफाल से चुराचांदपुर के बीच हेलिकॉप्टर सेवाएं 12 मार्च से शुरू होंगी। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक आवागमन में बाधा डालने के किसी भी प्रयास पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी की दो टूक

चीन भरोसे लायक नहीं

नई दिल्ली। भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने एक कार्यक्रम में भारत की सुरक्षा, चीन और पाकिस्तान को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना तेजी से नई टेक्नोलॉजी को अपना रही है और हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार है। अगर चीन से कभी युद्ध की स्थिति बनती है, तब भारत कितना तैयार है, इस पर सेना प्रमुख ने बताया कि भारत ड्रोन टेक्नोलॉजी सहित हर विकसित हो रही टेक्नोलॉजी पर काम कर रहा है। हमारे पास इसतरह के ड्रोन हैं, जो एके-47 फायर कर सकते हैं और मिसाइल लांच कर सकते हैं। चीन की ओर से ड्रोन अटैक होने की स्थिति में भारत भी काउंटर अटैक के लिए पूरी तरह तैयार है। चीन पर भरोसा करे या नहीं, इस सवाल पर जनरल द्विवेदी ने दो टूक कहा कि चीन पर भरोसा नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि युद्ध किसी भी देश के हित में नहीं होता, लेकिन अगर ऐसी स्थिति आती है तब भारतीय सेना अपनी रणनीति और ताकत के हिसाब से पूरी तैयारी के साथ जवाब देने को तैयार है। आंतकी मुल्क पाकिस्तान को लेकर जनरल द्विवेदी ने कहा कि उसकी तरफ से आतंकवाद रोकने को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इसकारण भारतीय सेना को हमेशा तैयार रहना होगा। उन्होंने बताया कि जम्मू-कश्मीर, जहां कभी आतंकवाद का साया हुआ करता था, वहां आज लाखों की संख्या में टूरिस्ट पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा, टेररिज्म से लेकर टूरिज्म तक का सफर तय किया है। भारतीय सेना ने जम्मू-कश्मीर में बड़ी संख्या में आतंकियों को मार गिराया है।

वायु सेना प्रमुख ने अमेरिकी फाइटर जेट की खरीद पर कहा, ये कोई वाशिंग मशीन या फ्रिज नहीं

नई दिल्ली । हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिका दौरे पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत को एफ-35 स्टील्थ फाइटर जेट बेचने की पेशकश की थी। अब भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर मार्शल एपी सिंह ने बड़ा बयान दिया है। वायुसेना प्रमुख सिंह ने कहा कि अमेरिका ने इस विमान पर अब तक कोई औपचारिक प्रस्ताव नहीं दिया है। एक कार्यक्रम में एयर मार्शल सिंह ने कहा कि वायु सेना ने अभी तक एफ-35 विमान का विश्लेषण नहीं किया है और इसकी लागत भी एक महत्वपूर्ण पहलू है। यह कोई वॉशिंग मशीन या रेफ्रिजरेटर नहीं है कि सिर्फ दिखा और अच्छा लगाने पर खरीद लिया।

संक्षेप

भारत गौरव ट्रेन कराएगी 12 ज्योतिर्लिंग के दर्शन

पटना। इंडियन रेलवे 27 मार्च से भारत गौरव ट्रेन की शुरूआत करने जा रही है। 11 रात और 12 दिन के सफर में यह ट्रेन 12 ज्योतिर्लिंग और दक्षिण भारत की यात्रा कराएगी। ग्रुप में यात्रा करने वालों को किराए में 750 रुपए की छूट दी जाएगी। 27 मार्च को यह ट्रेन बेतिया स्टेशन से सुबह 7 बजे चलेगी। क्षेत्रीय प्रबन्धक राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि ट्रेन के कोच मोडिफाई हैं। इसकी पेंट्री भी मोडिफाई है। इसमें एक साथ 1000 लोगों का खाना बनाया जा सकता है।

ठाणे में बांग्लादेशी महिलाएं गिरफ्तार

मुंबई। महाराष्ट्र के ठाणे में पुलिस ने दो बांग्लादेशी महिलाओं को अवैध रूप से रहने के आरोप में हिरासत में लिया है साथ ही पुलिस ने उन्हें फ्लैट किराए पर देने के आरोप में दो लोगों को भी हिरासत में लिया है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

जज साहब! मुझे वापस जेल भेज दें

नई दिल्ली। अगुस्टा वेस्टलैंड वीवीआईपी हेलिकॉप्टर मामले में बिचौलिए क्रिश्चियन मिशेल जेम्स को दिल्ली हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद शहर की ही एक कोर्ट में पेश होकर उन्होंने जमानत लेने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि दिल्ली उनके लिए सुरक्षित नहीं है और वह हिरासत में रहना चाहते हैं। मामले में ईडी द्वारा दर्ज 3600 करोड़ रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेम्स को 2018 में यूएई से प्रत्यर्पित भारत लाया गया था।

नहीं मिली व्हीलचेयर, गिरने से आईसीयू में भर्ती

नई दिल्ली। दिल्ली एयरपोर्ट पर 82 साल की बुजुर्ग महिला के साथ एअर इंडिया की लापरवाही का मामला सामने आया है। महिला को पहले से व्हीलचेयर की सुविधा बुक कराने के बावजूद एयरलाइन ने उन्हें व्हीलचेयर देने से मना कर दिया, जिससे उन्हें काफी दूर पैदल चलना पड़ा और वे इसी बीच गिर गईं। गिरने से उनके सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं। और अब वे आईसीयू में भर्ती हैं।

इजरायली पर्यटक समेत दो महिलाओं से गैंगरेप

बेंगलुरु । कर्नाटक के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल हम्पी से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। कुछ अज्ञात लोगों ने एक विदेशी पर्यटक समेत दो महिलाओं के साथ दुष्कर्म किया और उनके साथ मौजूद तीन पुरुषों के साथ मारपीट कर उन्हें पानी में फेंक दिया। इनमें से एक युवक का शव शनिवार सुबह बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार, यह घटना गुरुवार रात 11:00 से 11:30 बजे के बीच सनापुर झील के पास हुई। आरोपियों ने 27 वर्षीय इजरायली महिला पर्यटक और 29 वर्षीय होमस्टे संचालिका के साथ दुष्कर्म किया।

जमानत के बाद भी यूपी के 6,158 नहीं हो पाए रिहा

लापरवाही

पूरे देश में यह आंकड़ा 24 हजार है, इनमें 50% से सबसे ज्यादा यूपी, एमपी और बिहार से हैं

नई दिल्ली। इसे अनदेखी कहें या दुर्भाग्य। कोर्ट ने देश की विभिन्न जेलों में बंद 24 हजार कैदियों को रिहा करने के आदेश दे दिए हैं। इसके बाद भी इनकी रिहाई इसलिए नहीं हो पाई कि ये जमानत राशि जमा नहीं कर पाए। इंडिया जस्टिस रिपोर्ट और नालसा सुप्रीम कोर्ट की रिपोर्ट के मुताबिक देश की जिलों में 24 हजार से ज्यादा ऐसे कैदी मौजूद हैं, जो जमानत मिलने के बाद भी जेल में बंद हैं। कैदियों के जेल में होने का कारण यह है कि वे जमानत की शर्तें पूरी नहीं कर पा रहे हैं। यानी ये कैदी जमानत राशि जमा नहीं करा सके हैं। इसलिए वे जमानत के बाद भी जेल में हैं।रिपोर्ट में कहा गया है कि इन कैदियों में ऐसे कई लोग हैं जो मामूली अपराधों में जेल गए थे। देश की जेलों में बंद कुल कैदियों की संख्या 24,879 है। इनमें 50% से सबसे ज्यादा यूपी, एमपी और बिहार से हैं।

जानकार कहते हैं कि सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि जमानत शर्तें पूरी न करने के बावजूद ऐसे बंदियों को रिहा किया जा सकता है, जिन्होंने कुल सजा का एक-तिहाई समय जेल में काटा हो। इसके लिए निचली कोर्ट जाना होगा। यह आदेश दुष्कर्म और हत्या जैसे अपराधों में नहीं लागू होता। जमानत के बावजूद जेल में बंद होने का मुद्दा सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 479 के तहत भी इसे लेकर प्रावधान किए गए हैं।

जमानत के बाद भी कैद

उत्तर प्रदेश की जेलों में 6158, मध्य प्रदेश में 4190, बिहार 3345, महाराष्ट्र1661, ओडिशा 1214, केरल1124, पंजाब-हरियाणा 922, असम में 892, तमिलनाडु 830, कर्नाटक की जेलों में 665 कैदी जमानत के बाद भी कैद हैं।

अंसल पर धोखाधड़ी के चार और मुकदमे

लखनऊ। शासन की सख्ती के बाद अंसल बिल्डर पर शिकंजा कसता जा रहा है। 24 घंटे के भीतर अंसल पर सुशांत गोल्फ सिटी थाने में चार मुकदमे दर्ज किए गए हैं। चारों केस लाखों रुपये की धोखाधड़ी के हैं। आरोपियों में अंसल के पूर्व चेयरमैन सुशील अंसल, वाइस चेयरमैन प्रणव अंसल और उनके कर्मचारी शामिल हैं। तेलीबाग निवासी सेवानिवृत्त कैप्टन कन्हैया लाल के मुताबिक उन्होंने वर्ष 2012 में अंसल से प्रॉपर्टी बुक कराई थी। इसके लिए उन्होंने मोटी रकम भी अदा की। सालों बीत जाने के बाद भी आरोपियों ने न तो प्लॉट दिया और न ही रकम वापस की। पीड़ित का कहना है कि बिल्डर ने धोखाधड़ी की है। लोगों के गाढ़ी कमाई को कहीं और इस्तेमाल कर चुका है। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

योगी-नड्डा मुलाकात के बाद अध्यक्ष व मंत्रिमंडल विस्तार की अटकलें तेज

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को नई दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात की। आधे घंटे से अधिक की इस मुलाकात को यूपी की आगामी सियासत की दृष्टि से खासा महत्वपूर्ण माना जा रहा है। योगी और नड्डा की इस मुलाकात के बाद प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चाएं और तेज हो गई हैं। इसके साथ ही यूपी भाजपा के नये अध्यक्ष का चुनाव भी होना है। माना जा रहा है कि इस मुलाकात में इन दोनों ही मुद्दों पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को पश्चिमी यूपी और दिल्ली के प्रवास पर थे। इस दौरान उन्होंने दिल्ली में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिलकर यूपी के सियासी हालात पर चर्चा की। यह भेंट ऐसे समय पर हुई है जब प्रदेश में संगठन के चुनाव चल रहे हैं और यूपी भाजपा को नया मुखिया मिलना है। प्रदेश अध्यक्ष की दौड़ में टीम योगी के कई चेहरों के साथ ही केंद्रीय मंत्रिमंडल के सदस्य भी शामिल हैं। इसके अलावा भी प्रदेश के कई नेता इस रेस में हैं। भाजपा जिलाध्यक्षों की सूची को भी अभी दिल्ली से हरी झंडी मिलना बाकी है। माना जा रहा है कि भाजपा अध्यक्ष ने इसे लेकर भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बात की। इसके अलावा बिहार के बाद अब उत्तर प्रदेश में भी मंत्रिमंडल विस्तार होना है। यह विस्तार इसी माह होली के बाद प्रस्तावित है। मौजूदा मंत्रियों के कामकाज से लेकर टीम में शामिल होने वाले संभावित चेहरों को लेकर भी दोनों नेताओं के बीच बात हुई। हालांकि पार्टी के स्तर से इसे लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

तैयारी

प्रदेश अध्यक्ष की दौड़ में टीम योगी के कई चेहरे शामिल

अकबर हो या औरंगजेब, सबकी मानसिकता एक : योगी

कहा, हमारे राष्ट्रनायक महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी व गुरु गोविंद सिंह

गौतमबुद्ध नगर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को दादरी में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर आयोजित जनसभा में उन्होंने महाराणा प्रताप के स्वाभिमान, स्वधर्म और स्वदेश के प्रति अद्वितीय समर्पण को याद करते हुए उन्हें सच्चा राष्ट्रनायक करार दिया। एनटीपीसी परिसर में महाराणा प्रताप स्टेडियम में आयोजित इस भव्य समारोह में मुख्यमंत्री ने उनकी वीरता की गाथा को विस्तार से बयां किया। सीएम योगी ने यह भी कहा कि अकबर हो या औरंगजेब, हिन्दुओं के प्रति सबकी मानसिकता एक ही थी। उन्होंने कहा कि हमारे आदर्श और राष्ट्रनायक महाराणा प्रताप, वीर शिवाजी और गुरू गोविंद सिंह जी महाराज हैं, न कि अकबर या औरंगजेब। सीएम ने जनसभा स्थल से ही गौतमबुद्ध नगर के लिए 1,467 करोड़ की 97 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराणा प्रताप ने स्वदेश और स्वधर्म के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। तनिक स्वार्थ के लिए सत्ता के सामने झुकने की बजाय, उन्होंने स्वाभिमान को चुना। चित्तौड़ के राजवंश में जन्मे और कुम्भलगढ़ में पैदा हुए महाराणा प्रताप ने मात्र 28 साल की उम्र में अकबर जैसे विशाल साम्राज्य से पहला युद्ध लड़ा। सीएम योगी ने हल्दीघाटी की प्रसिद्ध लड़ाई का जिक्र करते हुए कहा कि 20 हजार सैनिकों के साथ लाखों की सेना का मुकाबला करने वाला योद्धा ही हमारा सच्चा नायक हो सकता है। हल्दीघाटी ने उन्हें राष्ट्रनायक का दर्जा दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अकबर कभी नायक नहीं हो सकता। चाहे अकबर हो या औरंगजेब, इनकी हिंदुओं के प्रति मानसिकता एक जैसी थी। इन्होंने भारत की सनातन परंपरा को रौंदने के लिए तमाम षड्यंत्र रचे। इसके विपरीत, महाराणा प्रताप ने अपने बलिदान से सनातन संस्कृति की रक्षा की। योगी ने छत्रपति शिवाजी महाराज और गुरु गोविंद सिंह का भी उल्लेख किया और कहा कि ये राष्ट्रनायक हमारी प्रेरणा हैं। जो इनका सम्मान नहीं करते, वे विकृत मानसिकता के शिकार हैं और उन्हें उपचार की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान पीढ़ी को इन महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। महाराणा प्रताप का योगदान हमें सिखाता है कि स्वाभिमान और स्वधर्म से समझौता नहीं करना चाहिए। यही कारण है कि पूरा देश उन्हें याद करता है। मुख्यमंत्री ने हाल ही में संपन्न हुए महाकुम्भ और ब्रजभूमि में चल रहे होली उत्सव का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 13 जनवरी से 26 फरवरी तक चले महाकुम्भ में 66 करोड़ 30 लाख लोग आए, लेकिन कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। यह हमारी संस्कृति और सुरक्षा का प्रमाण है।

प्रतिमा का अनावरण

महाकुम्भ के बाद ब्रज भूमि में हो रहा रंगोत्सव राष्ट्रीय एकता का सबसे बड़ा प्रतीक

कठुआ में लापता तीन लोगों के शव जलाशय में मिले

कठुआ। जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में तीन लोगों के लापता होने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। इस मामले में सुरक्षा बलों और स्थानीय प्रशासन ने बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन चलाया। अंततः लोहाई मल्हार इलाके के समीप एक जलाशय में तीनों के शव बरामद किए गए। इस घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

बताया जा रहा है कि जिला कठुआ के बिलावर क्षेत्र के जंगलों में तीन लोग लापता हो गए थे। उनकी तलाश के लिए सुरक्षा एजेंसियों के साथ-साथ एन.टी.आर.ओ. (नेशनल टेक्निकल रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन) की टीम को भी तैनात किया गया था। जानकारी के अनुसार, गत दिनों बिलावर के सडून क्षेत्र से तीन लोग शादी समारोह में भाग लेने के लिए निकले थे, जिनमें दो व्यस्क और एक नाबालिग शामिल था। परिजनों के मुताबिक, इनमें से एक ने परिवार को फोन कर जानकारी दी थी कि वे जंगल में रास्ता भटक गए हैं। इसके बाद से ही तीनों के फोन बंद आ रहे थे। यहां जलाशय से तीन शवों के मिलने से स्थानीय लोगों में भय का माहौल है। यह इलाका पहले भी आतंकी घटनाओं से प्रभावित रहा है। जिससे इस घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां इस मामले की हर एंगल से जांच कर रही हैं। फिलहाल शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का सही खुलासा हो सकेगा। इस घटना ने कठुआ जिले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एक बार फिर चिंता बढ़ा दी है।

कंटेनर से 20 लाख की अंग्रेजी शराब बरामद

सफलता

पार्सल की तरह सामान पैक करके नीचे शराब की पेटियां छुपाएं थे

वाराणसी। आपरेशन चक्रव्यूह के दृष्टिगत लंका पुलिस ने लौटूवीर पुलिया के ऊपर वाहन चेकिंग की दौरान डीसीएम कंटेनर की भीतर पार्सल का सामान कुलर बेड सहित अन्य सामान रखकर नीचे स्क्रीम के तहत 240 पेटियां अवैध शराब इंपीरियल ब्लू की 2061 लीटर बरामद हुआ है। पुलिस के द्वारा बिल्टी मांगने पर चालक गाड़ी की केबिन से बिल्टी कागजात लाने के बहाने फरार हो गया।रमना पुलिस चौकी शनिवार दोपहर को डीसीपी काशी गौरव बंशवाल ने पकड़े गए शराब खुलासा करते हुए शराब पकड़ने वाली टीम को 25 हजार पुरस्कार राशि से पुरस्कृत करने की घोषणा डीसीपी काशी जोन ने किया।पकड़े गए अवैध शराब की कीमत 20 लाख रुपए बताया गया है। होली के कारण बिहार में शराब बंदी होने के कारण शराब की तस्करी पंजाब हरियाणा यूपी से बढ़ गई है। पिछले सप्ताह में लंका पुलिस ने बड़ी मात्रा में अवैध शराब को पकड़े थे।शराब पकड़ने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक लंका शिवाकांत मिश्रा रमना चौकी प्रभारी धर्मेंद्र कुमार उपनिरीक्षण हरनारायण कांस्टेबल दीपक मौर्या चंद्रशेखर मिश्रा कमल सिंह आशीष तिवारी शामिल थे।

कार का शीशा तोड़ नगदी और साड़ियां चोरी

रामनगर । रामनगर पुलिस बूथ से मात्र पचास मीटर दूर स्थित मिजार्पुर रोड पर खड़ी एक कार का शीशा तोड़कर शनिवार को चोरों ने पिछली सीट पर रखा बैग चोरी कर लिया। बताया जाता हैं कि मिजार्पुर जिला के जमालपुर थाना अंतर्गत ईशुपुर गांव निवासी मुन्ना सिंह पटेल परिवार संग शुक्रवार को सामने घाट स्थित अपने बेटी के घर गए हुए थे। वह शनिवार को शादी के लिए खरीददारी करने रामनगर पहुंचे सुबह साढ़े ग्यारह बजे यहां पहुंचने पर चौक मिजार्पुर मार्ग पर सड़क किनारे गाड़ी खड़ी कर कपड़े की दुकान पर साड़ी खरीदने चले गये। दोपहर लगभग दो बजे जब वापस आये तो गाड़ी का शीशा टूटा देख हतप्रभ रह गये। गाड़ी के पिछली सीट पर रखा बैग गायब था। उनके अनुसार बैग में दस हजार रुपये नगद सहित कीमती लगभग पांच साड़ियां थी। मिली सूचना पर पहुंची पुलिस आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज जांच पड़ताल में जुटी रही।

मस्जिद हबीबिया में 7 दिनी तरावीह हुई खत्म

वाराणसी। आदमपुर के भदऊँचुंगी स्थित मस्जिद हबीबिया में हाफिज नसीमअहमद बशीरी की सरपरस्ती में हाफिज आमिर सोहेल ने अलहम की सूरे से तरावीह शुरू की और सूरेनाश पढाकर तरावीह खत्म की उसके बाद नमाजियों ने हाफिज से मुसाफा करना शुरू किया।

मुसाफा के सिलसिले के बाद मस्जिद के मुत्तावल्ली अलीजुद्दीन लोधी ने गुलाब की माला सफा कपड़ा और मिठाई पेश कर के हाफिज का इस्तकबाल किया। हफीज ने पहले दिन से पांचवें दिन तक हर रोज पांच पारा पढ़ाया। छठे दिन पौने पांच पारा पढाया। सातवें दिन पाव पारा पढाकर मुकम्मल तरावीह खत्म की मस्जिद में पांचो वक्त की नमाज पढाने वाले हफीज शाहिद रजा ने इत्र और गुलाब की माला पेश कर नमाजियों का इस्तकबाल किया। तरावीह खत्म होने के बाद हाफिज ने मिलाद पढाया। और दुआ में हिंदुस्तान में अमन चैन व खैरो बरकत की दुआ मागी। नमाजियों में हिस्सा (तबर्रुक) के तौर पर लड्डू और दीनी किताब बाटी गई।मस्जिद के मेंबरान अजीजुर रहमान गुड्डन,अब्दुल मन्नान, पिंटू भाई,मोहम्मद शोएब, हाफिज तकसीर हाफिज, रियाजउल्लाह व तमाम नमाजियों की मौजूदगी रही।

संक्षेप

घर के बाहर खेल रहे बच्चे को कुत्ते ने काटा

तरना। गिलट बाजार निवासिनी महिला प्रिय लक्ष्मी सिंह ने शिवपुर थाना में मुकदमा दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि शुक्रवार की शाम उसका बच्चा घर के बाहर खेल रहा था तभी पड़ोस में रहने वाली नैना कुशवाहा का कुत्ता उसके बच्चे को काट लिया। जब वह इसकी शिकायत नैना कुशवाहा से करने गई तो उसने गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देकर उसे भगा दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया।

नाबालिक को भगाने वाला वांछित गिरफ्तार

चौबेपुर। स्थानीय पुलिस ने शनिवार को चौबेपुर से नाबालिक को बहला-फुसलाकर भगाने वाले वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया ।चौबेपुर क्षेत्र के एक निकटवर्ती गांव की नाबालिग को युवक शहबान अली पुत्र खचाहे निवासी डुढुवा थाना चौबेपुर बहला-फुसलाकर कहीं भगा ले गया था। जानकारी मिलने के बाद नाबालिक के घर वालों ने युवक के खिलाफ चौबेपुर थाना में पहुंचकर मुकदमा दर्ज कराया था।

जानलेवा हमले में वांछित आरोपित गिरफ्तार

चौबेपुर। स्थानीय पुलिस ने विगत दिनों मुनारी बाजार मे मुर्गा लेने के विवाद मे हुए जानलेवा हमले के वांछित आरोपित मोहम्मद फिरोज पुत्र निजामुद्दीन निवासी मुनारी को हड़ियाडीह गेट के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है । अभियुक्त के ऊपर जानलेवा हमलेवा हमले और एससी एसटी एक्ट का मुकदमा दर्ज था।पुलिस आरोपी की तलाश में कई दिनों से जुटी थी।

बीमारी से ग्रसित युवक का मिला शव

वाराणसी। भेलुपुर थाना क्षेत्र के दुगार्कुंड इलाके में स्थित जीआरएस कोचिंग के सामने सड़क किनारे जूते के दुकान के बाहर 37 वर्षीय लौहराबीर निवासी सुजीत कुमार (मिंटू) का शव मिलने से हड़कंप मच गया। जूते की दुकान संचालक ने पुलिस को सूचना दिया। सूचना पर मौके पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया। और परिजनों को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुची मृतक की बहन चंदा और भाभी रेखा ने बताया कि मूल रूप से युवक जगतगंज लौहराबीर का रहने वाला है। दो भाई व दो बहनों में दूसरे नंबर पर था। मृतक की वर्ष 2013 में शादी हुई थी और वर्ष 2015 में शादी टूट गई उससे दो बच्चे हुए थे, लेकिन दोनो बच्चों की पहले ही मृत्यु हो चुकी थी। युवक बीते कई सालों से टीवी शुगर सहित अन्य बीमारियों से ग्रसित था। युवक शराब का आदि था उसे कई बार अस्पताल में भी भर्ती करवाया गया था। युवक 2.5 साल पहले दुगार्कुंड में उसी जूते के दुकान पर काम करता था।

एडिशनल सीपी ने कोटवां में किया रूट मार्च

लोहता। होली और रमजान को लेकर शनिवार को एडीशनल सीपी ने कोटवां में पुलिस बल के साथ पैदल रुट मार्च किया। इस दौरान उनके साथ वरुणा जोन चन्द्र कान्त मीणा, एसीपी रोहनिया संजीव शर्मा, मंडुवाडीह, रोहनिया, लोहता थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार तथा साथ में पीएसी, अतिरिक्त पुलिस बल के जवान थे।कुछ देर के लिए डिहवा, खरका, कस्बे के लोग सहम गये थे। लेकिन जैसे कोटवां गांव के लोगों को मालूम हुआ कि यह पैदल मार्च आगामी त्योहार होली और रमजान महीने को लेकर हो रहा है। तब जाकर लोगों ने राहत की सांस लिया। एस चिनप्पा आधे घंटे तक विभिन्न गलियों में पैदल रुट मार्च किया । पूर्व विधायक सुरेंद्र नारायण सिंह के साथ भाजपा के क ई पदाधिकारियों के साथ कोटवा में लोगों से मिलकर शांति और सौहार्द बनाये रखने की अपील किया।

बीएचयू के सहयोग से टीकाकरण को मिलेगी गति

वाराणसी। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के चिकित्सा विज्ञान संस्थान (आईएमएस) में निवारक और सामाजिक चिकित्सा (पीएसएम) विभाग के विभागाध्यक्ष और संकाय तथा जिला टीकाकरण कार्यालय, राज्य टीकाकरण कार्यालय, जेएसआई और यूएनडीपी अधिकारियों के साथ आज एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। चर्चा मुख्य रूप से स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली (एचएमआईएस) और यूडब्ल्यूआईएन प्लेटफार्मों पर टीकाकरण डेटा की रिपोर्टिंग को मजबूत करने के साथ-साथ टीकाकरण के बाद प्रतिकूल घटनाओं (एईएफआई) और वैक्सीन-रोकथाम योग्य रोगों (वीपीडी) के मामलों के लिए रिपोर्टिंग तंत्र में सुधार पर केंद्रित थी। स्वास्थ्य विभाग और आईएमएस बीएचयू के साथ सभी पार्टनर एजेंसियों ने प्रतिभाग कर कुशल टीकाकरण, डेटा रिपोर्टिंग और प्रशिक्षण के मद्देनजर विशेष रणनीति पर चर्चा की इसके अलावा, बीएचयू में नियमित टीकाकरण (आरआई) प्रशिक्षण के लिए एक समर्पित हब की स्थापना पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। इस पहल का उद्देश्य स्वास्थ्य पेशेवरों की क्षमता निर्माण को बढ़ाना, बेहतर टीकाकरण कवरेज और डेटा सटीकता सुनिश्चित करना है। बैठक अत्यधिक प्रभावी एवं महत्वपूर्ण रही, जिसमें प्रमुख कार्य बिंदुओं पर स्वास्थ्य विभाग, आईएमएस बीएचयू के साथ सभी पार्टनर एजेंसियों की आपसी सहमति बनी। अगले कुछ महीनों में सुव्यवस्थित प्रक्रियाओं को लागू किया जाएगा, जिससे जनपद स्तर पर टीकाकरण के मानकों को पूरा करेंगे जिससे गुणवत्तापूर्ण टीकाकरण को और मजबूती मिलेगी।

बैठक में राज्य प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ अजय गुप्ता, एचओडी पीएसएम विभाग डॉ संगीता कंसल, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ एके मौर्या, स्टेट लीड, जेएसआई, डॉ आशीष मौर्या, अर्बन आरआई प्रोग्राम स्पेशलिस्ट डॉ रीतेश, प्रोग्राम आफिसर जेएसआई डॉ रवि मोहन, यूएनडीपी से डॉ राहुल तथा संकाय के लोग उपस्थित रहे।

मारपीट के मामले में मुकदमा

बड़ागांव। थानाक्षेत्र बाबतपुर स्थित सिएट कालेज से शुक्रवार को शाम परीक्षा देकर वापस घर जा रहे एक छात्र को कुछ लोगों लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया।

स्थानीय लोगों ने बीच बचाव करते हुए घायल को समीप के एक नीजी चिकित्सालय में भर्ती कराया है।घायल की बहन सुष्मिता सोनकर ने तीन नामजद सहित चार अज्ञात लोगों के विरुद्ध स्थानीय थाने में मुकदमा पंजीकृत कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शिवपुर थानाक्षेत्र के शिवपुर बाईपास निवासी साहिल सोनकर अशोका इंस्टीट्यूट में पढ़ता है, जिसका परीक्षा केंद्र सिएट कालेज में पड़ा था। वह केंद्र में परीक्षा देकर घर लौट रहा था कि कालेज के समीप ही सड़क किनारे कुछ लोगों ने उसे मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के संबंध में बहन ने प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि इशान चौरसिया, अतुल एवं सम्मान सिंह सहित तीन चार अन्य लोग मेरे भाई को घेरकर मारने लगे। घायल की स्थिति गंभीर होने के कारण घटना का स्पष्ट कारण पता नहीं चल सका।

अपनी रियलिटी गढ़ने लगा है लिट फेस्ट न्यू मीडिया

बनारस लिट् फेस्ट

दूसरे दिन भी वक्ताओं ने रखे अपने विचार

वाराणसी। शुरूआती दौर में न्यू मीडिया ने वास्तविकता को दर्शाया अब स्थिति यह हो गई है कि अब न्यू मीडिया अपनी रियलिटी गढ़ने लगा है। उसे इस बात से मतलब नहीं है कि जनता क्या देखना चाहती है। वह वही दिखा रहा है जो वह दिखाना चाहता है। इसका यह आशय नहीं है कि न्यू मीडिया का सामाजिक सरोकार नहीं रह गया है।

यह बातें प्रख्यात साहित्यकार मदन मोहन दानिश ने कहीं। वह बनारस लिट् फेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को आयोजित संवाद में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि वह सामाजिक सरोकारों से जुड़ा तो है लेकिन पावर गेम की अपेक्षाओं के अनुरूप ढालकर दिखाता है। न्यू मीडिया कहीं न कहीं हमारे अंदर की ओछी नकारात्मका को दिखाता है और उसी सक कमाता है। उन्होंने कहा कि तत्कालीन रचनाकारों ने हमारी, संस्कृति, परंपपरा, समाज पर पड़ने वाले इस दुष्प्रभावों पर सबसे अधिक बात की थी। उन्होंने जो आशंका व्यक्त की थी आज वह सभी आशंकाएं सत्य साबित हो रही हैं। इसका सबसे बड़ा दुष्प्रभाव न्यू मीडिया तकनीक के रूप में सामने आया। तकनीक ने सबको निःसंदेह सशक्त किया है लेकिन उसके कई खतरे भी हैं जिनसे हमारा समाज जूझ रहा है। भूमंडलीकरण के शुरूआती दौर में ही हिंदी साहित्य ने इसके खतरों से आगाह करा दिया था। एकमात्र हिंदी साहित्यकार ही थे जिन्होंने भूमंडलीकरण के सकारात्मक और नकारात्मक दोनों ही पहलुओं पर मुखर होकर अपना पक्ष रखा था। इस सत्र में मौजूद शैफी किदवई ने कहा कि इस दौर में पूंजी का भूमंडलीकरण हुआ है। श्रम का भूमंडलीकरण होना अब भी शेष है। भूमंडलीकरण ने भाषा के बंधन को निःसंदेह तोड़ा है। साहित्य को नया आयाम दिया है। ओटीटी पर किताबों की बहुत अधिक बिक्री होना एक सशक्त प्रमाण है। इस सत्र में राकेश कुमार सिंह ने कहा कि भूमंडलीकरण एक माचिस की तरह है। इससे घर में खाना पकाने के लिए आग भी जला सकते या फिर किसी का घर जलाने के लिए आग लगा दें। इस अवसर पर मुख्य रूप से बीएलएफ के अध्यक्ष दीपक मधोक, उपाध्यक्ष अशोक कपूर व गोविंद सिंह, सचिव बृजेश सिंह, सह-सचिव अमित सेवारमानी, कोषाध्यक्ष धवल प्रकाश सहित मुकेश सिंह, एहसान खान, अम्बुज गुप्ता और डॉ.एसबी तिवारी आदि मौजूद थे।

कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जनपद-चन्दौली

पत्र संख्या- दिनांक 08.03.2025

नीलामी सूचना

मुख्य चिकित्सा अधिकारी चन्दौली के पत्रांक-मु0चि0अ0/वृक्ष/नीलामी /2024-25/4300 दिनांक 24.02.2025 के क्रम में प्रभागीय वन विभाग द्वारा नियामताबाद गांव में वृक्ष कटाई का कार्य किया जाना है जिसके उपरान्त खाली जमीन पर क्षय रोग क्लिनिक भवन का निर्माण किया जाना है। जिसके लिए 50 वृक्षों का नीलामी/निस्तारण इस नियम व शर्तों के साथ किया जाना है-

1. उक्त वृक्ष पर प्राथमिक स्वास्थ्य का स्वामित्व हो, उनका रोपण वन विभाग द्वारा न किया गया हो।
2. नीलाम लेने वाले क्रेता/ठेकेदार का पंजीयन वन विभाग में हुआ हो।
3. नीलाम लेने के पश्चात/ठेकेदार द्वारा वन विभाग से पातन अनुज्ञा प्राप्त करने के उपरान्त ही वृक्षों का पातन किया जायेगा तथा नियमानुसार प्रकाष्ठ का अभिवहन वन विभाग द्वारा जारी अभिवहन पास प्राप्त करने के उपरान्त ही किया जायेगा
4. यदि उक्त वृक्षों का पातन विभागीय स्तर से किया जाता है तो पातन के उपरान्त नियमानुसार प्रकाष्ठ का अभिवहन वन विभाग द्वारा जारी अभिवहन पास प्राप्त करने के उपरान्त ही किया जायेगा।

वन विभाग के आंकड़ों के अनुसार कुल 50 वृक्षों का मूल्य क्रमशः 28 अर्जुन वृक्ष रु0 31164.00, 21 कंजी वृक्ष रु0 9233.00, 01 पीपल वृक्ष रु0 119.00 कुल रुपया 40516.00 निर्धारित की गयी है। इस मूल्य से ऊपर बोली लगाने वाले को निविदा दिया जायेगा। नीलामी के पूर्व 5 प्रतिशत धनराशि का डी0डी0 जो मुख्य चिकित्सा अधिकारी चन्दौली के नाम से बंधक रहेगा, जो प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नियामताबाद, चन्दौली में जमा होगा। तभी बोलीकर्ता नीलामी में प्रतिभाग कर सकता है। यदि बोलीकर्ता 5 प्रतिशत धनराशि की डी0डी0 जमा करने के बाद नीलामी में प्रतिभाग नहीं करता तो उस स्थिति में जमा डी0डी0 वापस नहीं किया जायेगा। नीलामी की तिथि दिनांक 18.03.2025 को समय दोपहर 01.00 बजे से 03.00 बजे तक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नियामताबाद, चन्दौली में निर्धारित किया गया है। अधिकतम बोलीकर्ता को 5 प्रतिशत जमानत की राशि को घटा कर शेष राशि एक सप्ताह के अन्दर जमा करने के उपरान्त उपरोक्त शर्तों के अनुसार ही वृक्ष काटने की अनुमति प्रदान की जायेगी।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
जनपद-चन्दौली

लिट फेस्ट में आनंदा पुस्तक पर चर्चा



वाराणसी। करण मधोक की पुस्तक आनंदाः एन एक्सप्लोरेशन ऑफ कैनाबिस इन इंडिया भारतीय संस्कृति में गांजा (कैनाबिस) के विभिन्न पहलुओं की गहन पड़ताल करती है। यह पुस्तक दिसंबर 2024 में प्रकाशित हुई थी। लिट फेस्ट में इस पुस्तक पर चर्चा करते हुए इसके बारे में लोगों को और जानकारी दी गयी।

इस पुस्तक में कैनाबिस के वनस्पति, आध्यात्मिक, चिकित्सीय और मनोरंजक उपयोगों का विशद वर्णन किया है। उन्होंने हिमाचल प्रदेश के मलाना गांव का दौरा किया, जो विश्व-प्रसिद्ध 'मलाना क्रीम' के लिए जाना जाता है, केरल में 'इडुक्की गोल्ड' की खोज की, और आंध्र प्रदेश-ओडिशा क्षेत्र में 'शीलावती' किस्म की तलाश की। इसके अलावा, उन्होंने भक्तों, नशेड़ियों, तस्करों और चिकित्सकों के साथ बातचीत की, जो विभिन्न संदर्भों में कैनाबिस का उपयोग करते हैं।

पुस्तक में कैनाबिस के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व पर भी प्रकाश डाला गया है। यह भारत की प्राचीन सभ्यता से जुड़ा है, जहां इसके संदर्भ प्राचीन ग्रंथों और मिथकों में मिलते हैं। कैनाबिस का उपयोग चिकित्सा, आध्यात्मिक और मनोरंजक उद्देश्यों के लिए किया जाता रहा है, और यह भारत के विभिन्न राज्यों में व्यापक रूप से पाया जाता है।

आनंदा न केवल कैनाबिस के विभिन्न उपयोगों की पड़ताल करती है, बल्कि इसके वैधीकरण, सामाजिक प्रभाव और भविष्य की संभावनाओं पर भी विचार करती है। मधोक का यह कार्य भारतीय समाज में कैनाबिस के प्रति दृष्टिकोण को पुनः परिभाषित करने का प्रयास है, जो इसे बेहतर समझ और स्वीकृति की दिशा में ले जाता है। सभी ने लिट फेस्ट में इस पुस्तक की सराहना की।

संदिग्ध परिस्थिति में अधेड़ की मौत

रोहनिया। रोहनिया थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी अखरी अंतर्गत रामपुर लठिया गाँव मे शनिवार को संदिग्ध परिस्थिति में अधेड़ की मौत हो गयी। मकान मालिक के सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम को भेज जांच पड़ताल में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक धर्मवीर नगर कालोनी सुसुवाही डाफी थाना लंका निवासी गंगाराम मौर्या पुत्र बाबूलाल मौर्या 45 वर्ष बीते छह वर्ष पूर्व रोहनिया के बेटावर में जमीन लेकर मकान बनाकर रहता था बीते कुछ वर्ष पूर्व पहली पत्नी घर छोड़कर चली गयी तो दूसरी पत्नी से वह कोर्ट मैरेज शादी किया था।दूसरी पत्नी से वाद-विवाद के कारण गंगाराम बेटावर घर छोड़कर रोहनिया क्षेत्र के रामपुर लठिया में किराए का मकान लेकर बीते एक माह से अकेले रह रहा था शनिवार को वह कमरा बन्द कर पूरे दिन घर से जब बाहर नही निकला तो मकान मालिक को शक हुआ दरवाजे खोलने पर देखा गया तो कमरे में गंगाराम तख्ते पर सोया हुआ था मुंह से खून निकला हुआ था जिसके बाद मकान मालिक ने तत्काल रोहनिया पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक रोहनिया विवेक कुमार शुक्ला, चौकी प्रभारी अखरी अवनीश मिश्रा सहित पुलिस टीम घटना स्थल पहुँच फॉरेंसिक टीम सहित बेटावर के ग्राम प्रधान व पत्नी को सूचना दिए। मौत की खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

जनसंदेश टाइम्स वर्गीकृत

आवश्यकता

आवश्यकता है- वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर से सम्बद्ध देवचन्द दलसिंगार भारतीय विद्यापीठ महाविद्यालय आर्यनगर, मुहम्मदपुर, शेखनपुर, गाजीपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर वाणिज्य वर्ग में 6 प्रवस्ता एवं स्नातक कला संकाय में अंग्रेजी-1, शिक्षाशास्त्र-1, मध्यकालीन इतिहास-1, शारीरिक शिक्षा-1 एवं स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय में राजनीति शास्त्र-2 एवं संस्कृत-2 पदों के प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। योग्यता एवं वेतनमान यू0जी0सी0/30 प्र0 शासन विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार इच्छुक एवं अर्हत अभ्यर्थी आधार कार्ड के साथ अपना फोटो लगाकर आवेदन पत्र सम्पूर्ण शैक्षिक एवं प्रशिक्षण प्रमाण पत्रों की छायाप्रति के साथ 21 दिन के अन्दर महाविद्यालय के पते पर प्रेषित करें। साक्षात्कार की सूचना दूरभाष पंजीकरण डाक द्वारा दी जायेगी।

प्रबन्धक
मो0-9839524114, 8542842752

आवश्यकता है

माँ शारदा देवी महिला महाविद्यालय, कैथौली, बाबतपुर, वाराणसी (संबद्ध महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी) में स्नातक स्तर वाणिज्य संकाय में बी0 काम0 विषय प्रवक्ताओं की। अर्हता व वेतनमान यू0 जी0 सी0 उत्तर प्रदेश शासनादेश एवं विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार। योग्य अभ्यर्थी अंकपत्र, समस्त अभिलेख एवं 2 फोटो सहित 15 दिन के अन्दर आवेदन करें।

प्रबन्धक
मो0-9415835585

घेरे बंदी कर सभी की जांच, जुर्माना वसूला 1.61 लाख

वाराणसी। होली के मद्देनजर स्टेशनों पर बढ़ने वाली भीड़ को नियंत्रित करने व प्लेटफार्म पर अकारण घूमने वालों पर लगाम लगाने के उद्देश्य से शनिवार को कैंट स्टेशन पर घेरे बंदी करते हुए सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान कुल 241बेटिकट यात्रियों से बातौर जुर्माना 161885(एक लाख इकसठ हजार आठ सौ पचासी रुपये) राजस्व के मद में वसूला गया।

मुख्य टिकट निरीक्षक (इंचार्ज) जनार्दन सिंह ने बताया कि मंडल कार्यालय लखनऊ के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कुलदीप तिवारी के आदेश पर वाराणसी जंक्शन पर शनिवार को सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक किलाबंदी कर सभी प्लेटफार्मों पर चेकिंग अभियान चलाया गया। जर्नादन सिंह ने बताया कि सहायक वाणिज्य प्रबंधक (तृतीय) विनीत कटियार के निर्देशन में कुल 25 चेकिंग स्टाफ ने किलाबंदी चेकिंग में चेकिंग किया। जिसमें कुल 241 यात्री बिना टिकट पकड़े गए और 161885 रुपए का जुर्माना वसूला गया। चेकिंग में मुख्य टिकट निरीक्षक संजय कुमार सिंह, अरविंद सिंह प्रथम, अनिल कुमार, शमसी सलाम और टिकट परीक्षक अनिल पाल, संतोष कुमार, राजेश तिवारी, पवन कुमार सिंह, राजहंस सोनकर, प्रशांत राय, रवि रंजन सिंह, आकाश सिंह, तपेश्वर सिंह, सोनल कुमार,पूजा चौबे और निकिता सिंह के साथ आरपीएफ कांस्टेबल अमित कुमार उपस्थित रहे। बताया कि आगे भी इस तरह का अभियान चलता रहेगा।

शास्त्री चिकित्सालय का निरीक्षण

रामनगर। शनिवार अपराह्न वाराणसी मंडल के संयुक्त निदेशक डॉ एम पी सिंह ने स्थानीय लाल बहादुर शास्त्री चिकित्साल्य का औचक निरीक्षण किया,और मरीजों को मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। उनके द्वारा इमर्जेंसी एवं अन्य वार्डों में भर्ती मरीजों से मिल रही सुविधाओं,दवाओं के बारे में पूछताछ की। चिकित्सालय की साफ सफाई एवं मरीजों को मिल रही सुविधाओं से संतुष्ट रहे।निरीक्षण के दौरान उनके साथ सीएमएस डॉ जी सी द्विवेदी डॉ संजय शर्मा, डाक्टर राजेश श्रीवास्तव,अमर सिंह,भारतेन्दु त्रिपाठी, नरेंद्र शर्मा सहित अन्य डाक्टर उपस्थित थे। उन्होंने आगामी ग्रीष्म ऋतु के पूर्व चिकित्सालय के पंजीकरण केंद्र, अल्ट्रासाउंड केंद्र तथा टी बी वॉर्ड के बाहर शुद्ध शीतल पेय जल के लिए वाटर कूलर लगवाने के निर्देश दिए गए।

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी मझवॉ मीरजापुर

पत्रांकः 1359/टेण्डर-नोटिस/2024-25 दिनांकः 06.03.2025

अल्प निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि क्षेत्र पंचायत मझवॉ द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 की अनुमोदित मनरेगा, पंचम राज्य वित्त, केन्द्रीय पन्द्रहवा वित्त की निम्न परियोजनाओं के कार्य हेतु विकास खण्ड में अर्ह एवं विकास खण्ड में पंजीकृत फर्म/ठेकेदार जो कार्य कराने/आपूर्ति हेतु इच्छुक हो, दिनांक 08.03.2025 से दिनांक 15.03.2025 को दोपहर तक कार्यालय अवधि में ससमय निविदा अपने पेड एवं निविदा फार्म बंद लिफाफे में कार्यालय में जमा कर सकते है दिनांक 13.03.2025 को सायं काल 4 बजे मेरी देखरेख में कमेटी द्वारा खोला जायेगा। निविदा सबसे कम दर का ही स्वीकृत किया जायेगा। शेष निरस्त कर दिया जायेगा। निविदादाता को आयकर एवं व्यापार दर/जी0एस0टी0 के अन्तर्गत रजिस्टर्ड होना आवश्यक होगा अन्यथा निविदा अमान्य कर दी जायेगी। निविदा के साथ धरोहर की धनराशि अनुमानित लागत की धनराशि का 2 प्रतिशत एफ0डी0/डिमाण्ड ड्राफ्ट अधोहस्ताक्षरी के पक्ष में/फर्म के पक्ष में तैयार कर मूल रुप से जमा करनी होगी। निविदा फार्म कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। यह निविदा केवल राज्य वित्त/पंचम वित्त के लिए ही सर्वमान्य होगा।

राज्य वित्त/पंचम वित्त अंश के कार्य कराये जो हेतु टेण्डर/निविदा आमंन्त्रण

क्र0 सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	कुल दूरी/ लम्बाई	कुल लागत रु0 लाख में	मनरेगा से कराये गये कार्य		टेण्डर हेतु राज्य वित्त/पंचम वित्त से कराये जाने वाले कार्य						टिप्पणी
1	मीरजापुर	ग्राम पंचायत वादीपुर में मेन रोड से भोनू राजभर के घर तक मिट्टी व इण्टरलाकिंग कार्य	420	19.27	200 मी0	9.28 लाख	200 मी0	9.99 लाख	0.20	225+ 500 and 131 GST @ 18%	2 माह	मझवॉ	मनरेगा अंश से रु0 9.28 लाख 200 मी. का टेण्डर कराया जा चुका है तथा राज्य वित्त/पंचम वित्त अंश से रु. 9.99 लाख 220 मीटर का कराये जाने हेतु निविदा आमंत्रण

नोट-नियम व शर्तें तथा अन्य कोई भी जानकारी कार्यालय से कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

(संजय कुमार श्रीवास्तव)
खण्ड विकास अधिकारी
मझवॉ, मीरजापुर।

वाराणसी सर्राफा भाव

सोना (RTGS 999.0)
89150/inc.GST

चांदी (99.50)
98350/- प्रति किलो

चांदी सिक्का
120000/- प्रति सैकड़ा

वाराणसी मानव

काशी व मथुरा का होगा अद्भुत मिलन...

कान्हा के रंगों से होली खेलेंगे बाबा, बाबा के आंगन से मथुरा भेजे गये गुलाल

वाराणसी। काशी-अयोध्या का अद्भुत मिलन..., बाबा के आंगन से मथुरा भेजे गये गुलाल। कान्हा के रंगों से बाबा होली खेलेंगे। बाबा होली के महापर्व पर पहली बार बाबा दरबार से लड्डू गोपाल के लिए उपहार भेजे गए। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास की ओर से मथुरा में विराजमान लड्डू गोपाल के लिए भस्म, अबीर, गुलाल, चॉकलेट और वस्त्र की भी व्यवस्थाएं की गई है। काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास द्वारा श्री कृष्ण जन्मस्थान मथुरा के साथ नवीन सनातन नवाचार प्रारंभ किया गया है।

होली के अवसर पर रंगभरी एकादशी से पहले बाबा धाम से श्रीकृष्ण जन्मस्थान मथुरा में विराजमान लड्डू गोपाल को उपहार भेजे गए। उधर, लड्डू गोपाल द्वारा श्री काशी विश्वनाथ को भी समारोहपूर्वक भेंट प्रेषित की गई। धाम के सीईओ विश्व भूषण ने श्रीकृष्ण जन्मस्थान मथुरा के सचिव कपिल शर्मा और गोपेश्वर चतुर्वेदी से बातचीत की। इसी क्रम में शनिवार को विधि-विधान से उपहार की सामग्री विश्वेश्वर को अर्पित करने के उपरांत साज-सज्जा और धूमधाम से भेजा गया। बाबा काशी विश्वनाथ इस बार होली पर श्रीकृष्ण जन्मभूमि के गुलाल से होली खेलेंगे। वहीं, जन्मभूमि के लड्डू गोपाल के लिए भी बाबा के दरबार से भस्म और गुलाल भी भेजे जाएंगे। इसके लिए 8 मार्च को फाल्गुन शुक्ल नवमी पर भव्य यात्रा के साथ गुलाल व अन्य सामान मथुरा से काशी भेजा गया। इसी तरह काशी से भी यात्रा सामान लेकर मथुरा के लिए रवानगी हो गई।

रंगभरी एकादशी पर इस बार बाबा काशी विश्वनाथ और भगवती अन्नपूर्णा श्रीकृष्ण जन्मभूमि के गुलाल से होली खेलकर भक्तों को दर्शन देंगे। श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सचिव कपिल शर्मा ने कि सुबह 10 बजे श्री राधाकृष्ण युगल सरकार के भाव से गुलाल, पटुका, पिचकारी और गुजिया प्रसाद काशी विश्वनाथ धाम भव्य यात्रा के साथ भेजा जाएगा।

यात्रा भगवान श्री केशवदेव, मां योगमाया, श्री गर्भ गृह और भागवत भवन स्थित श्रीराधाकृष्ण मंदिर में होते हुए श्रीकृष्ण जन्मस्थान के मुख्यद्वार पर पहुंचेगी। यहां सुसज्जित वाहन में दिव्य होली प्रसाद को लेकर श्रीकृष्ण जन्मभूमि के पूजाचार्य और जन्मस्थान से जुड़े भक्तगण काशी विश्वनाथ धाम जाएंगे। इसी गुलाल से ही 10 मार्च को रंगभरी एकादशी के दिन बाबा विश्वनाथ भगवती अन्नपूर्णा रंगारंग होली के दर्शन भक्तों को देंगे।

सड़क पर उतरीं सैकड़ों महिलाएं, मांगा न्याय

स्नेहा मौत प्रकरण

एक घंटे प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने चक्का जाम भी किया

वायरल तस्वीर के अनुसार एक पैर तख्त पर मुड़ा था

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। भेलूपुर के जवाहर नगर एक्सटेंशन के रामेश्वरम हॉस्टल में रहकर नीट की तैयारी करने वाली छात्रा की मौत के बाद अब खुलासे पर सवाल उठ रहे हैं। मामले में परिजनों और स्थानीय स्तर समेत अलावा बिहार-झारखंड में भी प्रदर्शन जारी है।

शनिवार को महिलाओं ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने सीपी की गठित एसआईटी टीम की रिपोर्ट पर भी कम भरोसा जताया।

लगभग एक घंटे प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने सर्किट हाउस के पास चक्का जाम किया। रोहतास के सासाराम तकिया निवासी सुनील सिंह की 17 वर्षीय पुत्री स्नेहा रामेश्वरम हॉस्टल में रहकर नीट की तैयारी करती थी। 1 फरवरी की सुबह हॉस्टल संचालक की सूचना पर पुलिस पहुंची तो देखा कि उसका शव खिड़की के ग्रिल से फंदे से लटका था। वायरल तस्वीर के अनुसार एक पैर तख्त पर मुड़ा था। जबकि एक पैर तख्त के नीचे था।

भेलूपुर पुलिस के मुताबिक छात्रा ने आत्महत्या की थी। इसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों की मौजूदगी में हरिश्चन्द्र घाट पर अंत्येष्टि कराई।

स्वयं सहायता समूहों को रोजगार के लिए मिले 6.91 करोड़ रुपये

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

हरहुआ ब्लॉक सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर शनिवार को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की तरफ से जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन विकास खण्ड हरहुआ सभागार में किया गया। इसमें स्वयं सहायता समूहों को रोजगार के लिए 6.91 करोड़ रुपये को डेमो चेक प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली समूह की दीदियों सुनीता मौर्या एवं प्रेमशीला को सम्मानित किया गया। विकास खण्ड बड़ागांव की ब्लाक मिशन प्रबंधक कुसुम झा को भी उत्कृष्ट कार्य के लिए विभाग ने सम्मानित किया। स्वयं सहयता समूह की महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए रिवोल्विंग फण्ड एवं सामुदायिक निवेश निधि की धनराशि छः करोड़ इन्क्याब्बे लाख अस्सी हजार का प्रतीकात्मक डेमो चेक उपलब्ध कराया गया। पायल, रेनू, सुनीता व पूनम ने चेक प्राप्त किया। इस दौरान 443 समूहों को सामुदायिक निवेश निधि एवं 91 समूहों को रिवोल्विंग फण्ड की धनराशि निर्गत की गयी। उपायुक्त (स्वतः रोजगार) पवन कुमार सिंह ने महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के सभी बिन्दुओं पर प्रकाश डाला। परियोजना निदेशक विनोद राम त्रिपाठी ने उप मुख्यमंत्री का शुभकामना संदेश पढ़कर सुनाया। सहायक विकास अधिकारी सुनील पांडेय ने शादी अनुदान, कन्या सुमंगला योजना, सामूहिक विवाह, पेंशन आदि के बारे में जानकारी दी।

संचालन जिला मिशन प्रबंधक श्रवण कुमार सिंह ने किया। इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी बद्री प्रसाद, प्रदीप केसरवानी, विक्रम सिंह, उत्कर्ष राव, रविन्द्र यादव, रत्नेश कुमार के अलावा समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।

राष्ट्रीय चिह्न की चमक देख अभिभूत हुआ लाओस का दल

वाराणसी। सारनाथ लाओस का 17 सदस्यीय दल शनिवार को पुरातात्विक स्थलों को देखने के लिए सारनाथ पहुंचा। उन्होंने पुरावशेषों के देखा एवं उनके विस्तृत जानकारी ली। बुद्ध से संबंधित पुरावशेषों को देखकर एवं ऐतिहासिकता को जानकर अचंभित हो गए। बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि सारनाथ घूमने के बाद बहुत ही अच्छा लगा।

मिस यूनिवर्स लाओस 2024 मीपूह फिरूंया थीप्पोमवोंग सहित 17 लोगों का दल 8.45 बजे पुरातात्विक उत्खनित स्थल परिसर के मुख्य द्वार पर पहुंचा। सहायक पर्यटन अधिकारी आर के मौर्या ने बुके देकर स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने धर्मराजिका स्तूप, मूलगंध कुटी मंदिर अवशेष, अशोक की लाट एवं धमेख स्तूप को देखा एवं ऐतिहासिकता को जाना। धमेख स्तूप की परिक्रमा कर यह दल पुरातात्विक संग्रहालय पहुंचा। उन्होंने कॉमन रूम में रखे भारत के राष्ट्रीय चिन्ह चार सिंह शीर्ष को देखा एवं उसके ऐतिहासिक महत्व को जाना।

पुरातात्विक स्थलों पर फ्री रहा पर्यटकों का प्रवेश टिकट

वाराणसी। सारनाथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को पुरातात्विक स्थलों पर पर्यटकों का प्रवेश टिकट फ्री रहा। सहायक पुरातत्वविद अनिल कुमार सिंह ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पुरातात्विक उत्खनित स्थल परिसर एवं पुरातात्विक संग्रहालय में पर्यटकों का प्रवेश फ्री रहा। इस दौरान पर्यटकों ने उत्खनित स्थल परिसर स्थित पुरावशेषों को देखा एवं संग्रहालय स्थित राष्ट्रीय चिन्ह चार सिंह शीर्ष एवं बुद्धा एवं हिन्दू गैलरी स्थित प्रतिमाओं को देखा।

मसाने की होली की हुड़दंगई से काशी के धर्म और संस्कृति पर आघात

वाराणसी। पंचक्रोसी मार्ग कपिलधारा पंचक्रोस के अंतिम पड़ाव पर स्थित सूर्य नरायण मंदिर में विश्व वैदिक सनातन न्यास द्वारा मणिकर्णिका घाट पर होने वाली मसान की होली की हुड़दंगई से काशी के धर्म व संस्कृति पर हो रहे आघात से बचाने हेतु सन्त व महात्मा गणों व सूर्य मंदिर के महंत महेंद्र नाथ सरस्वती अध्यक्ष पंचायत अखाड़ा की अध्यक्षता में वैचारिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। सैकड़ों की संख्या में पधारे सन्त व महात्मा गणों की विचारों को आत्मसाथ कराने हेतु आयोजित विचार संगोष्ठी का उद्?घाटन सूर्य मंदिर के महंथ महेंद्र नाथ सरस्वती के हर हर महादेव के उद्घोषक से आरंभ हुआ। संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए विश्व वैदिक सनातन न्यास के राष्ट्रीय अध्यक्ष सन्तोष सिंह ने कहा कि मोक्षदायिनी काशी में होली के नाम पर श्मशान में हुड़दं?गयी कराना। गरीर में

राख लपेटने का अधिकार केवल महाकाल को ही है। विश्व वैदिक सनाहन न्याप्त के संगठन महामंत्री आश्वनी त्रिपाठी ने कहा कि विगत 5 मार्च को अस्सी घाट पर भी एक विशाल वैचारिक गोष्ठी का आयोजन किया गया था। विश्वनाथ मंदिर के निदेशक व ज्योतिष आदि के काशी हिन्दू विश्व विद्यालय के प्रोफेसर विश्व हिन्दू परिषद मंत्री आदि ने अपने-2 विचार से मसाने की होली के वीभत्स आयोजन की निन्दा की। विद्वत परिषद के लगभग सभी विद्वानों ने कहा कि काशी सन्त व महात्मा की नगरी है। ।आज मसाने की होली में जिस प्रकार का हुड़दंग मणिकर्णिका घाट पर कराया जा रहा है उसको काशी का नाम विश्व भर मे बदनाम करने की साजिस का अंदेशा लगाया जा सकता है क्योंकि धार्मिक जन अपने सगे संबंधियोंा शव लेकर काशी आते हैं। विश्व वैदिक सनातन न्यास के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष सिंह और संगठन महामंत्री अश्विनी त्रिपाठी के नेतृत्व में अपने प्रतिनिधि मंडल के साथ जिला अधिकारी वाराणसी और संयुक्त पुलिस आयुक्त वाराणसी को ज्ञापन दिया गया। आज इसी क्रम में सूर्य मंदिर के महंत महेंद्र नाथ सरस्वती अध्यक्ष पंचायती अखाड़ा ने संत महात्माओं संबोधित करते हुए कहा की काशी विश्व मे धर्म और मोक्ष की नगरी है और श्मशान साधु संतों की साधना भूमि है जहा लोग मोक्ष पाने के लालच में अपने परिजनों के शवों को लेकर मणिकर्णिका जाते है। इस अवसर पे प्रमुख रूप से सचिव महंत कालू गिरी , महेंद्र दिवाकरपुरी महेंद्र किशोर भारती, थाना पति मंगल महंत शिवम गिरी, महंत लक्ष्मण भारती केशवा नंद सरस्वती कोठारी महंत सुरेश गिरी महंत भीष्म गिरी, महंत शिव गिरी बृजेश गिरी शिवा जी विश्वकर्मा(छोटू) आदि ने संबोधित किया। आध्यात्मिक विचार गोष्ठी का संचालन विश्व वैदिक सनातन न्यास के संगठन महामंत्री व भाजपा के मंडल प्रभारी अश्विनी त्रिपाठी ने किया ।

राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य ने व्यक्त की शोक संवेदना

रामनगर। असम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य शनिवार की अपने गृहनगर रामनगर पहुंचे। यहां पहुंचते ही सबसे पहले उन्होंने दूर्ग रोड स्थित मां मंशा देवी मंदिर में दर्शन-पूजन किया। तत्पश्चात वे गोलाघाट स्थित भाजपा नेता जितेंद्र पाण्डेय के आवास पर पहुंचे। उन्होंने जितेंद्र पाण्डेय के पिता विजय कांत पाण्डेय के निधन पर अपनी शोक संवेदना जताई और शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। उसके बाद वे पंचवटी-गंगा धर पूरम कालोनी पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य सत्येंद्र बारी बीनू के आवास पर पहुंचे और विगत दिनों हुए उनकी मां के निधन पर शोक जताया। तत्पश्चात तपोवन स्थित एक स्कूल परिसर में क्षेत्र के संभ्रात लोगों से मुलाकात की। शाम को उन्होंने तपोवन स्थित थाने के बगल में कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही पूर्व पालिकाध्यक्ष आशा गुप्ता के आवास पर पहुंच कर उनका कुशल क्षेम जाना। इसके पूर्व रामनगर पहुंचने पर उनका

जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में भाजपा महानगर मंत्री डॉ. अनुपम गुप्ता, नगर अध्यक्ष प्रीती सिंह, अशोक जायसवाल, अजय प्रताप सिंह, रितेश पाल गौतम, राजकुमार सिंह, लल्लन सोनकर, अनिल सिंह, भैयालाल सोनकर, शिवांग सिन्हा, अंकित राय, प्यूष गुप्ता, शुभम सिंह, गोविंद यादव आदि शामिल रहे। शाम को वे अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गए।

बीएचयू में छह दिवसीय कार्यशाला का समापन

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। अंतर विश्वविद्यालय अध्यापक शिक्षा केंद्र, बीएचयू में ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स : इंटीग्रेशन ऑफ एआई इन टीचिंग-लर्निंग एंड रिसर्च विषयक छह दिवसीय कार्यशाला का समापन आईयूसीटीई परिसर में हुआ। यह कार्यशाला एआई टूल्स की मदद से शिक्षण, मूल्यांकन को विद्यार्थी केन्द्रित व शोध को गुणवत्तापूर्ण बनाने इत्यादि पर केन्द्रित रहा, जिसमें प्रतिभागियों ने एआई टूल्स के उपयोग के अनुभव देश के विभिन्न हिस्सों से पधारे विशेषज्ञों से प्राप्त किया।

कार्यशाला के समापन सत्र के मुख्य अतिथि एग्रीकल्चरल इकोनोमिक्स के प्रो. राकेश सिंह तथा विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान नई दिल्ली के एसोसिएट प्रोफेसर, डॉ. अमित गौतम रहे। उद्घाटन

सत्र की अध्यक्षता आईयूसीटीई के निदेशक प्रो. पीएन सिंह ने की। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशनल प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन (एनआईईपीए) के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अमित गौतम ने तीन सत्रों में एआई के शिक्षा में उपयोग पर चर्चा की। पहले सत्र में डॉ. गौतम ने एआई फॉर ऑटोमेटेड असेसमेंट्स पर व्याख्यान देते हुए एआई आधारित ग्रेडिंग और असेसमेंट टूल्स के साथ हैंड्स-ऑन अभ्यास कराया। उन्होंने बताया कि एआई का उपयोग शिक्षकों को छात्रों का मूल्यांकन करने में मदद कर सकता है। दूसरे सत्र में डॉ. गौतम ने एआई-ड्रिवन फीडबैक और लर्निंग एनालिटिक्स पर व्याख्यान दिया और बताया कि एआई का उपयोग छात्रों के प्रदर्शन का विश्लेषण करने और उन्हें व्यक्तिगत प्रतिक्रिया देने में मदद कर सकता है। तीसरे सत्र में डॉ. गौतम ने डिजाइनिंग एआई-एनेबल्ड फॉर्मेटिव एंड सम्मेटिव असेसमेंट्स पर व्याख्यान देते हुए कहा कि एआई का उपयोग क्विज, असाइनमेंट और प्रदर्शन ट्रैकिंग सिस्टम बनाने में मदद कर सकता है।

मुख्य अतिथि प्रो. राकेश सिंह ने वैश्विक स्तर पर कृषि के जीवनयापन और रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि कृषि का महत्व बढ़ रहा हो या घट रहा हो, परन्तु यह आज भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। शिक्षकों के सामने चुनौती है कि वे छात्रों को कक्षा में आकर्षित करें और उनका ध्यान बनाए रखें, जिसके लिए उन्हें तकनीकी और विषय सामग्री दोनों में अद्यतन रहना आवश्यक है। शिक्षकों को तकनीकी प्रगति से परिचित होना चाहिए। नैतिकता और भावनाओं में गिरावट के बावजूद, शिक्षकों को पारंपरिक और आधुनिक दृष्टिकोण का समन्वय करना चाहिए, जिससे वे छात्रों से जुड़ सकें और प्रभावी रूप से ज्ञान का प्रसार कर सकें। केंद्र के निदेशक प्रो. प्रेम नारायण सिंह ने कहा कि यह नया केंद्र है और हम सब साथ मिलकर आगे बढ़ रहे हैं। आपके विचार ही आपके व्यक्तित्व को दशार्ते हैं। हमें कभी भी केवल समस्या ही नहीं बल्कि समाधान पर भी विचार करना चाहिए। अच्छा शिक्षक वही है जो समाधान की तरफ भी देखे और कर्तव्य परायणता को ध्यान में रखकर जीवन मूल्य पर चले।

छः दिवसीय कार्यशाला में कश्मीर, गोवा, महाराष्ट्र, असम, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश सहित दस से अधिक राज्यों के सहायक आचार्य, सह-आचार्य ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में डॉ. दीप्ति गुप्ता, डॉ. सुनील कुमार त्रिपाठी, डॉ. अनिल कुमार सहित शैक्षणिक व गैर-शैक्षणिक कर्मचारी उपस्थित रहे। स्वागत प्रो. अजय कुमार सिंह व संचालन डॉ. राजा पाठक ने किया।

ईट भट्ठा संचालकों ने जिला प्रशासन पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

सेवापुरी। ईंट-भट्ठा संचालक शनिवार को रोहनिया के विधायक डॉ. सुनील पटेल से मिले और जिला प्रशासन पर उत्पीड़न का आरोप लगाया। कहा कि जिला प्रशासन के निर्देश पर एसडीएम राजातालाब शालिनी सिंह ईंट-भट्ठों पर पहुंचकर प्रताड़ित कर रही है। संचाकों ने विधायक से उत्पीड़न रोकने की मांग की। भट्ठा संचालकों की मांग पर विधायक ने तत्काल एसडीएम से बात कर व्यापारियों का सहयोग करने व उनके उत्पीड़न को रोकने का निर्देश दिया।

भट्ठा संचालकों ने कहा कि विगत वर्ष उत्तर प्रदेश भट्ठा संघ के बैनर तले एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी से मिलकर भट्ठा चलाने में हो रही प्रशासनिक दिक्कतों के बावत ज्ञापन

देकर विधिवत जनाकारी थी। उस समय मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया गया था कि भट्ठा संचालकों को कहीं से किसी प्रकार की कोई दिक्कत उत्पन्न न हो। लेकिन जिला प्रशासन की तरफ से भट्ठा संचालकों को सहूलियत नहीं दिया जा रहा है जिससे भट्ठा संचालकों में आक्रोश व्याप्त है।

भट्ठा मालिकों ने पर्यावरण स्वच्छता लाइसेंस के नाम पर वर्ष 12 के बाद खुले भट्ठों के संचालन पर लगी रोक को हटाने, ईसी समाप्त करने की मांग की। विधायक से मिलने वालों में अनिल पटेल, अभिषेक दुबे, प्रवीण सिंह, अजीत सिंह, अरविंद सिंह, मंजू यादव, रामलाल पटेल, राजेश सिंह, पियाजु पांडेय, बच्चाराम पांडेय, घनश्याम यादव, धीरज सिंह, उमेश सिंह, हीरालाल विश्वकर्मा, लालजी यादव, अजीत सिंह, परमानंद सिंह, आशु सिंह, हरिओम सिंह, महेंद्र पटेल, राहुल सिंह, मृत्युंजय राय आदि थे।

महिलाओं को दिया गया सीपीआर प्रशिक्षण

वाराणसी। अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय के सेमिनार हॉल में समस्त महिला चिकित्सको, नर्सिंग अधिकारियों एवं महिला कर्मियों को सीपीआर का प्रशिक्षण दिया गया। राजकीय चिकित्सा अधिकारी डा. शिवशक्ति प्रसाद द्विवेदी ने अपनी लाइव प्रस्तुति देते हुए बताया कि पहला तीन मिनट गोल्डन टाइम होता है। कार्डियक अरेस्ट आने पर बरती जाने वाली सावधानियों और सीपीआर से अवगत कराते हुए बताया कि कोरोना के बाद कार्डियक अरेस्ट के मामलों में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है।

आजकल व्यायाम और नृत्य करते समय भी लोगों को दिल का दौरा पड़ रहा है। ऐसी घटनाओं में देश के विभिन्न हिस्सों में कई लोगों की जान भी जा चुकी है। ऐसे समय में सीपीआर देने की जानकारी अधिक से अधिक लोगों को होनी चाहिए। बताया कि कार्डियक अरेस्ट के मरीज के लिए पहला तीन मिनट गोल्डन टाइम होता है। अगर पाच मिनट तक मस्तिष्क को ऑक्सीजन नहीं मिले तो व्यक्ति ब्रेन डेथ का शिकार हो सकता है। इस समय मरीज को सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) दिया जाए तो उसकी जान बचाई जा सकती है।

डा. द्विवेदी ने बताया कि सीपीआर एक मेडिकल थेरेपी की तरह है। इससे कार्डियक अरेस्ट आने पर मरीज को सीपीआर देते हुए अस्पताल पहुंचाया जाता है। सीपीआर तब तक देते रहना चाहिए जब तक एंबुलेंस न आ जाए या मरीज अस्पताल या विशेषज्ञ चिकित्सक के पास नहीं पहुंच जाए। ऐसा करने से मरीज के बचने की संभावना बहुत बढ़ जाती है।

उन्होंने बताया कि अगर व्यक्ति की सांस सा धड़कन रुक गई है तो ऑक्सीजन की कमी से शरीर की कोशिकाएं बहुत जल्द खत्म होने लगी है। इसका असर मस्तिष्क पर भी पड़ता है। सही समय पर सीपीआर और इलाज शुरू नहीं होने पर व्यक्ति की मौत भी हो सकती है।

इस विधि से व्यक्ति की सांस वापस लाने तक या दिल की धड़कन सामान्य हो जाने तक छाती को विशेष तरीके से दबाया जाता है।

गर्भवती महिलाओं को पोषण किट का वितरण

चोलापुर। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राजापुर गांव में आरोग्य मंदिर में सेकी एवं समाजसेवी विपिन पाठक के सहयोग से निःशुल्क चिकित्सीय जांच एवं 132 गर्भवती महिलाओं को पोषण कीट का वितरण किया गया। पोषण कीट में गर्भवती महिलाओं के लिए चना, गुड़, मूंगफली, दलिया, चने का सत्तू आदि पोशाक तत्व था। कार्यक्रम संबोधन में समाजसेवी व भाजपा नेता विपिन पाठक ने कहा, महिला दिवस पर हम अपनी नारी शक्ति को नमन करते हैं। महिला दिवस का दिन हमें नारी की हर छोटी-बड़ी लड़ाई को सम्मान देने और उनके सपनों को पंख देने का मौका देता है। यह दिवस हमें महिलाओं द्वारा समाज में दिए गए योगदान, उनके संघर्ष तथा उनके सामने आने वाली चुनौतियों की याद दिलाता है। इस दिन उन्हें यह ऐहसास कराया जाता है कि वह हमारे लिए कितनी खास हैं। भारत में आजादी के बाद लगातार सुधारों से महिलाओं को पुरुषों की तरह सशक्त बनाया गया है। वह आज स्वावलंबी और स्वतंत्र है। इसीलिए अब कहा जाने लगा है कि भारतीय महिलाओं की सीमाएं आकाश की तरह अंतहीन हो गई हैं। वहीं कार्यक्रम में सीएचओ डॉ. पल्लवी वर्मा, एएनएम ममता, आशा सरोज श्रीवास्तव,अमृता देवी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती पुष्पा देवी, मंजू देवी, फूलवती देवी,बबीता श्रीवास्तव, जमुता देवी, सहायिका सरोज, ज्ञानेत्री देवी, प्रधान प्रतिनिधि सुनील चौबे, भाजपा नेता अरुण पाठक, ग्रापए सदर तहसील अध्यक्ष विजय शंकर चौबे, सत्येंद्र पाठक, प्रिंशु मिश्रा, जयंत कुमार सिंह, विजय यादव शामिल रहे।

महिला दिवस पर महिलाओं ने फुटबॉल में मचाया धमाल

वाराणसी। इंटर काशी फुटबॉल क्लब ने बरेका इंटर कॉलेज फुटबॉल ग्राउंड पर एएफसी महिला दिवस के उपलक्ष में फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया, जिसमें अंडर-13, अंडर-15, अण्डर-17 और सीनियर महिलाओं ने फुटबॉल में अपना जौहर दिखाया। मुख्य अतिथि बरेका के जनरल मैनेजर नरेश पाल सिंह थे। भैरव दत्त के संरक्षण में पूरे टूर्नामेंट का आयोजन हुआ। महाप्रबंधक नरेश पाल ने सभी खिलाड़ियों को मेडल और विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान किया। कुछ वरिष्ठ खिलाड़ियों ने मैच के पश्चात बातचीत करते हुए बताया कि 17 साल बाद आज उन्हें यह मौका मिला, जिससे सभी महिलाएं उत्साहित थी और भविष्य में इस तरह के आयोजन का विचार प्रकट किया। इस दौरान मनोज यादव, राजेश यादव, मुश्ताक अली, भैरव दत्त, पंकज पांडेय, मुरली मनोहर, मनमीत सिंह, मंगू, विनय पांडे, रिंकू पाल आदि उपस्थित रहे।

जीवनदीप ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर संगोष्ठी आयोजित की

वाराणसी। बड़ालालपुर स्थित जीवनदीप शिक्षण समूह के नर्सिंग हाल में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर औरत ही समाज की वास्तविक शिल्पकार है विशय पर एक दिवसीय संगोष्ठी आयोजित हुई। इसमें महिला ग्राम प्रधानों व शिक्षिकाओं को उनके अपने-अपने क्षेत्र में दिये गये योगदान के लिए सम्मानित किया गया। जीवन शिक्षण समूह की उपाध्यक्ष डा. अंशु सिंह ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ व स्मृति चिंह भेंट कर सम्मानित किया। कहा कि महिलाओं को पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिला कर चलने की जरूरत है।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं का हुआ सम्मान

चांदमारी। जन विकास समिति मुर्दहा ने शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें महिलाओं के सशक्तिकरण और उनके अभूतपूर्व योगदान के लिए सम्मानित किया। जनविकास समिति के निदेशक फादर चंद्रन रेमोंड्स ने कोऑपरेटिव के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह पहल किस प्रकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने में सहायता कर सकती है। कार्यक्रम के दौरान कई महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूनम मौर्य जिला पंचायत अध्यक्ष ने महिलाओं की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि समाज के विकास में महिलाओं की भूमिका अनमोल है। जिला विकास अधिकारी नाबार्ड अनुज कुमार सिंह, डॉ जितेंदर गुप्ता, डॉ उमा शंकर, डॉ महेंद्र राय, विद्योत्मा देवी ने विचार व्यक्त किये।

बेल्जियम से आई शिक्षिका जूडी स्टोव को किया गया सम्मानित

आयोजन

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आशा ट्रस्ट ने किया सम्मानित

विगत कई वर्षों से वंचित वर्ग के बच्चों को कर रही हैं शिक्षित

चौबेपुर। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों के क्रम में आशा ट्रस्ट द्वारा भंदहा कला, कैथी में बालिकाओं के लिए संचालित पुस्तकालय एवं अध्ययन केंद्र में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें वर्तमान समाज में महिलाओं की स्थिति और चुनौतियों पर बालिकाओं अपने विचार बेबाकी से रखे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बेल्जियम देश से भारत में भ्रमण पर आयी हुयी शिक्षिका जूडी स्टोव रही। आशा ट्रस्ट की तरफ से उन्हें स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया गया। 60 वर्षीय जूडी विगत 11 वर्षों से भारत के विभिन्न क्षेत्रों में वंचित वर्ग के बच्चों को ऑनलाइन अंग्रेजी, जर्मन और गणित पढ़ाने का कार्य कर रही हैं। प्रति वर्ष दो महीने वह भारत आती हैं और बच्चों के साथ समय बिताती हैं। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि भारत की महिलाओं में अदम्य क्षमता और साहस है, आत्मसम्मान के लिए उन्हें जागृत होना होगा। कार्यक्रम का संचालन ज्योति सिंह ने किया। इस अवसर पर रचना देवी, पूनम, रूबी पाण्डेय, साधना पाण्डेय, नेहा, सुनीता, मंजरी, मोनी, आदि ने विचार रखे। आशा ट्रस्ट के समन्वयक वल्लभाचार्य पाण्डेय ने सभी को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं।

शिक्षा वह हथियार है जिससे महिलाओं की स्थिति को बदल सकते हैं

वाराणसी। सारनाथ केंद्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान के आतिशा सभागार में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस शनिवार को सभा का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर रीता सिंह प्राचार्य, महिला महाविद्यालय बीएचयू ने कहा कि प्रत्येक महिला और लड़की अधिक न्यायसंगत हो और भविष्य में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सके। विशिष्ट प्रोफेसर अलका सिंह प्राचार्य,बसंत कन्या महाविद्यालय ने कहा कि शिक्षा ही वह हथियार है जिसके द्वारा हम समाज में महिलाओं की स्थिति को बदल सकते हैं। अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो डब्ल्यू डी नेगी ने कहा कि पुरुष के हृदय में ममता का भाव आ जाए तो वह एक सुंदर समाज की रचना कर सकता है। कुल सचिव डॉक्टर सुनीता चंद्रा ने कहा कि यदि महिलाओं में शिक्षा, निर्णय लेने की क्षमता, पॉलिसी मेकिंग की क्षमता और डिसीशन लेने की क्षमता को विकसित करके ही समाज में आमूलचूल परिवर्तन किया जा सकता है। संचालन डॉक्टर ज्योति सिंह ने और धन्यवाद ज्ञापन डॉ प्रशांत कुमार मौर्य ने किया।

यह दिवस महिलाओं के अधिकारों का उत्सव है : डॉ. अशोक राय

वाराणसी। अर्न्तराष्ट्रीय महिला दिवस पर वरिष्ठ भाजपा नेता डा. अशोक राय ने कहा कि यह दिवस न केवल महिलाओं के अधिकारों संघर्षों का उत्सव है। बल्कि यह समस्त मातृ शक्ति को सादर नमन है।

भारत की सनातन परम्परा में नारी शक्ति को सदैव श्रद्धा, शक्ति व संवेदनशीलता का प्रतीक माना गया है। डा राय ने कहा कि वर्तमान समय में जब शिक्षा व तकनीक के क्षेत्र में महिलाओं ने नये आयाम स्थापित किये। आज आवश्यकता इस बात की है हम महिलाओं को आधुनिक शिक्षा के साथ सात पारम्परिक संस्कृति से जोड़े।

स्वास्थ्य केंद्रों पर हीमोग्लोबिन की हुई जांच

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

कैम्प में लगभग 10,000 महिलाओं ने कराई जांच

वाराणसी। जनपद में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से हीमोग्लोबिन जांच कैंप का आयोजन किया गया। इस क्रम में महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग की ओर से शनिवार को जिले के सरकारी अस्पतालों, स्वास्थ्य केंद्रों पर हीमोग्लोबिन की जांच की गई। इसकी जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संदीप चौधरी ने दी। जनपद के जिला अस्पताल सहित सभी शहरी तथा ग्रामीण पीएचसी एवं सीएचसी में लगभग 10,000 महिलाओं के हीमोग्लोबिन की जाँच की गई, जिसमें लगभग 500 महिलाएं एनीमिक पाई गई, स्वस्थ रहने के लिए शरीर में हीमोग्लोबिन का मानक के अनुरुप होना बहुत जरूरी होती है। प्रायः यह देखा जाता है कि पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं में हीमोग्लोबिन की कमी पाई जाती है, इसलिए महिलाओं को अपने खानपान पर विशेष ध्यान देना चाहिए महिलाओं को जागरूक करने के लिए ही अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हीमोग्लोबिन जांच कैम्प का आयोजन किया गया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एके मौर्या ने बताया कि महिलाओं के शरीर में हीमोग्लोबिन की मात्रा 11 ग्राम प्रति 100 एमएल ब्लड और पुरुषों में 12 ग्राम प्रति 100 एमएल ब्लड और उससे अधिक होना चाहिए। इससे कम होने पर एनीमियां का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा अन्य समस्याएं भी हो सकती हैं। इसलिए महिलाएं अवश्य सतर्क रहें। समय-समय पर हीमोग्लोबिन की जांच करवाते रहा जाए तो सेहत को कोई नुकसान नहीं होता है।

छात्राओं को स्कूली बैग के साथ मुंह मीठा कराया

पिंडरा। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शनिवार को इनरव्हील क्लब वाराणसी उदिता के तरफ से गोद लिए प्राथमिक विद्यालय जमापुर के छात्राओं को स्कूली बैग के साथ मुंह मीठा कराया। बैग मिलने पर छात्राओं के चेहरे खिल उठे। प्राथमिक विद्यालय परिसर में पहुचने पर सबसे छात्राओं ने तिलक व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

ततपश्चात सरस्वती चित्र पर माल्यार्पण व सरस्वती वंदना व स्वागत गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए वाराणसी उदिता की अध्यक्ष चारुल अग्रवाल व कोषाध्यक्ष संजुलिका सिन्हा ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहाकि आज महिला हर क्षेत्र में भागीदारी निभा रही है। पहली बार ग्रामीण क्षेत्र में पहुंची इनरव्हील क्लब अध्यक्ष ने कहाकि गांवों में काम करने के कई क्षेत्र है। इस दौरान स्कूल की सभी 75 छात्राओं को बैग देने के साथ मुँह मीठा कराया। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रशंसा की। इस दौरान ईप्रआ विनोद कश्यप, संजय गुप्ता, अरविंद वर्मा, डॉ राजीव गौतम, सरिता देवी, तेजबहादुर, अवधेश वर्मा समेत अनेक लोग उपस्थित रहे।

नारी शक्ति ही नहीं, स्नेहशीलता की मूर्ति : डॉ. एस डी अग्रवाल

पिंडरा। क्षेत्र के गांगकला स्थित त्रिपदा पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि विकास पांडेय तहसीलदार पिंडरा तथा श्वेता सिंह पटेल नायब तहसीलदार पिंडरा रही। विद्यालय की नन्ही मुन्नी बच्चियों ने स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना के माध्यम से अतिथिगणों का स्वागत किया। वही प्रबंध विद्यालय के निदेशक कन्हैया लाल पटेल तथा प्रबंध निर्देशिका प्रमिला देवी मुख्य अतिथि को अंग वस्त्रम को माल्यार्पण का स्वागत किया। मुख्य अतिथि विकास पांडेय एवं श्वेता सिंह पटेल ने सभी छात्राओं एवं अध्यापिकाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महत्वपूर्ण तथ्य के माध्यम से जीवन में आगे बढ़ने का मार्ग दर्शन किया। गया। इस मौके पर अशोक पांडेय, शिवशंकर मौर्य, अनुज श्रीवास्तव, मांडवी मिश्रा, उर्वशी मिश्रा, संतोष कुमार, ज्ञान सिंह, शाहिद पूरा विद्यालय परिवार मौजूद रहा।

महिलाओं के स्वास्थ्य जांच के साथ हुआ सम्मान

वाराणसी। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम के उपलक्ष्य में चौकाघाट स्थित राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय व चिकित्सालय परिसर में महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समाज मे बहुत सी महिलाओं ने अपनी मेहनत और लगन से एक विशेष पहचान बनाई है, और समाज की बेहतरी के लिये अपना अमूल्य योगदान दिया है। ऐसे की कुछ विशिष्ट महिलाओं का सम्मान महाविद्यालय परिवार द्वारा किया गया।

महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर नीलम गुप्ता की अध्यक्षता में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध लेखिका डॉ मंजू द्विवेदी, प्रोफेसर बिपाशा गोस्वामी तथा डॉक्टर दिव्या सिंह, मैनेजिंग डायरेक्टर संत अतुलानंद रेजिडेंशियल अकैडमी होलापुर का सम्मान किया गया। प्राचार्य महोदया ने कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथिगण को पुष्पगुच्छ देकर किया। साथ ही महाविद्यालय की समस्त महिला शिक्षको, नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य महिलाओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ टीना सिंघल द्वारा किया गया। विभिन्न कार्यक्रमों के विजेताओं की भी घोषणा की गई। नाट्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान संहिता एवं सिद्धांत विभाग के छात्र-छात्राएं तथा द्वितीय स्थान पर रस शास्त्र विभाग के छात्र और छात्राएं रहे। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर स्नातक छात्रा महक सिंह एवं द्वितीय स्थान पर ऋषिका शर्मा तथा स्नातकोत्तर छात्राओं में प्रथम स्थान पर सिमरन और द्वितीय स्थान पर बैभ्रवी पांडेय रही। ब्लड जांच की गई जिसमें कुल 54 महिलाओं ने अपने हेमोग्लोबिन की जांच कराई। कार्यक्रम में डॉ अंजना सक्सेना, डॉ अनुभा, डॉ रचना निगम, डॉ संजय प्रकाश, डॉ मृगांक शेखर, डॉ ऋचा, डॉ श्वेता मिश्रा आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

कार्यालय जिला पंचायत बलिया

पत्रांकः 880/विज्ञापन/खनिज-परि0-ई-टे0/2024-25 दिनांकः 08.03.2025

खनिज परिवहन ई-आक्शन/नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत बलिया के खनिज परिवहन ठेका/नीलामी वर्ष 2025-26 (01.04.2025 से 31.03.2026) तक के लिए ई-नीलामी कार्यालय पत्रांक-749/750/दिनांक-24.01.2025 के द्वारा आमंत्रित की गयी थी। शासन के पत्र सं0-531/33-सेल/2025 को की गयी सुनवाई पर लिखित निर्देश प्राप्त होने की प्रतीक्षा में जिला पंचायतों द्वारा आमंत्रि ई-नीलामी की तिथि 10 दिवस के लिये बढ़ाये जाने का निर्देश प्राप्त था। पुनः शासन के पत्रांक-584/33-सेल/2025 दिनांक 17.02.2025 के द्वारा ई-नीलामी की तिथि को 15 दिवसों के लिए बढ़ाये जाने का निर्देश दिया गया था। तद्नुसार जिला पंचायत, बलिया द्वारा पूर्व में आमंत्रित ई-आक्शन/नीलामी सूचना पत्रांक-611/दिनांक-10.02.2025 द्वारा संशोधित किया था। पुनः शासन के पत्रांक-742/33-सेल/2025 दिनांक-05.03.2025 द्वारा यह निर्देशित किया गया है कि शासन के अग्रिम निर्देश प्राप्त होने तक जिला पंचायतों द्वारा आहूत खनिज परिवहन शुल्क की ई-नीलामी की प्रक्रिया को यथास्थिति बनाये रखने सम्बन्धित कार्यवाही की जाय। उक्त शासनादेश के अनुपालन में जिला पंचायत, बलिया द्वारा आमंत्रित ई-नीलामी की प्रक्रिया को शासन के अग्रिम आदेशों तक यथास्थिति रहेगी।

(शहबाज खान)
अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, बलिया

11 दिव्यांग महिलाओं का हुआ सम्मान

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस

बीएचयू में तीन दिवसीय कांफ्रेंस के दूसरे दिन चिकित्सकों ने डायबिटीज मुक्त भारत का लिया संकल्प

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। कार्डियबकान सोसायटी आधी आबादी नारी तू नारायणी थीम पर काम करते हुए देश की महिलाओं को डायबिटीज मुक्त करना चाहती है। सोसाइटी फीमेल के मामले में काफी गंभीर है और उन्हें इस कदर ऊपर ले जाना चाहती है, कि पूरे समाज का उत्थान हो।

यह विचार, काशी हिंदू विश्वविद्यालय के स्वतंत्रता भवन में चल रहे तीन दिवसीय नेशनल कांफ्रेंस कार्डियबकान 2025 के दूसरे दिन सोसायटी की अध्यक्ष डॉ पल्लवी मिश्रा व सचिव डॉक्टर आशुतोष मिश्रा ने संयुक्त रूप से व्यक्त किया।

इन्होंने कहा की देश की महिलाएं जब डायबिटीज मुक्त होगी तो देश को भी मधुमेह व हृदयाघात मुक्त होने में समय नहीं लगेगा। उन्होंने कहा की सोसायटी ने एक ऐसे जूते का इजाद किया है जिसके पहनने से मधुमेह रोग को नियंत्रित करने में सफलता मिलती है। यदि व्यक्ति इसे पहन कर प्रतिदिन 10 हजार कदम चलता है तो उसे कभी कोई स्वास्थ्य विकार नहीं आ सकती। उन्होंने कहा कि सोसाइटी ने प्रयास कर एक ऐसे पेयजल का भी ईजाद किया है, जो ऐसे बैक्टीरिया युक्त है कि जिनके प्रयोग से भी डायबिटीज के रोगी को काफी फायदा मिलेगा। समाज व विश्व स्वस्थ हो इसके लिए समिति के सदस्यों को हेल्थ ब्रांड एंबेसडर बनने की जरूरत है।

महिलाएं कांटों के बीच खिलने वाली पुष्प हैं: प्रो. सुमन मोहन

सेवापुरी। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पावन अवसर पर प्रो सुमन मोहन ने राजकीय महिला महाविद्यालय सेवापुरी में पांच-दिवसीय शर्मिष्ठा रेंजर्स प्रशिक्षण का समापन व्याख्यान देते हुए कहा कि महिलाएं कॉटों के बीच खिलने वाली वे पुष्प हैं, जो अपनी सुगंध से सारे विश्व को सुवासित करती हैं, वे घर की रसोई से अंतरिक्ष तक का सफर तय किया है, वे अभावों में भी बड़ी कुशलता से लक्ष्य हासिल करने में माहिर हैं, उन्होंने छात्राओं को शुभ कामना देते हुए कहा कि आप जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफल हों। कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रिया मिश्रा और धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी प्रो अर्चना गुप्ता ने किया। इस अवसर पर प्रो रविप्रकाश गुप्ता, प्रो कमलेश कुमार वर्मा, प्रो सत्यनारायण वर्मा, गीता रानी शर्मा, डॉ घनश्याम कुशवाहा, डॉ कमलेश कुमार सिंह, डॉ सौरभ सिंह, राम किंकर सिंह, मिट्ठू राम एवं दयाराम यादव का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ।

कार्यालय आदर्श नगर पंचायत सहतवार, बलिया

पत्रांक-3002(i)/न0पं0स0/2024-25 दिनांक : 08.03.2025

निविदा आमंत्रण सूचना/ई-टेण्डरिंग

नगर पंचायत सहतवार, बलिया में निम्नलिखित कार्यों को कराये जाने हेतु समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/आपूर्तिकर्ताओं/फर्मो/निर्माताओं जिनका आयकर/जी0एस0टी0 में पंजीकृत हो से प्रतिशत दरों में अधोलिखित विवरण के अनुसार आन-लाईन ई-निविदा आमंत्रित करती है।

क्र0 सं0	कार्य का विवरण	निविदाओं की ऑन लाइन उपलब्धता	आनलाइन निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि	मूल अभिलेख (निविदा सूचना के अनुसार) जमा करने की अन्तिम तिथि, समय व स्थान	वित्तीय ई-टेण्डरिंग निविदा खोलने की तिथि व स्थान
1	कार्यालय नगर पंचायत सहतवार के पत्रांक-सं0 3002 न0पं0स0/2024-25 दिनांक 08.03.2025 निर्माण कार्य हेतु ई निविदा पोर्टल www.etender.up.nic.in पर अपलोड कुल 1 अदद लाट की निविदा	दिनांक 08.03.2025 से दिनांक 24.03.2025 को 3 बजे तक	दिनांक 24.03.2025 को 3 बजे तक	दिनांक 24.03.2025 को सायं 3 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत सहतवार	दिनांक 25.03.2025 को अपरान्हन 5 बजे तक

www.etender.up.nic.in पर उक्त निविदाओं की विस्तृत जानकारी हेतुं लॉग-ऑन करके देखी जा सकती है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत सहतवार
बलिया

अध्यक्ष
नगर पंचायत सहतवार
बलिया

मारपीट में सहबाला की मौत, दर्जनों गंभीर

पुलिस ने जाम कर रहे लोगों को समझा-बुझाकर कराया शांत

जाम कर रहे लोगों को समझाते थानाध्यक्ष

सिकंदरपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के चकखान गांव में शुक्रवार की रात्रि में बारातियों के साथ हुई मारपीट में जहां सहबाला की मौत हो गई, वही दर्जनों लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी होते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। रात में ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इधर, घटना से आक्रोशित वर एवं वधू पक्ष के दर्जनों लोग शनिवार की सुबह बस स्टेशन चौराहा पर चक्काजाम कर दिये और मृतक के शव को सिकंदरपुर ले आने तथा आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। सूचना पाकर पहुंचे एसएचओ विकास चंद्र पांडेय एवं चौकी प्रभारी ज्ञानप्रकाश तिवारी ने लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया। साथ ही कार्रवाई का भरोसा दिया।

जानकारी के अनुसार सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के चकखान गांव निवासी श्रीभगवान राजभर की पुत्री काजल की शादी पकड़ी थाना क्षेत्र के मुजही गांव निवासी सुलाभ राजभर के पुत्र रोहित के साथ होनी थी। तय समय के अनुसार बारात मुजही से निकल कर चकखान पहुंची। लड़की पक्ष के लोग द्वार पूजा के बाद बारातियों की आवभगत में लग गये। लड़की के पिता श्रीभगवान के अनुसार रात्रि करीब 12 बजे गांव के ही लगभग एक दर्जन अराजक तत्व बारात में आये और लोगों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटना शुरू कर दिया। इसकी जानकारी जब हम लोगों को हुई तो बीच-बचाव करने के लिए पहुंचे, लेकिन उन लोगों ने किसी को नही छोड़ा। घर की महिलाओं एवं दुल्हा सहित दर्जनों लोगों को बुरी तरह पीटा। बाराती जान बचाकर इधर-उधर भाग गए, लेकिन इसी दौरान रसड़ा थाना क्षेत्र के अठिलापुर गांव निवासी कृष्णा राजभर (17) पुत्र जितेंद्र राजभर जो रिश्ते में दूल्हे के बुआ का लड़का था और बारात में सहवलिया बनकर आया था, गंभीर रूप से घायल होकर गिरा था। आनन-फानन में परिजनों एवं पुलिस ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरपुर पहुंचाया, जहां जांचोपरांत चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने रात ही में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, अरुण राजभर (14) पुत्र परशुराम निवासी खेमपुर, थाना नगरा, मोहित (19), मनीष (20), सागर (19) सहित दर्जनों लोग घायल हो गये। इधर, घटना से आक्रोशित वर एवं वधू पक्ष के दर्जनों लोग शनिवार की सुबह बस स्टेशन चौराहा पर चक्काजाम कर दिया और मृतक के शव को सिकंदरपुर ले आने तथा आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। पुलिस ने उनको समझा-बुझाकर शांत कराया।

नदी में तैरता दिखा महिला का शव

सिकंदरपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के खरीद-दरौली पीपा पुल के नीचे सरयू नदी में एक महिला का शव तैरता हुआ दिखाई दिया। जैसे ही इसकी जानकारी लोगों को हुई, मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। महिला के शव की पहचान नहीं हो सकी है। इस संबंध में एचएचओ सिकंदरपुर विकास चंद्र पांडेय ने बताया कि इस तरह की कोई सूचना नहीं है। हल्का सिपाही को भेज कर पता कराया जा रहा है। सूचना सही होने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

डांसर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

पति को कार्यक्रम से वापस आने पर हुई घटना की जानकारी

सिकंदरपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के बंगरा गांव में किराए के मकान में रह रही डांसर ने छत की हुक में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान कोलकाता के बंडील निवासी मुन्नी (23) के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मृतका के पति को शनिवार की सुबह तब हुई, जब वह प्रोग्राम से घर आया। मृतका के पति मंजीत वर्मा ने बताया कि हम लोग रात में एक कार्यक्रम में भाग लेने गए थे। सुबह जब वापस अपने कमरे पर पहुंचे तो खिड़की से देखा कि मुन्नी फांसी के फंदे से लटकी हुई है। मेरे द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी गई। वही, मुन्नी के परिजनों को भी सूचित कर दिया गया है। मुन्नी का दिमागी हालत ठीक नही था। उसका इलाज वाराणसी के एक अस्पताल से चल रहा था। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार मंजीत एवं मुन्नी दो साल पहले प्रेम विवाह किए थे। मंजीत शादी के बाद किराए के मकान में मुन्नी के साथ रह रहा था। एसएचओ विकास चंद पाण्डेय ने बताया कि आर्केस्ट्रा डांसर के फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। उसके बाद पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गयी और शव को कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

चार नामजद समेत सात लोगों पर मुकदमा दर्ज

सिकंदरपुर। वर पक्ष के मोहित राजभर पुत्र अवधेश निवासी अठिलापुरा, थाना रसड़ा की तहरीर पर पुलिस ने दीपक राजभर पुत्र वीरेन्द्र राजभर, बबलू राजभर पुत्र कुमार राजभर, चंदन राजभर पुत्र सियाराम राजभर, पप्पू राजभर पुत्र लालू राजभर निवासीगण चकखान, थाना सिकंदरपुर समेत तीन अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 191(2), 105, 115(2) के तहत मुकदमा दर्ज किया है। इस मामले में पुलिस कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

अधेड़ का शव मिलने से फैली सनसनी

बैरिया। स्थानीय थाने से महज 100 मीटर दूरी पर बाबा लक्ष्मण दास द्वाबा राष्ट्रीय इंटर कालेज बैरिया के मैदान में शनिवार की सुबह अज्ञात अधेड़ का शव मिलने से सनसनी फैल गई, किंतु कुछ ही देर में शव का पहचान हो गया। उक्त शव बलिया के बनकटा निवासी सरदानंद गुप्त की है, जो शुक्रवार को अपने बहन के घर शादी में भाग लेने के लिए रानीगंज बाजार आये हुए थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाल राकेश कुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। मौत शराब पीने से हुई है या किसी अन्य कारण से हुई हैं? बगैर पोस्टमार्टम रिपोर्ट आये कार्यवाही सम्भव नही है। क्योकि शव पर कही भी चोट का निशान नही है।

पुलिस की मौजूदगी में हुई शादी

सिकंदरपुर। मारपीट की घटना के बाद वर एवं वधू पक्ष के परिजन भयभीत हो गए थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने अपनी मौजूदगी में दूल्हा और दुल्हन की शादी के सभी रस्मों को पूरी कराई। वही, आरोपियों की तलाश में पुलिस पूरी रात दबिश देती रही।

जिलधिकारी व एसपी ने सुनी जन शिकायतें

आमजन की फरियाद सुनते डीएम-एसपी

बलिया। थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने शनिवार को थाना कोतवाली में जन शिकायतों को सुनकर संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण तथा समयबद्ध निस्तारित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने नगर मजिस्ट्रेट आसाराम वर्मा एवं थाना प्रभारी को राजस्व से संबंधित प्राप्त शिकायतों पर राजस्व तथा पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर शिकायत को निस्तारित करने के निर्देश दिए।

थाना सामाधान दिवस पर आया एक मामला

चितबड़ागांव। स्थानीय थाना परिसर में आयोजित थाना सामाधान दिवस में एक मामला आया। प्रभारी थानाध्यक्ष राम सकल यादव और कानूनगो संजय यादव ने आये हुए फरियादियों की फरियाद सुनी। आशापुर से संबंधित एक मामले को निस्तारण के लिए क्षेत्रीय लेखपाल को सौंप दिया गया। इस मौके पर लेखपाल रंजीत सिंह, सुधीर कुमार पाण्डेय, आयुषी तिवारी, लल्लन यादव, उप निरीक्षक मंयक कुमार, उप निरीक्षक दिलीप राय, उप निरीक्षक प्रिया आदि मौजूद रहे हैं।

चार मामलों में एक का निस्तारण

बलिया। नगरा थाना परिसर में नायब तहसीलदार मनोज कुमार यादव की अध्यक्षता में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान राजस्व विभाग से सम्बन्धित चार मामले आए, जिसमें एक मामले का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। वहीं, तीन मामलों को सम्बन्धित अधिकारियों को सौंप दिया गया। इस अवसर पर थानाध्यक्ष कौशल पाठक, राजस्व निरीक्षक गिरजाशंकर सिंह, ओमप्रकाश यादव, राहुल कुमार वर्मा, अर्जुन राम, अभिषेक सिंह, दिलशाद अख्तर, संजय चौरसिया आदि मौजूद रहे।

नाबालिग को भगाने में आरोपी गिरफ्तार

बलिया। फेफना पुलिस ने नाबालिग को भगाने के मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार फेफना थाने पर वादी द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया कि प्रार्थी की लड़की जो नाबालिक है, को अंकुश यादव उर्फ ज्ञानप्रकाश पुत्र रामजी यादव निवासी थाना फेफना द्वारा बहला फुसलाकर गलत नियत से उस समय भगा ले गया, जब मेरी बेटी पढ़ने गई थी। रास्ते से ही अपने मित्रों के सहयोग से भगा ले गया। प्रार्थी काफी खोजबीन किया, लेकिन कहीं पता नहीं चला। पुलिस मुकदमा दर्ज कर खोजबीन में जुट गयी थी। इसी क्रम में शनिवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने अभियुक्त ज्ञान प्रकाश यादव उर्फ अंकुश यादव पुत्र रामजी यादव निवासी मन्नोपुर खलीलपुर, थाना फेफना को लड्डू सिंह मुर्गी फार्म ग्राम खलीलपुर से गिरफ्तार किया।

युवती ने युवक समेत तीन के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

कार्रवाई

धर्म परिवर्तन व निकाह करने का दबाव बनाने का आरोप

जनसंदेश न्यूज

उभांव थाना में पकड़ा गया अभियुक्त

बेल्थरारोड। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाएं जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार झा तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी रसड़ा आशीष मिश्रा के कुशल नेतृत्व में उभांव पुलिस ने एक मुस्लिम युवक को जयप्रकाश बनकर युवती को भगाने के मामले में शनिवार की प्रातः डम्बर बाबा की परती के पास गिरफ्तार कर युवती को सकुशल बरामद कर लिया।

इस मामले में पुलिस ने तहरीर के अनुसार आरोपी युवक सहित तीन लोगों के खिलाफ धारा 64/61(2), 304(2), 318(4) बीएनएस व 3/5(1) उप्र विधि विरुद्ध धर्म सम्परिवर्तन अधि के तहत मुकदमा पंजीकृत कर युवक को न्यायालय के लिए रवाना कर दिया। पुलिस ने युवती को परिजनों के साथ आवश्यक कार्यवाही के साथ घर भेज दिया है। उभांव थाने में पीड़िता द्वारा दी गयी तहरीर में आरोप है कि इंस्टाग्राम पर जमुआव निवासी गुफरान पुत्र इलियास ने हिन्दू बनकर सम्बंध बनाया और दो मार्च को मुझे भगा ले गया। देवरिया जिला के सलेमपुर में एक मंदिर में शादी रचा लिया। यह भी आरोप है कि वह विवाह के बाद धर्म परिवर्तन करने एवं निकाह करने का दबाव बनाने लगा। शादी के बाद एक कमरे में शारीरिक संबंध बनाते हुए वीडियो बनाने के बाद मेरा 10 हजार रुपया भी छीन लिया। इस कृत्य में आरोपी युवक के चाचा व एक अन्य युवक ने भी सहयोग किया। शादी करने के बाद मुझे पता चला कि युवक मुस्लिम है। पीड़िता द्वारा इस सम्बन्ध में पुलिस को दी गयी तहरीर में मुहम्मद गुफरान उर्फ लाला पुत्र मुहम्मद इलियास निवासी ग्राम जमुआव के साथ तीन अन्य के खिलाफ धर्म परिवर्तन कराने सहित अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया गया है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद सिंह, आरक्षी त्रिभुवन नारायण, आरक्षी विजय चौरसिया शामिल रहे।

संक्षेप

उमापति के आवास पर पहुंचे पंचायतीराज मंत्री

बेरुआरबारी। पंचायतीराज मंत्री एवं सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ग्राम पंचायत गोपालपुर के सपही में पार्टी के बांसडीह विधानसभा अध्यक्ष उमापति राजभर के आवास पर पहुंचे। श्री राजभर ने कहा कि कमजोर एवं असहाय के साथ अगर कोई अपराध करता है तो इसे पार्टी कत्तई बर्दाश्त नहीं करेगी। सबका सम्मान करना हमारी पार्टी का आदर्श है। समाज के हर वर्ग की लड़ाई लड़ने का वीणा उठाकर पार्टी कार्य कर रही है। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भरपूर सहयोग है। ज्ञात है कि पिछले दिनों बांसडीह तहसील में उमापति राजभर के साथ तहसील कर्मचारी एवं पुलिस द्वारा अभद्रता और मारपीट का मामला प्रकाश में आया था। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता सुनील सिंह, सुग्रीव राजभर, कौशल राय इत्यादि उपस्थित रहे।

कार से अंग्रेजी शराब बरामद, अभियुक्त गिरफ्तार

बलिया। दुबहर पुलिस ने धारा 60(1), 63 आबकारी अधि से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त रोहित कुमार पुत्र सुरेन्द्र यादव निवासी मसौढी, थाना पालीगंज, जिला पटना, बिहार को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी कृपा शंकर के सफल पर्यवेक्षण, क्षेत्राधिकारी नगर श्यामकान्त तथा थानाध्यक्ष दुबहर मिथिलेश कुमार के कुशल निर्देशन में पुलिस को सफलता मिली है। शनिवार को दुबहर पुलिस देखभाल क्षेत्र एवं चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/ वाहन के क्षेत्र में मामूर थे कि अभियुक्त रोहित कुमार पुत्र सुरेन्द्र यादव निवासी मसौढी, थाना पालीगंज, जिला पटना, बिहार को चारपहिया वाहन के साथ जनेश्वर मिश्र सेतु पुलिस बुथ के पास हिरासत लिया गया। चारपहिया वाहन से अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुआ। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस टीम में उनि राजकुमार, कां. सर्वजीत यादव, कां. रवि मौर्या शामिल रहे।

विधायक केतकी सिंह के स्वागत की तैयारी

बेरूआरबारी। विगत दिनों विधानसभा सत्र के दौरान विधायक केतकी सिंह ने मातृभाषा भोजपुरी में भाषण दिया था। इसकी लोगों से खूब सराहना की थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जनपद में बन रहे मेडिकल कालेज का श्रेय क्षेत्रीय विधायक को देने पर समर्थकों में उत्साह का माहौल है। इसके क्रम में विधायक के जनपद आगमन पर 10 मार्च, सोमवार को समर्थकों द्वारा भव्य स्वागत की तैयारी की गई है। उनका स्वागत बलिया रेलवे स्टेशन पर लखनऊ-छपरा ट्रेन से उतरने पर समर्थकों द्वारा किया जाएगा। तत्पश्चात विधायक टीडी कालेज चौराहा, कुंवर सिंह चौराहा होते हुए सुखपुरा, बैसाहा, बेरूआरबारी, कैथौवली होते हुए अपने आवास पर पहुंचेंगी। यह जानकारी वरिष्ठ भाजपा नेता विश्राम सिंह ने देते हुए कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील किया है।

970 पैकेट शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

बैरिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के चांददियर पुलिस ने मुखबीर कि सूचना पर बकुल्हा दियारे से 970 पैकेट (191 लीटर) 8पीएम फ्रूटी के साथ टोला फत्ते राय निवासी उमेश यादव को उस समय गिरफ्तार कर लिया, जब वह शराब नाव पर लादने के लिए सरयू नदी ले जा रहे थे। कोतवाल राकेश कुमार सिंह ने बताया कि रात में गुखबीर से सूचना मिली कि शराब तस्करी के लिए बिहार जाने वाला है। मुखबीर की सूचना पर भरोसा करके शुक्रवार की रात तत्काल मौके पर चौकी इंचार्ज चांददियर परमात्मा मिश्र के साथ फोर्स भेजा गया। रात में पांच लोग नाव पर शराब लादकर बिहार ले जाने की फिराक थे। सूचना के अनुसार संबंधित जगह की घेराबंदी की गई। मौके से अंधेरे का फायदा उठा कर चार लोग भाग निकले। उमेश यादव निवासी टोला फत्ते राय अवैध शराब के साथ पकड़ा गया। उमेश यादव के बयान के आधार पर रमेश यादव, सतीश यादव, अंगद यादव एवं लालू यादव निवासीगण टोला फत्ते राय पर भी शराब तस्करी का मुकदमा दर्ज किया गया है। उमेश यादव को न्यायालय के सुपुर्द कर दिया गया है। कोतवाल ने स्पष्ट किया कि किसी भी सूरत में शराब तस्करी नही होने दी जायेगी।

एसबीआई के सीएसपी से बैटरी व इनवर्टर चोरी

मनियर। थाना क्षेत्र के मनियर कस्बे में कारखाने के पास स्थित सेंट्रल बैंक आफ इंडिया के सीएसपी से चोरों ने बैटरी और इनवर्टर पर हाथ साफ कर दिया। वहीं, सीएसपी के सामने स्थित किराने की दुकान का चोरों ने ताला तोड़ने का अप्रयास किया। सीएसपी संचालक ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि शुक्रवार की शाम को सीएसपी बंद कर अपने घर चला गया। शनिवार की सुबह जब मैं सीएसपी पर पहुंचा तो ताला टूटा हुआ था। सीएसपी के अंदर गया तो बैटरी तथा इनवर्टर गायब था। मनियर थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही है। क्षेत्र में बैटरी चोरों का गिरोह सक्रिय है। चोरी की बढ़ती घटनाओं से मनियर कस्बे के लोग हलकान है। अभी कुछ दिवस पहले ही मनियर के चांदुपाकड़ में स्थित उप डाकघर में चोरी हुई थी, जिसका अभी तक खुलासा नहीं हो पाया हैं। इस संबंध में जब मनियर थाना प्रभारी रत्नेश कुमार दुबे से बात की गई तो उन्होंने बताया कि तहरीर मिली है। जांच की जा रही हैं।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवसः समाज में आया सकारात्मक बदलाव

महिला को स्मृति चिह्न व प्रमाण पत्र देते डीएम-एसपी

कार्यक्रम को संबोधित करते डीएम प्रवीण कुमार लक्षकार

बोले प्रवीण लक्षकार

डीएम ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को किया सम्मानित

बलिया। जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गंगा बहुउद्देशीय सभागार में आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया।

जिलाधिकारी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं-महिला आरक्षी पूजा सिंह, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. पद्मावती गौतम एवं सहायक अध्यापिका चंचल पाठक, स्नेहा दुबे व अंजलि तोमर, सीडीपीओ पूनम सिंह, ग्राम प्रधान अनीता सिंह, एथलेटिक्स सोनाली शुक्ला, सभासद संगीता देवी, एसआरटी नेहा, स्वास्थ्य सखी लीलावती राय एवं एएलएफ अध्यक्ष रेशु श्रीवास्तव को प्रशस्ति-पत्र तथा मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही उन्होंने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के लिए नवचयनित 41 शिक्षिकाओं को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किया।

जिलाधिकारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में अनेक कदम उठाए गए हैं।

राजनीति में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित हो, इसके लिए 33 प्रतिशत सीट आरक्षित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों एवं अनेक योजनाओं के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन से जेंडर रेशियों में भी सुधार हुआ है। आज महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर अपने परिवार का नाम रोशन कर रही है। सरकार द्वारा विभिन्न विभागों में महिलाओं के लिए पद आरक्षित किए गए हैं। महिला अधिकारियों एवं कर्मियों ने पदीय दायित्वों का निर्वहन उत्कृष्ट तरीके से कर शासन की योजनाओं को क्रियान्वित कर रही है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा मिशन शक्ति अभियान समय-समय पर संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के कारण समाज में जागरूकता आई है। महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर दोषी व्यक्ति के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने कहा कि चाहे प्रतियोगी परीक्षा हो या एकेडमिक परीक्षाएं हो, महिलाएं हर परीक्षा में टॉप कर रही हैं। विगत 10 से 15 वर्षों में समाज में बहुत बड़ा सकारात्मक बदलाव आया है। उन्होंने नवचयनित शिक्षिकाओं से कहा कि बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करें, ताकि बच्चें अपने परिवार एवं देश का नाम रोशन कर सके।

विभिन्न परीक्षाओं में टॉप कर रही महिलाएंः एसपी

बलिया। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं को सक्षम एवं महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए संसद एवं सरकार ने अनेक कानून बनाए हैं। विभिन्न योजनाएं संचालित की हैं। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं विभिन्न परीक्षाओं में टाप कर रही हैं। प्रधानमंत्री ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना की शुरुआत की थी। इस योजना के परिणाम स्वरूप जेंडर रेशियों में सुधार आया है। प्रदेश सरकार द्वारा मिशन शक्ति अभियान संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी थानों में महिला हेल्प डेस्क बनाया गया है, जहां पर महिलाएं अपने साथ हो रहे उत्पीड़न की शिकायत बेझिझक दर्ज करा सकती हैं। पुलिस तत्काल कार्यवाही करते हुए अपराधी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही कर रही है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर की जा रही है। महिलाओं को इन योजनाओं के विषय में भी जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बेटों के साथ ही अपनी बेटियों को भी उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान कराए। उन्होंने कहा कि अगर आपकी बेटी-बहन अपने साथ हुए छेड़छाड़ आदि बात बताए तो इसे छुपाए नहीं, बल्कि तत्काल पुलिस को अवगत कराएं। दोषी व्यक्ति के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

महिला स्वावलंबन समय की मांगः डॉ. अनिल

रतसर। स्थानीय नगर पंचायत स्थित दुलेश्वरी सुखदेव (डीएस) मेमोरियल गर्ल्स पीजी कालेज में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने उत्साहपूर्ण सहभागिता करते हुए अपने विचार प्रस्तुत किये। प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार पांडेय ने कहा कि पूर्व की अपेक्षा आज महिलाओं की स्थिति में व्यापक सकारात्मक परिवर्तन आए हैं, किंतु अभी भी ग्रामीण महिला सशक्तिकरण की दिशा में बहुत कुछ करने की आवश्यकता है। इसमें शिक्षित छात्राओं की भूमिका अहम है। महिला स्वावलंबन वर्तमान समय की सबसे बड़ी मांग है। महिलाओं की सहभागिता के अभाव में विकसित भारत की संकल्पना अधूरी है। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। संचालन कार्यक्रम अधिकारी लाल साहब पटेल ने किया।

बालिकाओं को दी आत्मरक्षा की ट्रेनिंग

बलिया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बलिया शोतोकान कराटे एसोसिएशन द्वारा आयोजित विशेष कार्यक्रम में बालिकाओं को आत्मरक्षा की ट्रेनिंग दी गई। इस ट्रेनिंग कैंप में कराटे के साथ-साथ बालिकाओं को अपने आपको कैसे बचाव करना है और मनचलों से बचने के उपाय भी बताए गए। ट्रेनिंग कैंप का आयोजन द स्पोर्ट्स शोतोकान कराटे फेडरेशन आफ उत्तर प्रदेश के महासचिव एलबी रावत की देखरेख में किया गया। इसमें निक्की यादव, खुशी प्रजापति, चांदनी, सौम्या सिंह, अनुष्का, तृषा, अंजलि, रेनू, अंकिता, अदर्शीका आदि ने भाग लिया। यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण और आत्मरक्षा के महत्व को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम के माध्यम से बालिकाओं को अपने आपको सुरक्षित रखने और आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया।

महिलाओं के प्रति समाज को बदलनी होगी मानसिकता

बलिया। असनवार, चोगड़ा स्थित एक स्कूल के सभागार में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 'आधी आबादी को पूरी आजादी' विषयक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय की डॉ. रुबी ने कहा कि आजादी के 78 साल बीतने के बावजूद देश में महिलाओं को जो आजादी मिलनी चाहिए थी, वह नहीं मिल पायी है। महिलाओं को आजादी केवल सरकार की नीतियों या कानूनों से सम्भव नहीं है। इसकी शुरुआत परिवार से होनी चाहिए। इन्हें जीवन के हर एक क्षेत्र में समान अवसर प्रदान करना होगा। परिवारों को भी चाहिए कि लड़कों की तरह लड़कियों को भी अपना निर्णय लेने का अधिकार दें। यह अधिकार यदि परिवार से नहीं मिल रहा है तो लड़कियों को इसके लिए खुद आवाज उठानी चाहिए। उनकी आवाज कोई और नहीं उठायेंगा । डॉ. रुबी ने कहा कि महिलाओं की आजादी के मायने वहीं है, जो पुरुषों की आजादी के मायने हैं। महिलाएं अपने घरों में सबसे पहले जागतीं है तथा सबसे बाद में सोती है। किचेन में जो बचा खुचा होता है, खाकर सो जाती है। बच्चों को जहां अच्छे स्कूलों में प्रवेश दिलाया जाता है, वहीं पर बच्चियों को सामान्य स्कूलों में प्रवेश दिलाया जाता है। यह अन्याय कोई और नहीं करता है, बल्कि उसके द्वारा किया जाता है, जिसने पैदा किया है। इस मानसिकता को बदलना होगा। विशिष्ट अतिथि जयराम अनुरागी ने कहा कि देश में पितृ सत्तात्मक व्यवस्था के चलते महिलाओं को आज भी कई स्तरों पर उनका वाजिब हक नहीं मिल पाया है। आज भी इन्हें परिवार से लेकर बाहर तक कई तरह के भेदभाव का शिकार होना पड़ता हैं। इस अवसर पर कुसुम सिंह, रंजना, प्रियंका, अंजलि सिंह, ज्योति वर्मा, निशा पाण्डेय, खुशी सिंह, खुश्बू, पिंकी ठाकुर, शैल कुमारी, आशा देवी, सरिता देवी, विनोद कुमार यादव विप्लव, अमन कुमार, सुमीत, हासुन आदि प्रमुख रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शिवकुमार गुप्त ने मुख्य अतिथि डॉ. रुबी को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। संचालन प्रीति खरवार ने किया।

छात्राओं ने प्रस्तुत किये कार्यक्रम

बलिया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण विषय पर उत्कृष्ट सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज, जिला प्रोबेशन अधिकारी मोहम्मद मुमताज, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मनीष सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

छात्राओं में वितरित किया प्रमाण पत्र

बलिया। जन शिक्षण संस्थान के प्रधान कार्यालय चंद्रशेखरनगर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डा. अमिता सिंह ने दीप प्रज्जवलन के बाद मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। कहा कि महिलाओं के कौशल से युक्त होने से ही इस वर्ष के थीम के उद्देश्यों की पूर्ति होगी। इधर, संस्थान के निदेशक ब्रह्मराम सिंह ने मुख्य अतिथि को सम्मानित किया। तत्पश्चात छात्राओं में प्रमाण पत्र वितरित किया गया। संचालन आशुतोष कुमार सिंह ने किया।

बवाल मामले में अधिशासी अधिकारी से मांगा स्पष्टीकरण

अध्यक्ष ने डीएम को पत्र भेजकर दी थी पूरे मामले की जानकारी

बलिया। नगर पालिका परिषद बलिया के अध्यक्ष द्वारा नगर पालिका परिषद बलिया की पूर्व निर्धारित बोर्ड की बैठक सम्पन्न नही होने के कारण जिलाधिकारी को पत्र प्रेषित की गई थी, जिसमें वर्णित है कि नगर पालिका परिषद के सभासदों द्वारा नगर की जनसमस्याओं पर चर्चा के दृष्टिगत बोर्ड की बैठक कराने के लिए पत्र 10 फरवरी जो अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बलिया को संबोधित एवं उसकी प्रतिलिपि जिलाधिकारी को प्रेषित की गयी थी। इस पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, बलिया को नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया। इस निर्देश के क्रम में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बलिया द्वारा अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद बलिया को उचित निर्णय लेने के लिए पत्र अग्रसारित कर दिया गया।

इसके क्रम में अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद बलिया के पत्र 18 फरवरी 2025 द्वारा बोर्ड की बैठक सात मार्च को समय 11 बजे से आहूत करने के लिए अधिशासी अधिकारी को अवगत कराया गया था। किन्तु अधिशासी अधिकारी द्वारा निर्धारित बैठक में प्रतिभाग न करते हुए पत्र द्वारा अवगत कराया गया कि अधिशासी अधिकारी बोर्ड की बैठक से अवगत नही है और न ही बैठक से संबंधित एजेण्डा की कापी उपलब्ध करायी गयी है। बैठक में अधिशासी अधिकारी द्वारा प्रतिभाग नही करने के कारण उपस्थित सभासदों द्वारा लगभग दो घण्टे तक हंगामा किया गया एवं अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद बलिया को अपमानित किया गया।

इस प्रकरण के संबंध में अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद बलिया द्वारा पत्र के माध्यम से कार्यवाही करने के लिए अनुरोध किया गया है।

दो दिन में दें अपना स्पष्टीकरण

बलिया। जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार के निर्देश पर मुख्य राजस्व अधिकारी एवं प्रभारी नगर निकाय त्रिभुवन ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बलिया को प्रकरण के संबंध में अपना स्पष्टीकरण दो दिवस के अंदर उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया है। इसके साथ ही यह भी निर्देश दिया गया है कि यह प्रकरण अत्यन्त गंभीर है। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाय।

गेहूं का उत्पादन प्रभावित होने की आशंका

बैरिया। मौसम का मिजाज पल-पल बदल रहा है। तेज पछुआ हवा ने गेहूं की फसल के जड़ों को हिला कर रख दिया है। इस समय फसल में दाना बनने की दुग्धवस्था चरण चल रही है। तेज हवा के कारण दाने अपुष्ट एवं कमजोर होंगे। तेज हवा के चलते गेहूं की फसल की जड़ों से कम पोषण अवशोषित होगा। इससे गेहूं का उत्पादन प्रभावित हो सकता हैं। पल-पल बदलते मौसम के कारण कभी गर्मी तो कभी ठंड का एहसास हो रहा है। जानकार किसानों के मुताबिक हवा ने गेहूं के फसलों को जड़ से हिला कर रख दिया है। इससे उत्पादन गिरने के साथ ही इस साल गेंहू की गुणवत्ता में कमी आएगी। इस साल फसल कुछ देर से बोई गई थी। पिछले सप्ताह में तापमान तेजी से बढ़ गया और हवा चलने लगा। किसान खेतों की सिंचाई किए थे। हवा का फसल पर प्रतिकूल असर पड़ा। अब आगे देखने वाली बात यह होगी कि आगे मौसम कैसा रह रहा है।

बच्चों को महापुरुषों के बारे में बताया जाय

बोले अवलेश सिंह

कई कार्यक्रमों में शामिल हुए सपा के राष्ट्रीय सचिव

जनसंदेश न्यूज

कार्यक्रम का शुभारंभ करते सपा के राष्ट्रीय सचिव अवलेश सिंह

बलिया। बभनौली स्थित एक स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अवलेश सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। इसके बाद विद्यालय के बच्चों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

मुख्य अतिथि के रूप में सपा के राष्ट्रीय सचिव अवलेश सिंह ने कहा कि बच्चों ने बेहद अनूठे अंदाज में सामाजिक चेतना को जागृत करने का कार्य किया है। आवश्यकता इस बात की है कि बच्चों को भारतीय इतिहास एवं महापुरुषों के बारे में विस्तार से बताया जाए, ताकि वे उन महापुरुषों के आदर्शों को आत्मसात कर आगे बढ़ सकें। इस अवसर पर प्रबंधक डा. विनोद कुमार पांडय, राजेश पांडेय, प्रधानाचार्य विभवराज पांडेय, संस्थापक उमेश यादव, अध्यक्ष संतोष उपाध्याय, उप प्रधानाचार्य रणधीर आर्या, संचालक आशुतोष पंडित, उषा पाठक, सरोज यादव, नरेंद्रदेव सिंह, अनिता, सुनीता, भारती, सुहेल खान, अभिषेक कुमार, नीशु आदि मौजूद रहे। इसके बाद सपा के राष्ट्रीय सचिव ने अंजोरपुर स्थित एक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान प्रबंधक श्रीभगवान यादव, बारिश मिश्रा आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में नरहीं स्थित एक इंटर कालेज में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे। प्रबंधक वीरेंद्र यादव ने उनका जोरदार स्वागत किया। इसके बाद रामपुर चिट गांव में जन जागरण कार्यक्रम में लोगों को सपा की नीतियों के बारे में बताया। इस दौरान विरजन साहनी आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

एसपी ने महिलाओं-बालिकाओं से वार्ता कर दी जानकारी

बलिया। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान तथा स्वावलंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के क्रम में शुक्रवार को पुलिस लाइन के सभागार कक्ष में पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा बलिया के महिलाओं के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर महिलाओं के लिए बने कानून एवं महिलाओं-बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के विषय में वार्तालाप किया गया। इसमें महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों एवं कानूनी प्रावधानों, विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों, साइबर अपराधों, डिजिटल अरेस्ट तथा शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। एसपी द्वारा सभी महिलाओं से थाने पर पुलिस कर्मियों द्वारा महिलाओं के साथ किये गये व्यवहार के विषय में जाना गया एवं महिला आरक्षी एवं पुलिस कर्मियो द्वारा उनके समस्याओं के किये गये समाधान के विषय में वार्तालाप किया गया। किसी भी महिला के साथ अप्रिय घटना, घरेलु हिंसा के सम्बन्ध में कानूनी, विधिक जानकारी देते हुए तत्काल बिना डरे हुए पुलिस से अपनी समस्याओं को बताये, बलिया पुलिस द्वारा महिला सम्बन्धित अपराध को रोकने के लिए तत्काल कार्यवाही की जाएगी।

राज्यपाल के हाथों सम्मानित हुईं स्मृति सिंह

सिकंदरपुर। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शनिवार को गांधी सभागार, राजभवन लखनऊ में आयोजित समारोह मे ग्रामीण प्रशासन और समाजिक सरोकार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यो के लिए रतसर कला की पूर्व ग्राम प्रधान स्मृति सिंह को राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि उन्हें समाजिक सरोकारों के लिए पूर्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित अनेक राज्यों के मुख्यमंत्री व सरकारी, गैर सरकारी संस्थाओ द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। बलिया के रतसर कला की बेटी को राज्यपाल द्वारा सम्मानित होने पर क्षेत्रवासियो मे हर्ष का माहौल है।

मंदिरों के पुजारियों को सौंपा अमृत जल

बैरिया। प्रयागराज महाकुम्भ संगम का अमृत जल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश के अनुपालन में बैरिया थाने के पुलिस कर्मियों ने क्षेत्र के सभी प्रमुख मंदिरों के पुजारी को सौंप कर आग्रह किया कि इस पवित्र जल से मंदिरों की मूर्तियों का जलाभिषेक कराए। साथ ही इसी जल से देवी-देवताओं का पूजन करें। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह के निर्देशन में उप निरीक्षक आरपी बिन्द के साथ मातहतों ने महाराज बाबा, बुढ़वा शिव मंदिर बैरिया, फुलेश्वर नाथ मंदिर रानीगंज, सुदृष्ट बाबा मंदिर सुदृष्टपुरी, मुनजी बाबा के मठिया सहित सभी प्रमुख मंदिरों पर प्रयागराज का पवित्र अमृत जल पहुंचाया गया।

पीस कमेटी की बैठक संपन्न

बलिया। होली एवं रमजान को लेकर नगरा थाना परिसर में क्षेत्राधिकारी रसड़ा आशीष मिश्रा की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। क्षेत्राधिकारी आशीष मिश्रा ने शान्तिपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की अपील करते हुए रंग में भंग डालने वालों को चेतावनी दी। कहा कि अराजक तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा। कोई भी त्योहार आपसी भाईचारा के साथ सौहाद्रपूर्ण ढंग से मनाकर मानवता के लिए मिसाल खड़ा करना चाहिए। ऐसी स्थिति में एक-दूसरे के साथ अभद्रता से खलल डालना कानूनी अपराध है। इस तरह की घटना पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

किशोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज

बैरिया। दोकटी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोर एक अल्पसंख्यक समुदाय की किशोरी को बहला-फुसला कर भगाने के मामले में शनिवार को पुलिस ने अपहरण एवं पाक्सो एक्ट का मुकदमा पंजीकृत किया है। प्रभारी निरीक्षक हरिशंकर सिंह ने बताया कि किशोरी को भगाने वाला किशोर हाईस्कूल का परीक्षार्थी है। दोनों नाबालिग है। इसके लिए पुलिस टीम का गठन किया गया है।

43 लीटर अवैध शराब बरामद

बलिया। नरहीं पुलिस ने एक बोरी में दो पेटी 8पीएम पाउच एवं दूसरे बोरी में तीन पेटी 8पीएम पाउच अवैध शराब कुल 43.2 लीटर बरामद शराब बरामद किया है। पुलिस के अनुसार मुखबीर की सूचना पर गोविन्दपुर स्थित एक खण्डहर मकान की घेराबंदी कर चार बोरी में कुल 43.2 लीटर अवैध शराब बरामद किया गया। बरामद अवैध अंग्रेजी शराब को पुलिस ने कब्जे में लेकर थाने ले आयी। इसके बाद आगे की कार्रवाई में जुट गयी।

समाज में महिलाओं की भूमिका, संघर्ष और सफलता को दर्शाता

मऊ। अर्न्तराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पुलिस लाईन मऊ के सभागार कक्ष में पुलिस अधीक्षक इलामारन जी की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित जनपद के समस्त महिला पुलिसकर्मियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनके अविलम्ब निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया एवं पुलिस विभाग में आने के बाद उनके अनुभवों को भी जाना गया। साथ ही साथ पुलिस अधीक्षक द्वारा अपने सम्बोधन में बताया गया कि समाज में महिलाओं की भूमिका, संघर्ष और सफलता को दर्शाता है। महिला दिवस का दिन महिलाओं की समानता, अधिकारों और उपलब्धियों को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। महिला दिवस का उद्देश्य लैंगिक भेदभाव समाप्त कर एक समान और सशक्त समाज का निर्माण करना है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में सफलता हासिल कर रही हैं- चाहे वह शिक्षा हो, विज्ञान हो, राजनीति हो या फिर खेल। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक रमाकांत पांडेय, निरीक्षक राजकुमार सिंह (रीडर), निरीक्षक शत्रुजंय सिंह, एसएसओ महिला थाना मंजू सिंह सहित भारी संख्या में महिला उपनिरीक्षक, महिला मुख्य आरक्षी व महिला आरक्षी उपस्थित रहीं।

मंदिर में चोरी की घटना मे एक बाल अपचारी पुलिस अभिरक्षा में

मऊ। पुलिस ने शीतला माता मन्दिर में चोरी की घटना में षामिल एक बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में ले लिया। प्रेसवार्ता में जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक महेश सिंह अत्री ने बताया कि थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा 07 मार्च को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर रामलीला मैदान रेलवे स्टेशन ग्राउण्ड के पास से मु0अ0सं0 0072/25 धारा 331(4)/305(क)/317(2) बीएनएस से संबंधित वांछित एक बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया जिसके कब्जे से चोरी की 06 अदद पारदर्शी डिब्बे में सफेद व पीली धातु के जेवरात बरामद किया गया। बतातें चले कि 02/03 मार्च की देर रात शीतला माता मन्दिर से चोरो द्वारा जेवरात और मूर्तियां चोरी कर ली गई थी। तत्पष्चात पुलिस द्वारा 06 मार्च को चोरी के मुख्य आरोपी को जेवरात और मूर्तियो सहित गिरफ्तार किया गया।

बयानबाजी से गरमायी जनपद की राजनीति

बलिया। सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पंचायतीराज मंत्री ओमप्रकाश राजभर के रिश्ते बलिया नगर के विधायक एवं परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह से अच्छे है। सुभासपा नेता अरूण राजभर के बयान को लेकर परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह को इस तरह के बयान से बचना चाहिए। योगी सरकार में सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर एवं दयाशंकर सिंह मंत्री है। बयानबाजी से पहले इनको आपस में बैठकर विचार-विमर्श कर लेना चाहिए था कि पीड़ित को कैसे न्याय मिलेगा? हालांकि, डीआईजी एवं एसपी के एक्शन के बाद दरोगा एवं सिपाही निलंबित हुए। इधर, सुभासपा अध्यक्ष एवं मंत्री ओमप्रकाश राजभर पीड़ित कार्यकर्ता के घर पहुंचकर परिजनों से मिले और उन्हें भरोसा दिया कि हर हाल में न्याय दिलाया जायेगा।

पीला गमछा पर गलत निगाह डाला तो निकाल लेंगे आंखः अरुण

बलिया। सुभासपा नेता की बांसडीह कोतवाली में पिटाई के प्रकरण के बाद दरोगा एवं सिपाही को निलंबितकर दिया गया। वहीं, सुभासपा नेता अरूण राजभर ने बांसडीह में पहुंचकर शासन-प्रशासन पर सवाल खड़ा करते हुए यहां तक कह दिया कि यदि कोई पीला गमछा की तरफ गलत निगाह से देखेगा तो हम उसकी आंख निकाल लेंगे।

बेटे के बयान पर मंत्री ने दी सफाई

बलिया। योगी सरकार के मंत्री एवं सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने अपने पुत्र अरूण राजभर के बयान पर मीडिया के सामने सफाई दी कि अरूण राजभर को इस तरह का बयान नहीं देना चाहिए। सुभासपा नेता अरूण राजभर के बयान को लेकर पूरे जिले में चर्चा यह होती रही कि योगी सरकार में सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर मंत्री है और पुलिस पर इस तरह का बयान नहीं देना चाहिए।

शासन-प्रशासन करे कार्रवाईः अवलेश

बलिया। सपा के राष्ट्रीय सचिव अवलेश कुमार सिंह ने कहा कि पीला गमछा देश-प्रदेश का माहौल खराब कर रहा है। यदि मंत्री के पुत्र अरूण राजभर ने आंख निकालने की बात कही है तो मै इसकी निंदा करता हूं। शासन-प्रशासन से मांग करता हूं कि इस तरह का बयान देकर माहौल खराब करने पर कार्यवाही किया जाय।

गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं की जायेगीः दयाशंकर

बलिया। पत्रकारों के सवाल के जबाब में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि योगी सरकार में किसी तरह की गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। यदि कोई यह कहता हो कि सिपाही की आंख निकाल लेंगे तो हम उसका कलेजा निकाल लेंगे। मंत्री के इस बयान पर राजनैतिक गलियारे में चर्चाओं का बाजार पूरी तरह से गर्म रहा। इस तरह का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

तीन निकायों में दो करोड़ से होगा योगशाला का निर्माण

बलिया। जनपद के तीन नगर पंचायतों में दो करोड़ से योगशालाओं का निर्माण किया जाएगा। पहली किस्त भी जारी हो गई है। नगर पंचायत नगरा के चचयां, सिकंदरपुर के वार्ड सात स्थित पानी टंकी, बांसडीह के वार्ड 14 स्थित पानी टंकी परिसर में इसका निर्माण किया जाएगा। सुबह-शाम नगर पंचायत के युवा यहां पर योग सीखेंगे। मुख्यमंत्री नगरोदय योजना के तहत योगशाला का निर्माण होगा। इसके लिए स्थानीय स्तर पर प्रयास शुरु किया गया था। जमीन की तलाश कर प्रस्ताव को स्वीकृति के लिए नगर विकास विभाग को भेजा गया था। शासन की ओर से अब इसे स्वीकृत किया गया है। योगशाला में योग करने के लिए सारे उपकरण मौजूद रहेंगे। सुबह-शाम नगर पंचायत के युवा वहां जाकर व्यायाम करेंगे एवं योग सीखेंगे। व्यायामशाला युवाओं के लिए वरदान साबित होगी। नगरा की चेयरमैन इंदू देवी का कहना है कि योगशाला निर्माण जल्द शुरू किया जाएगा।

साइबर फ्रॉड के पीड़ित को 82 हजार कराए वापस

दोहरीघाट, मऊ। पुलिस अधीक्षक इलामारन के निर्देश के क्रम में साइबर फ्राड अभियान के तहत दोगरीघाट थाने की साइबर टीम ने साइबर फ्रॉड किए गए 82 हजार रुपये पीड़ित को वापस दिलाने में सफलता हासिल की। रुपये वापस पाकर शिकायतकर्ता ने पुलिस का आभार व्यक्त किया। थाना क्षेत्र के लामी ग्राम सभा निवासी दुर्गविजय यादव का ट्रेन से यात्रा के दौरान मोबाइल चोरी हो गया था। जिससे साइबर ठगों ने मोबाइल के जरिए उनके खाते से 82 रुपये निकाल लिया था। जिसके बाद पीड़ित ने दोहरीघाट पुलिस से शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत दर्ज होने के बाद थानाध्यक्ष प्रमेन्द्र कुमार सिंह के कुशल मार्गदर्शन में साइबर टीम ने पीड़ित की धनराशि वापस कराने में जुट गई। शनिवार को क्षेत्राधिकारी घोसी दिनेश दत्त मिश्रा ने पीड़ित को थाने बुलाकर धनराशि वापस कराने की सूचना दी। जिसके बाद पीड़ित दुर्गविजय यादव ने पुलिसकर्मियों का आभार प्रकट करते हुए खुशी जाहिर की।

राष्ट्रीय लोक अदालत में 44697 मामलों का निस्तारण

मऊ। राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश सुनील कुमार द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। उक्त लोक अदालत में विभिन्न प्रकृति के कुल 44697 मामलों का निस्तारण करते हुए 98671554 रुपये का समझौता राशि जमा कराया गया। वही इसमें कुल 22159982 रु0 का उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी हुआ। उक्त लोक अदालत में पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना प्रतिकर चंद्रगुप्त द्वारा कुल 41 मामलों का निस्तारण करते हुए रु0 22130000 की क्षतिपूर्ति दिलायी गयी। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय मो0 रिजवानुल हक ने 63 वादों का निस्तारण किया गया। नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत अशोक कुमार द्वारा 04 मामलों का निस्तारण किया गया, विशेष न्यायाधीश, एससी/एसटी हरेन्द्र प्रसाद द्वारा कुल 04 मामलों का निस्तारण किया गया। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो

एक्ट राजबीर सिंह द्वारा 25 मामलों का निस्तारण करते हुए 13500 रु0 का अर्थदंड जमा कराया, अपर जनपद न्यायाधीश/एफटीसी प्रथम जर्नादन प्रसाद यादव ने 04 मामले का निस्तारण किया। अपर जनपद न्यायाधीश/एफटीसी 2 राजीव कुमार वत्स ने 221 विद्युत मामलों का निस्तारण किया। न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट डा0 कृष्ण प्रताप सिंह द्वारा 3467 मामलों का निस्तारण करते हुए 1010600 रु0 का अर्थदंड जमा कराया गया। सिविल जज सीनियर डिवीजन नसेहा वसीम ने 101 मामलों का निस्तारण किया सिविल जज सीनियर डिवीजन एफटीसी सिद्धार्थ चतुर्वेदी द्वारा 105 मामलों का निस्तारण किया गया। सिविल जज जू0डि0 सदर प्रियंका शर्मा ने 35 मामलों का निस्तारण किया गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट अर्पित गोयल ने 484 मामलों का निस्तारण किया। सिविल जज जू0डि0 मुहम्मदाबाद गोहना महिमा सिंह ने 10 मामलों का निस्तारण किया। सिविल जज जू0डि0 कोर्ट सं0-1 प्रियंका आजाद ने कुल 32 मामलों का निस्तारण किया। सिविल जज जूनियर डिवीजन, महिलाओं के विरुद्ध अपराध सुश्री काजल श्रीवास्तव ने 06 मामलों का निस्तारण किया। विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट रमेश चन्द राय ने 33 मामलों का निस्तारण किया। वही अध्यक्ष स्थायी लोक अदालत अच्छेलाल गुप्ता ने 03 मामलों का निस्तारण किया। राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान विभिन्न बैंकों एवं बीएसएनएल द्वारा कुल 875 मामलों में निस्तारण किया एवं रु 50700163 बकाया राशि प्राप्त की।

राजस्व विभाग द्वारा प्री-लिटिगेशन स्तर पर कुल 38681 मामलों का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान किया गया। श्रम विभाग एवं मनरेगा द्वारा 152 मामलों का निस्तारण किया एवं नगर पालिका द्वारा 61 मामलों का निस्तारित किये गये। विद्युत विभाग द्वारा प्री-लिटीगेशन स्तर पर कुल 126 मामलों का निस्तारण किया गया। वन विभाग एवं शिक्षा विभाग द्वारा 124 मामले निस्तारित किए गए।

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना
NER-LJN-2025-15

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण नीचे निम्नवत् है:-

(1) ई-निविदा संख्याः NER-LJN-2025-15 कार्य का नाम : पूर्वोत्तर रेलवे – लखनऊ मण्डल :- गोरखपुर कैण्ट (रहित)-जी.एच. पी.जी. और बुढ़वल (रहित)-सीतापुर खण्ड में उच्च घनत्व नेटवर्क मार्गो पर आटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग के प्रावधान के संबंध में डालीगंज पर एस. एण्ड टी. परियोजना स्टोर का प्रावधान (प्रथम चरण)। अनुमानित लागत (रू): 12375448.51, अग्रिमधन (रू): 211900.00, समापन अवधि –09 माह 1. उपरोक्त ई-निविदा संख्या NER-LJN-2025-15 के लिये ई-निविदा दिनांक 27.03.2025 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेगी। 2. उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम् अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकार ई निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाईट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग,
मुजाधि/डब्ल्यू-437 पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

नारी सशक्तिकरणः पीएम मोदी के प्रयासों से बदली तस्वीर

जनसंदेश न्यूज

महिला दिवस

प्रकाश नर्सिंग स्कूल में गूंजे प्रेरक उद्बोधन

नारी शक्ति ही सृष्टि का आधारः डॉ. मनीष राय

मऊ। नारी केवल एक शब्द नहीं, बल्कि संपूर्ण सृष्टि का आधार है। वह जीवनदायिनी है, प्रेम की मूर्ति और रिश्ते संवारने वाली शक्ति है। भारतीय संस्कृति में नारी को शक्ति, ममता, और त्याग का स्वरूप माना गया है, लेकिन 19वीं शताब्दी में महिलाओं पर अनेक अत्याचार होते थे। उनके मौलिक अधिकारों का हनन किया जाता था, जैसे शिक्षा का अभाव, पर्दा प्रथा, बाल विवाह, संपत्ति के अधिकारों में असमानता, सती प्रथा, विधवा पुनर्विवाह पर रोक, बहु विवाह एवं बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियाँ रहीं। इसे सामाजिक प्रगतिशीलता में बाधा मानते हुए बहुत से व्यक्तियों व संस्थाओं ने इसे दूर करने के प्रयास में रत रहे। पहले दहेज को लेकर ऐसी क्रूरता देखी जाती थी, जहाँ लड़कियों को दहेज के लिए मार दिया जाता था, जला दिया जाता था या फिर उन्हें घर वापस भेज दिया जाता था। लेकिन आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री उनके मार्गदर्शन में जो महिला सशक्तिकरण के लिए अनेक काम किया गया, वह सराहनीय है, जैसे 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ', 'पढ़ेगी बेटी तो बढ़ेगी बेटी' आदि। इसके अलावा उनके मार्गदर्शन में उन्होंने दिल्ली में महिला सशक्तिकरण का बेहतरीन परिचय दिया, जब उन्होंने दिल्ली में मुख्यमंत्री पद के लिए महिला नेत्री रेखा गुप्ता को चुना।

उपरोक्त उद्बोधन अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रकाश नर्सिंग स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में प्रकाश हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. मनीष राय ने दिया। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण पर रंगोली एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

जगत में जीवन शक्ति का प्रतीक हैं महिलाएंः डॉ एकिका सिंह

मऊ। भारतीय संस्कृति में नारी को देवी कहा जाता है। मानवीय जीवन शक्ति को जन्म देनी वाली नारी को अधिकार एवं समाज में उनको स्थान दिलाने की दिशा में अभी बहुत कार्य किया जाना शेष है। महिलाओं के बगैर समाज की कल्पना असंभव है। ऐसे में उनके सामाजिक, आर्थिक और पारिवारिक अधिकारों की दिशा में सम्यक कदम उठाने की आवश्यकता है। यह उदगार प्रसिद्व बांझपन रोग विशेषज्ञ डॉ एकिका सिंह के हैं। अंर्तराष्ट्रीय महिला दिवस पर शारदा नारायण हास्पिटल में आयोजित निःशुल्क परामर्श एवं जांच शिविर कार्यक्रम में शनिवार को वह संबोधित थीं। डॉ सिंह ने बताया कि इस वर्ष महिला दिवस की थीम कार्यवाई में तेजी लाना है जो लैगिक समानता प्राप्त करने के लिए शीघ्र और निर्णायक कार्य करने के महत्व पर बल देता है। कार्यक्रम में संस्थान निदेशक डॉ संजय सिंह, मेडिकल डायरेक्टर डॉ सुजीत सिंह महिला दिवस की उपादेयता पर विस्तार से प्रकाश डाला। एब्रियोलॉजिस्ट डॉ मधुलिका सिंह के नेतृत्व में 128 महिलाओं को निःशुल्क चिकित्सा परामर्श, सीमेन एनालिसिस तथा अल्ट्रासाउंड की जांच की गई। इस दौरान डॉ स्निग्धा सोनल, डॉ राहुल कुमार, डॉ एना यादव सहित अन्य दंपत्तियों का सम्मानित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शारदा नारायण टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर राजधानी रोड बलिया में आयोजित निःशुल्क परामर्श शिविर में जनपद के साथ बिहार क्षेत्र की महिलाओं की भीड़ देर शाम तक उमड़ी रही। इस केंद्र पर आयोजित कार्यक्रम में 110 महिलाओं को निःशुल्क चिकित्सा परामर्श, सीमेन एनालिसिस तथा अल्ट्रासाउंड की जांच की गई। शारदा नारायण टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर लछिरामपुर आजमगढ़ केंद्र पर आयोजित कार्यक्रम में 71 महिलाओं को निःशुल्क परामर्श एवं जांच के साथ दवाओं का वितरण किया गया।

रोटरी क्लब प्राइड ने सभी कस्तूरबा विद्यालयों को दिया सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन

मऊ। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब प्राइड मऊ, बेसिक शिक्षा विभाग एवं महिला कल्याण विभाग मऊ द्वारा नगर पालिका कम्युनिटी के सभागार में एक कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में जिले के सभी पांचो कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की बालिकाएं एवं कंपोजिट विद्यालय की बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिलाधिकारी प्रवीण मिश्रा, भाजपा जिलाध्यक्ष नूपुर अग्रवाल, बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार उपाध्याय एवं जिला समन्वयक अधिकारी अनिल चैरसिया ने दीप प्रज्वलन कर किया। अपने उद्बोधन में संतोष कुमार उपाध्याय ने महिला सशक्तिकरण एवं राष्ट्रीय योगदान में महिलाओं की भूमिका पर अपने विचार रखें। नूपुर अग्रवाल ने महिलाओं की सुरक्षा एवं शासन द्वारा दिया गए साधन और महिलाओं की सुरक्षा के लिए दिए गए आपातकालीन नंबर जिसमे वूमेन पावर लाइन एवं महिला हेल्पलाइन नंबर की उपयोगिता के बारे में बताया। इस अवसर पर स्कूल की बालिकाओं द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की जिसमें स्वागत गीत, बेटी बचाओ शिक्षक पर नाटक, एवं कंपोजिट विद्यालय की बच्चियों द्वारा शानदार योगा नृत्य की प्रस्तुति बड़ी सराहनीय रही। इस कार्यक्रम में सम्मिलित बालिकाओं को प्रोत्साहन हेतु क्लब द्वारा 5100 की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर क्लब द्वारा सभी कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय जिसमे कोपागंज, बड़राव, रतनपुरा, मोहम्मदाबाद गोहना, एवं रानीपुर की बालिकाओं की सुविधा के लिए सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन प्रदान की गई। इस अवसर पर रोटरी क्लब प्राइड मऊ के अध्यक्ष जितेंद्र राखोलिया, कार्यक्रम संयोजक विनोद वर्मा, मुरलीधर यादव, कृष्णा खंडेलवाल, गिरिराज शरण अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, कृष्ण कुमार अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, अजय अग्रवाल, विशाल शर्मा, विजय बहादुर पाल, डॉ पीके गुप्ता आदि सदस

विधवा महिला को मिली जान-माल की धमकी

सेना में फर्जी तरीके से भर्ती होने के बाद शिकायत करने पर उपजा विवाद

कार्रवाई

सेना के जवान सहित तीन पर मुकदमा

जनसंदेश न्यूज

गहमर। न्यायालय के आदेश पर शनिवार को पुलिस ने विधवा महिला को जान-माल की धमकी सहित बीएनएस की विभिन्न धाराओं में सेना के जवान सहित दंपति पर मुकदमा दर्जकर विवेचना शुरू कर लिया। प्रीतम देवी पत्नी स्व. नन्दकिशोर सिंह निवासिनी गांव गहमर पट्टी संभल राय ने बताया कि मेरा पट्टीदार अंबुज सिंह उर्फ चंद्रशेखर सिंह सेना में फर्जी तरीके से भर्ती हुआ है। उसके विरुद्ध मेरा देवर चित्रेश्वर सिंह प्रार्थना पत्र दिया है सेना द्वारा उसकी जांच कराई जा रही है। इसी कारण अंबुज सिंह हमारे परिवार से रंजिश रखता हैं। बीते वर्ष 18 दिसंबर की अपराह्न लगभग तीन बजें दरवाजे पर चढ़कर मेरे ही पट्टीदार रविन्द्र सिंह उनकी पत्नी सीता देवी, पुत्र अम्बुज सिंह उर्फ चन्द्रशेखर सिंह गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर मेरे पूरे परिवार को जान-माल की धमकी देने लगा।

इसकी लिखित सूचना कोतवाली थाना गहमर पुलिस को दी गयी। जहां जांच का हवाला देते हुए थाने से भगा दिया गया।

जिसकी सूचना सीओ जमानियां व पुलिस अधीक्षक को भी दिया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं किया गया नाही मेरी रिपोर्ट दर्ज किया गया। थक-हारकर न्यायालय के समकक्ष प्रस्तुत होकर प्रार्थना पत्र दे रही हूं। प्रभारी निरीक्षक अशेषनाथ सिंह ने बताया की न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्जकर विवेचना किया जा रहा।

दंपति के साथ मारपीट, चार पर मुकदमा दर्ज

गहमर। पुरानी रंजिश में दंपति को मारपीट कर घायल किया। शुक्रवार को पुलिस ने घायल दंपति के तहरीर पर गांव के ही चार लोगों पर एफआईआर दर्जकर सभी घायलों को मेडिकल के लिए समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदौरा भेजकर विवेचना शुरू कर दिया। गुड्डू राम पुत्र कान्ता राम निवासी गांव मनियां ने बताया कि पुरानी बातों को लेकर हमारे ही गांव के हरिद्वार राम पुत्र जमुना राम सोनू व सुमीत पुत्रगण हरिद्वार राम, गुलाबी देवी पन्ति हरिद्वार राम गाली-गलौज करने लगे। गाली-गलौज करने का विरोध किया तो सभी एक राय होकर लाठी-डंडे, लात-घूसों से मारने पिटने लगे मेरी चीख पुकार सुनकर मेरी पत्नी तारामुनि देवी पुत्र अजय कुमार व सोने लाल आ गए और बीच-बचाव करने लगे बीच-बचाव कर रहे पत्नी व पुत्रों को भी मारने-पीटने लगे मारपीट व हो-हल्ला सुनकर आस-पड़ोस के लोगों को घटनास्थल पर आता देख सभी जान-माल की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक अशेषनाथ सिंह ने बताया कि घायल दंपति के तहरीर पर मुकदमा दर्जकर विवेचना किया जा रहा है।

थाना समाधान दिवस में अफसरों ने सुनी फरियादियों की शिकायत

गहमर। कोतवाली थाना गहमर के परिसर में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। पुलिस-प्रशासनिक अफसरों ने शिकायत सुनकर निस्तारण कराया। सुनवाई के दौरान सर्वाधिक जमीन से संबंधित मामले पहुंचे। अधिकारियों ने मातहतों को प्राप्त शिकायती पत्रों का निस्तारण करने का निर्देश दिया।थाना कोतवाली गहमर में तहसीलदार सेवराई सुनील कुमार समाधान दिवस में पहुंचे इस दौरान तीन प्रार्थना पत्र पड़ें। जिसमें दो राजस्व और एक पुलिस से संबंधित था। पुलिस से संबंधित प्रार्थना पत्र का मौकेपर ही निस्तारण कर दिया गया। दो का निस्तारण नहीं हो सका। मौकेपर प्रभारी थानाध्यक्ष उपनिरीक्षक पन्ने लाल सहीत सभी राजस्व कर्मी मौजूद थे।

हिस्ट्रीशीटर ग्राम प्रधान ने चंदौली में की थी हत्या

गाजीपुर। अपराधी से सफेदपोश बना ग्राम प्रधान अन्तरप्रांतीय अपराधी ने अपने ही साथी की हत्या कर दी। पत्रकार और संघ कार्यकर्ता रहे राजेश मिश्रा की हत्या व भाई अमितेश मिश्रा को गोली मारकर घायल करने में भी मृतक पवन यादव व उसका हत्यारा रवि यादव आरोपी हैं। रवि यादव कुछ दिन पूर्व लखनऊ में भी अवैध असलहा के साथ पकड़ाया था। करंडा थाने का हिस्ट्रीशीटर शातिर अपराधी रवि यादव पिछले चुनाव में लोनेपुर से प्रधान चुना गया। हिस्ट्रीशीटर के ग्राम प्रधान बनने के बाद स्थानीय पुलिस ने भी उसे इसलिए छूट दे रखी थी कि अब वह अपराध छोड़ समाजसेवा के कार्य में लग जायेगा, लेकिन उसकी आदत में सुधार नहीं आया। तीन दिन पहले पेशेवर शातिर अपराधी रवि यादव ने अपनी गैंग के दर्जनों साथियों के साथ जाकर, चंदौली जिले के जंसो की मड़ई स्थित अपने ससुराल में रह रहे करंडा थाने के हिस्ट्रीशीटर पवन यादव पुत्र विनोद यादव को ईंट पत्थर से कूंचकर हत्या कर दी और भागने में सफल भी रहा, लेकिन इसके एक साथी को घटनास्थल पर ही ग्रामीणों ने पकड़ लिया, जिससे मामले का खुलासा हो गया।

दो दर्जन अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम

मृतक के साथी सूरज यादव की तहरीर पर तीन लोगों लोनेपुर निवासी रवि यादव उर्फ दिग्विजय यादव, कुसुम्ही निवासी उमेश यादव उर्फ छोटू व नंदगंज निवासी दीपक यादव सहित अन्य के विरूद्ध एफआईआर दर्ज की गई । पुलिस के मुताबिक पवन यादव की हत्या करने के लिए दो चारपहिया वाहनों में सवार होकर लगभग एक दर्जन लोग अलीनगर के जंसो की मड़ई गये थे। ईंट पत्थर से कूंचकर पवन यादव की हत्या कर भाग रहे रवि गैंग के लोगों में से एक बिना नंबर की स्वीफ्ट कार सहित उमेश यादव उर्फ छोटू को ग्रामीणों ने पकड़ लिया, लेकिन स्वीफ्ट कार में सवार अन्य साथी बचकर पैदल ही भाग गये। वहीं, बिहार नंबर की दूसरी गाड़ी में बैठे अन्य हमलावर भी भागने में सफल रहे।

रासेयो शिविरार्थियों ने किया योगाभ्यास

सादात। कृष्ण सुदामा महाविद्यालय मरदापुर में चल रहे सात दिवसीय रासेयो शिविर के छठवें दिन शनिवार को महिला दिवस के अवसर पर योगाभ्यास किया। कार्यक्रम अधिकारी सुशीला यादव और डॉ. एकरामुल्लाह के निर्देशन में चयनित बस्ती मजुईं एवं सादात में छात्र छात्राओं ने साफ सफाई करते हुए ग्रामीणों को स्वच्छता और स्वास्थ्य का महत्व बताया। प्रबंध निदेशक विजय कुमार यादव, सह निदेशक डॉ धर्मेन्द्र यादव, प्राचार्य डॉ श्रीकांत यादव ने कहा कि युवाओं को समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व को समझना चाहिए। रासेयो का यह शिविर विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा। इस मौके पर शिक्षक शिवकुमार, हरिशंकर मिश्रा, ओमप्रकाश, रविन्द्र मौर्या, कैलाश यादव, रामकुंवर यादव सहित शिविरार्थी ज्योति, सोनम, प्रीति, दिव्या, रानी, हंसा, खुशी, मनीषा, प्रियंका, रेनू रहे।

खाद्य सुरक्षा टीम की दुकानों पर छापेमारी, नमूना लेकर जांच को भेजा

सैदपुर। आगामी होली पर्व में मिठाईयों व खोआ की बढ़ी मांग व खपत को देखते हुए आमजन के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाली खाद्य सामग्रियों पर रोक लगाने के लिए खाद्य टीमें लगातार छापेमारी में जुट गई हैं। इस दौरान शनिवार को सैदपुर कस्बे में खोआ मंडी सहित मिठाई की कई दुकानों पर जाकर छापेमारी की और वहां से मिठाईयों के नमूने जुटाए। इसी दौरान सैदपुर कस्बे में कुल छह स्थानों से कुल 8 नमूने जुटाकर उन्हें जांच के लिए लैब भेजा। शनिवार की दोपहर 1 बजे मंडल के सहायक आयुक्त राजेंद्र सिंह व जिले के मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुमन मिश्र के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम सैदपुर में पहुंची। सबसे पहले टीम खोआमंडी में पहुंची लेकिन क्रासिंग पर जाम लगने से अधिकारियों की गाड़ी कुछ देर तक वहां रूक गई। एक साथ 3 गाड़ियों को देखकर उन्हें छापेमारी का आभास हो गया और वो दुकानें बंद कर वहां से फरार हो गए। कई लोग बाल्टियां लेकर संजय वन में भाग गए। इसके बाद टीम वहां से कस्बे में मिठाई की दुकानों पर पहुंची। तहसीलदार देवेंद्र यादव के साथ सबसे पहले टीम तहसील के सामने स्थित रामकरन मिष्ठान्न भंडार पर पहुंची। वहां से छेना व छेने से बनी मिठाई के दो नमूने जुटाए। इसके बाद वो क्रासिंग के पास स्थित श्रीकृष्णा स्वीट्स पर पहुंचे और से एक और उनके कारखाने से 2 नमूने जुटाए। इसके बाद क्रॉसिंग के पास मौजूद 3 अन्य मिठाई की दुकानों से 1-1 नमूने जुटाकर सैदपुर क्षेत्र की खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. तूलिका शर्मा ने उन्हें डिब्बे में बंद कर सील व मुहर कर-के जांच के लिए लैब में भेजा। निरीक्षण के दौरान हड़कंप मचा हुआ था। इस दौरान कुल 8 नमूने लिए गए, जिसमें गुलाबजामुन, छेना, छेने से बनी मिठाई व बर्फी शामिल थे। इस दौरान तहसीलदार देवेंद्र यादव, नायब तहसीलदार विजयकांत पांडेय व कोतवाल योगेंद्र सिंह सहित अधिकारियों की टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी तूलिका शर्मा, पंकज, वीरेंद्र, मंडल से आए संतोष आदि रहे।

महिला सशक्तिकरण तभी संभव जब वो शिक्षित होंगी : नदीम अधमी

आयोजन

शाहफैज पब्लिक स्कूल में मना अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

जनसंदेश न्यूज

शाहफैज पब्लिक स्कूल परिसर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह में शामिल शिक्षिका व अन्य कर्मचारी।

गाजीपुर। शाहफैज पब्लिक स्कूल के प्रांगण में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के निदेशक डॉ. नदीम अधमी ने सभी महिलाओं को महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं और कहा कि महिला सशक्तिकरण तभी संभव है जब वो शिक्षित होंगी। कार्यक्रम की शुरूआत 'सुन भारत की नारी' गीत से हुई तथा चंद्र भूषण राय ने महिला दिवस पर सभी को विशेष शपथ दिलाई। विद्यालय के गैर शैक्षणिक कर्मचारी लक्ष्मण ने महिलाओं पर रोचक तथ्य बताये। महिलाओं के सम्मान में कंप्यूटर के अध्यापक अनूप श्रीवास्तव ने महिलाओं के सम्मान में 'नारी है तो परिवार है' कविता सुनायी साथ ही साथ विद्यालय की सभी महिला शिक्षिकाओं को सम्मान स्वरुप गुलाब का फूल व चॉकलेट दिया गया। महिलाओं के योगदान को दशार्ते हुए विद्यालय के अध्यापकों शिवम् सिंह यादव, इंद्रजीत दुबे व चंद्रभूषण राय ने एक नाटिका प्रस्तुत की जिसका सञ्चालन शिवम् प्रजापति ने किया। अँग्रेजी के वरिष्ठ अध्यापक रत्नेश शुक्ला ने महिला दिवस पर भाषण की प्रस्तुति की जिसमें उन्होंने रानी लक्ष्मी बाई, सरोजिनी नायडू आदि महिलाओं का ज़िक्र किया व साथ ही इस विद्यालय की संस्थापिका मैडम सईदा फैज के बारे में बताया की यह विद्यालय भी एक महिला के ही प्रयत्नों का परिणाम है जिन्होंने सभी बाधाओं को पार करते हुए इतना बड़ा विद्यालय स्थापित किया। विद्यालय की उप प्रधानाचार्य (शैक्षणिक) नेहा कुरैशी ने विद्यालय की समस्त महिलाओं की तरफ से धन्यवाद दिया व कहा कि इस विद्यालाय के सभी पुरुष महिलाओं का हमेशा सम्मान करते हैं।

इस कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक डॉ नदीम अधमी, प्रधानाचार्य इकरामुल हक, उप प्रधानाचार्य (प्रशासन) डॉ प्रीति उपाध्याय, उप प्रधानाचार्य (शैक्षणिक) नेहा कुरैशी, महबूब आलम, रत्नेश शुक्ला, चंद्र भूषण राय, वसीम अहमद, शिवम प्रजापति, अश्वनि सिंह, शिवम सिंह यादव, इंद्रजीत दुबे, अंकिता दुबे व अन्य सभी शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का सञ्चालन महबूब आलम ने किया।

एसडीएम ने कंपोजिट विद्यालय का किया निरीक्षण

मुहम्मदाबाद। डीएम आर्यका अखौरी के निदेर्शानुसार उपजिलाधिकारी डॉ. हर्षिता तिवारी ने शनिवार को स्थानीय सर्कील अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय, चांदपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की आधारभूत संरचना, पहुंच मार्ग और चारदीवारी निर्माण को लेकर ग्रामीणों से विस्तृत चर्चा की। निरीक्षण के दौरान डॉ. तिवारी ने विद्यालय तक जाने वाले रास्ते और उसकी भूमि का जायजा लिया। ग्रामीणों से संवाद स्थापित करते हुए उन्होंने रास्ते और चारदीवारी निर्माण में आ रही बाधाओं के संबंध में जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय की भूमि के सीमांकन और रास्ते की पैमाइश वर्तमान में संभव नहीं है, क्योंकि खेतों में खड़ी फसल कटाई के बाद ही यह कार्य सुचारू रूप से किया जा सकता है। ग्रामीणों की इस मांग को स्वीकार करते हुए उपजिलाधिकारी ने सहमति प्रदान की और उन्हें आश्वस्त किया कि प्रशासन इस प्रक्रिया में पूरा सहयोग करेगा। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी डॉ. हर्षिता तिवारी ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं से भी बातचीत की। उन्होंने बच्चों से उनकी पाठ्य पुस्तकों से जुड़े सवाल पूछे और शिक्षा के प्रति उनकी रुचि को परखा। विद्यार्थियों के उत्तरों से संतोष जताते हुए उन्होंने बच्चों को मेहनत और लगन से पढ़ाई करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि "अच्छी शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है, और हमें इसे मजबूत बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। निरीक्षण के दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजेश यादव, चंद्रभान राय उर्फ डब्लू राय सहित कई स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

अनियंत्रित ट्रक ने आटो को मारी टक्कर, पुत्र की मौत

सैदपुर। नंदगंज थानाक्षेत्र के पहाड़पुर चौराहे पर तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने ऑटो को टक्कर मार दी। जिससे उसमें सवार दंपति समेत छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं दंपति के पुत्र की मौत हो गई। घटना के बाद घायल परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सैदपुर के अलायचक निवासी 45 वर्षीय पप्पू कुमार पुत्र स्व. महंगी की आंखें खराब हो गई हैं। जिसके चलते वो उसका इलाज शादियाबाद स्थित आंख के अस्पताल में करा रहा है। शनिवार को वो अपनी पत्नी 40 वर्षीय उर्मिला देवी, अपने पुत्र 12 वर्षीय शिवम कुमार, 6 वर्षीय समीर कुमार, 5 वर्षीय करन कुमार व अपनी बहन परसनी निवासिनी 45 वर्षीय कुसुम पत्नी सुनील के साथ अपनी आंख दिखाने के लिए यहीं से बिशुनपुर निवासी 35 वर्षीय सुनील उर्फ गुड्डू की ऑटो रिजर्व कर शादियाबाद गया था। वहां से अपराह्न साढ़े 3 बजे लौटने के दौरान पहाड़पुर में जैसे ही चालक सुनील ने ऑटो को दूसरे लेन में लाना चाहा, उसी समय पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसे बुरी तरह से रौंद दिया। शिवम सहित सभी सवार उसी में दब गए। घटना के बाद चालक ट्रक सहित मौके से फरार हो गया। इधर आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना देकर किसी तरह से ऑटो को सीधा किया और उसमें से घायलों को बाहर निकाला। लेकिन बुरी तरह से दब जाने से शिवम की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। वहीं घायलों को तत्काल सैदपुर सीएचसी भेजा गया, जहां से सभी को गंभीर हाल में रेफर कर दिया गया।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर छात्राओं ने निकली रैली

रैली निकालती राजकीय महिला स्तातकोत्तर महाविद्यालय की छात्राएं।

गाजीपुर। राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाजीपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना का तृतीय एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में प्राचार्य प्रो. अनिता कुमारी की अध्यक्षता एवं संरक्षण में महाविद्यालय से महुआबाग मिश्र बाजार तक एक रैली निकाली गई। रैली के दौरान स्वयंसेवी छात्राओं ने ₹ सम्मान प्रतिष्ठा और अधिकार, नारी सशक्तिकरण के हैं आधार; नारी है तो परिवार है, सुंदर जीवन का आधार है₹ आदि नारे लगाकर लोगों को समाज से लैंगिक भेदभाव खत्म करने एवं महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित करने को लेकर जागरूक किया। रैली उपरांत स्वयंसेवी छात्राएं महाविद्यालय लौटकर सूक्ष्म जलपान ग्रहण किया। साथ ही द्वितीय सत्र में इस वर्ष के अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की थीम ₹एक्सीलरेट एक्शन₹ पर आधारित एक स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें स्वयंसेवी छात्राओं ने नवीन एवं आकर्षक स्लोगन लिखकर महिला सुरक्षा सम्मान एवं देश की उन्नति में उनके योगदान का संदेश दिया। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ रामनाथ केसरवानी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नारियों की जितनी ज्यादा उन्नति होगी हमारा राष्ट्र उतना ही सशक्त एवं समृद्ध होगा। स्लोगन प्रतियोगिता में सोनम ने प्रथम स्थान, श्रेया मौर्य द्वितीय एवं अंजली कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल की भूमिका में डॉ शैलेंद्र कुमार, डॉ पीयूष सिंह एवं डॉ मनीष कुमार रहे। प्रतियोगिता का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ ओम शिवानी ने किया।

हमारा इतिहास महिलाओं के योगदान वर्णन के बिना अधूरा रहेगा: कौशलेंद्र

गाजीपुर। भारत मे पुरातन काल से महिलाओं का गौरवशाली इतिहास रहा है,लेकिन मुगल काल व अंग्रेजी हुकूमत के लम्बे काल खण्ड में मान, सम्मान , स्वाभिमान के रक्षा के लिए नारी शक्ति को नेपथ्य में जाना पड़ा। जबकि उस दौर में विषम परिस्थितियों में भी शक्ति स्वरूपा महारानी लक्ष्मीबाई, झलकारी बाई, जीजा माता, अहिल्या बाई होलकर, अवन्तिबाई जैसी मातृशक्तियों की संघर्ष गाथाएं हमारे इतिहास मे स्वर्णिम अक्षरों मे अंकित है। यह बात शनिवार को भाजपा जिला कार्यालय पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला सम्मान में आयोजित कार्यक्रम को मुख्य अतिथि कौशलेंद्र सिंह पटेल (सदस्य केन्द्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग) ने सम्बोधित करते हुए कही । उन्होंने कहा कि मुगल बादशाह औरंगजेब के आतंक के दौर में राजमाता जीजा माता ने शिवाजी जैसे वीर और साहसी योद्धा का निर्माण किया था। जिन्होंने भारत को मुगल शासकों के विस्तारवादी सोच को लगाम लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि हमारा इतिहास महिलाओं के योगदान वर्णन के बिना अधुरा रहेगा जिसमे सावित्री बाई फुले, दुर्गा भाभी जैसी मातृशक्तियों ने प्रत्येक काल खण्ड में महिलाओं के मान सम्मान और योगदान को बढ़ाया है। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष साधना राय ने सबके प्रति आभार धन्यवाद व्यक्त किया। कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष्ज्ञ सुनील सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, कृष्ण बिहारी राय, जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह, सरिता अग्रवाल, पारसनाथ राय,पूनम मौर्य,माया सिंह, मीरा श्रीवास्तव, किरन सिंह, ज्योत्सना आदि ने संबोधित किया। संचालन महामंत्री महिला मोर्चा माया सिंह ने किया। कार्यक्रम मे संयोजक जिला महामंत्री दयाशंकर पांडेय, ओमप्रकाश राय, प्रवीण सिंह, अवधेश राजभर,सरोज मिश्रा,जिला मीडिया प्रभारी शशिकांत शर्मा, लालसा भारद्वाज,राजन प्रजापति, सुरेश बिंद, नीतीश दूबे आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर खेल , स्वास्थ्य,शिक्षा,बैंक, चिकित्सा, समाज सेवा आदि के विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाली महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत उषा बनवासी,डा ज्योति शर्मा, अमृता यादव,सुनीता शर्मा,प्रतिमा मिश्रा, खुशबू वर्मा, वंदना सिंह, अनुपमा यादव, मनोरमा शर्मा,शशि यादव, अर्पिता सिंह,नीलू यादव को मुख्य अतिथि कौशलेंद्र सिंह सदस्य केन्द्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग, सांसद राज्यसभा डा संगीता बलवंत व जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने सम्मानित किया।

संक्षेप

410 ग्राम हीरोइन के साथ शातिर तस्कर गिरफ्तार

गहमर। चेकिंग के दौरान गुरुवार की मध्य रात्रि को बारा स्थित मगरखाई मोड़ के पास से 410 ग्राम हेरोइन के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्कर के खिलाफ बीएनएस की धाराओं में मुकदमा दर्जकर आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक गहमर अशेषनाथ सिंह, प्रभारी निरीक्षक एएनटीएफ सुरेन्द्रनाथ सिंह, उपनिरीक्षक व चौकी प्रभारी बारा विवेक कुमार पाठक हमराहियों के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग 124 सी पर बारा मगरखाई मोड़ के पास मौजूद होकर संदिग्ध व्यक्ति वाहन की जांच पड़ताल कर रहे थे। तभी एक व्यक्ति बिहार सीमा से होकर मोटर साइकिल से गहमर की तरफ आता हुआ दिखाई दिया। जिसे टार्च की रोशनी में रुकने का इशारा किया गया तो वह एकाएक सामने पुलिस को देख घबड़ाकर मोटरसाइकिल मोड़ भागने के प्रयास में गिर गया भागता देख पुलिस वालों ने घेरकर पकड़ लिया। तालाशी लेने पर उसके पास से 410 ग्राम हीरोइन (मटमैले भूरे रंग का नशीला पाउडर) एक अदद मोबाइल, 2030 रुपया नगद, अधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस व एक मोटरसाइकिल बरामद हुआ। पकड़े गए तस्कर ने पूछताछ में अपना नाम व पता गजेंद्र कुमार पाण्डेय उर्फ बादल(26)पुत्र जनार्दन पांडेय निवासी गांव जगदीशपुर थाना मुफस्सिल जिला बक्सर बिहार ने बताया कि वह हिरोइन चौसा बक्सर बिहार के धीरज पाण्डेय से खरीदकर छोटी-छोटी पुड़िया में बनाकर गहमर, दिलदारनगर, जमानिया आदि क्षेत्रों में बेचता हूं। प्रभारी निरीक्षक अशेषनाथ सिंह ने बताया कि शातिर तस्कर बिहार से हिरोइन लाकर वह नशे के आदी युवकों को बेचता था। जिसे आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया गया।

महिलाओं को रोजगार में समान अवसरों की आवश्यकता

जमानियां। स्थानीय स्टेशन बाजार स्थित हिंदू पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना और हिंदी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 'इम्पॉवर्ड वॉइसेसः वुमेन लीडिंग दा चेंज' शीर्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ मदन गोपाल सिन्हा ने कहा कि विश्व की आबादी में महिलाओं की हिस्सेदारी करीब 50 प्रतिशत है। उन्होंने रोजगार में समान अवसरों की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. अखिलेश कुमार शर्मा शास्त्री ने मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार रखते हुए कहा कि आज महिलाएं दुनिया भर में बदलाव की वाहक बन रही हैं। वे सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक क्षेत्रों में नई पहचान बना रही हैं। उनका नेतृत्व लैंगिक समानता को बढ़ावा दे रहा है। साथ ही यह नए विचारों और समावेशी विकास का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। कार्यक्रम की अगली कड़ी में इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ संजय सिंह ने जोर देकर कहा कि महिला सशक्तिकरण पूरे समाज के लिए जरूरी है। उन्होंने शिक्षा, समान अवसर और सामाजिक समर्थन को महिला विकास का आधार बताया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए डॉ ओमप्रकाश लाल श्रीवास्तव ने कहा कि महिलाएं जब नेतृत्व करती हैं, तो न सिर्फ अपना जीवन बदलती हैं, बल्कि पूरी दुनिया को बेहतर बनाती हैं। इस दौरान कार्यक्रम में कई छात्र-छात्राओं ने अपने विचार साझा किए। इनमें प्रियंका, ज्योति, खुशी, अंशिका, काजल, सोमानशी समेत कई विद्यार्थी शामिल थे। संगोष्ठी का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी एवं सहायक आचार्य हिंदी डॉ अभिषेक तिवारी ने किया।

आकस्मिक हालात पर काबू पाने के लिए दंगा नियंत्रण अभ्यास

सैदपुर। होली ईद आदि प्रमुख त्योहारों के दौरान दंगा उत्पन्न होने पर स्थिति नियंत्रित करने का पूर्वाभ्यास तहसीलदार देवेंद्र यादव की मौजूदगी में शनिवार के नगर के टाउन नेशनल इंटर कालेज के मैदान पर किया गया। दंगाईयों ने पुलिस ने आंसू गैस आदि छोड़कर भगाया एवं दो घायल दंगाइयों को इलाज के लिए भेजा। कोतवाल योगेंद्र सिंह द्वारा दंगा नियंत्रित करने के लिए फोर्स लगाया गया। दंगाइयों का रूप धारण किए सिपाही एवं अन्य लोग ईंट-पत्थर, बम आदि लेकर आगे बढ़ रहे थे और पुलिस प्रशासन मुदार्बाद का नारा लगा रहे थे। पुलिस द्वारा उन्हें पहले माइक के जरिए समझाया गया, लेकिन उनके नहीं मानने पर आंसू गैस छोड़ा गया। आंसू गैस छोड़ा गया, बावजूद इसके दंगाइयों के नहीं मानने पर पुलिस ने फायर किया, तब दो हमलावर घायल हो गए। शेष हमलावर भाग खड़े हो गए। तहसीलदार ने कहा कि यहां पूर्वाभ्यास कराया गया, ताकि ऐसी स्थिति उत्पन्न होने पर पुलिस आसानी से समझ सके। मार्कड्रिल दारोगा आरपी दुबे, रामनिहोर सिरोही, कस्बा चौकी इंचार्ज मनोज पांडेय आदि थे।

बिना नारी के समाज की परिकल्पना संभव नहीं

रेवतीपुर। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत बेटी बचाओं,बेटी पढाओं जागरूकता रैली निकाली। मुख्य अतिथि रेवतीपुर थाना के उपनिरीक्षक लल्लन यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बेटी बचाओं,बेटी पढाओं जागरूकता रैली कस्तूरबा विद्यालय से विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर मुख्य चौराहे के बस स्टैंड पहुंचा, जहाँ छात्राओं ने इसको लेकर नुक्कड़ नाटक,भाषण आदि का बेहतर मंचन कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया, इस दौरान छात्राओं ने हाथ में तख्तियां लिए हुए थी जिसपर विभिन्न तरह के स्लोगन लिखे थे। इसके उपरांत यह जागरूकता रैली पुनःविभिन्न मार्गों से पैदल होते हुए विद्यालय जाकर समाप्त हुआ, रैली के दौरान छात्राएं बेटी बचाओं, बेटी पढाओं आदि का नारा भी लगा रहे थे, जागरूकता रैली और नाटक के जरिए छात्राओं ने हेल्पलाइन नंम्बर, भूण हत्या बाल-विवाह, भेदभाव, घरेलू हिंसा आदि विषयों पर भी विस्तार से जागरूक किया। इस दौरान बोलते हुए मुख्य अतिथि उपनिरीक्षक लल्लन यादव ने कहा कि भारतीय संविधान में हर बच्चे को शिक्षा पाने का अधिकार है। जननी को सम्मान देना सभी का नैतिक कर्तव्य है।बिना नारी के समाज की परिकल्पना संभव नहीं है। मौके पर वार्डेन मंजू, साधना, कविता, देविका, संध्या रानी, अजीत, सुधा, लीलावती, दुर्गा, देवंती, हेड कांस्टेबल अभय, आरक्षी राहुल कुमार आदि मौजूद रहे।

सामान्य हिंदी ज्ञान प्रतियोगिता का समापन

गाजीपुर। साहित्य चेतना समाज के तत्वावधान में आयोजित सामान्य हिन्दी ज्ञान प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग (कक्षा चार से छह) में एस.एस.पब्लिक स्कूल बवाड़ा की कु. भार्गवी सिंह व रौनक यादव ने क्रमशः प्रथम व तृतीय एवं आदर्श बाल विद्या मंदिर शेखपुर की कु.वर्षा गुप्ता ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।एम.जे.आर.पी.पब्लिक स्कूल के अर्पित श्रीवास्तव,एस.एस.पब्लिक स्कूल बवाड़ा के सन्नी यादव,कु.अन्नू यादव,आदर्श बाल विद्या मंदिर शेखपुर की कु.खुशबू व राजकुमार बिन्द प्रशंसित स्थान पर रहे।मध्यम वर्ग (कक्षा सात व आठ) में लूर्दस कान्वेंट बा.इ.कॉलेज की कु.अनुष्का प्रजापति ने प्रथम, एस.एस.पी.कान्वेंट स्कूल जंगीपुर की कु.संजना यादव व कु.अंजली यादव ने क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। डी.एम.पी.पब्लिक स्कूल छावनी लाइन के शुभम् यादव,एस.एस.पी.पब्लिक स्कूल बवाड़ा के उमंग यादव व प्रांजल यादव,एम.एस.पी.कान्वेंट स्कूल रजईपुर की कु.अंकिता यादव व कु.सपना यादव प्रशंसित स्थान पर रही। सामान्य अंग्रेजी ज्ञान प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग में न्यू होराइजन एकेडमी तुलसीसागर की कु.भानवी श्रीवास्तव,कु.मिस्बाह फातिमा एवं कु.आकृति ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। एम.एस.पी.कान्वेन्ट स्कूल रजईपुर की कु.खुशी यादव,कु.अ

मूल्यांकन

आत्मा की एक काव्यात्मक सिम्फनी

डॉ मनीषा श्रीवास्तव

ऐसे युग में जहाँ विज्ञान और कला की सीमाएँ मिलती नहीं हैं, नेहल शाह की कृति, 'और इन सबके बीच' मानवीय अभिव्यक्ति की असीम संभावनाओं का एक ताजा प्रमाण बनकर आयी है। उनका यह कविता संग्रह न केवल एक साहित्यिक उपलब्धि है, बल्कि समकालीन कविता के क्षेत्र में एक मील का पत्थर भी है। यह चिकित्सा विज्ञान की दुनिया को कविता के तरल, भावनात्मक सार के साथ जोड़कर एक ऐसा अनुभव प्रस्तुत करती है जो उत्तेजक और मार्मिक है।

यह पुस्तक महिलाओं, रंगों, प्रेम, संवेदनशीलता और प्रकृति का उत्सव है। कवि के शब्द महाकुंभ में पवित्र गंगा की तरह बहते हैं, जो अपने भीतर परंपरा की गहराई, भावनाओं की जीवंतता और गहन ज्ञान की शांति को समेटे हुए हैं। यह संग्रह नया दृष्टिकोण प्रदान करता है और सभी उम्र के पाठकों से बात करता है।

'और इन सबके बीच' का सबसे खास पहलू यह है कि यह सतह के नीचे अर्थ की परतें समेटे हुए दिल को छूता है। कवि में रोजमर्रा के अनुभवों को गहन प्रतिबिंबों में बदलने की असाधारण क्षमता है, वह ऐसे रूपकों का उपयोग करती है जो पढ़ने के बाद भी लंबे समय तक मन में गूंजते रहते हैं। वह प्रकृति के तत्वों के साथ मानवीय भावनाओं को कुशलता से बुनती है, एक काव्यात्मक ब्रह्मांड बनाती है जहाँ नदियाँ, पत्थर और मौसम मानव आत्मा के साथी बन जाते हैं।

इस संग्रह की कविताओं ने मेरे दिमाग पर एक अमिट छाप छोड़ी है। आम्रपाली, कर्ज, गेहूँ और शव, लिबास, चकमक पत्थर, चक्कू, मेरे पिता, इच्छाएं ईमानदार रहीं और आदत - प्रत्येक कविता कवि के जीवन के कच्चे, अनफि ल्टर्ड सार को पकड़ने की क्षमता का प्रमाण है।

इस संग्रह को विशेष रूप से महत्वपूर्ण बनाने वाली बात है कवि की पृष्ठभूमि - एक वैज्ञानिक फिजियोथेरेपिस्ट जिसकी कविताएँ मानवीय स्थिति के प्रति असाधारण संवेदनशीलता को दशार्ती हैं। कविताओं में 'आत्मा', 'हृदय' और 'देह' जैसे शब्दों की बार-बार पुनरावृत्ति जीवन के भौतिक और भावनात्मक दोनों आयामों की गहरी समझ को दशार्ती है। वैज्ञानिक सटीकता और कलात्मक तरलता का ऐसा सहज मिश्रण देखना दुर्लभ है, जो इस संग्रह को आधुनिक हिंदी साहित्य में एक महत्वपूर्ण योगदान बनाता है।

संग्रह की शीर्षक कविता 'और इन सब के बीच', हालांकि अंत में रखी गई है, लेकिन ऐसा लगता है कि यह किसी ऐतिहासिक घटना की शुरूआत है - हिंदी कविता का एक स्वर्णिम अध्याय जिसे आने वाले वर्षों तक याद रखा जाएगा। यह पाठक के मन में एक अचरज की भावना छोड़ती है, जो उन्हें इसके छंदों को फिर से पढ़ने और हर पाठ के साथ नए अर्थ खोजने के लिए प्रेरित करती है।

'और इन सबके बीच' सिर्फ एक किताब नहीं है; यह एक अनुभव है, जीवन की जटिलताओं के माध्यम से एक यात्रा है जो काव्यात्मक रंगों में चित्रित है। यह हिंदी कविता के प्रेमियों, बुद्धि और भावना के प्रतिच्छेदन की सराहना करने वालों और शब्दों की परिवर्तनकारी शक्ति में विश्वास करने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए अवश्य पढ़ी जाने वाली पुस्तक है। इसे प्रभाकर प्रकाशन ने प्रकाशित किया है।

(प्रभारी निदेशक, भोपाल स्मारक अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र, भोपाल)

अपना वजूद तलाशती स्त्रियाँ

शालिनी खन्ना

इन दिनों भोजपुरी साहित्य का विस्तार हुआ है । कई महत्त्वपूर्ण पुस्तकों का प्रकाशन हुआ है । जिनमें से सर्व भाषा ट्रस्ट, नई दिल्ली से डॉ. रेनू यादव की कहानी संग्रह 'खुखड़ी' प्रकाशित हुई है। इस संग्रह में मुँहझौसी, अधिया, खुखड़ी, मुखाग्नि, झाँवर, चउकवँऽ राड़, निशान, नचनिया, भोर, पइया तथा बेहा 11 कहानियाँ हैं । इस संग्रह की अधिकतर कहानियाँ स्त्री मुद्दों पर केन्द्रित हैं ।

'खुखड़ी' हमारे उस सामाजिक ढाँचे का प्रतीक है, जिसमें स्त्री अपने अभिशप्त और बेबस जीवन जीने को बाध्य रहती है। पितृसत्तात्मक व्यवस्था में नारी हमेशा अपना वजूद तलाशती ही रहती है।

'खुखड़ी' कहानी जिसके नाम पर पुस्तक का नाम है, स्त्री मनोभाव व दुर्दशा का बहुत ही सुन्दर चित्रण है। इन्हीं संदर्भों के बाद स्त्रियों को अपने लिए जमीन और आसमान की, अपने स्थायित्व की जरूरत पड़ी होगी। पितृसत्तात्मक व्यवस्था को लात मार कर अपनी जगह बनाने की कोशिश हुई होगी जहाँ वह खुलकर साँस ले सके और अपने मन का कुछ कर सके।

कहानी में बेटी के जिस व्यवहार और सब्र पर घर वालों को नाज था उसी व्यवहार के कारण वह हमेशा शोषित, पीड़ित रही। धन संपदा से भरपूर उस घर में वह पैबंद लगी साड़ियाँ पहनने को मजबूर रही। अंत में कहानी की नायिका ने अगली पीढ़ी को राह दिखाने की बात की है। वह कहती है, इस घर के पुरुष अमीर हैं पर औरतें गरीब। और अपने अंतिम समय में वह अपने मायके से मिली भैंस को बिकवाकर घर की महिलाओं के बीच रुपए बंटवा देती है।

'खुखड़ी' की सारी कहानियों की नायिकाएँ समाज को एक नई दिशा देती नजर आती हैं। 'चउकवँ राड़' में युवा विधवा नायिका को जब एक पाँच वर्षीय बच्चे से विवाह करने की जबरदस्ती की जाती है तो वह उसका भरपूर विरोध करती है। वह समझती है कि वह इस रिश्ते के साथ न्याय नहीं कर पाएगी। अंत में सभी को विश्वास दिलाती है कि वह खुद के पैरों पर खड़ी होकर घर वालों को सहयोग करेगी।

'मुहझौंसी' की नायिका विद्रोह की आग में जलती है।अपनी सभा को इकट्ठी कर कहती है 'हमके ईह सोच त बदले के बे। उनके द्वारा दीहल गइल अपमान के आग के अपने सीने में धधके द, अपने कमजोरी के आपन ताकत बनावऽ अउर निकल पड़ऽ बदलाव के रस्ते पर। अपमान से उपजल बदला क भावना के सकारात्मक रूप में बदल द, नकारात्मक रूप में नाहीं । मनोविज्ञान के भाषा में एके धनात्मक स्थानांतरण कहल जाला। हमहन के इहे करेके पड़ी, ताकि जवन हमरे भइल उ केहू अउर के साथ न होखे पावऽ।'

रेनू यादव जी की कहानियों की नायिकाएँ साहसी हैं जो समाज से लड़ने, उसका तख्ता पलट करने की हिम्मत रखती हैं। समाज में बदलाव इसी से संभव है। यह डॉक्टर रेनू यादव की पारखी नजरों की खासियत है कि जो हम सभी के नजरों के सामने घटित होते हुए भी हमारी नजरों से छूट जाती है, वे उन्हीं विषयों को लेकर नया गढ़ जाती हैं, नया रच जाती हैं। उनकी कहानियों में सरल भाषा और परिवेश का चित्रण है जो पाठकों को सहज बाँध लेता है।

(लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)

(मेरे साथ चल रहे यहां के गणित के शिक्षक अभिषेक मिश्र से मैंने इसको निकट से देखने की इच्छा व्यक्त की तो वे अपने एक शिक्षणेत्तर कर्मचारी कलदेव के साथ जो उराँव जनजाति के थे, वहां तक ले गए जहां कुछ महिलाएं स्नान कर रही थीं।हमें देखकर वे वहां से हट गईं और तब उस जगह से निकलते पानी को देखकर मेरे मुख से सहसा निकल पड़ाः यहां भी कुंआं।वाह। यह सुनते ही उरांव जाति के उस कर्मचारी ने कहा- यह चुनां है साहब , कुआं नहीं।मैं इसके पहले इस नाम से परिचित नहीं था।फिर उन्होंने बताया कि इस जनजातीय क्षेत्र में ऐसे अनेक चुंएँ हैं जो कोयल नदी जैसी नदियों के अपने जल स्रोत रहे हैं।इनसे वर्ष भर पानी निकलता रहता है और जिसे आप देख रहे हैं वह महज तीन फुट गहरा है।यह देखकर मैं चकित था और प्रकृति की लीला के प्रति अभिभूत।अपनी लघुता में ये चुंएँ आज भी कितने निर्मल व धार युक्त हैं।इस समय पुलकित मैं पानी को स्पर्श करने के लिए झुका ही था कि कहीं बहुत गहरे से आवाज आई-चुएं को प्यार से छुएं !)

इस चुएं को प्यार से छुएं !

यात्रा

श्रीप्रकाश शुक्ल

झारखण्ड में रांची का नाम आते ही नेतरहाट का नाम तैरने लगता था क्योंकि इसके बारे में विभाग के सहयोगी शिक्षक महेंद्र कुशवाहा जी अक्सर चर्चा करते थे और जब भी रांची यात्रा का अवसर आता वे इस जगह का बहुत बखान करते `ऐसी ही एक शाम उनसे इस बार की रांची यात्रा के बारे में बताया तो उन्होंने तुरंत ही नेतरहाट होकर रांची जाने की सलाह दी`

डूबता सूरज वाया माता जी संबोधन

नेतरहाट में सूर्योदय व सूर्यास्त की छटा को देखने हेतु इन दिनों (16 /17 फरवरी)पर्यटकों की भीड़ है और उसी अनुसार यहां अब होटल व्यापार भी तेजी से विकसित हो रहा है।मैं भी सड़क मार्ग से सासाराम के जाम से बचते हुए दुद्धी व नगर उटारी होते हुए यहां के लिये 16 फरवरी को निकला और जितना ही करीब पहुंचता गया उतना ही दूर होता गया ।घर से सुबह 7 बजे निकला और मार्ग में कुम्भ से छिटकी अमृत बूंदों के लिए बेताब छत्तीसगढ़ व बिहार की गाड़ियों से रगड़ खाता किसी तरह साढ़े पांच बजे यहां पहुंचोउधर आवासीय विद्यालय में गणित के शिक्षक अभिषेक मिश्र दिन भर संपर्क बनाये हुए थे और सुव्यवस्थित अतिथिगृह में हमारा शाम 5 बजे से ही इंतजार कर रहे थे और जब साढ़े पांच बजे हम वहां पहुंचे तो उन्होंने सीधे सूर्यास्त विन्दु पर चलने को कहा जिससे पौने छ बजे के डूबते सूरज को देख सकूँ

मिश्र जी गेस्ट हाउस के बाहर ही मिले और मिलते ही श्रीमती जी को 'माताजी' कहकर प्रणाम किये`माताजी !यह शब्द सुनते ही वे कुछ क्षण ठिठकी और उनका मुंह तो उतर गया जिसे मैं समझ गया`डूबते सूर्य का मुख भी इतना म्लान नहीं होता होगा जितना इस शब्द को सुनकर इनका हुआ !यह शब्द उन्हें यूँ भी वैसे ही चुभता है जैसे मुझे 'मास्टर साहब' लेकिन मिश्र जी की विद्वता ० सम्मान भाव ,साथ ही बीएचयू के पुरा छात्र होने के कारण इस शब्द के प्रयोग से मैं भी थोड़ा असहज था जिस कारण बार बार मैं खुद ही श्रीमती जी को मैडम कहकर संबोधित करता जिससे मिश्र जी बात को समझ जायं `मुझे इस बार बार के संबोधन से यह तो लगता था कि कहीं कुछ तो है लेकिन उनकी विनम्रता देखकर कुछ कह नहीं पा रहा था`यह भी कि बलियावासी अभिषेक इस उम्रदराज शब्द से किसी महिला को कितन उज्र होता है, यह तो समझते ही होंगे !इसी तरह कुछ बोलते बतियाते हम सूर्यास्त बिंदु पहुंचे तो सूरज डूबने की तैयारी कर रहा था।अपनी लालिमा को धीरे धीरे चीड़ के पेड़ों ० नाशपाती की सूखी टहनियों पर उतार रहा था और कुम्भस्थ नागा सन्यासी की भांति दिगम्बर मुद्रा में पुण्य स्नान हेतु गहरी खायीं में स्थित जलक्षेत्र में डूबने को बेचैन था।जिससे अमृत की अपेक्षा थी वह खुद ही इस समय अमृत की तलाश में था।मीडिया,राजनीति व बाजार के प्रभाव से वह भी मुक्त नहीं था।भीड़ बहुत थी लेकिन सभी की आँखें सूरज को न देखकर खुद के कैमरे को देख रही थीं।कैमरे ने सूर्य के डूबने को और भी जोरदार बना दिया था जहां लोग देखने से अधिक दर्ज करने को उद्यत थे ।साथ में पहुंची मैडम सुनीता ने भी तड़ से कैमरा लगा दिया और डूबते सूरज को सरकते हुए देखनी लगी।मेरी हालत कुछ दुविधा की थी।कभी डूबते सूरज को देखता तो कभी ढेर सारे कैमरों को।सूरज सामने था और सम्मुख अनेक पीठ !उधर अभिषेक 'माता जी' को कैमरे के हवाले छोड़कर अपने प्यारे बेटे के साथ कुछ सामान खरीदने के लिए निकल पड़े थे`यूँ भी जो यहाँ है उसके लिए सूर्य का उगना ० डूबना नित्य क्रिया से अधिक नहीं !

सूरज के डूबने के साथ मेरी नजर एक बोर्ड पर गई जहां रानी मैगेनोलिया के विरह व प्रेम की अनोखी दास्तान के किस्से दर्ज थे जहां मैगेनोलिया ने अपने प्रेमी चरवाहे के विरह में घाटी में छलांग लगा ली थी। ज्यादेतर सन सेट पॉइंट पर ऐसे किस्से दर्ज किए गए हैं जहां जाकर डूबते सूरज में दुबके प्रेमी युगल जोड़े के किस्से उभर ही आते हैं।मुझे लगता है डूबते सूरज को प्रेम के अमर किस्से के रूप में देखना यह बताना है कि अमर प्रेम के भीतर ही सूरज अपनी रोशनी को छोड़ जाता है जिसमें आने वाली पीढ़ी उस प्रेम के आलोक को देखे व समझे।डूबे व ऊबे लोगों के प्रेम को आलोकित करे।लेकिन इस समय मुझे यह भी लग रहा था कि व्यू पॉइंट,सी पॉइंट और सन पॉइंट की जगहों पर प्रेम में जान देने के किसे ही क्यों दर्ज हैं।क्या प्रेम में जान बचाने वाले किस्सों में कम आकर्षण होता है!

यूँ यह भी सच है कि वहां पर किसी को किसी किस्से से मतलब नहीं था।जैसा कि होता है सब अपने ही किस्से में मस्त थे।यही बात जब सुनीता जी से कहा तो तपाक से बोल उठीं-अब लोग डूबना देखें कि आप जैसे उस डूबने की कथा!बात तो ठीक भी है–

'डूबता हुआ सूरज/अपनी किरण प्रेमिका की तलाश में घाटी में छलांग लगाया ही था /कि अंधेरा घना हो गया/और आस पास के लोग यह जानकर आश्वस्त थे कि उनका सब कुछ ठीक है/-

सूरज के लिए यह डूब बहुत खूब थी/मेरे लिए ऊब/----

सूरज का यह डूबना/एक लंबी थकान के अलावा कुछ नहीं था/जिसमें सड़क का शोर था/और आकाश का सूनापन!/---

प्रेम यहां किस्सों में था/जहां एक चरवाहे की पुकार के बीच/ रानी के कूदने की कथा दर्ज थी /जिसमें छोह से अधिक क्षोभ था!

दृश्य में कैमरे ही कैमरे थे और सूरज गहरी खायीं में स्थित कुम्भ जल में उतरने को तत्पर।एक सूरज को अनेक कैमरे कैद कर रहे थे और जो देख रहे थे मसलन मैं,उसे उसका डूबना अच्छा नहीं लग रहा था।सूर्य का इस तरह सेट होना मुझे अच्छा नहीं लगा।उसे आंखों में डूबना था लेकिन वह तो कैमरों में डूब हुआ था।डूब व ऊब के बीच का यह दृश्य यहां खूब था और यही से हम लौट रहे थे। मार्ग में कई अच्छे होटल दिखे जहां ठीक ठाक पर्यटक थे।इनमें से कुछ से सूर्यास्त देखते समय मुलाकात भी हुई जो पूरे दृश्य से बहुत निराश थे।मुझे भी यहां का सूर्यास्त बहुत मनहूस लगा ।भला घाटी में कूदना भी कोई कूदना है।यह तो अवसाद को उभारना था।यहां ऐसा कुछ भी नहीं जो उदात्त हो।बस सूर्य को डूबना था डूब गया और हमारे लिए एक ऊब छोड़ गया।फिर भी सूरज ही है जो यहां के परिवेश को ऊर्जा दे रहा है।हम इसको देखे तो लेकिन आसक्त नहीं हो पाए।सशक्त सूरज से आसक्त न होना सूरज व घाटी के संबंधित से कुछ अधिक ही अपेक्षा कर बैठना है जो कि था भी।मुझे यहां दार्जिलिंग व माउंट आबू का डूबता सूरज बार बार याद आ रहा था।

थोड़ी देर में अभिषेक हमारे साथ अपने आवासीय विद्यालय के 21 आश्रमों में एक 'आनंद आश्रम' में थे जिसके वे आश्रमाध्यक्ष हैं और घर पर चाय पिलाने के पहले अपने छात्रों से एक मुलाकात करवाना चाह रहे थे`हमें भी इन छात्रों से मिलना था जिनकी प्रतिभा के किस्से हमारे तक पहुँच चुके थे`हमने आश्रम में जैसे प्रवेश किया छात्रों ने हमारा अभिवादन -माताजी - श्रीमान जी से किया `अब तक हम माताजी की संस्कारगत सामाजिकता को समझ चुके थे और सुनीता जी के चेहरे के तनाव को कुछ कम होते देख चुके थे`ठीक इसी समय अभिषेक ने मौका देखकर बताया कि यहाँ महिला को माता जी और पुरुष को श्रीमान कहते हैं`यह यहाँ की संस्कृति है जिसमें छात्रों को प्रशिक्षित किया जाता है`इसी का असर है कि यहाँ से निकले छात्र रिक्शेवाले को भी आप से ही संबोधित करते हैं`इसके बाद अचानक मेरा ध्यान एक बोर्ड की ओर गया जिस पर मेरी रेत पर लिखी एक कविता लिखी हुई थी झ'दोपहर कि चढ़ती धूप तले/जहां देह थोड़ी थोड़ी हांफने लगती है'

झेमैं चकित थो एक कवि की कविता नेतरहाट में,वह भी यहाँ से शानदार विद्यालय में ,यह अपने आप में एक बड़ी खबर थी जिसे हमने छात्रों के साथ फोटो में कैद भी किया`

चुएं को प्यार से छुएं !

अगले दिन यहां के भव्य आवासीय विद्यालय में आयोजित वैचारिक,सांगीतिक व कलात्मक सत्र के बाद हम लोग यहां के गुलाब व नाशपाती के बाग के साथ आश्रम की मयार्दा में अवस्थित श्रीमान व माताजी जैसे संबोधन को समझते हुए वास्तु, काष्ठ व कृषि कला के क्षेत्र में छात्रों को दिए गए प्रशिक्षण की जानकारी लेते हुए हुए जब बाहर की ओर गए तो गाड़ी में पेट्रोल की आवश्यकता से यहां उपलब्ध एक मात्र पेट्रोल पंप की ओर बढ़ ही रहे थे कि मार्ग में एक जलस्रोत दिखा।मेरे साथ चल रहे यहां के गणित के शिक्षक अभिषेक मिश्र से मैंने इसको निकट से देखने की इच्छा व्यक्त की तो वे अपने एक शिक्षणेत्तर कर्मचारी कलदेव के साथ जो उराँव जनजाति के थे, वहां तक ले गए जहां कुछ महिलाएं स्नान कर रही थीं।हमें देखकर वे वहां से हट गईं और तब उस जगह से निकलते पानी को देखकर मेरे मुख से सहसा निकल पड़ाः यहां भी कुंआं!वाह।

यह सुनते ही उरांव जाति के उस कर्मचारी ने कहा- यह चुनां है साहब , कुआं नहीं।मैं इसके पहले इस नाम से परिचित नहीं था।फिर उन्होंने बताया कि इस जनजातीय क्षेत्र में ऐसे अनेक चुंएँ हैं जो कोयल नदी जैसी नदियों के अपने जल स्रोत रहे हैं।इनसे वर्ष भर पानी निकलता रहता है और जिसे आप देख रहे हैं वह महज तीन फुट गहरा है।यह देखकर मैं चकित था और प्रकृति की लीला के प्रति अभिभूत।अपनी लघुता में ये चुंएँ आज भी कितने निर्मल व धार युक्त हैं।इस समय पुलकित मैं पानी को स्पर्श करने के लिए झुका ही था कि कहीं बहुत गहरे से आवाज आई-चुएं को प्यार से छुएं !

(लेखक वरिष्ठ कवि एवं आलोचक हैं, संपर्क 94158 90513)

प्रश्नपत्र भले अलग हो मगर उत्तर एक

चर्चा

कुसुमलता सिंह

गगन गिल के कविता संग्रह -'मैं जब-तक आई बाहर' की कविताएँ मन को भिगो देती हैं । आखिर क्या है इन कविताओं में? रहस्यवाद या यथार्थवाद का द्वंद्व, परंपरा का स्वीकार या उसे तोड़ने की बेचैनी, स्त्री का अपने परिवेश को झेलते हुए उसे व्यक्त कर आत्मगौरव की ओर उन्मुख होना, अपने छोटे-बड़े अनुभवों को आत्मीयता के साथ ग्रहण करते हुए उसकी अभिव्यक्ति, दार्शनिकता या नारी की मुक्ति की आकंक्षा और उसके संघर्ष की मार्मिक अभिव्यक्ति। आखिर क्या है इन कविताओं में? कुछ तो है गगन जी की कविताओं में जो उन्हें भीड़ से अलग करता है।

गगन गिल की रचना यात्रा की महत्वपूर्ण कृतियां हैं 'एक दिन लौटेगी लड़की', अँधेरे में बुद्ध','यह आकांक्षा समय नही', 'मैं जब तक आई बाहर', जैसे कविता संग्रह और 'दिल्ली में उनींदे'", "अवाक", "इत्यादि", और "देह की मुंडेर पर" जैसी गद्य रचनाएं। उन्होने चीन, फ्रांस, इंग्लैंड, मारिशस, जर्मनी आदि देशों की यात्रा की और वहाँ कविता पाठ भी किया। अमेरिका की हावर्ड युनिवर्सिटी से नीमेन फलोशिप भी मिली। उनकी दशकों की साहित्य यात्रा में उनका स्वाध्याय, बुद्ध दर्शन, पाश्चात्य साहित्य और वैश्विक दृष्टि,, लोकसाहित्य की समझ, साहित्य संपादन आदि का मिश्रण है। इनकी भाषा तरल है, सरल है पर उसमें जीवन की पर्तों की जो बुनावट है जो बिंब और चित्र का वितान है वह विलक्षण है।

'हमारे लिए नहीं होगा/जल/दूसरे लोकों में/हम नहीं होंगे/किसी की प्रार्थना में/हमारे लिए नहीं होगा/लौटने का कोई रास्ता/कोई नहीं दिखाएगा हमें/अपना दिया/एक बार की उड़ान बस/और जल जाएंगे/पंख सब/एक बार का चलना बस/और जल जाएंगे/पुल सब/आकाश में फूटती/पटाखों की लड़ियां/एक कोई नदी/तकती होगी/हमारी राह/उसमें भी नहीं होगा/हमारे लिए/जल।'

यह कविता सिर्फ कविता नहीं हैं। इसमें जल है ,सृष्टि है, प्रार्थना है, करूणा है, आश्वस्ति है, पुरखों की स्मृतियां हैं और आध्यात्मिक बोध है।इसमें कवयित्री की निजता है। उसकी अपनी शैली है और कर्तव्यबोध है। गगन जी की कविता को पढ़ते हुए पाब्लो नेरुदा की बात ध्यान में आती है कि 'कविता आदमी के भीतर से निकली एक गहरी पुकार है। उसी से उपासना पद्धतियाँ निकलीं, भजन और धर्मों के तत्व भी। कवि ने प्रकृति की लीलाओं का सामना किया और प्रारंभिक युगों में अपने व्यवसाय की सुरक्षा के लिए खुद को पुरोहित कहा। ठीक इसी तरह आज का सामाजिक कवि भी पुरोहितों की प्राचीनतम व्यवस्था का सदस्य है। पुराने जमाने में उसने अंधकार से संधियां की थीं, अब उसे प्रकाश की व्याख्या करनी होगी।'

शायद जानबूझ कर उन्होने अपने को लोगों की पहुंच से दूर रखने के लिए दिल्ली के बेगानेपन से दूर ग्रेटर नोयडा में अपना ठिकाना बनाया है। करीने से लगीं किताबों की आलमारियां, दीवार पर लगी पेंटिंग।उनकी एक कविता है -'एक भिक्षु के एकांत में/कभी-कभी/ कुछ भी नहीं/ ईश्वर नहीं/ वह खुद भी नहीं।' उसी एकांत समय के भीतर उपजती प्रार्थना की शक्ति के बीच मैं उनके पास पहुंची थी। दरवाजा उन्होंने खोला चेहरे पर वही सहजता , वही मृदुलता। मैंने गौर से उनकी ओर देखा और लगा कि पहाड़ों की तलहटी में जैसे हरियाली के छितरे छोटे से मैदान में कोई अकेला देवदार का वृक्ष ,एक साधक की तरह,समय का दुशाला ओढ़े खड़ा हो।शब्दों के आकाश को छूता लेकिन धरती को मजबूती से पकड़े हुए। अनुभववृद्ध लेकिन जीवन के उल्लास से भरी समय की हलचल को पचाते हुए। यही हैं 'मैं जब तक आयी बाहर' की गगन गिल।

कविता साहित्य की वह विधा है जिसमें कम-से-कम शब्द खर्च किए जाते हैं और अधिक से अधिक संकेतों से काम लिया जाता है।एक शब्द से दूसरा शब्द निकलता है, एक वाक्य से दूसरा वाक्य और एक चित्र से दूसरा चित्र। ऐसे ही अनेक बिंब लिए गगन गिल की कविताएं एक व्यापक अनुभव जगत को समेटती और खोलती हैं। वे बौद्ध धर्म से प्रभावित रहीं , उसकी अनुयायी हैं। अपनी "इत्यादि" पुस्तक में एक जगह वे लिखती हैं कि --'रिनपोछे से मिलकर साहित्य से मेरा संबंघ बदल गया और मुझे पता भी नहीं चला। भाषा में मौन ही उसका सबसे जरूरी अंग है, अपने नपे- तुले शब्दों से उन्होंने समझा दिया था। रचना शब्द कौशल से नहीं, लिखने वाले के आंतरिक जीवन से रची जाती है--'यह मैं स्वयं ही जान गई धीरे-धीरे। रिनपोछे जी ने कहीं कहा है, संस्कृति कर्म उज्जवल पारदर्शी मन की उपज है।' पर क्या मन को पारदर्शी कर पाना संभव है? झील की तरह उसे निष्कम्प कर पाना? निष्कम्प पारदर्शी मन अपनी रचना में कैसे प्रवाहित होता होगा? क्या उसे रचना करने की आवश्यकता लगती होगी, क्या उसे शब्द की जरूरत होती होगी?मेरा सौभाग्य रहा तो शायद किसी दिन रिनपोछे के किसी आधे-अधूरे वाक्य से मैं इसका मर्म पा जाऊँ।'

गगन गिल ,1984 के दंगों से बच निकली एक युवा लड़की जिसने 'इत्यादि' में 'स्मृति और दंश' में अपने अनेक अनुभव लिखे।उन्नीस सौ सैंतालिस के समय में जब उनकी माँ बारह वर्ष की उम्र में पाकिस्तान से शरणार्थियों के काफिले में आईं तो कैसे उन्होंने सैनिको द्वारा स्त्रियों पर की जाने वाली बर्बरता की जिस मानवीय यंत्रणा को झेला, उस घटना का असर इसी बच्ची पर पड़ा। 2011 की सारनाथ में बौद्ध धर्म की दीक्षा लेती हुई स्त्री, गगन गिल जिसने 'अवाक - कैलाश-मानसरोवरः एक अंतर्यात्रा' जैसा उत्कृष्ट यात्रा-संस्मरण हिंदी साहित्य को दिया, जिसने तेजस्विनी में अक्का महादेवी के वचन का भाव रूपांतरण किया।

इस कवयित्री की कविताओं में स्त्री स्वर है उसकी वेदना है, उसकी पीड़ा के असमंजस स्थल हैं । गगन गिल मानती है कि -'कविता ही एकमात्र ऐसा इलाका है, हमारी प्रज्ञा की प्रतीक्षा का-- कि वहाँ प्रश्नपत्र भले ही एक सा रहा हो वर्षों से , शताब्दियों से--उत्तर उसका अलग सा होगा। हर व्यक्ति के लिए अलग।' इसीलिए वे कहती हैं कि हर लेखक शब्द नहीं, शब्दातीत को ढूंढता है हर क्षण। बरसों पहले के इस अहसास में आज भी मेरी गहरी आस्था है। इनकी बात को समझने के लिए इन्हीं की कविता में झाँकना होंगा जहाँ वे 'अयोध्या में पुण्य-समृति' में कहती हैं -- 'कोई नहीं जाता/ किसी के साथ/सब की अपनी-अपनी डगर/ कोई जाता है रसातल/ कोई लेने जलसमाधि/ प्रेम एक शब्द है' जाने क्यों/ वह उससे कहती नहीं/ लिखती है/ अंगारे पर चलते/ अपने पैर के नाखून से/ सांत्वना एक शब्द है/ ठहरा हुआ अनन्त में/ इतना अकेला/ एक देवता/ कब से धूप में खड़ा है/ हर कोई नहीं चीर पाता/ अपना सीना/ नहीं दिखा पाता/ अपना दिल/ अपने लहू का रंग/ चाहे जितना भी पैर पकड़े/ हर कोई नहीं रोक पाता/ रास्ता यम का/ कोई नहीं जाता/ किसी के साथ/ सब की अपनी-अपनी डगर/ संसार इतना असहनीय क्यों है/ बन्दरिया पूछती है।'

अयोध्या में इतिहास के प्रसिद्ध युद्ध- नायक राम कथा की पुण्य स्मृति का दंश जिसमें मृत्यु की व्याख्या, उसकी असहनीय पीड़ा , उसके सामने अकेले मनुष्य की निरीहिता । इसे कहते हैं शब्द से शब्दातीत तक की यात्रा। 'मैं जब तक आई बाहर' शीर्षक कविता की कुछ पंक्तियां हैं--'मैं जब तक आई बाहर/ एकांत से अपने/ बदल चुका था/ रंग दुनिया का/ अर्थ भाषा का/ बदल चुका था मर्म /भाषा का।' यह पूरा का पूरा संग्रह गगन गिल की ऐसी अंर्तयात्रा का है जहाँ माँ का स्नेहिल स्पर्श है, जल है तो सृष्टि है, प्रकृति है तो रंग हैं, चिड़िया है, मछली है, बादल है, धरती है तो इन सबके बीच स्त्री है। जहाँ स्त्री है वहाँ प्रजनन है, नया जीवन है, भूख है, प्रेम है, आशाएं हैं, आश्वासन है, मिलन है, विरह है, देह है और विदेह भी। यानी पूरा का पूरा ब्रहमांड है जहाँ हम सबका दुख साझा है और इसे ही समझने की प्रार्थना इन कविताओं में है। आधुनिककालीन हिंदी साहित्य जिसमें कविता भी आती है उसे एक हद तक समझने के लिए कविता के रसास्वादन या उसमें जाने के लिए हल्का ही सही नवीन चेतना का इतिहास बोध और काव्यात्मक अभिरुचि, आधुनिक दृष्टिकोण का होना आवश्यक है। और ऐसे ही समय के साथ गगन गिल की कविताओं में स्त्री की आकुलता और मार्मिकता ने अपने मुहावरे खुद ही तैयार किए और अपने प्रतिरोध का स्वर भी। इन सब कहे सुने का 'मैं जब तक आई बाहर' कविता संग्रह एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है।

(लेखिका साहित्य धर्मी रचनाकार हैं)

प्रतिकारिणी की कथा बांधने वाली

आकलन

विजय कुमार तिवारी

राजा सिंह मुख्यतया कहानीकार हैं। कभी-कभी कविताएं भी लिखते हैं। उनके चार कहानी संग्रह छप चुके हैं। उनके हिस्से में पहले से ही दो उपन्यास और भी हैं। लेखन कर्म में सतत सक्रिय हैं।

उनके 'प्रतिकारिणी' उपन्यास में उनका समर्पण देखने और समझने योग्य है- "दुनिया के उन औसत लोगों को जिनकी तादाद से कहीं ज्यादा काम महत्तम है, जिन्हें स्मृति में रखने की परम्परा अभी विकसित नहीं हुई है।" औसत या सामान्य लोग ही उनके चिंतन में हैं और इस उपन्यास के पात्र-सुकेश, सुकन्या, ननकू, छेड़ी तारा, मालती सभी साधारण पृष्ठभूमि के लोग हैं। इस उपन्यास में उनकी ओर से भूमिका, आमुख या अपनी बात जैसा कुछ भी नहीं है। इस तरह इसकी उपादेयता, इसका महत्व, अच्छा-बुरा आदि सारा भार पाठकों, समीक्षकों या आलोचकों पर ही उन्होंने छोड़ रखा है।

उपन्यास साहित्य की वह विधा है जिसमें लेखक पूर्णतः स्वतंत्र होता है ताकि वह अपने कथ्य-कथानक को विस्तार दे सके और जीवन के सम्पूर्ण कालखण्ड या उसके किसी हिस्से के सम्पूर्ण जीवन-प्रवाह को चित्रित कर सके। इसमें कहानियों के भीतर कहानियाँ होती हैं और पात्रों को समग्रता से प्रस्तुत किया जा सकता है।

राजा सिंह के पास अपनी भाषा व शैली है,अपने शब्द भंडार हैं और उनका हृदय कमजोर,लाचार चरित्रों के लिए कुछ अधिक ही धड़कता है। सेवा-मुक्ति के बाद उनकी गति देखने योग्य है। 'प्रतिकारिणी' उपन्यास का नायक सुकेश बेरोजगार है और उसके भीतर कोई बेचैनी है। वह पढ़ने में औसत दर्जे का है और लगातार लखनऊ में नौकरी की तलाश कर रहा है। शुरू से ही लेखक ने सुकेश की मनःस्थिति व मनोविज्ञान का सहारा लिया है और उनके लेखन में मार्मिकता व लाचारी के दृश्य प्रभावशाली तरीके से उभरे हैं।

सहज तरीके से ही नायिका सुकन्या का भी प्रवेश होता है। लेखक की यह सहजता समझने योग्य है और उनका कथानक चयन आकर्षित करने वाला है। मन्दिर की सीढ़ियों पर दोनों का मिलना और रोचक संवाद करना पाठकों को उपन्यास पढ़ने के लिए प्रेरित करने वाला है। राजा सिंह ऐसे स्नेहिल क्षणों के चित्रण में अनुभवी लगते हैं तभी तो नायिका सुकेश का हाथ पकड़ती है,खूब हँसती है और उसे प्रभावित करती है। उससे भी अधिक ध्यान खींचने वाला प्रसंग है, अंजलि बूटिक की मालकिन सुकेश जैसे अ

महिला अधिकारों और सम्मान के प्रति दिलाई गई शपथ

जनसंदेश न्यूज

महिला सम्मान के लिए संकल्प लेते लोग।

बालिकाओं को शपथ दिलाते पहलवान अमरजीत यादव।

प्रतियोगिता में अपनी-अपनी पेंटिंग दिखाते एनसीसी कैडेट्स।

अतरौलिया (आजमगढ़)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ग्राम्यजन सेवा ट्रस्ट द्वारा महिलाओं के सम्मान के लिए संकल्प दिलाया गया। समाजसेवी देवी प्रसाद पांडेय ने कहा कि सबसे पहले हमें अपने अंदर बदलाव लाना होगा और महिलाओं को सम्मान देना होगा। आज समाज में महिलाओं को संबोधित करके अनायास ही लोग गालियां देते रहते हैं जिसे हम सभी को हर हाल में रोकना होगा।

उन्होंने कहा कि हमारे समाज की आधी आबादी आज सशक्त हो रही है और अपने अधिकारों के लिए आवाज भी उठा रही हैं। हमें उनका साथ देना होगा। महिला दिवस सिर्फ एक दिन नहीं बल्कि हर दिन महिलाओं की उपलब्धियों को पहचानने और उन्हें आगे बढ़ाने का है। जो महिलाएं खुद पर विश्वास करती हैं, वही दुनिया बदलती हैं। उनका आत्मविश्वास ही उनकी असली ताकत है। हर महिला को समान अवसर, समान अधिकार और पूर्ण सम्मान देने का संकल्प लें।

इस अवसर पर पूजा पांडेय, पूर्णिमा, ज्योति, वीर यादव, सीवी पांडेय, इंद्रभान यादव, प्रदीप कुमार आदि लोगों ने महिलाओं के सम्मान का संकल्प लिया।

निजामाबाद प्रतिनिधि के अनुसार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भगत सिंह खेल अकादमी निजामाबाद के प्रांगण में बालिकाओं को आत्मरक्षा के लिए आत्मनिर्भर बनने का संदेश देते हुए राष्ट्रीय पहलवान अमरजीत यादव ने कहा कि हमारे देश में आजादी की 78 वर्ष बाद भी महिलाओं के साथ जो अन्याय और अत्याचार होते चले आए हैं इसके लिए जब तक महिलाएं व बालिकाएं खुद आगे आकर अपनी लड़ाई को लड़ने का साहस नहीं करेगी तब तक यह स्थिति तेजी से बदल नहीं पाएगी इसलिए अपनी हर लड़ाई को लड़ने और उसमें सफल होने के लिए देश की हर महिला और बालिका का कर्तव्य है कि वह अपने अधिकारों को समझे तथा उसे प्राप्त करने के लिए खुद लड़ाई लड़े। इस अवसर पर ग्राम प्रधान हंसराज यादव, डॉ.आदित्य सिंह, रामप्रवेश, संतोष, चन्द्र शेखर आदि उपस्थित रहे।

महिला सशक्तिकरण का एक मजबूत साधन है एनसीसीः कमान अधिकारी

जनसंदेश न्यूज

महिला दिवस

एनसीसी परिसर में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

आजमगढ़। राष्ट्रीय कैडेट कोर युवा शक्ति को एकता और अनुशासन के सूत्र में बांधकर देश सेवा के लिए कर्तव्यपरायण नागरिक तैयार करने का एक सशक्त माध्यम है। विश्व के सबसे बड़े युवा वदीर्धारी संगठन में समानता के भाव से महिला कैडेटों को भी प्रशिक्षित किया जाता है जिसमें अपनी प्रतिभा प्रदर्शन के दम पर महिला कैडेटों ने विविध क्षेत्रों में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है। उक्त बातें 99 यूपी एनसीसी बटालियन के कमान अधिकारी ने शनिवार को 49वें अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही।

डीएवी कालेज के सहयुक्त एनसीसी अधिकारी ले. डॉ. पंकज सिंह ने बताया कि महिला दिवस के अवसर पर बटालियन परिसर से बलरामपुर चौराहे तक रैली निकालकर महिला दिवस पर जनजागरण का अभियान चलाया गया। रैली के पश्चात 'नारी सशक्तिकरण' पर एक संगोष्ठी और पोस्टर/पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।इस अवसर पर बटालियन से सम्बद्ध डीएवी, शिब्ली, चण्डेश्वर, मालटाड़ी व अन्य कालेजों के कैडेट्स, सहयुक्त एनसीसी अधिकारी, सूबेदार मेजर रामस्वरूप चौहान और समस्त पीआई स्टाफ उपस्थित रहा।

तेज रफ्तार ट्रक ने ली युवक की जान

जनसंदेश न्यूज

दुःखद

भाई की शादी में शरीक होने लुधियाना से आया था घर

दहेज में मिली बाइक से रिश्तेदारों को छोड़ने गया था शाहगंज

फूलपुर (आजमगढ़)। रिश्तेदार को शाहगंज रेलवे स्टेशन छोड़कर वापस घर बीबीगंज आते समय शनिवार की सुबह कटार गांव के पास फूलपुर की तरफ से जा रही तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे एक युवक की मौत हो गयी। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

सचिन उर्फ पिंकू 18 वर्ष शनिवार को शादी समारोह में आये रिश्तेदारों को छोड़ने शाहगंज स्टेशन गया था। घर लौटते समय कटार गांव के पास तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गया जिससे घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। तेज आवाज के साथ वाहन की टक्कर देख ग्रामीण राहगीर दौड़ पड़े और पुलिस को सूचित किया। ट्रक ड्राइवर ट्रक के साथ फरार हो गया। पुलिस मौके पर पहुंच शव कब्जे में लेकर थाने आयी जहा लिखा पढ़ी के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। दीदारगंज थाना क्षेत्र के बीबीगंज गाव निवासी सूरत गुप्ता पुत्र केशव गुप्ता के बड़े पुत्र विपिन की शादी 6 मार्च को थी। शादी में शामिल होने सूरत गुप्ता का दूसरे नम्बर का बेटा सचिन लुधियाना से घर आया था। लुधियाना में सब्जी मंडी में आढ़त चलाता था। बारात की वापसी सात मार्च को हुई। घर में आये मेहमानों को शादी में मिली बाइक लेकर सचिन शाहगंज गया था जहां ट्रेन में बैठा कर घर वापस आ रहा था। कटार गांव के पास विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार सचिन की मौके पर मौत हो गयी। सचिन की जेब से मिले आधार कार्ड के माध्यम से घर वालों को सूचित किया गया। परिजनों के आने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया। मृतक तीन भाई एक बहन थे और भाइयों में दूसरे नम्बर पर था। पिता सूरत गुप्ता पुत्र केशव गुप्ता की तहरीर पर ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया गया।

नारी जगत के साथ हो रहे शोषण के खिलाफ करेंगे संघर्ष

आंगनबाड़ी कर्मचारी व सहायिका एसोसिएशन ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

जनसंदेश न्यूज

तहसीलदार को ज्ञापन देती महिलाएं।

आजमगढ़। आंगनबाड़ी कर्मचारी व सहायिका एसोसिएशन के बैनर तले कलेक्ट्रेट पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। तत्पश्चात मांगों को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। वक्ताओं ने कहा कि पूरे विश्व में महिलाओं को शारीरिक और बौद्धिक रूप से पुरूषों की अपेक्षा कम आंका जाता है। वक्ताओं ने कहा कि रमाबाई अम्बेडकर ने समूची नारी जगत के साथ सदियों से हो रहे शोषण, अत्याचार, अपमान और तिरस्कार के विरुद्ध महिलाओं को एकजुट करके संघर्ष किया। इसी प्रकार सावित्री बाई फूले ने नारियों को एकजुट करके संघर्ष चलाया और नारियों को शिक्षित भी किया।

जिलाध्यक्ष हेमा गुप्ता ने कहा कि जब समूची नारी जगत का आर्थिक विकास होगा और वह अपने पैर पर खड़ी होंगी तभी उन्हें समाज में इज्जत एवं सम्मान मिलेगा। उनके साथ हो रहे शोषण उत्पीड़न का अंत होगा। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से कई विभागों के काम तो लिए जाते हैं किन्तु सम्मानजनक मानदेय नहीं दिया जाता है।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हम संकल्प लेते हैं कि अपने हक और अधिकार के लिए इस व्यवस्था के विरूद्ध अनवरत संघर्ष चलायेंगे और अपनी मांगों को मनवा कर दम लेंगे। इस अवसर पर गुंजा बरनवाल, रेनू देवी, रेखा बिन्द, अनीता अस्थाना, प्रेमशीला, सुशीला, संध्या सिंह, रंभा सिंह, पूनम सिंह, शीला सिंह, सुनीला देवी आदि मौजूद रहीं। अध्यक्षता हेमा गुप्ता तथा संचालन शशिकला यादव ने किया।

भ्रष्टाचार की जीरो टालरेंस नीति का कराया जाय पालनः एसपी

बैठक

रिजर्व पुलिस लाइन में की अपराध की समीक्षा बैठक

अवैध शराब के विरुद्ध चलाया जाय चेकिंग अभियान

जनसंदेश न्यूज

समीक्षा बैठक को संबोधित करते एसपी हेमराज मीना।

आजमगढ़। पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स में क्राइम मीटिंग कर, अपराध की समीक्षा की गई तथा सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

उन्होंने चोरी व नकबजनी की घटनाओं पर नियंत्रण हेतु पिकेट गस्त एवं प्रभावित क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरा लगवाने तथा घटना का अनावरण एवं संपत्ति की बरामदगी हेतु अधीनस्थों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि गम्भीर घटनाओं में राजपत्रित अधिकारी 24 घण्टे में घटना स्थल का निरीक्षण अवश्य करें। दो सम्प्रदायों के मध्य घटित छोटी से छोटी घटना का तत्काल संज्ञान लेकर विधिक समाधान कराया जाय।

एसपी श्री मीना ने कहा कि थाना परिसर में खड़े वाहनों का अविलम्ब निस्तारण कराया जाय। थाना परिसरो में नियमित रूप से साफ सफाई करायी जाय।न्यायालय से समन्वय स्थापित कर मुकदमो से संबंधित निर्णयिक मामलों का निस्तारण कराया जाय। थानों पर आने वाले फरियादियों की समस्याओं का यथाशीघ्र विधिक निस्तारण कराया जाय। स्थान व समय बदल-बदल कर वाहन चेकिंग की जाय।

महिलाओं की समस्याओं को प्रथामिकता दिया जाय। भ्रष्टाचार की जीरो टार्लेंस नीति का पालन कराया जाय। माफियाओं के विरुद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही की जाय तथा गैंगस्टर एक्ट के अपराध से अर्जित संपत्तियों का नियमानुसार पता लगाकर जब्तीकरण की कार्यवाही की जाय।टाप-टेन अपराधियों के विरुद्ध आपराधिक सक्रियता के आधार प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही की जाय।

बोर्ड परीक्षा के दृष्टिगत बजने वाले लाउडस्पीकर व ध्वनि विस्तारक यंत्रों की ध्वनियों को मानक के अनुरूप कराया जाय। त्योहार के दृष्टिगत अवैध शराब के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया जाय।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नगर शैलेन्द्र लाल, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन, अपर पुलिस अधीक्षक यातायात विवेक त्रिपाठी, सहायक पुलिस अधीक्षक अनन्त चन्द्रशेखर एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

पड़ोसी ने महिला के सिर पर हथौड़ा मारकर किया घायल

सूचना पर पहुंची पुलिस, आरोपी घर से फरार

जनसंदेश न्यूज

अस्पताल में भर्ती घायल पूनम यादव।

पटवध (आजमगढ़)। मुबारकपुर थाना अंतर्गत लंगडपुर गांव निवासिनी पूनम यादव 36 वर्ष पत्नी शिवकुमार यादव प्राथमिक विद्यालय गोसडी पट्टी हाथी राय में शिक्षामित्र के पद पर कार्यरत है। वह अपने विद्यालय से गुरुवार की शामघर वापस जा रही थी। उसके पड़ोस का रहने वाला ओमप्रकाश यादव पुत्र अंबिका यादव गांव के पास चकरोड पर एकांत पाकर बाजार से खरीद कर ले जा रहे हथौड़े से जान से मारने की नीयत से सर पर वार कर दिया। घायल महिला को बेहोशी की हालत में धक्का देकर पानी से भरे खेत में गिरा दिया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने इसकी सूचना परिजनों को दी और उसे तुरंत पीएचसी मुबारकपुर ले जाया गया जहां इलाज चल रहा है।

घायल पूनम यादव ने बताया कि बिजली के तार को लेकर थोड़ा बहुत मामला चल रहा था लेकिन इतना गंभीर वार इसने क्यों किया इसकी हमें भी जानकारी नहीं है। इसकी सूचना मुबारकपुर पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ओम प्रकाश यादव के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटी है। इस मामले में बनकट चौकी इंचार्ज ने बताया कि अभियुक्त को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है, वह घर छोड़कर फरार है।

अच्छी शिक्षा ही अच्छे राष्ट्र का करती है निर्माणः एसडीएम

जनसंदेश न्यूज

बिलरियागंज (आजमगढ़)। स्थानीय नगर पालिका के इस्माईलपुर गोरिया में न्यू लोटस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट का शुभारम्भ शुक्रवार की देर शाम धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि एसडीएम सगड़ी नरेन्द्र कुमार गंगवार ने मां सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

उद्घाटन अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्र-छात्राएं।

उन्होंने कहा कि इस ग्रामीण अंचल में शिक्षा को बढ़ावा देना बहुत ही नेक पहल है। क्योकि अच्छी शिक्षा ही अच्छे राष्ट्र का निर्माण करती है।ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि बिलरियागंज रमेश यादव और सपा प्रवक्ता चंचल यादव ने भी अपने विचार व्यक्त किये। वही कार्यक्रम में स्कूल की छात्र-छात्राओं का सास्कृतिक कार्यक्रम काफी सराहनीय रहा। विद्यालय के छात्रों ने समाज में व्याप्त कुरीतियो पर अपने गीत और नाटक के माध्यम से लोगो को जागरूक किया। अंत में प्रबन्धक संतोष चौरसिया ने छात्र, छात्राओंका उत्साहवर्धन किया और अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष दीपक मिश्र, पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिलवर यादव,दुर्गा प्रसाद गुप्त, रविन्द्र प्रताप सिंह, अमरीष दुबे, अजीत सिंह, अमित गुप्त, श्रवण मद्धेशिया, मनीष दुबे, राजेन्द्र यादव, संदीप चैरसिया आदि उपस्थित रहे। संचालन अभय तिवारी ने किया।

इंसानियत का पैगाम देता है माह-ए-रमजानः सोहराब अहमद

मार्टिनगंज (आजमगढ़)। इंसानियत का पैगाम देता है माह-ए-रमजान। इंसानियत का पैगाम देने वाले रमजान के महीने में इबादत के साथ कई पैगाम छिपे हुए हैं। केवल भूखे रहने को रोजा नहीं कहते हैं रोजे के महत्व और इस संदेश को गहराई से समझने की जरूरत है। सूर्योदय से पहले और सूर्यास्त के बाद भूखे पेट रह कर अल्लाह की इबादत करना और पूरी दिनचर्या रोजे के अनुकूल बिताने के खास मायने हैं। यह बाहरी स्थानों पर काबू रखते हुए खुद को इबादत में मकबूल रखने का महीना है। उक्त जानकारी देते हुए हाजी सोहराब अहमद नोनारी ने बताया कि हमें झूठ धोखा चुगली आदि से बचना चाहिए। इसे अभ्यास में लाना चाहिए ताकि रोजे के दौरान जो अच्छी बातें अपनाने के सबक हैं उन्हें हम अपनी जिंदगी में उतार सकें।उन्होंने बताया कि रमजान का महीना तीन हिस्सों में बांटा है। पहला 10 दिन रहमत का होता है। दूसरा 10 दिन मग फिरत और तीसरा 10 दिन जहन्नुम से छुटकारा पाने का। अल्लाह पाक में बंधुओं को मौका दिया है कि गुनाहों से तौबा करें और अच्छा इंसान बने। मस्जिद हो या घर दुकान जहां मौका मिले वहां अल्लाह की इबादत करें।

समाधान दिवस पर हुई मामलों की सुनवाई

जनसंदेश न्यूज

महराजगंज थाना परिसर में सुनवाई करते अधिकारी।

महराजगंज (आजमगढ़)। स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में नागरिकों द्वारा प्रस्तुत कुल दस मामलों पर सुनवाई हुई, जिनमें से एक मामले का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष मामलों को संबंधित कर्मचारियों को प्रेषित कर त्वरित समाधान का आश्वासन दिया गया। समाधान दिवस का आयोजन नायब तहसीलदार सगड़ी की उपस्थिति में किया गया।

प्रस्तुत जमीनी मामले में थाना प्रभारी ने जनता से सहयोग और धैर्य बनाए रखने की अपील की। उन्होंने शिकायतकर्ताओं को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का उचित समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। जनसुनवाई के दौरान कुछ मामलों में भूमि विवाद, नाली के पानी की समस्याएं, और राजस्व संबंधी शिकायतें सामने आयी। समाधान दिवस के आयोजन से आमजन को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए एक मंच मिल रहा है। इससे प्रशासन और जनता के बीच बेहतर संवाद स्थापित हो रहा है और समस्याओं का शीघ्र निस्तारण भी संभव हो रहा है।

मार्टिनगंज प्रतिनिधि के अनुसार थाना बरदह परिसर में समाधान दिवस का आयोजन तहसीलदार लालगंज नायब तहसीलदार मार्टिनगंज हरिशंकर दुबे थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह की अध्यक्षता में किया गया। राजस्व से संबंधित आठ प्रार्थना पत्र एवं पुलिस से संबंधित पांच प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। एक प्रार्थना पत्र का तत्काल निस्तारण किया गया।

इस मौके पर राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के लोग उपस्थित रहे।

तीन मामले प्रस्तुत, किसी का नहीं निकल सका हल

लालगंज (आजमगढ़)। एसडीएम श्याम प्रताप सिंह की अध्यक्षता में देवगांव कोतवाली में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तीन मामले प्रस्तुत किए गए जिसमें किसी का समाधान नहीं निकल सका। एसडीएम श्री सिंह ने कहा इन मामलों को समयबद्ध तरीके से अतिशीघ्र हल किया जाना चाहिए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही अक्षम्य होगी। इस अवसर पर कोतवाल विमल प्रकाश राय, राजस्व निरीक्षक हरिद्वार सिंह, विपिन सिंह, लेखपाल सत्येंद्र यादव, संतोष कुमार सिंह, संतोष कुमार, कुलभास्कर त्रिपाठी, नेहा श्रीवास्तव, सौरभ उपाध्याय, अभिमन्यु यादव, आशा खरे, चंद्रशेखर यादव, अश्विन कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

लोक अदालत में 95957 वाद हुए निस्तारित

आजमगढ़। जनपद न्यायाधीश जय प्रकाश पाण्डेय की अध्यक्षता में न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें न्यायिक अधिकारीगण, बैक पदाधिकारीगण, अधिवक्तागण, न्यायालय के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ जनपद न्यायाधीश जय प्रकाश पाण्डेय द्वारा दीप प्रज्जवलित करके तथा वाग्देवी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया गया। जनपद न्यायाधीश ने कहा कि लोक अदालत आम आदमी के लिए उपलब्ध एक महत्वपूर्ण वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्र है, जिसके माध्यम से विवाद का निपटारा निःशुल्क व त्वरित किया जाता है। लोक अदालत में दिया गया फैसला अन्तिम होता है, उसके खिलाफ किसी उपरी न्यायालय में अपील नहीं होती हैं। लोक अदालत में दिये गये फैसले सुलह-समझौते के आधार पर होते हैं इसलिए पक्षकारों के बीच मतभेद भी समाप्त हो जाते है। इसमें न कोई जीतता है और न ही कोई हारता है।

लोक अदालत में निस्तारण हेतु कुल 113161 वाद चिन्हित किये गये थे, जिसमें कुल 95957 वाद निस्तारित हुए तथा रु. 154275339 धनराशि का समझौता हुआ। प्रीलिटिगेशन स्तर पर 81357 तथा कोर्ट से 14600 दीवानी व फौजदारी वाद, राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित हुए। न्यायाधीश द्वारा 01, अजय कुमार सिंह पीठासीन अधिकारी न्यायालय मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण द्वारा 68, अहसानुल्लाह खान, प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय द्वारा 50, संदीपा यादव, अपर प्रधान न्यायाधीश न्यायालय संख्या-02 द्वारा 29, प्रेम शंकर, अपर प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय संख्या-01 द्वारा 51 वादों का निस्तारण किया गया। प्रधान न्यायाधीश अहसानुल्लाह खान, अपर प्रधान न्यायाधीशगण संदीपा यादव व प्रेम शंकर तथा काउन्सलर्स कुलदीप कुमार सिंह, श्रवण कुमार गुप्ता, विनय कुमार तिवारी के सकारात्मक सहयोग से कुल 21 दम्पत्तियों को लोक अदालत में सुलह समझौते के आधार पर मेल मिलाप कराकर सहर्ष विदा किया गया।

संक्षेप

महाविहार बौद्धों की विश्व धरोहरः लालबहादुर

आजमगढ़। बुद्धिस्ट इंटरनेशनल नेटवर्क के बैनर तले कुंवर सिंह उद्यान में कार्यकर्ताओं ने महाविहार बौद्ध धर्म स्थली पर ब्राह्मणों द्वारा किये जा रहे कब्जे के विरोध में धरना प्रदर्शन किया। लालबहादुर त्यागी ने कहा कि बड़े दुख की बात है कि जहां शाक्य मुनी बुद्ध को सम्बोधि प्राप्त हुई उस पवित्र जगह पर ब्राह्मणों द्वारा कब्जा किया जा रहा है जो अत्यंत दुखद है। जहां बौद्ध भिक्षुओं को होना चाहिए वहां ब्राह्मणों का कब्जा है। उस कब्जे को हटाने के लिए हम लोग चरणबद्ध आंदोलन करने के लिए बाध्य हैं। सुबाष चंद्र बौद्ध ने कहा कि महाबोधि महाविहार में शिवालय कैसे है। यह महाविहार बौद्धों की विश्व धरोहर है। इसके बगल में शिवलिंग की स्थापना करना, दीवार पर पाण्डवों का जिक्र करना बौद्धों का अपमान है। राम दवर ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर बौद्ध विरासत बौद्ध भिक्षुओं को नहीं मिला तो हम जेल भरो आंदोलन और भारत बंद करने को बाध्य होंगे। इस अवसर पर दीपांकर कुमार, वीरेंद्र कुमार, आदित्य गौतम, रामविनय पटेल, रामविजय यादव, सलटन, रामनरायन, लालू मौर्य, दीपचंद, विजयता, बहादुर, जनार्दन, शैलेश यादव, लालचंद बौद्ध, सूबेदार आदि मौजूद रहे।

अभियुक्तों के घर धारा 82 की नोटिस चस्पा

आजमगढ़। पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना के निर्देशन में अपराध पर नियंत्रण लगाने हेतु विभिन्न थानों की पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जनपद के विभिन्न थानों की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कोर्ट के आदेश पर मुकदमों में वांछित फरार चल रहे अभियुक्तों के घर धारा 82 की नोटिस चस्पा की गयी। इसी क्रम में एक मुकदमें से संबंधित अभियुक्त आसिफ पुत्र मुन्ना कुरैशी निवासी कस्बा व थाना देवगांव के घर 82 सीआरपीसी की नोटिस चस्पा की गयी। इसी क्रम में एक मुकदमा से संबंधित अभियुक्त मोइनुद्दीन उर्फ बाबू पुत्र स्व.जब्बार निवासी ग्राम नत्थूपुर थाना जीयनपुर के घर 82 सीआरपीसी की नोटिस चस्पा की गयी। साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर नोटिस चस्पा करते हुए डुगडुगी पिटवाई गयी।

कुंदन कृत श्री मैहर देवी चालीसा का हुआ लोकार्पण

आजमगढ। मां शारदा शक्तिपीठ मैहरधाम के पीठाधीश्वर दाऊ सरकार पवन पांडेय ने पं. सुभाष चन्द्र तिवारी कुंदन द्वारा रचित 'श्री मैहर देवी चालीसा' का लोकार्पण किया। नगर के निकट बयासी स्थित एक मैरेज लान में आयोजित कार्यक्रम में दाऊ सरकार ने कहा कि मां की कृपा से ही लेखन कार्य होता है। कुंदन ने मां की प्रेरणा से श्री मैहर देवी चालीसा की रचना की है। उन्होंने रचनाओं की भूरि-भूरि प्रशंसा की एवं सराहनीय लेखन के लिए कुंदन को बधाई देते हुए कहा कि चालीसा के प्रतिदिन पाठ से जीवन की अनेक बाधाएं दूर होंगी और कल्याण होगा। रचनाकार पं. सुभाष चन्द तिवारी कुंदन ने लोगों के प्रति आभार व्यक्तकिया। रवि कुमार श्रीवास्तव ने लोगों का स्वागत किया। इस मौके पर अखिलेश मिश्र 'गुड्डू', संजय सिंह, गौरव पांडेय, राजन विश्वकर्मा, राकेश श्रीवास्तव, सुभाष यादव, अनुराग श्रीवास्तव, रजनी कांत तिवारी, मनोज जायसवाल, अनिल अस्थाना, अखिलेश गुप्ता, नवीन पांडेय, शिशु आदि उपस्थित रहे।

ट्रेन से गिरकर महिला की मौत

फूलपुर (आजमगढ़)। स्थानीय थाना क्षेत्र के खांजहापुर रेलवे स्टेशन के किलोमीटर 192/17 पर ट्रेन से गिरकर एक 45 वर्षीय महिला की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिए भेज दिया। त्रिवेणी सिंह पुत्र ब्रह्मदेव सिह निवासी मलहवा थाना मनियर जिला बलिया अपने बड़े भाईराजबहादुर सिंह व उनकी पत्नी मालती सिंह के साथ बलिया से उत्सर्ग ट्रेन से लखनऊ इलाज हेतु ले जा रहे थे। शुक्रवार की देर रात्रि करीब साढ़े बारह बजे भाभी मालती सिंह शौचालय गयी थी। शौच से वापस आते समय फिसलकर ट्रेन से गिर कर मौत हो गयी।सूचना थाना कोतवाली को दी गयी जहां से लिखा पढ़ी के बाद शव चिकित्सीय परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया।

एनसीसी कैडेटों ने लिया नशा मुक्त भारत का संकल्प

लालगंज (आजमगढ़)। श्री कृष्ण गीता राष्ट्रीय पीजी कालेज लालगंज मे राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर के तीसरे दिन योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें योग प्रशिक्षक नीलम यादव ने करो योग, रहो निरोग के साथ सभी को योग करवाया। इस दौरान समस्त स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाओं ने महाविद्यालय के प्रांगण में योग किया। तत्पश्चात राज्यपाल के आदेशानुसार पढ़े महाविद्यालय बढ़े महाविद्यालय, दहेज मुक्त भारत एवं नशा मुक्त भारत प्रतिज्ञा कार्यक्रम में शपथ ग्रहण किया गया। शिविर के दूसरे प्रहर में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विपिन सिंह ने स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि असफलता ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने सभी को अनुशासित जीवन व्यतीत करने का आह्वान किया। डॉ. प्रियंक जायसवाल ने स्वच्छता एवं सेवाभाव के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीरज कुमार श्रीवास्तव की देखरेख में संपन्न हुआ। इस अवसर पर डॉ. अतुल यादव, प्रतिमा दुबे, संतोष यादव, दिलीप कुमार, अशोक सिंह, पखंडू प्रजापति, फेकू यादव आदि उपस्थित रहे।

पशु के अवशेष की सूचना पर पुलिस प्रशासन में मचा हड़कंप

पटवध (आजमगढ़)। रौनापार थाना क्षेत्र अंतर्गत चांदपट्टी में शनिवार को पशु का अवशेष मिलने की सूचना पर पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना रौनापार थाने की पुलिस को दी। सूचना पर रौनापार थानाध्यक्ष फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि चांदपट्टी गांव निवासी सुक्खू के गाय का बछड़ा रात में गायब हो गया था। शनिवार को चांदपट्टी गांव के ही पास कुछ दूरी पर बछड़े का अवशेष देखा गया जो ग्रामीणों में कौतूहल का विषय बन गया। रौनापार थानाध्यक्ष अनुपम जायसवाल सूचना पर फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे मौका मुआयना किया। वही भाजपा नेता जगत नारायण, सुधीर राय व अन्य ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने हेतु प्रशासन से मांग की।

सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत, दूसरा घायल

मृतक था अपने माता-पिता की इकलौती संतान

जनसंदेश न्यूज

राजगढ़। स्थानीय थाना क्षेत्र के सेमरी गांव के समीप शनिवार की दोपहर में सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि उसका दूसरा साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना देते हुए अग्रिम कार्रवाई में जुट गई। अपने इकलौते पुत्र की मौत की खबर लगते ही मृतक के पिता का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय थाना क्षेत्र के कूड़ी गांव निवासी दो नवयुवक दीपक 20 वर्ष पुत्र वासुलाल तथा सुनील 20 वर्ष पुत्र नागेश्वर शनिवार की सुबह एक ही बाइक पर अपने किसी रिश्तेदार को

दुःखद

रिश्तेदार को छोड़कर जौगढ़ से घर वापस आते समय हुआ हादसा

कूड़ी गांव से लेकर चुनार थाना क्षेत्र के जौगढ़ छोड़ने के लिए गए हुए थे। वहां पर शनिवार की दोपहर में साढ़े बारह बजे के लगभग अपने रिश्तेदार को छोड़कर अपने घर वापस आ रहे थे। वह जैसे ही चुनार-राजगढ़ मुख्य मार्ग पर स्थित सेमरी जंगल में स्थित अंधा मोड़ के पास पहुंचा था कि उसी दौरान बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे जा गिरी, जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा दोनों घायलों को एम्बुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में पहुंचाया गया।

परीक्षण के बाद चिकित्सकों द्वारा दीपक को मृत घोषित कर दिया गया। जबकि सुनील को गंभीर रूप से घायल होने पर प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए अन्यत्र रेफर कर दिया गया। पुलिस की सूचना पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

मौत की सूचना मिलते ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र राजगढ़ पर पहुंचे वासुलाल अपने इकलौते पुत्र को मृत अवस्था में देखते ही बेहोश हो गए। दीपक अपने माता-पिता का इकलौता संतान था। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया गया।

नीलम ने शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगाने का किया था प्रयास

मड़िहान। दिव्यांगों के लिए सहारा, महिलाओं के लिए प्रभात बनकर राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश की सदस्य नीलम का सन 1998 में विकास खंड राजगढ़ से सफर की शुरूआत हुई और उस समय मड़िहान क्षेत्र को नक्सल प्रभावित क्षेत्र माना जाता था। 1999 में भवानीपुर गांव में पुलिस और नक्सलियों की मुठभेड़ में कुल 16 नक्सली मारे गए थे। दिव्यांग बच्चों के उत्थान के लिए राजगढ़ ब्लाक में उन्होंने पहल की। विभिन्न परियोजनाओं के साथ सहभागिता निभाते हुए शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगाने का भी प्रयास किया गया। नारी शक्ति नीति निर्णय और नियंत्रण स्थापित हो यह सपना लेकर उन्होंने सिविल परीक्षाओं की तैयारी भी शुरू की लेकिन मध्यकालीन इतिहास के मुगल राजनीति में सहज राजकुमारी व महिलाओं की भूमिका पर शोध करना भी उनका मुख्य केंद्र था। उन्होंने उत्तर प्रदेश के 725 ग्राम पंचायत में पदयात्रा शुरू किया गया। महिला किसानों के पहचान व उनकी अस्तित्व के लिए महिलाओं की लड़ाई व सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए राज्य महिला आयोग की सदस्य नीलम प्रभात के द्वारा न्याय की लड़ाई में महिलाओं को न्याय दिलाने का काम किया गया।

महिलाओं की शिक्षा व आत्मनिर्भरता को लेकर किया गया जागरूक

लालगंज। श्रीमती इंदिरा गांधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के तहत शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया।

इस दौरान स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान भी चलाया। मदर टेरेसा, महाराणा प्रताप, शिवाजी एवं इंदिरा गांधी टोली के स्वयंसेवकों ने महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आत्मनिर्भरता को लेकर लोगों को जागरूक किया।

मुख्य अतिथि के रूप में प्रभारी थानाध्यक्ष अजय मिश्रा ने कहा कि समाज में महिलाओ के उत्थान के लिए स्वयं महिलाओं को आगे आना होगा और अपनी शक्ति को पहचानना होगा। आज नारी सभी क्षेत्र में आगे बढ़ रही है।

आयोजित संगोष्ठी में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डा. अजीत प्रताप सिंह ने कहा आज की महिलाएं न केवल हर क्षेत्र में सक्रिय हैं बल्कि समाज में नेतृत्व भी दे रही हैं। संचालन डा. अंबेश्वरी पांडेय और डा. शिवांगी पांडेय ने किया। कार्यक्रम प्रभारी डा. भूप नारायण सिंह ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में यह कार्यक्रम एक प्रेरणास्रोत बनेगा और आगे भी ऐसे आयोजन किए जाएंगे।

एक स्वस्थ मन की नारी से ही संभव है स्वस्थ समाज का निर्माण

मीरजापुर। शासन के दिशा-निर्देश पर अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का कार्यकम सीटी क्लब सभागार में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर जनपद न्यायाधीश विनय आर्या जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा की गई। उन्होंने बताया गया कि कानून के समझ के माध्यम से महिलाएं समाज में बराबरी के तबके पर आ गए है। जहां पर अगर हम सभी मिल करके उनके

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यकम का हुआ आयोजन

मान-सम्मान का ध्यान रखें तो उनके द्वारा एक स्वस्थ समाज का निर्माण दिन प्रतिदिन होता दिख रहा है। जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण हमारे यहां का जनपद का न्यायालय है। जिसमें सभी सीजीएम जज की कुर्सी पर बैठी हुई नजर आती है, जो एक अच्छे परिवार और समाज के कारण ही उन्होंने इस मुकाम को हासिल किया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्य महिला आयोग की सदस्य नीलम प्रभात जी रही। उन्होंने आज के कार्यक्रम के प्रमुख बिंदु पर ध्यान डालते हुए बताया कि यह 8 मार्च को ही क्यों मनाया जाता है क्योंकि हम सभी ने इस दिन को अपने कार्य के हुए घंटे में बदलाव कर जन आंदोलन कर प्राप्त किया है। जिससे यह 8 मार्च को ही मनाया जाता है। हम सभी महिला बहनों को एकजुट होकर समाज में किसी भी मुद्दे पर परिवर्तन के लिए समझदारी एवं सोच विचार कर कदम उठाने की आवश्यकता होती है। क्योंकि एक स्वस्थ समाज का निर्माण एक स्वस्थ मन की नारी से ही संभव है। कार्यक्रम का संचालन केंद्र प्रशासक वन स्टाफ सेंटर पूजा मौर्य के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डीएलबी रेखा मौर्य एवं रूपा आंगनबाड़ी व आशा बहाने उपस्थित रहे।

महिलाओं के उत्थान के लिए संचालित की जा रही अनेक योजनाएं : आशीष पटेल

अहरौरा। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अहरौरा नगर में महिला सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के केबिनेट मंत्री अपना दल के नेता आशीष पटेल ने महिला दिवस पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि एनडीए गठबंधन के सभी कार्यकर्ता सरकार की तमाम योजना का लाभ पात्रों तक पहुंचाने के लिए लग जाए। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की तमाम योजनाएं संचालित हैं। अपने क्षेत्र में योजनाओं का लाभ लोगों को मिले यह सुनिश्चित करें। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अहरौरा के पंचायत भवन में महिला सम्मेलन एवं महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजिका भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष आभा सिंह ने आगत अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल को पुष्प कुछ देकर अभिनंदन किया गया। इस मौके पर आशीष पटेल ने कहा कि महिलाओं के उत्थान और उनकी बेहतरी के लिए सरकार की तमाम योजनाएं संचालित है। जिसकी जानकारी आम लोगों तक नहीं पहुंच पाती। इसके लिए उन्होंने गठबंधन में शामिल सभी दल के नेताओं का आह्वान करते हुए कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में लाभकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने का काम करें। उन्होंने कहा कि योजनाओं की सार्थकता जरूरतमंद लोगों तक पहुंचने पर ही है। इस अवसर पर सिद्धार्थ सिंह उर्फ मिक्की, बनारसी पटेल, अरुण कुमार पटेल सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अवैध सिरप के साथ एक गिरफ्तार

लालगंज। एसपी सोमेन बर्मा द्वारा अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई तथा अवैध मादक पदार्थ की तस्करी पर अंकुश लगाने व तस्करी में संल्लिप्त अभियुक्त गिरफ्तारी व प्रभावी कार्रवाई के आदेश के क्रम में अवैध सिरप के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर परिवहन में प्रयुक्त एक वाहन बरामद करते हुए आरोपी को जेल भेजा गया। थाना प्रभारी लालगंज संजय कुमार सिंह, उप निरीक्षक राधेश्याम, उप निरीक्षक सुरेंद्र कुमार दूबे पुलिस टीम क्षेत्र में भ्रमणशील के दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर लालगंज थाना अंतर्गत नैनी कठारी में हाईवे रोड पर एक आरोपी अभिषेक सिंह पुत्र लल्लन सिंह निवासी भिखारीपुर थाना कछवा को गिरफ्तार कर तथा उनके साथ चार पहिया वाहन बरामद किया गया। उक्त वह बरामदगी व गिरफ्तारी के संबंध में थाना लालगंज पर मुकदमा पंजीकृत का विधिक कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार आरोपी को जेल भेजा गया। पुलिस की कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति बन गई है। थाना प्रभारी लालगंज संजय कुमार सिंह ने कहा कि अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

महिला सम्मान के लिए सदैव उनके साथ खड़ी रहेगी आम आदमी पार्टी

बोलीं मीरा देवी

दिल्ली की समस्त महिलाओं के खातों में 2500 की सम्मान राशि भेजने में फेल हो गई मोदी की गारंटी

जनसंदेश न्यूज

मीरजापुर। पूरे देश एवं उत्तर प्रदेश में महिलाओं के साथ हो रहे अन्याय, अत्याचार, शोषण के खिलाफ और महिलाओं और बालिकाओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार पर आम आदमी पार्टी सड़क से सदन तक संघर्ष करने का कार्य करेगी। आम आदमी पार्टी महिला सम्मान के लिए और महिलाओं को उनका हक दिलाने के लिए सदैव उनके साथ खड़ी रहेगी।

उक्त विचार आम आदमी पार्टी महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष मीरा देवी पटेल ने शनिवार को विश्व महिला दिवस के अवसर पर आम आदमी पार्टी के कार्यालय पर आयोजित संगोष्ठी को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए व्यक्त किया। विश्व

महिला को सम्मानित करते जिलाध्यक्ष व अन्य

महिला दिवस के अवसर पर पार्टी के प्रदेश सचिव सुनील कुमार पांडेय एडवोकेट एवं जिलाध्यक्ष प्रोफेसर बी. सिंह द्वारा मीरा देवी प्रजापति, आरती यादव, हीरावती देवी, सीता देवी एवं आम आदमी पार्टी महिला विंग की जिलाध्यक्ष मीरा देवी पटेल का माल्यार्पण करके स्वागत किया गया। सुनील कुमार पांडेय ने कहा कि विश्व में महिलाओं के मान सम्मान स्वाभिमान एवं उन्हें उचित स्थान के लिए महिलाओं के संघर्ष को सम्मान देने के लिए 8 मार्च को विश्व महिला दिवस पूरे भारत में मनाया जाता है। दिल्ली की भाजपा सरकार द्वारा 8 मार्च को विश्व महिला दिवस के अवसर पर दिल्ली की समस्त महिलाओं के खातों में 2500 का सम्मान राशि डालने के मोदी गारंटी आज फेल हो गई। दिल्ली की भाजपा सरकार द्वारा आज के दिन महिला सम्मान राशि न देकर सिर्फ महिलाओं को झुन्झना थमाने का कार्य किया गया है। मौके पर प्रमुख रूप से दिलीप सिंह गहरवार, आरती यादव, सीता देवी, संतोष सोनी, संतोष पांडेय आदि उपस्थित रहे।

अभिनंदन समारोह में भावुक हुए नोबेल पुरस्कार विजेता

मीरजापुर। नोबल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी का जनपद में आगमन हुआ। वह अपने मिशन के साथी रमाशंकर चौरसिया के अभिनंदन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान कैलाश सत्यार्थी ने पत्नी सुमेधा कैलाश ने वयोवृद्ध रमाशंकर चौरसिया का पैर छूकर आशीर्वाद लिया। अभिनदंन पत्र का वाचन सुमेधा कैलाश ने किया। जिसे कैलाश सत्यार्थी ने पत्नी के साथ भेंट कर सम्मानित किया।

बचपन बचाओ आंदोलन में कैलाश सत्यार्थी के साथ रमाशंकर चौरसिया मिशन से जुड़े रहे। पुराने संघर्ष के दिनों में चौरसिया के तेवर और वृद्धावस्था में उनकी हालत देख कैलाश उनसे वार्ता करने के साथ ही निरंतर सहयोग करते रहे। वार्ता करते हुए कैलाश सत्यार्थी ने कहा कि मीरजापुर और भदोही जनपद से उनकी तमाम यादे जुड़ी हैं। बचपन बचाओं आंदोलन के दौरान यह क्षेत्र उनका प्रमुख केंद्र होता था। बचपन बचाओं आंदोलन का काम अब तो हजारों संस्थाएं कर रही है, उनके कार्य क्षेत्र में बदलाव हो गया है। बचपन बचाओ आंदोलन को लेकर कार्य करते हुए नोबेल पुरस्कार पाने वाले कैलाश सत्यार्थी ने कहा कि 40-50 वर्ष पूर्व शुरू किए गए आंदोलन से देश ही नहीं दुनिया के देशों में बाल अधिकार कानून बना। आज संगठित या असंगठित क्षेत्रों हो बाल मजदूरी को रोकने के लिए कड़े कदम उठाए गए।हजारों बाल मजदूरों को मुक्त कराया गया। मीडिया से बात करते हुए कहा कि आज जरूरत इस बात की है कि दुनिया की नीतियां शांतिपूर्ण कैसे हो, समावेशी हो, युद्ध नहीं शांति की बात होनी चाहिए। कैलाश सत्यार्थी ने अपनी कर्मभूमि मीरजापुर को लेकर कहा कि यहां के लोगों का जो स्नेह मुझे मिला है उसे मैं कभी भूल नहीं पाऊंगा। यह आज का दौर है। लोकतंत्र के सभी स्तंभों को मिलकर समस्याओं के स्थाई समाधान के लिए कार्य करना चाहिए मंच पर मझवां विधायक सूचिस्मिता मौर्य, जिपं अध्यक्ष राजू कन्नौजिया, पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी, सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी, सुरेश त्रिपाठी, आशीष यादव, राजन पाठक, आशीष बुधिया, मुरली उपाध्याय, दीपू पांडेय, राजेश चौरसिया, संजय चौरसिया एवं डा. राहुल चौरसिया आदि मौजूद रहे।

नकली खोवा पकड़ाने से मंडी में हड़कंप

चुनार। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ एवं डीएम द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में आगामी होली पर्व के अवसर पर मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों की बिक्री पर प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाये जाने हेतु सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय डा. मंजुला सिंह के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा शनिवार को तहसील चुनार एवं शहर स्थित विभिन्न बाजार में सघन निरीक्षण करते हुए खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किए गए।

खाद्य विभाग की टीम ने सात कारोबारियों के यहां से खोए की गुणवत्ता में संदेह होने पर 6 नमूने भरते हुए 6.5 क्विंटल खोया विनष्ट कराया गया। सभी कारोबारियों को निर्देशित किया गया कि कई दिनों का बासी दुर्गंधयुक्त, मिल्क पावडर से बना मानक विहीन खोए की बिक्री कदापि न करें। साथ ही प्रत्येक दशा में खोए की खरीद फरोख्त संबंधी रजिस्टर अवश्य बनाएं। टीम ने शहर के शुक्लहा स्थित शंकर ऑयल मिल का निरीक्षण किया। मौके पर मिल बिना लाइसेंस के चलती पाई गई जिस पर एक तेल का नमूना भरते हुए मिल का चलान किया गया। खाद्य कारोबारी को लाइसेंस प्राप्त करने तक प्रतिष्ठान बंद रखने हेतु निर्देशित किया गया।

इस प्रकार कुल 7 नमूने संग्रहित कर खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला को जांच हेतु प्रेषित किया गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के अंतर्गत अग्रिम विधिक करवाही की जायेगी। टीम में सहायक आयुक्त खाद्य मंजुला सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश मौर्य, विवेक मौर्य, रवि शेखर, संदीप श्रीवास्तव, ओंकार यादव उपस्थित रहे। साथ ही दुकानदारों को फूड लाइसेंस की कॉपी सामने चिपकाने वा संबंधित खाद्य सुरक्षा अधिकारी का नाम लिखवाने हेतु भी निर्देशित किया गया।

राज्यपाल के आगमन को लेकर एडीएम ने किया निरीक्षण

हलिया। स्थानीय विकासखंड के पंचशील डिग्री कॉलेज के प्रांगण में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के संभावित कार्यक्रम के मद्देनजर हेलीपैड स्थल मंच स्थल का निरीक्षण एडीएम शिव प्रताप शुक्ला द्वारा किया गया। हलिया विकासखंड के पंचशील डिग्री कॉलेज मवयीकला के प्रांगण में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के संभावित कार्यक्रम 12 मार्च को है। जिसके मद्देनजर एडीएम ने मौके पर पहुंचकर विद्यालय के प्रांगण में मंच स्थल तथा सभा स्थल का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों से विचार विमर्श किया। इसके बाद पीडब्ल्यूडी अधिकारियों से हेलीपैड के संबंध में वार्ता की। कई स्थानों पर राज्यपाल के आगमन का स्थल देखा गया है जिसमें एक पंचशील डिग्री कॉलेज भी है। मौके पर बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी, तहसीलदार तरुण प्रताप सिंह, एडिशनल एसपी ऑपरेशन ओमप्रकाश सिंह, थानाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह सहित ब्लॉक कर्मचारी मौजूद रहे।

विधान परिषद सदस्य ने किया होटल का शुभारम्भ



फीता काटकर शुभारंभ करते विनीत सिंह

जमालपुर। क्षेत्र के फत्तेपुर टोल प्लाजा के पास नवनिर्मित एसएसएस होटल एवं रेस्टोरेंट पर शुक्रवार को मानस पाठ के बाद होटल का भव्य शुभारंभ मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य विनीत सिंह ने फीता काटकर विधिवत रूप से किया। जिसके बाद उन्होंने कमरे और होटल में उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन किया।

प्रोपराइटर मनोज सिंह ने बताया कि मेरे होटल में शुद्ध स्वादिष्ट भोजन के साथ-साथ आगन्तुकों को ठहरने के लिए उचित रेट पर कमरे 24 घंटे उपलब्ध है। होटल के डायरेक्टर पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष सुजीत सिंह ने बताया कि हमारी तमन्ना थी कि क्षेत्र में एक अच्छा होटल हो जहां प्रर्यटकों व आमजनों के बजट के अनुरूप हो तथा हमारे होटल में द्वितीय तल, तृतीय तल एवं चतुर्थ तल पर जाने के लिए लिफ्ट के साथ आधुनिक सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध है। इस दौरान रामानन्द राय, रविशंकर सिंह, राजेश सिंह, ज्ञान सिंह, रणजीत सिंह, अमित सिंह, मनोज, राजन, अमित, सुनित सहित तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

संक्षेप

शिक्षा के क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रही महिलाएं : प्रधानाचार्य

मीरजापुर। अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में रतनगंज स्थित अर्बन चस्का रेस्टोरेंट में सेमफोर्ड स्कूल नटवा के सदस्यों के द्वारा विद्यालय में कार्यरत महिलाओं के लिए नारी से ही जीवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के सत्र 2025-26 के टेबल कैलेंडर को सभी को भेंट किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य श्वेता मेहरोत्रा खत्री ने कहा कि महिलाओं में हर क्षेत्र में कार्य करने की क्षमता होती हैं और शिक्षा के क्षेत्र में महिलाएं अच्छा कार्य कर रहीं। कार्यक्रम में प्रबंधक ई विवेक बरनवाल ने कहा कि आने वाले समय में सदन में भी महिलाओं की हिस्सेदारी 33% रहेगा और इससे महिला शक्तियों का विषय पूरी ताकत से सदन में उठ सकता हैं। कार्यक्रम में रेखा श्रीवास्तव, स्वाती जायसवाल, शिप्रा बरनवाल, दिपमाला केशरी आदि महिला उपस्थित रहीं।

एसपी ने विवादित होलिका दहन स्थल का किया निरीक्षण

अदलहाट। क्षेत्र के देवलासी गांव में शनिवार को 20 वर्षों से लगातार होलिका गाड़ने को लेकर चले आ रहे विवाद में पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण कर ग्रामीणों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसी क्रम में मुस्लिम बाहुल्य गांव गरौड़ी एवं पथरौरा का भी स्थलीय निरीक्षण कर भाई चारे के साथ होली का त्योहार बनाने के लिए आदेशित किया। थाना क्षेत्र के देवलासी ग्राम में होलिका गाड़ने को लेकर लगभग 20 वर्षों से विवाद चला आ रहा है। जब होलिका गाड़ने का समय आता है तो राजस्व व पुलिस विभाग के द्वारा होलिका गड़वा कर समय से जलवा दिया जाता है। जिसका वाद न्यायालय में विचाराधीन हैं। वहीं पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से मिलकर अपील किया कि यह त्यौहार भाई चारा के साथ मिलकर मनाएं। होलिका की ऊंचाई 10 फीट से अधिक न हो जिससे कि लोगों के आवासी व्यवस्था में कोई व्यवधान नहीं हो तथा विघुत तार बचाया जा सके। इसी क्रम में मुस्लिम बाहुल्य गांव गरौड़ी व पथरौरा में होलिका का स्थलीय निरीक्षण कर ग्रामीणों व प्रधान को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी चुनर मंजरी राव, प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार, अभय, आसिम मास्टर, अकीलुद्दीन, संजय कुमार सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

छात्रों ने जुलूस निकाल कर महिलाओं को किया जागरूक

मड़िहान। विकास खंड के मां विंध्यवासिनी इंस्टिट्यूट हायर एजुकेशन एंड मैनेजमेंट टेक्नोलाजी के बच्चो ने एनएसएस के तहत महिला दिवस पर मुस्किरा और नेवढ़िया मलिन बस्ती की साफ सफाई कर राष्ट्र के उत्थान हेतु महिला दिवस पर जुलूस निकाल कर देश के उत्थान में महिलाओ के योगदान पर विस्तृत प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डाक्टर देश दीपक वर्मा ने देश के विकास में महिलाओं की भागीदारी तथा उत्थान हेतु जागृति किया। अंत में विश्व महिला दिवस पर नाट्य मंचन करते हुए महिलाओ का हौसला, मान बढ़ाया। प्राचार्य डाक्टर अशोक शुक्ला द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

आपस में मिल जुल कर संपन्न करें त्योहार : क्षेत्राधिकारी

लालगंज। आगामी त्योहारों को देखते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक सिंह के नेतृत्व में थानाध्यक्ष संजय सिंह व पुलिस बल ने लालगंज बाजार में फ्लैग मार्च किया और बीच में रुक-रुक कर लोगों से संवाद किया। इस दौरान लोगों की समस्या से रूबरू होते हुए शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं लोगों को निर्भीक होने का एहसास कराये। कहा कि आपस में मिल जुल कर त्यौहार को संपन्न करें। फ्लैग मार्च विजयपुर तिराहा, लालगंज, दुबार तिराहा, खजूरी ओवर ब्रिज और वस्तरा फ्लाईओवर ब्रिज से होते हुए बापू उपरौध इंटरमीडिएट कॉलेज तक निकाला गया। इस दौरान पुलिस बल ने बाजार के विभिन्न मार्गों का निरीक्षण किया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों ने व्यापारियों और स्थानीय निवासियों से बातचीत कर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जागरूक किया।

खान अधिकारी की छापेमारी में बालू लदा ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त

गैपुरा। खान अधिकारी जितेंद्र सिंह ने शनिवार को अचानक छापेमारी कर विंध्याचल थाना क्षेत्र के जोपा गांव में गंगा घाट पर अवैध बालू लदा ट्रैक्टर ट्राली जब्त कर गैपुरा चौकी की सिपुर्दगी में दे दिया। खान अधिकारी ने बताया कि खनिज अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर ट्रैक्टर ट्राली जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि अवैध खदानों से ऊंट से बालू की ढुलाई कर तट पर डंप किए जाने की शिकायत पर कार्यवाई की गई।

फरियादियों को न लगाना पड़े तहसील व थाने का चक्कर: आयुक्त

लालगंज। थाना परिसर में समाधान दिवस पुलिस महानिरीक्षक आरपी सिंह मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। फरियादियो द्वारा पांच प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए निस्तारण एक का भी नहीं हो सका। सभी प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु राजस्व एवं पुलिस टीम गठित कर निस्तारण करने का निर्देश दिया गया। समाधान दिवस में मंडलायुक्त ने टीम को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन के मन्शा के अनुरूप फरियादी की समस्या गुणवत्ता पूर्वक होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि फरियादी को बार-बार तहसील एवं थाने का चक्कर न लगाना पड़े। कहा की समस्या निस्तारण करने के लिए मौके पर जाकर फरियादी से मिलकर दो गवाहो के बीच फोटोग्राफी करते हुए समस्या का निस्तारण करते हुए समय के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। फरियादी की समस्या निस्तारण करने में किसी भी प्रकार की शिथिलता छम्य नहीं होगा। पुलिस महानिरीक्षक आरपी सिंह ने कहा कि पुलिस और किसान का संबंध मधुर होना चाहिए उन्होंने कहा कि राजस्व टीम के साथ फरियादी की समस्या निस्तारण करने में आवश्यकता अनुसार पुलिस टीम साथ मे मौजूद रहे। इस अवसर पर थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह, उप निरीक्षक अजय मिश्रा, उप निरीक्षक अनिलेश द्विवेदी के साथ राजस्व निरीक्षक ओमप्रकाश उपाध्याय, लेखपाल संघ अध्यक्ष अनूप कुमार पांडेय मौजूद रहे।

पांच प्रार्थना पत्रों में से एक का भी नहीं हुआ निस्तारण

तहसीलदार की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस संपन्न

जनसंदेश न्यूज

मड़िहान। संतनगर थाना में शनिवार को तहसीलदार मड़िहान की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस संपन्न हुआ। थाना समाधान दिवस में कुल चार आवेदन फरियादियों द्वारा मिले थे जिसमें जमुहरा के उमेश राय का जमीनी विवाद नौ बीघे छह बिस्वा का बहुत दिन से चला आ रहा था। जिसका निस्तारण तत्काल करा दिया गया। समसदिया में ग्राम समाज की आराजी नंबर 222/233क रकबा दो बीघा तीन बिस्वा जमीन में घर मकान बनाकर निर्माण किया जा रहा है जिसको रोकने के संदर्भ में पंकज पटेल ने आवेदन किया।

इस संबंध में तहसीलदार आशीष कुमार पांडेय ने टीम गठित कर विवादित जमीन के निपटारा हेतु आदेश पारित किए। तहसीलदार ने बताया कि डूब

फरियादियों की समस्या सुनते तहसीलदार

की खेती रोकने के लिए सींचपाल द्वारा तहरीर मिलते ही खेती रोक दी जाएगी।

शेष सरकारी जमीन के अतिक्रमण रोकने हेतु टीम गठित कर सीमांकन के बाद कार्यवाही की जाएगी। थाना समाधान दिवस में तहसीलदार आशीष कुमार पांडेय के साथ राजस्व निरीक्षक कृष्ण शंकर मिश्र, थानाध्यक्ष संतनगर जितेंद्र सरोज के साथ सभी क्षेत्रीय लेखपाल रहे।

समाधान दिवस में सुनी गई फरियादियों की समस्याएं

जमालपुर। थाना समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को थाना प्रभारी विजय कुमार सरोज की देख रेख में किया गया। समाधान दिवस में कुल चार मामले राजस्व विभाग से आए जिसमें मौके पर दो मामले का निराकरण कर दिया गया। मनउर गांव निवासी कांता बियार, विजयमल एवं लक्षिमन भारती ने समाधान दिवस में पत्रक के माध्यम से गांव के तीन सरहंग लोगों पर ग्राम सभा की भूमि पर कब्जा करने का आरोप लगाया। सहिजनी हरदी गांव निवासी जोगिंदर चौहान ने समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र सौंपकर अपनी बाग के भूमि का सीमांकन एवं पत्थरगड्डी कराने की मांग किया जिससे आसपास के लोगों से विवाद न हो सकें। इस दौरान राजस्व निरीक्षक रमेश कुमार, लेखपाल अशोक कुमार, महेंद्र विश्वकर्मा, आशीष श्रीवास्तव, विजेंद्र सिंह मौजूद रहे।

समाधान दिवस पर दो प्रार्थना पत्रों में एक का भी नहीं हुआ निस्तारण

हलिया। ड्रमंडगंज थाना परिसर में प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सरोज की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान दो प्रार्थना पत्र आए दोनों भूमि विवाद से संबंधित रहे। प्रभारी निरीक्षक ने संबंधित लेखपाल को मौके पर पहुंचकर मामले के निस्तारण हेतु निर्देशित किया। इस दौरान एसआई भरत राय, रामविशाल, कृपाशंकर यादव, राजेश कुमार मिश्र, लेखपाल हंसराज मौर्य, इष्टदेव पासवान आदि मौजूद रहे।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस: नारी शक्ति का हुआ सम्मान

आयोजन

डायट परिसर व साईं हॉस्पिटल एंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड फार्मेसी में हुआ कार्यक्रम

जनसंदेश न्यूज

सम्मानित महिलाओं के साथ अतिथिगण

सोनभद्र। अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर जिले में विभिन्न स्थानों पर मिशन शक्ति मेला एवं पावर एंजल सम्मान समारोह का आयोजन शनिवार को किया गया। इस दौरान कई महिला शक्तियों का सम्मान किया गया। राबर्ट्सगंज विकास खंड के उरमौरा स्थित डायट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदर विधायक भूपेश चौबे, सीडीओ जागृति अवस्थी, नगर पालिका परिषद चेयरमैन रूबी प्रसाद और डीपीआरओ नमिता शरण ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। साईं हॉस्पिटल एंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड फामेर्सी में आयोजित कार्यक्रम में राज्यमंत्री संजीव गोड़, विधायक भूपेश चौबे, पूर्व सांसद नरेंद्र सिंह कुशवाहा, रामशकल ने स्वास्थ क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए डा. अनुपमा सिंह और सामाजिक क्षेत्र में कार्य कर रही चेयरमैन रूबी प्रसाद, चित्रा जालान, कुसुम शर्मा, चिंता पाण्डेय, रंजना पाण्डेय, प्रिया सोनकर, मीनू चौबे, प्रतिभा कनोडिया समेत अन्य महिलाओं को सम्मानित किया। इस मौके पर डा. वी सिंह, पुष्पा सिंह, कृष्ण मुरारी गुप्ता, डा. संजय सिंह, सत्य प्रकाश सिंह समेत तमाम लोग मौजूद रहे। इसी तरह अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विंध्य संस्कृति शोध समिति के तत्वाधान में नगर स्थित विमला इंटर मीडिएट कॉलेज परिसर में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें निशा सिंह को आदिवासी लोक कला केंद्र की सचिव प्रतिभा देवी ने माल्यार्पण, बैच अलंकरण, अंगवस्त्रम, स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि आदिकाल, वैदिक काल, आधुनिक काल तक नारियां विभिन्न रूपों में पूजनीय रही हैं। स्वाधीनता आंदोलन में जनपद की प्रथम महिला स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजेश्वरी देवी, राज मोहिनी देवी, ननकी जान, पार्वती देवी आदि विदुषी वीरांगना महिलाओं का योगदान रहा है। इस मौके पर नीलम श्रीवास्तव, कंचन केसरी, बिंदु यादव, रेखा, संध्या मिश्रा, श्वेता पांडे, सावित्री राय, पुष्पा कुमारी, साधना पाल समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

खाद्य सामग्री पाकर खिले चेहरे

चोपन। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर धनवंतरी पतंजलि योग संस्थान ने निःशुल्क भोजन व फल का वितरण किया। धनवंतरी पतंजलि योग संस्थान ने प्रत्येक शनिवार को धर्माथ सेवा संकल्प मिशन के तहत राष्ट्र निर्माण में सहयोग करने की सोच के तहत महिला दिवस पर प्राथमिक विद्यालय सिंदुरिया के डरार बस्ती में सैकड़ों बालिकाओं- बालकों को भोजन व फल वितरण किया। खाद्य सामग्री पाकर उनके चेहरे खिल गये। संस्थान के संस्थापक योग गुरु आचार्य अजय कुमार पाठक एवं संस्थापक सदस्य आशुतोष पाठक ने कहा कि यह केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि समानता और न्याय की ओर बढ़ने का संकल्प है। हर महिला को उसका हक मिले, हर बेटी अपने सपनों को जी सके और हर बहन बिना किसी भय के आगे बढ़ सके यही हमारी लड़ाई है। राष्ट्रवाद की नींव तभी मजबूत होगी जब महिलाओं को समान अवसर, सम्मान और स्वतंत्रता मिलेगी। इस मौके पर आयुष बंसल, विनय अग्रहरि, आशीष यादव, मनोज केशरी, अमरेश पटेल, मुन्नीलाल चेरो समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

महिला सशक्तिकरण को मिले बढ़ावा

चोपन। ग्राम पंचायत सलखन के प्राथमिक विद्यालय नौकाटोला में सोनभद्र विकास समिति द्वारा अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था निदेशक राजेश ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुरूआत क्लारा जेटकिन नामक जर्मन महिला ने 1911 में की थी। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की समाज में समानता, समरसता, और सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करना है। कोऑर्डिनेटर ने बालिका शिक्षा को संजीवनी बताते हुए बालिका संरक्षण आधारित विभिन्न कानूनी अधिकार का व्याख्यान किया और प्रश्न उत्तर कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं के सम्पूर्ण जिज्ञासापूर्ण प्रश्नों का जवाब दिया। इस मौके पर मुमताज अख्तर, प्रधान, अध्यापकगण समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

महिलाओं को मिले बराबरी का हक: युवा मंच

म्योरपुर। महिलाओं को संविधान में बराबरी का अधिकार दिया गया है और किसी भी प्रकार के लैंगिक भेदभाव पर रोक लगाई गई है। बावजूद इसके अभी भी महिलाओं को समान काम का समान वेतन नहीं मिलता है, पैतृक संपत्ति और जमीन में महिलाओं को अधिकार नहीं मिलता और उन्हें सामाजिक, सांस्कृतिक, मानसिक और शारीरिक शोषण का शिकार होना पड़ता है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने इस साल महिला दिवस को बराबरी का अधिकार दिवस के रूप में मनाने की अपील की है। इसलिए महिलाओं को संविधान में दिए गए बराबरी के हक और नागरिक की हैसियत और उसके सम्मान को हर हाल में देना सरकार का दायित्व है, जिसे उसे हर हाल में पूरा करना चाहिए। यह बातें आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रासपहरी में आयोजित युवा मंच की गोष्ठी में उठी। अध्यक्षता युवा मंच की जिलाध्यक्ष रूबी सिंह गोंड और संचालन जिला संयोजक सविता गोंड ने किया। कहा गया कि शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार का अधिकार महिलाओं के सम्मानजनक जीवन के लिए पाना बेहद जरूरी है। प्रसव के समय काफी संख्या में महिलाओं की मृत्यु होती है, कुपोषण के कारण खून की कमी है और इलाज के लिए सरकारी अस्पतालों में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर तक नहीं है। 200 पूंजी घरानों की संपत्ति पर टैक्स लगाकर इतने संसाधन जुटाए जा सकते हैं जिनसे महिलाओं और आम नागरिकों की सामाजिक सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित किया जा सकता है। इस मौके पर गुंजा गोंड, राजकुमारी गोंड, कृपाशंकर पनिका, प्रमिला पनिका, अनीता गोंड, दुखनी देवी आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

एसडीएम ने क्रेशर प्लांटों का किया निरीक्षण, हड़कंप

क्रेशर प्लांट का निरीक्षण करते एसडीएम

ओबरा। स्थानीय बिल्ली खनन क्षेत्र में लगातार हो रहे प्रदूषण की शिकायत पर शुक्रवार की देर शाम एसडीएम विवेक सिंह ने बिल्ली मारकुंडी खनन क्षेत्र में स्थित स्टोन क्रेशरों का औचक निरीक्षण किया। लगभग दो घंटे तक चलाये गए जांच अभियान में 20 स्टोन क्रेशरों की जांच में वायु प्रदूषण नियंत्रण को लेकर स्थापित की गयी व्यवस्था को चलाकर जांच की गयी। वही कुछ क्रशर प्लांट पर लगाये गए पानी के फौव्वारा की पाइप लाईन जाम पाए जाने पर टीम द्वारा कड़े निर्देश देते हुए तत्काल ठीक कराने की बात कही गयी। हालांकि निरीक्षण के समय स्टोन क्रेशरों द्वारा शाम पांच से रात्रि 10 बजे तक क्रशर प्लांटों के बंदी के दिये गए निर्देशों का पालन मौके पर पाया गया। टीम में एसडीएम के अलावा खनिज माइंस इंस्पेक्टर मनोज सिंह, सहायक पर्यावरण अभियंता चंद्रशेखर शामिल रहे।

यूपी बोर्ड : 700 से अधिक परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

सोनभद्र। यूपी बोर्ड परीक्षा जिले के सभी केंद्रों पर शनिवार को संपन्न हुई। प्रथम पाली में हाई स्कूल के गृह विज्ञान और इंटर के फल व खाद्य संरक्षण विषय की परीक्षा हुई। हाई स्कूल परीक्षा में पंजीकृत 9417 के सापेक्ष 8715 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 702 छात्राओं ने परीक्षा छोड़ दी। इंटर के फल व खाद्य संरक्षण विषय की परीक्षा में पंजीकृत 197 बच्चों के सापेक्ष 188 छात्र उपस्थित तथा नौ अनुपस्थित रहे। कन्ट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार जनपद में दूसरी पाली में हाई स्कूल के कंप्यूटर तथा इंटर के रसायन विज्ञान और समाज शास्त्र विषय की बोर्ड परीक्षा नकलविहीन संपन्न हुई। हाई स्कूल में पंजीकृत 702 के सापेक्ष 688 उपस्थित तथा 14 अनुपस्थित रहे, जबकि इंटर में कुल पंजीकृत 13726 परीक्षार्थी के सापेक्ष 12998 उपस्थित तथा 728 अनुपस्थित रहे। इस दौरान गठित सात सचल दस्ता अलग अलग केंदों पर भ्रमण करता रहा। कमांड एंड कंट्रोल रूम कार्मिकों द्वारा सभी केंद्रों की मॉनिटरिंग की जाती रही। सचल दस्ता और कंट्रोल रूम से लगातार मॉनिटरिंग के चलते नकलची बच्चे परीक्षा छोड़ रहे हैं। ज़िला विद्यालय निरीक्षक जयराम सिंह ने बताया कि सात सचल दस्ता टीम गठित है और एक टीम जिले पर रिजर्व भी रखा गया। प्रतिदिन सचल दस्ता टीम को रोस्टर से केंद्र रूट निर्धारित किया जाता है।

अंतर संकाय क्रिकेट मैच में आर्ट फैकल्टी टीम विजेता

दुद्धी। बीआरडी पीजी कॉलेज में अंतर संकाय क्रिकेट मैच का आयोजन शनिवार को आर्ट फैकल्टी एवं कॉमर्स फैकल्टी के बीच हुआ। मैच का शुभारंभ प्राचार्य डा. रामसेवक सिंह यादव द्वारा टास के साथ हुआ। आर्ट फैकल्टी ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का फैसला किया। कॉमर्स फैसिलिटी ने बैटिंग करते हुए 12 ओवरों में 147 रन बनाया। जिसमें रेयान ने 52 रन और शुभ ने 30 रनों का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए आर्ट्स फैकल्टी के रामबाबू ने तीन विकेट, मयंक ने दो विकेट लिया। दूसरी पाली में आर्ट फैकल्टी की तरफ से हर्ष जौहरी ने कप्तानी पारी खेलते हुए 54 रन की पारी खेल कर मैच अपने पक्ष में कर लिया। नित्यानंद ने भी 31 रन की पारी खेली। छात्र रामसूरत ने आखिरी गेंद पर छक्का मार कर मैच जीत लिया। मैच में क्रीड़ा सचिव डा. राजेश भारती एवं डा. अजय कुमार व डा. विवेकानंद ने अंपायर की भूमिका निभाई। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार हर्ष जौहरी को प्राचार्य द्वारा दिया गया। प्राचार्य ने घोषणा किया कि एक बैट एवं एक बाल पुरस्कार स्वरूप विजेता टीम को दिया जाएगा।

किन्नर बन वसूली करने वाले दो का चालान

डाला। चौकी क्षेत्र अंतर्गत बहुरूपिया बन छक्के का रूप धारण कर वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग आने-जाने वाले वाहनों को रोकर वसूली करने वाले दो पुरूषों को पुलिस ने शनिवार को पकड़ कर चालान कर दिया। चौकी प्रभारी आशीष कुमार पटेल ने बताया कि वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग स्थित बाड़ी रेलवे ओवर ब्रिज के पास वाहनों के लिए बने ठोकर के पास दो पुरूष छक्के का रूप धारण कर मार्ग पर आने जाने वाले वाहनों से प्रतिदिन रुपए वसूला करते थे। जिनकी शिकायत लोगों द्वारा मिलने पर उन्हें छक्का समझ कर कई बार हट जाने की हिदायत दिया गया था, लेकिन वे मान नहीं रहे थे। शिकायत पर दोनों की जांच की गयी तो पता चला कि वे दोनों पूर्ण रूप से पुरूष हैं। पकड़े गये भोला पुत्र स्व. मानिक लाल व सुशील पुत्र लाल बहादुर निवासी पथरहिया, थाना कोतवाली कटरा, मिर्जापुर जो अस्थायी रूप से भलुआ टोला ओबरा में रहा करते थे।

कुल्हाड़ी से प्रहार मामले में मुकदमा दर्ज

डाला। चोपन थाना क्षेत्र के कोटा खास में तीन दिन पूर्व कुल्हाड़ी से मारकर एक युवक को घायल कर देने के मामले में एक अधेड़ पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही में जुट गई। सुरेन्दर जायसवाल पुत्र स्व. रामेश्वर जायसवाल निवासी ग्राम कोटा खास, थाना चोपन ने बताया कि बुधवार की दोपहर मैं अपने खेत को कोटा कनहर नदी पर देखने गया तो खेत में विपक्षी रामा चेरो पुत्र शंखु चेरो निवासी उपरोक्त मेरे खेत में अपनी बकरियां चरा रहा था तो मैने उसे चराने से मना किया। मना करने के उपरांत रामा चेरो गाली गलौज करते हुए उसने उसके सिर पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया। परिजनों द्वारा उसे इलाज हेतू चोपन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया। चोपन थाना प्रभारी विजय चौरसिया ने बताया कि सुरेन्द्र की तहरीर पर रामा चेरो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके जांच पड़ताल की जा रही है।

शिव गुरु महोत्सव आज, तैयारियां पूरी

दुद्धी। जीआईसी खेल मैदान पर रविवार को महाशिव गुरु महोत्सव कार्यक्रम होना है। जिसकी तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। आयोजन समिति के संयोजक कैलाश कुमार गुप्त एडवोकेट व रामानुज दुबे ने बताया कि रविवार को जीआइसी मैदान में महाशिव गुरु महोत्सव का आयोजन होना है। जिसमें छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्यप्रदेश सहित कई जगहों से श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की संभावना है। सामियाना व मंच की तैयारियां पूर्ण हो गई है। पेयजल की व्यवस्था व पार्किंग की सुविधाएं अलग-अलग जगहों पर की जा रही है।

एनटीपीसी ने महिला संविदाकर्मियों को किया सम्मानित

सम्मानित महिला संविदाकर्मी

शक्तिनगर। एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला संविदाकर्मियों का सम्मान किया। आवासीय परिसर स्थित मनोरंजन केंद्र में विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें परियोजना के 400 महिला संविदाकर्मियों ने भाग लिया।

इस दौरान सभी को उपहार देकर सम्मानित किया गया। एनटीपीसी सीएसआर योजना की लाभार्थी पार्वती कश्यप ने कहा कि उन्होंने अपनी दिन रात की मेहनत से अपने बच्चों की शिक्षा को जारी रखा। उनके पुत्र मनीष कश्यप एनटीपीसी तालचर में कर्मचारी हैं। मुख्य अतिथि राजीव अकोटकर, कार्यकारी निदेशक ने कहा कि महिलाएं हमारे समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और उनकी मेहनत और समर्पण से किसी भी संस्थाओं को नई ऊंचाइयों तक पहुंचने में मदद मिलती है।

एनटीपीसी में महिला शक्ति के योगदान का मूल्यांकन करते हुए हम उन्हें सम्मान देने के लिए हमेशा तत्पर हैं। हम चाहते हैं कि महिलाएं और भी अधिक सशक्त बनें और अपनी कार्यकुशलता से संस्थान व राष्ट्र की सफलता में योगदान दें। पीयूषा अकोटकर अध्यक्षा वनिता समाज ने कहा कि महिलाओं के लिए यह समय अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों को समझने का है। हमारी समाज की प्रगति महिलाओं की सक्रिय भागीदारी के बिना अधूरी है। जोसेफ बास्टीयन ने कहा कि कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिला शक्ति को प्रोत्साहित करना है। इस मौके पर अंजना भारद्वाज, डा. ओम प्रकाश, डा. दिव्या कासल, डा. कुम्भारे ममता बी, रश्मि रंजन मोहंती, पीयूष श्रीवास्तव, सिद्धार्थ मण्डल समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

विजेता महिला प्रतिभागी सम्मानित

सोनभद्र। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अवादा फाउंडेशन द्वारा नगवां ब्लाक के ग्राम चिचलिक, बसूहारी एवं अड़गुड़ में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण आदिवासी महिलाओं को सशक्त बनाना और उनकी छुपी हुई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना था। वहीं महिलाओं के लिए रस्सा कस्सी, कबड्डी, म्यूजिकल चेयर जैसी खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। इसके अलावा, पोस्टर मेकिंग, पेंटिंग, रंगोली और मेहंदी प्रतियोगिता के माध्यम से महिलाओं ने अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया।

भाषण एवं कविता पाठ के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला अधिकार जैसे मुद्दों पर अपनी बात रखी। अंत में सभी विजेता महिलाओं को पुरस्कार एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। अवादा फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका के प्रति जागरूक करने का संकल्प दोहराया। इस आयोजन से ग्रामीण महिलाओं में एक नया उत्साह और आत्मविश्वास रहा।

महिला को सम्मानित करती अतिथि

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर निकली रैली

ओबरा। पीजी कालेज ओबरा की राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों द्वारा विशेष शिविर के पंचम दिन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ संतोष कुमार सैनी द्वारा योगाभ्यास कराया गया तत्पश्चात अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सभी कार्यक्रम अधिकारियों, स्वयंसेवकों और स्वयं सेविकाओं ने नारी शक्ति एवं महिला सशक्तिकरण अभियान पर अधिग्रहित ग्राम खैराटीया के विभिन्न टोलों की मलिन बस्तियों में विशाल रैली निकाली। स्वयंसेवियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भ्रूण हत्या बंद करने, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, तथा महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। वही महिला दिवस पर आयोजित बौद्धिक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति एवं राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि भारत में नारी को शक्ति का स्वरूप माना जाता है। प्राचार्य प्रो प्रमोद कुमार ने बताया कि हमें महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। संचालन एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संतोष सैनी ने किया। इस मौके पर राधाकांत पांडेय, उपेंद्र कुमार, राजेश प्रसाद, डा. विनोद बहादुर सिंह, डा. अमूल्य सिंह, डा. विभा पांडेय, डा. अंजली मिश्रा, कुंदन आदि उपस्थित रहे।

मेधावियों को किया गया सम्मानित

प्रमाण पत्र के साथ सम्मानित बच्चे

जनसंदेश न्यूज

दुद्धी। ब्लॉक क्षेत्र के दिघुल गांव में लर्निंग बाई डूइंग कक्ष का उद्घाटन मुख्य अतिथि बीडीओ रामविशाल चौरसिया ने फीता काटकर किया। लर्निंग बाई डूइंग के तहत लैब में छात्राओं ने ओआरएस का घोल बनाकर मुख्य अतिथि को पिलाया और बनाने के तरीखे भी बताए। लर्निंग बाई डूइंग लैब में छात्र-छात्राएं कई हुनरमंद चीजें बनाना सीखेंगे। बीडीओ ने कहा कि लर्निंग बाइंग डूइंग लैब में स्थापित हो गई है। इसमें छात्र-छात्राओं को अत्याधुनिक चीजों के जरिए करके सिखाया जाएगा। बच्चों के लिए बहुत महत्वपूर्ण विषय है।

इस दौरान वार्षिकोत्सव, स्काउट गाइड सहित अन्य बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर जगत नारायण, रामरक्षा पटेल, सुभाष गुप्ता समेत तमाम लोग मौजूद रहे। वहीं प्राथमिक विद्यालय केवटानटोला में मनोज जायसवाल केआरपी व अमिता तिवारी ने वार्षिकोत्सव का शुभारंभ किया। कम्पोजिट विद्यालय में चेयरमैन कमलेश मोहन ने वार्षिकोत्सव का शुभारंभ किया। विद्यालयी शिक्षा छोड़ चुके बच्चों को पुनः विद्यालय में जोड़कर उन्हें प्रशिक्षित कर शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़ा गया। वहीं उन्हें कॉपी, कलम, स्केच पेन, पेंसिल, रबर, चार्ट पेपर, कलर वितरित किया गया। चेयरमैन ने बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर शैलेश मोहन, ओम प्रकाश, तत्सत तिवारी, जितेन्द्र चौबे, निरंजन कुमार, रेणु कनौजिया, विभा चौरसिया, प्रियंका, किस्मत देवी, हरि ओम, मो. शाहिद समेत तमाम लोग उपस्थित रहे। संचालन अविनाश गुप्ता ने किया।

थाना समाधान दिवस : 69 मामलों का निस्तारण

करमा थाने में पीड़ितों की शिकायतें सुनते एसपी

सोनभद्र। जिले के समस्त थानों पर शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने थाना करमा पर, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह ने थाना चोपन तथा समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने सर्किल क्षेत्र पर आयोजित समाधान दिवस के अवसर पर फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। वहीं समस्त थाना प्रभारी अपने थानों पर थाना समाधान दिवस के अवसर पर फरियादियों की समस्याओं को सुनकर कुछ का मौके पर निस्तारण किया तथा कुछ के गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया। एसपी ने कहा कि जमीन सम्बंधित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रुप से प्रकरण का निस्तारण किया जाए, जिससे फरियादियों को अलग-अलग भटकना न पड़े। जनपद में पुलिस से सम्बन्धित प्राप्त नौ प्रार्थना पत्रों में से पांच का मौके पर ही निस्तारण किया गया। राजस्व से सम्बन्धित 116 प्रार्थना पत्रों में से 64 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस प्रकार 125 प्रार्थना पत्रों में से 69 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जबकि शेष बचे प्रार्थना पत्रों का निस्तारण आवश्यकतानुसार कार्रवाई कर किया जायेगा।

गोरादह में नहीं रुक रहा बालू का अवैध खनन

गोरादह सोन नदी में किया गया बालू खनन

जनसंदेश न्यूज

डाला। अवैध बालू खनन कताओं की मनमानी जारी है। गोरादह सोन नदी क्षेत्र में शुक्रवार/शनिवारी की रात को अवैध बालू खनन कर ट्रेक्टरो द्वारा क्षेत्र में परिवहन किया गया। खनन कर्ता रात्रि होते ही बालू खनन कार्य में सक्रिय हो जाते हैं। सम्बंधित विभाग के जिम्मेदार जिसे रोक पाने में सम्बंधित विभाग के जिम्मेदार अभी तक नाकाम साबित हो रहे हैं। ओबरा वन प्रभाग के डाला वन रेंज अन्तर्गत स्थित गोरादह सोन नदी क्षेत्र सुरक्षित वन विभाग एरिया में आता है। वहाँ अवैध बालू खनन का कार्य अवैध खनन कर्ताओ के लिए सबसे सुरक्षित माना जाता है। जहा रात्रि में अवैध रूप से दर्जनो मजदूरों द्वारा बालू का खनन कर उसे ट्रैक्टर पर लोड कर अन्य क्षेत्र में ट्रैक्टर द्वारा परिवहन कर धनो की अवैध कमाई की जाती है। वन विभाग के कड़े नियमो को चुनौती देने वाले अवैध खनन कर्ताओं का सिंडिकेट बढ़ता ही जा रहा है। गोरादह सोन नदी का यह क्षेत्र अवैध खनन का अड्डा बन गया है। जिसे जब बालू की आवश्यकता होता है वह अवैध बालू खनन कर्ताओं से सम्पर्क करता है। इस बारे में डाला वन रेंजर इंद्रजीत पाल ने कहा कि गोरादह सोन नदी क्षेत्र में अवैध बालू खनन की सूचना पर वन विभाग की टीम रात्रि में गोरादह क्षेत्र में गई थी। उस समय कोई अवैध खनन कर्ता नहीं मिला। वन विभाग की टीम अवैध खनन पर लगाम लगाने का पूरा प्रयास कर रही है।

एमपी से बगैर परमिट सोनभद्र आ रहे बालू लदे ट्रक

शक्तिनगर। थाना अंतर्गत बीना परमिट और ओवरलोड बालू की गाड़िया बड़ी तेजी से सिंगरौली से सोनभद्र में प्रवेश कर रही है बता दें कि शाम ढलते ही मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले से सोनभद्र में प्रवेश करती हैं जिनके पास ना हो परमिट होता है और ना ही बालू संबंधित कोई कागजात ऐसे में दर्जनों से ऊपर गाड़िया ओवरलोड बालू लेकर धड़ल्ले से सिंगरौली के बार्डर को पार कर सोनभद्र में चली आती हैं। बालू माफियाओं का खेल यही तक सीमित नहीं होता एक ही परमिट दिखाकर दो से तीन बार बालू की ट्रांसपोर्टिंग कर दी जाती है। बता दे कि सिंगरौली से बिना परमिट के अनपरा तक बालू को ट्रांसपोर्ट करते हुए फिर कुछ घंटों में सिंगरौली पहुंच जाती है। ऐसे में सोनभद्र बार्डर पर किसी प्रकार की जांच प्रक्रिया नहीं होने के कारण इस खेल को बालू माफिया खेल रहे हैं। पूरे मामले में शक्तिनगर पुलिस की आंखों में धूल झेलने के लिए तेलगवा बार्डर से कोटा खड़िया होते हुए सीधा अनपरा पहुंच जाती है। अब ऐसे में ना ही कोई परमिट की चेकिंग और ना ही ओवरलोड का कोई भय है।

हाईकोर्ट ने तलब की जांच रिपोर्ट

रामजतन हत्याकांड

क्राइम ब्रांच कर रही हत्याकांड की जांच

जनसंदेश न्यूज

शक्तिनगर। खड़िया ग्राम प्रधान के भाई रामजतन की हत्या के मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने जांच की प्रगति रिपोर्ट तलब की है। यह मामला 4 नवंबर 2024 का है, जब रामजतन अपने खेत पर गए थे। देर शाम उनके पड़ोसी रोहित ने आकर परिवार को सूचना दी कि रामजतन मिल नही रहे है। जब परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे तो वह रेलवे ट्रैक पर पड़े हुए थे, परिजनों ने उन्हें संजीवनी चिकित्सालय ले गए जहाँ डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हत्या का मामला पुलिस ने तो दर्ज कर लिया लेकिन परिवार वालों ने जांच पर असंतोष जताया।

उनका आरोप था कि पुलिस इस मामले को गंभीरता से नहीं ले रही और आरोपियों को बचाने की कोशिश हो रही है। इस संबंध में परिजनों ने उच्च अधिकारियों को पत्र लिखकर निष्पक्ष जांच की मांग की। लेकिन कोई फर्क नही पड़ा निराश ग्राम प्रधान ने हाईकोर्ट का रुख किया। मामले में देरी और ठोस कार्रवाई न होने के कारण इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जाँच क्राइम ब्रांच को सौप दिया और पुलिस से जांच की प्रगति रिपोर्ट तलब की है। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि जांच में लापरवाही पाई गई तो जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी हाईकोर्ट के हस्तक्षेप के बाद परिवार को उम्मीद जगी है कि अब मामले में तेजी आएगी और दोषियों को सजा मिलेगी। वहीं, स्थानीय लोग भी न्याय की मांग को लेकर प्रशासन पर लगातार दबाव बना रहे हैं। अब देखना यह होगा कि पुलिस और क्राइम ब्रांच कितनी तेजी से जांच पूरी कर दोषियों को गिरफ्तार करती है, या फिर मामले में और देरी होती है।

ठेकेदार चयन के सवाल पर भिड़े सपा सांसद व भाजपा विधायक

चंदौली। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित दिशा की बैठक शनिवार को हंगामे की भेंट चढ़ गयी। इस दौरान ठेकेदार चयन के सवाल पर राबर्टसगंज सांसद व सैयदराजा विधायक के बीच तनातनी के बाद मीटिंग का माहौल बिगड़ गया और एक-एक कर भाजपा के विधायक व ब्लॉक प्रमुख सपा के सांसद बीरेंद्र सिंह, सकलडीहा विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव से भिड़ गए। इस दौरान मीटिंग में जमकर जुबानी जंग हुई और विधायक मुगलसराय रमेश जायसवाल समेत कई जनप्रतिनिधि मीटिंग छोड़कर चले गए। दरअसल सांसद चंदौली बीरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को दिशा की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में शुरू हुई।

इस दौरान रावर्ट्सगंज सांसद छोटेलाल खरवार ने अभियंताओं पर मनमाने ढंग से काम का आरोप लगाते हुए चेता रहे थे कि इसी बीच सैयदराजा विधायक ने जवाब दे रहे अभियंता को बोलने से रोक दिया और उनकी तरफ से बातों को रखने लगे। टेंडर के आनलाइन-आफलाइन प्रक्रिया और लगातार कई वर्षों से एक ही ठेकेदार को ठेका दिए जाने से शुरू हुई बातचीत ने देखते ही देखते विवाद का रूप ले लिया। हालांकि सांसद वीरेंद्र सिंह ने सांसद व विधायक के बीच चल रही बहस को रोका और जिलाधिकारी समेत जिले के सभी विभागों के अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों के सवालों का जवाब देने की बात कही। इस बीच एक बार फिर सैयदराजा विधायक ने बीच में माइक से बोलना शुरू किया, जिससे राबर्टसगंज सांसद ने अधिकारियों का पक्ष रखने पर ऐतराज जताया। जिस पर सैयदराजा विधायक ने रावर्टसगंज सांसद के तरीके पर सवाल किए और यहीं से मामला तनावपूर्ण हो गया। इसके बाद एक-एक भाजपा व सपा के जनप्रतिनिधि इस विवाद में कूद पड़े और पूरा का पूरा मीटिंग हाल इन राजनेताओं के अखाड़े में तब्दील हो गया। दिलचस्प यह कि वहां मौजूद जिलाधिकारी व एसपी समेत तमाम आला अधिकारी मूकदर्शन बने। विवाद इस कदर बढ़ा कि भाजपा के विधायक व ब्लाक प्रमुख मीटिंग छोड़कर चले गए। इसके बाद सांसद चंदौली की अध्यक्षता में बैठक की कार्यवाही को मुकम्मल किया गया। हालांकि हंगामे के दौरान बैठक को कई बार बीच में रोकना पड़ा।

दिशा की बैठक के दौरान उपस्थित सांसद, विधायक व अधिकारीगण।

तू-तड़ाम पर बवाल, सपा व भाजपा विधायक में वाकयुद्ध

चंदौली। दिशा की बैठक में भाजपा व सपा के जनप्रतिनिधि आमने-सामने नजर आए। ठेकेदार व अधिकारियों के मुद्दे पर जहां सैयदराजा विधायक व रावर्टसगंज सांसद के बीच विवाद के बाद मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल व सकलडीहा विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव आपस में भिड़ गए। मामला इस कदर बढ़ा कि दोनों विधायकों ने सारी मयार्दाएं तोड़ा दी और एक-दूसरे को तमीज सिखाने पर उतर आए। यहां तक एक विधायक ने दूसरे को होश में रहने की नसीहत भी दे डाली। यह सबकुछ तू-तड़ाम को लेकर हुआ, जिस पर सत्ता व विपक्ष के जनप्रतिनिधियों में जमकर बहस हुई। दरअसल दिशा सकलडीहा विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव मुगलसराय में प्रस्तावित सिक्स लेन-फोर लेन सड़क के मुद्दे को रख रहे थे, जिस पर मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल ने उन्हें टोका। साथ ही उन्होंने सकलडीहा विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव के भाषा पर आपत्ति व नाराजगी व्यक्त की और उसे अपने सम्मान से जोड़ने हुए तू-तू, मैं-मैं पर उतर आए। दोनों विधायक अपनी-अपनी बातों पर अड़े रहे और विवाद ने हंगामे का स्वरूप ले लिया। इसी बीच मामले को दूसरा मोड़ देते हुए अधिकारियों की तरफ ले जाया गया। जैसा कि कुछ मिनट पहले सैयदराजा विधायक व रावर्टसगंज सांसद छोटेलाल खरवार के बीच हो चुका था।

अब वाक युद्ध अधिकारियों को तुम कहने पर केंद्रीय हो गया है और इसे लेकर भाजपा के सैयदराजा व मुगलसराय विधायक, सपा के सकलडीहा विधायक पर अर्मादित भाषा का इस्तेमाल करने का आरोप लगाते रहे। इस दौरान धानापुर ब्लाक प्रमुख अजय सिंह भी इस विवाद में खुद को शामिल करते हुए नजर आए। भाजपा विधायकों का आरोप है कि सकलडीहा विधायक ने उनके साथ अभद्र आचरण किया और भ्रष्टाचारी कहा। यह पूरी तरह से अनुचित है। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो इस पूरे विवाद की पटकथा पहले ही लिखी जा चुकी है। मुगलसराय के सड़क चौड़ीकरण के मुद्दे को विधानसभा में उठाए जाने से विधायक रमेश जायसवाल बेहद खफा थे, जिसकी नाराजगी आज दिशा की बैठक में पटल पर देखने को मिला। विवाद के कारण जिले के विकास व जनहित के मुद्दे दिशा की बैठक से पूरी तरह से गौण हो गए। हालांकि वहां मौजूद जिलाधिकारी ने मामले को संभालने व जनप्रतिनिधियों को समझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन जनप्रतिनिधि किसी की सुनने को तैयार नहीं हुए।

दिशा की बैठक में आमने-सामने सकलडीहा व मुगलसराय विधायक।

संक्षेप

क्रिकेट का उद्घाटन मैच राहुल स्पोर्ट्स ने जीता

डीडीयू नगर। बीपी स्कूल दुल्हीपुर के खेल मैदान पर शुक्रवार से शुरू सत्यदेव गुप्ता मेमोरियल अंतर जिला अंडर 14 क्रिकेट का ओपनिंग मैच राहुल स्पोर्ट्स बी एलडब्लू वाराणसी ने मासूम अकादमी को 40 रन से हरा दिया। टॉस जीतकर पहले खेलते हुए 20 ओवर में सात विकेट पे 193 रन बनाए। प्लेयर ऑफ द मैच अनिकेत ने शानदार 58 रन, अनमोल ने 51 रन, नितिन और सुरभि ने 12-12 रन बनाएं मासूम की तरफ से अंकित यादव ने दो विकेट सुहैल, अंश और दियांश ने एक-एक विकेट लिया। जवाब में रुद्र के एकल प्रयास के सहारे मासूम अकादमी 17 वे ओवर में 153 रन पे ऑल आउट हो गई। रुद्र ने मात्र 29 बॉल पर विस्फोटक 62 रन बनाए। अंश व प्रिंस ने दस, दस रन बनाए। अनिकेत ने 3 विकेट अनमोल, नीलू, अजय ने एक एक विकेट लिया। फाइटर ऑफ द मैच रुद्र को चुना गया। मैच के रेफरी सैयद आले अब्बास, चीफ गेस्ट नरेंद्र शर्मा थे।

छात्र पर चाकू से हमला

डीडीयू नगर। स्थानीय रेलवे स्टेशन के सकुर्लेटिंग एरिया में स्थित हनुमान मंदिर के सामने एटीएम से रुपए निकाल कर बाहर निकल रहे छात्र पर चाकू से घायल रुपए छीनने का प्रयास किया। जिससे छात्र के हाथ मामूली चोट आई।छात्र बाल-बाल बच गया। बाद में छात्र में जीटी रोड किनारे पुलिस को घटना के बारे में बताया। इस दौरान लोगों ने हमलावर युवक को भी पकड़ लिया। पुलिस छात्र और हमलवार को कोतवाली ले गई। नगर के महमूदपुर नई बस्ती निवासी राजन शनिवार को परीक्षा देने के लिए आया था। इस दौरान वहां एटीएम से रुपए निकलने के रेलवे स्टेशन के सकुर्लेटिंग एरिया हनुमान मंदिर के सामने एटीएम से रुपए निकाल रहा था। रुपए निकालकर वे जैसे ही एटीएम के बाहर निकाला। तभी एक युवक ने उस पर हमला कर दिया। इस दौरान युवक के पास मौजूद चाकू से उसके हाथ पर चोट लग गई। आस-पास के लोगों उसे पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। इस बाबत जीआरपी प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि इस मामले में थाने पर कोई तहरीर नहीं दी गई है। मामले की जांच की जा रही है।

बाइकों की सीधी टक्कर में दो युवक घायल

नौगढ़। रिठिया-परसिया मार्ग पर चकचोईयां गौशाला के समीप बाइकों की आमने सामने हुई टक्कर में 02 युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें देख राहगीरों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौगढ मे भर्ती कराया, जहां पर प्राथमिक उपचार कर हालत गंभीर देख कर चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। नौगढ कस्बा बाजार निवासी विशु मद्धेशिया 20 वर्ष व साहिल गुप्ता 20 वर्ष शनिवार को दोपहर बाद यूपी बोर्ड की परीक्षा देने के लिए परीक्षा केंद्र मझगावां जा रहे थे। रास्ते में अस्थाई पशु आश्रय केंद्र चकचोईयां के समीप मोड़ पर विपरीत दिशा से आ रही बाइक से आमने-सामने टक्कर लग गया। जिसमे विशु मद्धेशिया व साहिल गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गए। दुसरा बाइक सवार युवक बाईक सहित मौके पर से फरार हो गया। राहगीरों ने मौके पर एंबुलेंस बुलाकर दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौगढ़ भेजवाया। जहां पर हालत गंभीर देख कर चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया।

जनता की आवाज दबाने का काम करते हैं भाजपाई: प्रभु

चंदौली। सपा के विधायक प्रभु नारायण सिंह यादव ने कहा कि सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधि जनता की आवाज को दबाने का हमेशा प्रयास करते हैं दिशा की बैठक में हंगामा करके यह साबित कर दिया कि सिर्फ अपना विकास चाहते हैं। जनता के विकास से कोई लेना देना नहीं है। समाजवादी पार्टी जनहित के मुद्दों पर हमेशा संघर्ष किया है और संघर्ष करती रहेगी। सत्ता पक्ष जनहित के मुद्दों पर कभी बात नहीं करती है। विकास कार्यों के लिए समाजवादी पार्टी के लोग हमेशा कार्य करते हैं।

दलित आदिवासी होने के कारण मुझे किया अपमानित: छोटेलाल खरवार

चंदौली। दिशा की बैठक सम्पन्न होने के बाद रावर्टसगंज सांसद छोटेलाल खरवार भाजपा के विधायकों व ब्लाक प्रमुखों पर हमलावर रहे। इस दौरान उन्होंने भाजपा के जनप्रतिनिधियों पर बड़ा आरोप लगाया। कहा कि वह दलित व आदिवासी सांसद है इसलिए उन्हें बैठक की पटल पर बोलने से रोकने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से किए गए टेंडर में सरकार के नियमों का पालन नहीं किया गया। जब इस मुद्दे को उठाया गया तो भाजपा के विधायक व ब्लाक प्रमुखों ने उन्हें घेरने का प्रयास किया, ताकि वह भ्रष्टाचार के इस मुद्दे को उठा न सकूं।

उन्होंने कहा कि वह दो बार के सांसद हैं। बावजूद इसके ऊंची जाति के विधायक व ब्लाक प्रमुख उन्हें दिशा की बैठक में अधिकारियों के सामने बोलने से रोकने का प्रयास किया गया, जिससे वह खुद को अपमानित महसूस कर रहे हैं। कहा कि जिले में टेंडर प्रक्रिया पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है, जिसे उठाने का काम मेरे द्वारा किया गया। बताया कि बीते कुछ सालों से जनपद में चार-पांच ठेकेदारों को लगातार काम मिल रहा है। टेंडर प्रक्रिया में आपत्ति होने के बावजूद इसे आफलाइन करके सरकार को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। सरकार का आदेश है कि यदि किसी टेंडर में आपत्ति या विवाद है तो उसे आनलाइन किया जाए। बावजूद इसके चंदौली में पीडब्ल्यूडी, आरईएस, जिला पंचायत व क्षेत्र पंचायत में चंद गिने चुने ठेकेदारों को काम दिया जा रहा है। इसमें अधिकारियों के साथ ही भाजपा के जनप्रतिनिधियों की मिलीभगत है। इसकी झलक दिशा की बैठक में देखने को मिली। जब टेंडर प्रक्रिया को लेकर पीडब्ल्यूडी के अभियंता से सवाल किया गया तो भाजपा के विधायक उनके पक्ष से बोलने लगे। आरोप लगाया कि भाजपा के ऊंची जाति के विधायक व ब्लाक प्रमुख उन्हें अपमानित करने का काम किया है, जिससे वह काफी आहत हैं।

दिशा की बैठक के बाद मीडिया से रूबरू राबर्टसगंज सांसद छोटेलाल खरवार।

भाजपा के जनप्रतिनिधियों ने साजिश के तहत डाला खलल: वीरेंद्र सिंह

चंदौली। कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार को दिशा की बैठक हंगामे के बाद भी सम्पन्न हुई। इसके बाद बैठक के अध्यक्ष व सांसद चंदौली वीरेंद्र सिंह ने भाजपा के जनप्रतिनिधियों पर बड़ा आरोप लगाया। कहा कि भाजपा के जनप्रतिनिधि उनकी अध्यक्षता को बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। यही वजह है कि पहले से ही साजिश व तय मंशा के तहत मीटिंग में खलल डालने की कोशिश की गयी, ताकि मीटिंग को रोकी जा सके। उन्होंने कहा कि भाजपा व उसके जनप्रतिनिधियों का जनता से कोई सरोकार नहीं है। जनता के काम व कठिनाईयों से इनका कोई लेना-देना नहीं है। ये नारे लगाकर, धर्म के नाम पर राजनीति करने वाले लोग हैं। मीटिंग के दौरान वहां हंगामा कर रहे जनप्रतिनिधियों को कहा दिया गया कि जिन्हें जनता के काम व विकास से सरोकार है वह मीटिंग में रूककर जनहित के मुद्दे पर चर्चा करे और अपने सुझाव व आपत्तियों को रखे। लेकिन भाजपा के लोग साजिश के तहत मीटिंग को छोड़कर चले गए। मीटिंग को रोकने की उनकी मंशा को सफल नहीं होने दिया गया।

महिला सशक्तिकरण के लिए किए जाने वालों प्रयासों पर हुई चर्चा

चंदौली। पंडित कमलापति त्रिपाठी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान महाविद्यालय की प्राचार्य डा.सुकृति मिश्रा ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए किए जाने वाले प्रयासों की चर्चा की। साथ ही छात्र-छात्राओं से महिलाओं की उन्नति सशक्तिकरण और समाज में व्याप्त विषमता को दूर करने को प्रयास करने की अपील किया। वहीं डॉक्टर सुमना मुखर्जी ने समाज में व्याप्त असमानता को दूर करने के लिए किए जाने वाले प्रयासों पर प्रकाश डाला।

कहा कि महिलाओं की उन्नति से ही समाज और राष्ट्र की उन्नति संभव है। जबकि डाक्टर रितु खरवार ने कविता के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के संबंध में अपना विचार व्यक्त किया। कहा कि पुरुषों के सहयोग के बिना महिलाओं की उन्नति संभव नहीं है। ऐसे में आवश्यकता है कि पुरुष वर्ग भी महिलाओं के सशक्तिकरण और उन्नयन में बढ़ चढ़कर भागीदारी सुनिश्चित करें। इस मौके पर प्रोफेसर पवन गुप्ता अशोक कुमार यादव, अरविंद कुमार, कन्हैया लाल भारती, रविंद्र यादव, अमित कुमार, दिलशाद अंसारी, रविकांत भारद्वाज, अनुराधा पांडेय सहित अन्य मौजूद रहे।

सीबीआई टीम ने कार्यालय में खंगाला दस्तावेज

डीडीयू नगर। डीडीयू रेल मंडल के विभागीय प्रमोशन में पेपर लीक के मामले में सीबीआई टीम ने शनिवार को डीआरएम ऑफिस में छह घंटे तक पकड़े गए अधिकारी कर्मचारी के कार्यालय अधीक्षकों से दस्तावेज एकत्र किए। इसके बाद दोपहर 12 बजे से शाम छह बजे तक दस्तावेजों को खंगालती रही। शनिवार को डीआरएम ऑफिस में छुट्टी रही। सीबीआई ने कार्यालय अधीक्षक पहुंचे और दस्तावेज उपलब्ध कराए।

लोको पायलट से चीफ लोको पायलट इंस्पेक्टर की चार मार्च को होने वाली विभागीय परीक्षा के पूर्व सोमवार की रात सीबीआई ने नगर के काली महाल स्थित एक मैरेज लॉन में पहुंच कर परीक्षा के पूर्व पेपर को हल कर रहे आठ लोको पायलटों और वरीय मंडल विद्युत अभियंता परिचालन को पकड़ लिया। इसके बाद मंगलवार को सीबीआई ने डीआरएम आफिस में दिन भर कार्रवाई के बाद वरीय मंडल विद्युत अभियंता परिचालन और वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी के साथ लोको पायलट व कार्यालय अधीक्षक सहित 26 लोगों को गिरफ्तार कर लखनऊ ले गई। इस कार्रवाई के बाद शुक्रवार को एक बार फिर सीबीआई की आठ सदस्यीय टीम डीआरएम ऑफिस पहुंची। पहले दिन दस्तावेज लिए। वहीं डीआरएम ऑफिस के पहले तल पर एक ऑफिस को अपना कैंप कार्यालय बनाया। वहीं बैंकों में पहुंच कर संबंधितों के बैंक खातों की जांच पड़ताल भी की।

शुक्रवार को दोपहर 12 बजे सीबीआई टीम अपने कैंप कार्यालय में पहुंची। यहां पकड़े गए अधिकारी और कर्मचारी के कार्यालय अधीक्षकों को बुलाया। उनसे आवश्यक दस्तावेज एकत्र किए। इसके बाद शाम छह बजे तक एक एक दस्तावेज को खंगालती रही। वहीं महत्वपूर्ण दस्तावेजों को मेल से लखनऊ कार्यालय भेजा। सूत्रों के अनुसार टीम सोमवार तक दस्तावेजों की जांच करेगी। दूसरी तरफ सीबीआई टीम के जांच से संबंधित विभाग के अधिकारियों में खलबली मची रही।

महिला सशक्तिकरण एक नारा नहीं समाज का समग्र विकास

सकलडीहा। सकलडीहा पीजी कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के उप प्राचार्य प्रो. दयानिधि सिंह यादव और मुख्य अतिथि प्रो. दयाशंकर सिंह यादव ने दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान छात्राएं, शिक्षक सहित अन्य मौजूद रहे। मुख्य अतिथि प्रो. दयाशंकर सिंह यादव ने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल एक नारा नहीं बल्कि समाज के समग्र विकास का आधार है। शिक्षा और आत्मनिर्भरता महिलाओं की प्रगति की कुंजी है, और हमें इसे सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। डॉ. राजेश यादव ने कहा कि महिला अधिकारों की रक्षा केवल कानून से नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता से भी संभव है। डॉ. यज्ञनाथ पांडे ने कहा कि इतिहास साक्षी है कि जब-जब महिलाओं को समान अधिकार मिले हैं, तब-तब समाज और देश ने प्रगति की है। हमें महिलाओं को समान अवसर देने होंगे। इस मौके पर डा.श्यामलाल यादव,डा.सीता मिश्रा,डॉ. अजय यादव,डॉ. इंद्रजीत सिंह ने कहा कि आज की नारी हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। अंत में उप प्राचार्य प्रो. दयानिधि सिंह यादव ने कहा कि हमारी शिक्षा प्रणाली में महिलाओं की भागीदारी को और अधिक बढ़ावा देने की आवश्यकता है। तभी महिलाएं शिक्षित होंगी, तो पूरा समाज समृद्ध होगा। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक सहित अन्य मौजूद रहे।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एपवा ने निकाला पैदल मार्च

मार्च

भाजपा सरकार में महिलाएं असुरक्षित

जनसंदेश न्यूज

सकलडीहा। अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला संगठन के राष्ट्रीय आह्वान पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर तहसील इकाई सकलडीहा की महिला संगठन ने शनिवार को पैदल मार्च निकाला। यह मार्च सकलडीहा सघन क्षेत्र तिराहे से पूरे बाजार हुए बाबा साहब भीमराव आंबेडकर तिराहे पर सभा का आयोजन किया। अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला संगठन की जिला उपाध्यक्ष कामरेड श्याम देई ने कहा कि भाजपा सरकार में महिलाएं सुरक्षित नहीं है । बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नारा देने वाली योगी सरकार में सकलडीहा पीजी कॉलेज की छात्रा के साथ दुर्व्यहार हुआ। लेकिन प्रशासन चुप्पी साधे हुए है। मनरेगा कानून महिलाओं को गांव में काम दे पाने में विफल साबित हो रहा है। स्कीम वर्कर के रूप में काम कर रही महिलाएं आशा आंगनबाड़ी रसोईया माता राज्य कर्मचारी का दर्जा हासिल करने की लड़ाई लड़ रही है। लेकिन सरकार महिलाओं का दमन कर 6 महीने से वेतन नहीं दे पा रही है। मोदी सरकार ने फ्री गैस कनेक्शन के नाम पर महिलाओं का वोट हासिल किया। परंतु बेतहासा गैस वृद्धि में सिलेंडर महिलाओं से छीन लिया। इस मौके पर कामरेड गुड्डी चौहान, गायत्री देवी मुन्नीलाल, तूफानी गोंड, हरिशंकर विश्वकर्मा, शशिकांत सिंह, रमेश राम, सारनाथ राय, चंपा देवी, बसंती देवी, दुलारी देवी, मानकुवर देवी सहित अन्य मौजूद रहे।

भाकपा माले के तत्वधान में मार्च निकालते अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला संगठन के लोग।

भाजपा ने महिलाओं को दी भागीदारी: अशोक चौरसिया

जनसंदेश न्यूज

चंदौली। भाजपा की बैठक जिला कार्यालय पर आयोजित की गई बैठक में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर महिला सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय महामंत्री अशोक चौरसिया ने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक नारी शक्ति बंधन अधिनियम अथवा महिला आरक्षण विधेयक भारतीय संसद में प्रस्तुत किया वह विधेयक है इसके पारित होने से संसद में महिला की भागीदारी 33 प्रतिशत सुनिश्चित हो जाएगी।

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ मोदी सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है जो भारत में लड़कियों के जीवन को बेहतर बनाने में मदद कर रही है यह योजना 2015 में शुरू की गई थी। योजना के तहत बाल लिंग अनुपात में सुधार और लड़कियों की शिक्षा पर बढ़ाया देने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। जिलाध्यक्ष काशीनाथ सिंह ने कहा कि महिला शक्ति केंद्र भारत सरकार द्वारा 2017 में शुरू की गई एक योजना है इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाना है यह योजना सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से महिलाओं को सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों से जोड़ने में मदद करती है। मुगलसराय के विधायक रमेश जायसवाल ने कहा कि उज्जवला योजना मोदी सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है उज्ज्वला योजना प्रधानमंत्री मोदी ने इस योजना को अपने कार्यकाल की शुरूआती दिनों में शुरू किया था यह योजना 2015 में शुरू की गई थी उसे उज्जवला योजना ग्रामीण महिलाओं के जीवन में बड़ा बदलाव लेकर आए। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा सुषमा जायसवाल, किरण शर्मा, गीता रानी गुप्ता, प्रियंका तिवारी, रेनू सिंह, निधि तिवारी, सलोनी सिंह, सुजीत जायसवाल, अजय सिंह, अवधेश सिंह, गौरव श्रीवास्तव इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भाजपा कार्यालय पर आयोजित बैठक में उपस्थित पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

महिला दिवस व विज्ञान दिवस पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

चहनियां। क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय सुरतापुर में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निबंध प्रतियोगिता, खेलकूद प्रतियोगिता, आशु भाषण प्रतियोगिता सहित कई अन्य गतिविधियाँ आयोजित की गईं। कार्यक्रम के दौरान सफल छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के दौरान 28 फरवरी को आयोजित विज्ञान दिवस के अवसर पर हुई विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले समूहों को विशेष पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मनोज कुमार गुप्ता ने बच्चों को विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने और नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाध्यापिका कौशल्या देवी द्वारा की गई। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक श्री सुरेंद्र नाथ त्रिपाठी, अनिल पांडेय, जलीमुन निशा, नीलम देवी, कुसुम देवी (विज्ञान शिक्षक) उपस्थित रहे।

विश्व महिला दिवस: गोष्ठी में चार महिलाएं सम्मानित

जनसंदेश न्यूज

डीडीयू नगर। कैलाशपुरी स्थित श्री साईं पब्लिक स्कूल परिसर में विश्व महिला दिवस के उपलक्ष में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें चार महिलाओं को उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डा प्रज्ञा शालिग्राम ने कहा कि पूरा विश्व महिलाओं की शक्ति को अब स्वीकार करने लगा है। स्थिति तो यह हो गई है कि पुरुष महिलाओं के हर प्रगति में सहयोग करता हुआ नजर आता है।कहा कि एक महिला में मां सरस्वती,मां दुर्गा,मां काली और मां लक्ष्मी का वास होता है। यह स्वरूप अपने जीवन में ही विविध रूपों में दिखाई देते हैं।

सामाजिक कार्यकर्ता विनीता अग्रहरि ने कहा कि पुरुषों के सहयोग के बगैर नारी शक्ति अधूरी होती है। इसलिए भारतीय दर्शन में अर्धनारीश्वर का कॉन्सेप्ट दिया गया। इस अवसर पर डॉक्टर प्रज्ञा शालिग्राम विनीता अग्रहरि, नित्या उपाध्याय रीता यादव को सम्मानित किया गया। अध्यक्षता वाइस प्रिंसिपल सीमा पांडेय एवं कार्यक्रम का संचालन रिद्धि तिवारी ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के सात शिक्षिकाओं का भी सम्मान किया गया।आए हुए अतिथियों एवं शिक्षकों तथा छात्र-छात्राओं का धन्यवाद ज्ञापन प्रबंधक डॉ अनिल यादव ने किया।इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजकुमार जायसवाल अमित यादव गिरीश कुमार प्रवीण कुमार अजीर्त, दीक्षा यादव शमा जैदी रिंकी सिंह शगुन सिंह साजन यादव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

श्री साईं पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में शामिल लोग।

महिला रेल कर्मचारियों को किया सम्मानित

डीडीयू नगर। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आरपीएफ स्टेशन पोस्ट पर महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार रावत ने आरपीएफ,रेलवे के विभिन्न विभागों में कार्य करने वाली महिलाएं एवं स्टेशन पर कार्य करने वाली महिला सफाई कर्मियों को सम्मानित किया।इस दौरान महिला कर्मचारियों अपने आप को गौरवान्वित महसूस किया।

स्पोर्ट्स

हांगकांग में स्नूकर मुकाबले में खेलते हुए ईरान के हुसैन वफाई।

चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट में आज होगा भारत और न्यूजीलैंड के बीच खिताबी मुकाबला

दुबई। आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी क्रिकेट के फाइनल में रविवार को भारतीय टीम का मुकाबला न्यूजीलैंड से होगा। इसमें दोनो ही टीमें जीत के लिए पूरी ताकत लगा देंगी। भारतीय टीम ने इस बार सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया जबकि न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर फाइनल में जगह बनायी है। भारतीय टीम ने अब तक इस टूनामेंट में अपने सभी मुकाबले जीते हैं। वहीं न्यूजीलैंड को लीग स्तर पर भारतीय टीम के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। वहीं भारतीय टीम ने अपना दबदबा दिखते हुए साल 2011 से अब तक आईसीसी टूनामेंट में सबसे ज्यादा मैच जीते हैं।

भारतीय टीम इस एक दशक से अधिक समय में 86 में से 70 मुकाबले जीते हैं, जबकि न्यूजीलैंड ने 77 मैचों में 49 मुकाबले जीते हैं। इससे साफ है कि , मैच जीतने के मामले में भारतीय टीम अपनी विरोधी से कहीं आगे है पर जब बात ट्रॉफी जीतने की आती है, तो टीम इंडिया और न्यूजीलैंड दोनों के पास ही उम्मीद के अनुसार सफल नहीं रही हैं। साल 2011 से अब तक 14 आईसीसी प्रतियोगिताएं हो चुकी हैं, जिसमें भारत सिर्फ दो बार ही नॉकआउट स्टेज में नहीं पहुंच पाया है। भारत ने इस दौरान चार सेमीफाइनल खेले हैं और पांच बार टीम उपविजेता रही है। तीन बार भारत ने ट्रॉफी जीतने में सफलता हासिल की है। वहीं न्यूजीलैंड ने भी निरंतरता दिखाते हुए इस दौरान आठ बार नॉकआउट स्तर पर प्रवेश किया है। उसने

चार सेमीफाइनल खेले हैं और तीन बार वह उपविजेता रही है। उसने साल 2021 में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में भारत को हराया भी है। दोनों टीमों के ये आंकड़े बेहतरीन हैं। इस अवधि में कोई अन्य टीम इतनी बार सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाई है। साल 2011 से अब तक सबसे ज्यादा नॉकआउट खेलने वाली टीमों में भारतीय टीम अब तक 12 मैचों के साथ शीर्ष पर है। वहीं न्यूजीलैंड ने इस अवधि में 8 बार आईसीसी नॉकआउट मैच खेले और भारत के बाद वह इस मामले में दूसरे स्थान पर बनी हुई हैं जबकि ट्रॉफी जीतने के मामले में पहले नंबर पर रही ऑस्ट्रेलियाई टीम ने इस अवधि में सिर्फ 6 ही नॉकआउट मैच खेले हैं। एकदिवसीय प्रारुप की बात करें तो भारत ने साल 2011 से अब तक 38 ग्रुप स्टेज मैच खेले हैं, जिसमें वह केवल तीन बार ही हारी है और एक मैच टाई रहा है। यह आंकड़ा बाकी सभी टीमों से कही बेहतर है। साल 2019 एकदिवसीय विश्वकप में भारत को सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड ने ही हराया था। इसलिए न्यूजीलैंड के खिलाफ नॉकआउट में भारतीय टीम को सावधान रहते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। दोनो ही टीमों के पास बेहतर बल्लेबाज और स्पिनर हैं, ऐसे में मुकाबला रोमांचक होना तय है।

दोनों टीमें इस प्रकार हैं

भारत- रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, वॉशिंगटन सुंदर, हार्दिक पंड्या, ऋषभ पंत, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा। न्यूजीलैंड- मिशेल सैंटनर (कप्तान), माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, मैट हेनरी, टॉम लैथम, डेरिल मिशेल, विलियम ओरोर्के, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, नाथन स्मिथ, केन विलियमसन, विल यंग, जैकब डफी, काइल जेमिसन।

कुलदीप की जगह सुंदर को मिल सकती है जगह , राहुल को किया जा सकता है प्रमोट

दुबई। भारतीय क्रिकेट टीम रविवार को आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी फाइनल में न्यूजीलैंड का सामना करेगी। इसमें भारतीय टीम श्रेयस अय्यर के साथ के एल राहुल को बल्लेबाजी में ऊपर भेज सकती है। है वहीं नेट्स पर मुख्य कोच गंभीर वाशिंगटन सुंदर के साथ भी देर तक काम करते नजर आए। ऐसे में उन्हें भी टीम में कुलदीप यादव की जगह मिल सकती है।

न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में बड़ी पारी खेलना चाहते हैं शुभमन

दुबई। भारतीय टीम के युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल का लक्ष्य रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ चैम्पियंस ट्रॉफी मुकाबले में विकेट पर रुककर बल्लेबाजी करते हुए बड़ी पारी खेलना है। शुभमन अपना दूसरा आईसीसी टूनामेंट फाइनल खेलने जा रहे हैं। वहीं इससे पहले साल 2023 एकदिवसीय विश्व कप फाइनल में शुभमन बड़ स्कोर नहीं बना पाये थे और केवल चार रन बनाकर आउट हो गये थे। शुभमन अब एकदिवसीयस बल्लेबाजों की रैंकिंग में नंबर 1 पर पहुंच गये हैं और दबाव को बेहतर तरीके से संभालने तैयार हैं। शुभमन ने कहा, तब एकदिवसीय मैच के फाइनल में मेरे मन में कुछ घबराहट थी। शुभमन ने कहा, मैंने बहुत सी चीजें सीखीं। यह मेरा पहला आईसीसी फाइनल था। मैं बहुत उत्साहित था इसलिए उस मैच में संयम नहीं रख पाया। मुझे लगता है कि बड़े आईसीसी नॉकआउट मैचों में, आप जितना सोचते हैं, उससे थोड़ा ज्यादा समय अपने को दे सकते हैं। इस क्रिकेटर ने कहा, हम 2023 में विश्व कप फाइनल हार गए और फिर टी20 विश्व कप 2024 में में जीते। इसलिए मुझे लगता है कि इस टूनामेंट में हमारे पास अच्छी गति है। यह हमारे लिए वाकई रोमांचक मैच होगा और निश्चित रूप से, अगर हम इसे जीतने में सफल रहेंगे। जिससे हम इस साल इस प्रारूप का शानदार तरीके से समापन कर सकेंगे।

डब्ल्यूपीएल : गुजरात जायंट्स की चौथी जीत, दिल्ली कैपिटल्स को 5 विकेट से हराया

लखनऊ। विमेंस प्रीमियर लीग के सीजन-3 में गुजरात जायंट्स ने चौथी जीत दर्ज की। टीम ने दिल्ली कैपिटल्स को 5 विकेट से हराया। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स ने 5 विकेट खोकर 177 रन बनाए। गुजरात टाइटंस ने 3 गेंद शेष रहते ही 5 विकेट के नुकसान पर 178 रन बना कर टारगेट को हासिल कर लिया। गुजरात की बल्लेबाज हरलीन देओल ने 70 रनों की मैच जिताऊ पारी खेली। इस जीत के साथ गुजरात जायंट्स पॉइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर आ गई है। वहीं दिल्ली कैपिटल्स हार के बावजूद 10 पॉइंट के साथ टॉप पर बरकरार है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स के लिए कप्तान मैग लैनिंग और शेफाली वर्मा ने टीम को अच्छी शुरूआत दी। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 54 गेंदों पर 83 रन की साझेदारी हुई। शेफाली वर्मा मेधना सिंह की गेंद पर आउट हुईं। उन्होंने 27 गेंदों पर 40 रन बनाए। शेफाली के आउट होने के बाद एक तरफ से विकेट गिरते रहे। वहीं मैग लैनिंग ने तेज पारी को जारी रखा।उन्होंने 57 गेंदों पर 92 रन बनाए। इस पारी में उन्होंने 15 चौके और 1 छक्का लगाया। गुजरात जायंट्स के लिए मेघना सिंह सबसे सफल गेंदबाज रहीं। उन्होंने 4 ओवर में 35 रन देकर 3 विकेट लिए। वहीं डिएंड्रा डॉटिन ने 4 ओवर में 37 रन देकर 2 विकेट लिए।

संक्षेप

डॉ. दिवाकर के घर पहुँच कर दी श्रद्धाजंलि

चहनियां। क्षेत्र के पपौरा स्थित ऑल इंडिया महापद्मनंद कम्युनिटी एजुकेटेड संगठन के जनपद के पदाधिकारी शनिवार को प्रगतिशील नाई विकास समिति के सक्रिय सदस्य रहे स्व. दिवाकर शर्मा के निधन पर घर पहुंचकर एक शोक सभा किया। जिसमें उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वही दो मिनट का मौन रखकर शांति की कामना किया। इस दौरान वक्ताओं ने उन्हें समाज का एक सजग प्रहरी बताते हुए हर लोगों के सुख-दुख में भाग लेते थे और कुशल चिकित्सक के साथ-साथ एक सफल समाजसेवी थे। उनके निधन से समाज की अपूरणीय क्षति हुई है। उसकी पूर्ति असंभव है। शोक सभा में प्रगतिशील विकास नाई समिति के अध्यक्ष बुलबुल सलमानी, उपाध्यक्ष बसंत शर्मा, इंद्रजीत शर्मा, घनश्याम शर्मा, फेकू प्रसाद शर्मा, घनश्याम शर्मा, संजय शर्मा, मदन मोहन शर्मा, शमशेर सलमानी, अलाउ सलमानी, प्रभाकर शर्मा, प्रमोद शर्मा आदि लोग उपस्थित थे।

बीए एलएलबी की मान्यता मिलने पर हर्ष, प्रवेश प्रारम्भ

चहनियां। मां खण्डवारी विधि महाविद्यालय सुरतापुर चहनियां चन्दौली में बीए एलएलबी पॉच वर्षीय कोर्स की मान्यता सत्र 2025 से मिलने पर विद्यालय परिवार और अभिभावकों ने हर्ष व्याप्त किया। यह जानकारी देते हुए संस्था के निदेशक डॉ. आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि सत्र 2025 के लिए बीएएलएलबी 5 वर्षीय और एलएलबी 3 वर्षीय के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। मौके पर सच्चिदानन्द सिंह, मिथिलेश पाण्डेय, सुशील पाण्डेय, डॉ अश्विनी श्रीवास्तव, डॉ नवनीत तिवारी, डॉ अजय सिंह छेदी, डॉ श्याम नारायण सिंह, आदित्य सिंह, सुजीत सिंह, मो. ईस्लामुद्दीन, अभिषेक सिंह, राहुल यादव, सन्तोष सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

ट्रेन की चपेट आने से महिला की मौत

पड़ाव । क्षेत्र के व्यासनगर नगर रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत हुई । शनिवार दोपहर 55 वर्षीय चंपा देवी की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार मृतकअपनी आधा दर्जन बकरी चराने के लिए दोपहर बाद तीन बजे लगभग घर से निकली थीं गांव में महिलाओं से मिलने जा रही थीं। इसी दौरान व्यासनगर स्टेशन पर 19046 तपती गंगा डाउन एक्सप्रेस की चपेट में आ गईं। चंपा देवी मानसिक रूप से विक्षिप्त थीं, वहीं उनके पति सदाफल सोनकर पहले से ही पैरालाइज थे। स्वजनों के मुताबिक, चंपा देवी अक्सर बिना बताए घर से निकल जाती थीं। घटना के बाद परिवार में मातम है। उनके सबसे छोटे बेटे अरुण सोनकर समेत सभी परिजन गहरे सदमे में हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

डीडीयू रेल मंडल के 14 अधिकारियों का स्थानांतरण

डीडीयू नगर। डीडीयू रेल मंडल में विभागीय प्रमोशन में भ्रष्टाचार का खुलासा होने के बाद डीडीयू मंडल के 14 अधिकारियों का तबादला कर दिया गया। शुक्रवार की देर रात स्थानांतरण का पत्र जारी किया गया है। गत दिनों लोको पायलट से चीफ लोको इंस्पेक्टर पद पर प्रमोशन के लिए विभागीय परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक हुआ। इस मामले में सीबीआई ने 26 अधिकारी और कर्मचारी को गिरफ्तार किया था। सीबीआई अभी इस मामले में जांच कर रही है। इस बीच हाजीपुर से बड़े पैमाने पर स्थानांतरण की सूची जारी कर दिया गया। स्थानांतरण सूची के अनुसार कार्मिक विभाग में मौजूदा डीपीओ डीडीयू जैश कुमार को डीपीओ के तौर पर ही कार्मिक विभाग डीडीयू का स्वतंत्र प्रभार दिया गया है। वहीं एपीओ डीडीयू मनोज पासवान का एपीओ के तौर पर समस्तीपुर मंडल ट्रांसफर हुआ है। परिचालन विभाग में सीनियर डीओएम मोहम्मद इकबाल को सीनियर डीसीएम धनबाद, सीनियर डीसीएम सुधांशु रंजन को सीनियर डीओएम दानापुर के रूप में स्थानांतरण किया गया है। इसी तरह मंडल के सीनियर डीएसटीई आर के कुशवाहा का स्थानांतरण डिप्टी सीएसटीई/ टेली के रूप में पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय,डिप्टी सीएसटीई/ वर्क्स बीके यादव का डिप्टी सीएसटीई/ निर्माण/ महेंद्रू, एएसटीई/वर्क्स अनिल कुमार रजक का स्थानांतरण एएसटीई/ बक्सर के रूप में हुआ है।वहीं डीएसटीई/डेहरी अविनाश यादव का एसएसटीई/निर्माण/ महेंद्रू के रूप में, डीएसटीई मनोज सिंह का डीएसटीई दानापुर, एएसटीई/वर्क्स जगदीश सिंह का एएसटीई/प्लानिंग/हाजीपुर, एएसटीई/वर्क्स हिमांशु कुमार का एएसटीई/ समस्तीपुर स्थानांतरण किया गया है। विद्युत इंजीनियरी विभाग में सीनियर डीईई/ कर्षण वितरण इंदु प्रकाश का डिप्टी सीईई / कर्षण वितरण/ हाजीपुर भेजा गया है। वहीं प्रधानाचार्य विद्युत कर्षण प्रशिक्षण केंद्र दीपक कुमार को डीईई/ टीआरएस / लोको शेड/ समस्तीपुर, सीनियर डीएमएम मनु रतन का सीनियर डीएमएम सोनपुर स्थानांतरण कर दिया गया।

न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे अधिक रन बनाने वाले पांच भारतीय खिलाड़ियों में विराट दूसरे नंबर पर

दुबई। भारतीय टीम रविवार को आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी क्रिकेट टूनामेंट के फाइनल में न्यूजीलैंड से खेलेगी। इस टूनामेंट में दोनो ही टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला होना तय है। न्यूजीलैंड के खिलाफ अब तक सचिन तेंदुलकर सहित पांच भारतीय खिलाड़ियों ने ने एकदिवसीय में एक हजार से ज्यादा रन बनाये हैं। इनमें से केवल विराट कोहली ही वर्तमान में खेल रहे हैं। बाकि सभी पूर्व क्रिकेटर हैं।

न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे अधिक रनों की बात करें तो वह सचिन तेंदुलकर ने बनाए हैं। उन्होंने 42 मैचों की 41 पारियों में 46 के औसत से 1750 रन बनाए हैं। उनका सबसे अधिक स्कोर 186 रनों का रहा है। सचिन ने 5 शतक और 8 अर्धशतक लगाये हैं। वहीं दूसरे नंबर पर विराट हैं। विराट ने 32 मैचों में 1656 रन बनाए हैं। उनका सर्वोच्च स्कोर 154 का रहा है। विराट ने 57 के औसत से रन बनाए हैं। इसमें 6 शतक और 9 अर्धशतक हैं। तीसरे नंबर पर पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग हैं। सहवाग ने 23 मैचों की 23 पारियों में 52.59 के औसत से 1157 रन बनाए हैं। उनका सबसे अधिक स्कोर 130 का रहा है। सहवाग ने 6 शतक और 3 अर्धशतक लगाये हैं। चौथे नंबर पर मोहम्मद अजहरउद्दीन हैं। अजहरउद्दीन ने 40 मैचों में 1118 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका उच्चतम स्कोर 108 नाबाद का रहा है। अजहर ने 1 शतक और 8 अर्धशतक लगाये हैं जबकि पांचवें नंबर पर सौरव गांगुली हैं। गांगुली ने 32 मैचों की 31 पारियों में 35 के औसत से 1079 रन बनाए हैं। उनका उच्चतम स्कोर 153 नाबाद का रहा है। गांगुली ने 3 शतक और 6 अर्धशतक लगाये हैं।

विराट फाइनल में 55 रन बनाते ही संगकारा का रिकार्ड तोड़ेंगे

दुबई। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी फाइनल में एक अहम उपलब्धि हासिल कर सकते हैं। इस मैच में 55 रन बनाते ही विराट एकदिवसीय क्रिकेट में सबसे अधिक रन बनाने के मामले में श्रीलंका के कुमार संगकारा को पीछे छोड़कर दूसरे नंबर पर पहुंच जाएंगे। विराट के नाम अभी एकदिवसीय क्रिकेट में 14,180 रन हैं और वह तीसरे नंबर पर हैं। वहीं पहले नंबर पर सचिन तेंदुलकर और दूसरे पर संगकारा हैं।

लोक अदालत :सुलह-समझौते के वादों का निस्तारण

चंदौली। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन शनिवार को सदर तहसील सभागार में किया गया। इसका शुभारम्भ जिला न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के अध्यक्ष रविंद्र सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके बाद सुलह-समझौते के आधार पर वादों का निस्तारण किया गया। साथ ही अर्थदंड भी वसूल किया गया।

जनपद न्यायाधीश रविन्द्र सिंह ने 2 प्रकीर्ण वादों का निस्तारण कर 600 रुपया जुमार्ना वसूल किया। प्रधान न्यायाधीश एवं परिवार न्यायालय राकेश धर दूबे ने 71 वादों का निस्तारण किया। वहीं 13 जोड़े साथ भेजे गए, जबकि समझौता राशि 28,65000 रुपया दिलाया गया। पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण अशोक कुमार सिंह यादव ने 21 एमएसीटी वादों का निस्तारण कर 1,58,18,000 रुपये का प्रतिकर दिलाया। लोक अदालत के स्थायी अध्यक्ष राम नरायण ने 2 वादों का निस्तारण किया। अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश विनय कुमार सिंह ने एक इजराय वाद निस्तारण कर 16,000 रुपये का समझौता राशि दिलाया। विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट) अनुराग शर्मा ने 3 वाद का निस्तारण कर 300 रुपया जुमार्ना वसूल किया। अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश एवं नोडल अधिकारी परितोष श्रेष्ठ ने कुल 164 विद्युत वादों एवं एक इजराय वाद का निस्तारण किया। अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/एफटीसी प्रथम श्यामबाबू ने 3 वादों का निस्तारण कर 3,74,262 रुपये का प्रतिकार दिलाया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दीपक कुमार मिश्र ने 1315 वादों का निस्तारण कर 5,42,600 रुपया जुमार्ना वसूल किया। सिविल जज सीनियर डिविजन संदीप कुमार ने 200 सिविल वादों का निस्तारण किया। इसमें 10 वादों में 84,57,187 रुपये का उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किया। वहीं 190 वादों का निस्तारण कर 1,820 रुपये का जुमार्ना वसूल किया। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रेलवे विकास कुमार वर्मा ने 1702 वादों का निस्तारण कर 4,09,590 रुपये का जुमार्ना वसूल किया। सिविल जज जूनियर डिविजन इन्दू रानी ने 1026 वादों का निस्तारण कर 20,980 रुपये जुमार्ना वसूल किया। सिविल जज जूनियर डिविजन चकिया कुंवर जितेन्द्र प्रताप सिंह ने 1055 वादों का निस्तारण किया। इसमें 3 एनआई एक्ट वाद का निस्तारण कर 11,06,330 रुपये का समझौता राशि दिलाया। वहीं 1052 वादों का निस्तारण कर 1,93,030 रुपये जुमार्ना वसूल किया। न्यायिक मजिस्ट्रेट माधुरी यादव ने 1334 वादों का निस्तारण कर 4000 रुपया जुमार्ना वसूल किया। अपर सिविल जज जूनियर डिविजन चकिया रोहित पुरी ने 943 वादों का निस्तारण कर 52,550 रुपया जुमार्ना वसूल किया। सिविल जज जूनियर डिविजन/ एफटीसी प्रथम नूतन ने 990 वादों का निस्तारण कर 6,800 रुपया जुमार्ना वसूला। सिविल जज जूनियर डिविजन/एफटीसी द्वितीय शिवानी ने 113 वादों का निस्तारण कर 200 रुपया जुमार्ना वसूल किया। अपर सिविल जज जूनियर डिविजन द्वितीय ईशा राय ने 102 वाद का निस्तारण किया। अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के पूर्णकालिक सचिव विकास वर्मा ने बताया कि इसी तरह सभी न्यायालयों में कुल 11597 वाद निस्तारण किए गए। जिसमें 2549 लघु अपराधिक मुकदमें शामिल रहे। न्यायालयों की ओर से कुल 9048 मुकदमों का निस्तारण किया गया। वहीं 12 लाख 20 हजार 470 रुपये जुमार्ना वसूला गया। वहीं उत्तराधिकार प्रमाण की 95 लाख 63 हजार 517 रुपये धनराशि दिलायी गई। सभी बैंकों की ओर से कुल 598 ऋण खातों का

त्योहारों को आपस में मिलजुलकर मनाए जनपदवासीः डीएम

चंदौली। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे व एसपी आदित्य लांग्हे के नेतृत्व में शिविर पुलिस लाइन चंदौली में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। दोनों समुदाय के गणमान्य व्यक्तियों से होली का पर्व और पवित्र माह रमजान को आपस में मिलजुलकर आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की गई है। इस दौरान डीएम द्वारा पीस कमेटी की अध्यक्षता करते हुए व्यक्तियों से आने वाले विभिन्न त्योहारों को सौहार्दपूर्वक मनाने की अपील की। उन्होंने मीटिंग में मौजूद समस्त गणमान्य व्यक्तियों से अपने आस-पास होने वाली छोटी-छोटी घटनाओं पर नजर रखने तथा उसके बारे में अधिकारियों को सूचित करने की बात कहीं। साथ ही सभी त्योंहार पुराने परम्परागत तरीके से ही मनाये जायें।

मां से शिक्षा व संस्कार हासिल करें बेटियांः गोपाल कृष्ण

चंदौली। क्षेत्र के पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय हथियानी में विश्व महिला दिवस पर शनिवार को मां-बेटी व अभिभावक मेले का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षाधिकारी सदर गोपाल कृष्ण तिवारी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद स्कूली बच्चों सांस्कृतिक कार्यक्रम के जरिए समाज में व्याप्त दहेज व समसामयिक कुरीतियों पर करारा प्रहार किया। इस दौरान खण्ड शिक्षाधिकारी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम होने चाहिए, जिससे बच्चियों को प्रोत्साहन मिले और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त हो।

मां-बेटी के बाद मजबूत रिश्ते होने चाहिए। क्योंकि मां का स्नेह बेटी के विकास व तरक्की के लिए बहुत जरूरी है। वह मां से शिक्षा के साथ संस्कार को हासिल करके अपने जीवन में आगे बढ़ने का काम करती है। प्रधानाध्यापक कुंवर बीरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि सरकार बेटियों के सम्मान व सुरक्षा के साथ ही उनकी शिक्षा को लेकर गंभीर है। सरकार का प्रयास है कि नवाचार के जरिए बच्चियों को बेहतर शिक्षा से नवाजा जाए, ताकि वे आगे चलकर देश व समाज को नई दिशा देने में अपनी भागीदारी को सुनिश्चित कर सके। यह सबकुछ शिक्षा के बिना संभव नहीं है। इसलिए बेटियों को अपनी शिक्षा में विशेष ध्यान देना चाहिए। साथ ही अपने अधिकारों के प्रति भी जागरूक व जगह होने की जरूरत है, ताकि महिला उत्पीड़न व अपराध की घटनाओं में कमी लाई जा सके। इस दौरान बच्चों ने उपयोग से बाहर हो चुके वस्तुओं से तैयार मॉडल की प्रस्तुति की, जिससे कार्यक्रम में मौजूद अतिथि, अभिभावकों के साथ ही शिक्षकों ने जमकर सराहा। इसमें सौर ऊर्जा, जल संरक्षण, महिला सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के साथ ही स्वच्छता पर आधारित मॉडल विशेष केंद्र रहे। इस अवसर पर सउद अहमद, रामाज्ञा तिवारी, अजीत कुमार, रवि मिश्रा, स्वाति, दीपा मौर्या, ममता यादव, विजय कुमार, हशमुद्दीन, राजेश यादव आदि उपस्थित रहे।

बॉलीवुड न्यूज

महिला दिवस पर दर्शकों का दिल जीतने को तैयार रूपल पटेल

मुंबई। जब दो सशक्त महिलाएं साथ आती हैं, तो वे एक अविस्मरणीय कहानी रचती हैं! कोकिला बेन के किरदार में दर्शकों का दिल जीतने वाली रूपल पटेल इस महिला दिवस पर एक और मजबूत महिला का स्वागत करने के लिए तैयार हैं जो सन नियो के नए शो रिश्तों से बंधी गौरी में गौरी का मुख्य किरदार निभा रही हैं। इशा पाठक और रूपल पटेल इन दोनों ने एक खास प्रोमो के लिए साथ शूट किया, जो दर्शकों के लिए एक खास और यादगार पल बन गया। गौरी का स्वागत करते हुए और उन्हें आशीर्वाद देते हुए अनुभवी अभिनेत्री रूपल पटेल कहती हैं,"मुझे यह खुशखबरी आप सभी के साथ साझा करते हुए बहुत खुशी हो रही है। पहली बार मैं सन नियो के साथ एक खास प्रोजेक्ट लेकर आ रही हूँ, जिसका नाम है रिश्तों से बंधी गौरी। पूरे दिल से, मैं आपको गौरी से मिलवा रही हूँ। जिस तरह आपने मुझे हमेशा प्यार और समर्थन दिया है, उसी तरह अब मैं आपसे अनुरोध करती हूँ कि गौरी को भी अपने जीवन में अपनाएँ। उसे अपने दिल में जगह दें, अपने घर की बेटी और बहू बनाएँ। उसे अपना आशीर्वाद और प्यार दें और उसे खुले दिल से स्वीकार करें। महिला सशक्तिकरण पर बात करते हुए रूपल पटेल आगे कहती हैं, "इस खास महिला दिवस के अवसर पर, मैं सिर्फ इतना कहना चाहती हूँ कि मुझे एक महिला होने पर गर्व है जो एक बेटी, एक माँ, एक पत्नी और एक बहू है। इन सभी रिश्तों में प्यार, सम्मान और गरिमा होती है। मेरी ओर से उन सभी अद्भुत महिलाओं को दिल से शुभकामनाएँ–आप अपने साहस और गरिमा से अपने परिवार, समाज और देश को ऐसे ही आगे बढ़ाती रहें।" गौरी को सीख देते हुए वे कहती हैं,"मेरा गौरी के लिए एक ही संदेश है प्यार से आगे बढ़ो, अपने दिल और बाहें खोलो और लोगों से स्नेह और सकारात्मकता के साथ जुड़ो। जो प्रेम और आशीर्वाद तुम दूसरों को दोगी, वह हमेशा लौटकर तुम्हारे पास आएगा। अपने परिवार के साथ हर कठिन घड़ी में खड़ी रहो और वे हमेशा तुम्हारे साथ खड़े रहेंगे।

अनुपमा में नया मोड़, राघव की एंट्री से बढ़ेगा रोमांच



मुंबई। स्टार प्लस का पॉपुलर शो अनुपमा टीआरपी चार्ट्स पर लगातार राज कर रहा है। अपनी इमोशनल कहानी और दमदार परफॉर्मेंस से यह शो दर्कों का दिल जीत रहा है। रूपाली गांगुली जहां अनुपमा के किरदार में जबरदस्त अभिनय कर रही हैं, वहीं अद्रिजा रॉय (राही) और शिवम खजुरिया (प्रेम) भी अपनी एक्टिंग से खूब प्रभावित कर रहे हैं। अब शो में एक नया मोड़ आने वाला है, जहां एक दमदार कैरेक्टर की एंट्री होगी। मनीष गोयल शो में राघव के किरदार में नजर आएंगे, जो कहानी में नया ट्विस्ट और सस्पेंस जोड़ने वाले हैं। हाल ही में आए प्रोमो में दिखाया गया कि अनुपमा को सेंट्रल जेल बुलाया जाता है, जहां उसे कैदियों की ज़िंदगी बदलने और डांस के जरिए उन्हें नया मकसद देने का मौका मिलता है। इसी बीच उसकी नजर राघव (मनीष गोयल) पर पड़ती है, जो माउथ ऑर्गन बजा रहा होता है। उसकी ये अदा अनुपमा का ध्यान खींच लेती है। उनकी पहली मुलाकात चौंकाने वाली होती है, जहां अनुपमा कुछ देर के लिए हक्की- बक्की रह जाती है। अब आगे देखना दिलचस्प होगा कि राघव का बीता हुआ कल अनुपमा की ज़िंदगी में कौन-सी नई मुश्किलें लेकर आएगा। क्या अनुपमा उसकी ज़िंदगी में कोई बदलाव ला पाएगी या खुद किसी नई उलझन में फंस जाएगी?

जमुरखा में चोरों ने सोने चांदी के आभूषण को चुराये

कमालपुर। धीना थाना क्षेत्र के जमुरखा गांव में शुक्रवार की रात्रि में चोरों ने शादी में गए घर को निशाना बनाया। चोरों ने हजारों रुपए मूल्य के आभूषण पर हाथ साफ कर दिया। शनिवार को दोपहर में जब परिजन घर पहुंचे तो दरवाजे का लॉक टूटा देखकर सन्न रह गए। घटना की सूचना 112 नंबर व चौकी कमालपुर को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने चोरी की जानकारी ली व अगली कार्यवाही में जूट गई। बताते हैं कि लखइपुर निवासी नन्दलाल यादव बलिया जिले के रसड़ा थाना अन्तर्गत सौरा चौकी पर दीवान हैं। पत्नी जमुरखा में शिक्षा मित्र हैं। पत्नी बच्चों के साथ जमुरखा स्थित न्यू कॉलोनी में रहती हैं। सात मार्च को गांव लखइपुर में शादी थी। घर का दरवाजा लॉककर गांव चली गईं। इधर रात में परिजनों की अनुपस्थिति में चोरों ने अच्छी तरह दरवाजे के लॉक को तोड़कर घर में रखे आलमारी आदि को तोड़कर सोने का झुमका, कान की सुई धागा, पायल चांदी का पांच थान, सोने की नथुनी, सोने का कील, कपड़ा वगैरह साथ ही इन्वर्टर बैट्री आदि पर हाथ साफ कर दिया। 112 नम्बर डायल कर चोरी की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर 112 सहित चौकी प्रभारी कमालपुर सतीश प्रकाश ने मौका मुआयना किया।

नगर पंचायत कजगांव द्वारा कूड़े-कचरों को फेंकने के लिए जगह-जगह डस्टबिन रखवाया गया लेकिन उलट कर रखा गया डस्टबिन रास्ते से गुजरने वाले लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। नगरवासियों ने बताया कि यह डस्टबिन काफी दिनों से उलट कर रखा गया है।

जौनपुर नगर

होली और रमजान के चलते बाजार हुए गुलजार

उत्साह

पापड़, चिप्स, खजूर, सेवईं की दुकानों पर देर रात तक लोग कर रहे खरीदारी

रमजान, होली, ईद के कारण दुकानदार कम नहीं होने दे रहे स्टाक

एक से बढ़कर एक पिचकारी, रंग, गुलाल से बढ़ रही बाजार की रौनक

जनसंदेश टाइम्स

जौनपुर। होली का त्योहार करीब आते ही बाजारों में रौनक बढ़ रही है वहीं रमजान का महीना भी शुरू हो गया है जिससे बाजार में दोगुनी भीड़ देखने को मिल रही है। अपने-अपने त्योहारों से सम्बन्धित सामानों की खरीदारी करते हुए लोग देखे जा सकते हैं। पिचकारी, अबीर-गुलाल और रंगों की दुकानें सज चुकी है। इस बार होली में रंग-बिरंगी पिचकारियां बच्चों को अपनी ओर लुभाएंगी। 10-20 रुपये से लेकर 500 रुपये तक की पिचकारियां बाजार में बिक्री को उपलब्ध हैं। पापड़, चिप्स की दुकानों पर भी अच्छी खासी रौनक देखी जा रही है क्योंकि इफ्तार में भी पापड़ का सेवन किया जाता है। एक से बढ़कर एक मिष्ठानों, कपड़ों की दुकानें चमक रही हैं।

पिछले एक हफ्ते से रमजान का महीना चल रहा है वहीं होली का त्योहार भी अब करीब है। ऐसे में शहर के बाजार भी होली के रंग में रंग चुके है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के बाजारों में होली का उत्साह दिख रहा है। दुकानों पर पिचकारी, अबीर-गुलाल और रंगों की विभिन्न वैरायटी उपलब्ध है, जो लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। रंग-बिरंगी पिचकारियां बच्चों को बहुत पसन्द आ रही है। रंग-बिरंगे मास्क भी बच्चे खरीद रहे हैं। सहरी और इफ्तार के सामान भी लोग खरीदते हुए देखे जा रहे हैं। दूध, ब्रेड, खजूर, सेवईं की दुकानों पर खरीदारी बढ़ रही है। घरों में भी होली की तैयारियां शुरू हो गई है। होली के नजदीक आते ही घर की महिलाओं ने भी जोर शोर से तैयारियां शुरू कर दिया है। एक से बढ़कर एक चिप्स, गुजिया और पापड़ बनाए जा रहे है। होली पर कई स्पेशल पकवान बनाने की भी तैयारी महिलाएं कर रही हैं। मुस्लिम घरों में भी इफ्तार के समय एक से बढ़कर एक पकवान बनाए जाते हैं। इफ्तार के समय घरों में सेवईं, दही बड़ा, चाट, फुल्की सहित अन्य सामान बनाए जा रहे हैं।

फल-फ्रूट भी इफ्तार के समय लोग खा रहे हैं जिसकी वजह से फलों के दामों में भी उछाल देखने को मिल रहा है। उधर मिठाई की दुकानों पर गुझिया और नमकीन की बिक्री भी तेजी से बढ़ी है। हालांकि गत वर्षों के मुकाबले इस बार रंग-गुलाल व मिठाई के दामों में तेजी आई है। इस बार होली को लेकर बाजार में खासा उत्साह है। नगर के प्रमुख बाजारों में होली और रमजान से सम्बन्धित दुकानें सज गई है। मोहल्लों में भी रंग, गुलाल और पिचकारियों से सजी दुकानें आकर्षण का केंद्र बनी है। पालिटेक्निक चौराहा, आलंदगंज, चहारसू चौराहा, कोतवाली चौराहा, नवाब यूसुफ रोड, अटाला, सब्जी मण्डी सहित विभिन्न क्षेत्रों में होली और रमजान पर सजी दुकानें ग्राहकों को आकर्षित कर रही है। इस बार मुखौटे भी दुकानों पर सजे हैं। होली खेलने को लेकर टोपी, टी-शर्ट, पगड़ी, कुर्ता पायजामा समेत अन्य वस्तुएं भी बड़ी संख्या में मौजूद है। बाजार में रंग व गुलाल के पैकेट 10 से 50 रुपये तक बिक रहे हैं। क्षेत्रों में मिठाई की दुकानों पर होली पर्व पर गुझिया, सुहाली, पकवान व नमकीन आइटमों की बिक्री बढ़ने की उम्मीद है। गुलाल बेचने वाले दुकानदारों ने अपनी दुकानें पहले से ज्यादा सजा ली हैं। रमजान का महीना होने के कारण मुस्लिम मोहल्लों देर रात तक खाने पीने के सामानों की बिक्री हो रही है। रमजान के महीने में ही लोग ईद की खरीदारी में भी जुट जाते हैं। जिसकी वजह से कपड़े की दुकानों पर एक से बढ़कर एक कुर्ता-पायजामा की बिक्री हो रही है। महिलाओं से सम्बन्धित कपड़े जूते-चप्पलों की दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ बढ़ रही है।

रमजान के चलते फलों की बिक्री में उछाल

जौनपुर। रमजान और होली के चलते बाजार में पहले से अधिक भीड़ हो रही लेकिन अब रमजान की रंगत से सेब, अंगूर के दामों में हल्की तेजी देखी जा रही है जो 10 से 20 रुपये प्रति किलो महंगें हो गए हैं। इफ्तार और सहरी के लिए लोगों की भीड़ दुकानों पर उमड़ रही है। खजूर, बेकरी उत्पाद, बिस्कुट और शर्बत की दुकानों पर खूब चहल-पहल हो रही है। इस बार अलग-अलग किस्मों के खजूर बाजार में हैं। सहरी और इफ्तार में लोग टोस्ट, बन, पाव, ब्रेड और बिस्कुट पसंद करते हैं। इस बार बेकरी की दुकानों पर खासतौर पर दूध और मक्खन वाले बिस्कुट, रस्क की बिक्री बढ़ गई है।

पिचकारी बनी बच्चों की पहली पसंद

जौनपुर। रंगों के पर्व होली में बच्चों में पिचकारी की डिमांड ज्यादा होती है। इसलिए दुकानदारों ने इस बार रंग बिरंगी पिचकारियों से दुकानों को सजा दिया है। बच्चों में कार्टून कैरेक्टर्स का ज्यादा क्रेज है। मोटू और पतलू, ऑगी एण्ड कॉक्रोचेस, छोटा भीम, नोबिता, डोरेमोन, शॉन द शीप, निन्जा हथौड़ी सहित कई तरह के कार्टून कैरेक्टर्स के पिचकारी उपलब्ध है। इसके अलावा पानी टैंक के डिजाइन वाली पिचकारी भी काफी पसंद की जा रही है वहीं बन्दूक वाली पिचकारी की भी बच्चे डिमांड कर रहे हैं।

शादी का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

कामयाबी

महिला समेत दो गिरफ्तार अन्य की तलाश जारी

जनसंदेश टाइम्स

खेतासराय। स्थानीय पुलिस टीम ने शनिवार को शादी का झांसा देकर ठगी करने के मामले का भंडाफोड़ करते हुए एक महिला समेत दो को गिरफ्तार कर लिया तथा थाने लाकर विधिक कार्यवाही करते हुए चालान न्यायालय भेज दिया।

थानाध्यक्ष रामाश्रय राय ने बताया कि राजस्थान के झुंझुनू जिला के खेतड़ी तहसील के मेहाड़ा थाना क्षेत्र के डाडा फतेहपुर गांव निवासी पृथ्वी सिंह पुत्र प्रहलाद सिंह ने लिखित सूचना के माध्यम से क्षेत्र के ललई पुत्र शिवचरण निवासी सन्दहा थाना सरायख्वाजा, बजंरगी पुत्र नंदलाल निवासी मलहज, शाहगंज, बृजेश व एक महिला कामिनी पत्नी अमरजीत निवासी मोहमदाबाद खेतासराय के विरूद्ध तहरीर दिया था। आरोप है कि महिला अपने आपको को लड़की की चाची बताकर लड़के की शादी कराने की बात बतायी गयी और प्रार्थी को खेतासराय बुलाया गया जिससे मोटी रकम ठगकर फरार हो गए। सूचना के आधार पर पुलिस अभियोग दर्ज कर मामले की छानबीन में जुटी रही। इसी बीच पुलिस बल द्वारा अभियुक्त ललई पुत्र शिवचरन व कामिनी पत्नी अमरजीत को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष श्री राय ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त पूछताछ में बताया कि हम लोगों का एक सक्रिय गिरोह है जो राजस्थान, मध्यप्रदेश व पश्चिम के लोगों से सम्पर्क स्थापित कर शादी के लिये बुलाया जाता है फिर उनको विश्वास में लेकर लड़की का फोटो दिखाकर शादी, बारात के लिए एडवांस में मोटी रकम ली जाती है फिर गायब हो जाते थे। जिसके दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाई करते हुए चालान न्यायालय भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि मामले कि गहनता से जाँच की जा रही है कि इनका तार कहां से जुड़ा है, गिरोह में शामिल अन्य की तलाश की जा रही है जल्द ही सलाखों के पीछे होंगे।

डीएम ने सीएचसी का किया औचक निरीक्षण

जनसंदेश टाइम्स

बदलापुर। शनिवार को जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान वे सबसे पहले सीएचसी अधीक्षक डॉ. संजय दूबे के ओपीडी कक्ष में पहुचें और रजिस्टर चेक करते हुए दवाइयों के बारे में जानकारी ली। फिर वहां से डॉ. गौरव सिंह के परामर्श कक्ष में पहुंचकर उनसे पूछताछ की।

इस दौरान एसडीएम डॉ. योगिता सिंह भी मौके पर पहुंच गई फिर उन्होंने अन्य डॉक्टर के चिकित्सकीय कक्ष और जांच लैब में पहुंच कर अस्पताल में होने वाली जांच के बारे में एलटी संतलाल से जानकारी ली। फिर वहां से एक्सरे कक्ष पहुचें जिसे देख नाराजगी व्यक्त करते हुए डॉक्टरों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके उपरांत डीएम ने मौजूद मरीजों से पूछा कि क्या अस्पताल के डॉक्टर बाहर की दवाइयां लिखते हैं। जिस पर मरीजों ने जवाब दिया कि बाहर से दवाइयाँ नहीं लिखी जाती है अस्पताल में मरीजों को उचित इलाज मिल रहा है।

संक्षेप

किशोरी को भगा ले गए बाइक सवार युवक

जफराबाद। क्षेत्र के एक गांव में रात के समय अपनी बहन के साथ शौच के लिये निकली किशोरी को गांव के ही दो लड़के अपनी बाईक पर बैठाकर भगा ले गये। अगले दिन उक्त लड़कों द्वारा किशोरी को घर के समीप सड़क पर लाकर छोड़ दिया गया। किशोरी की मां ने उक्त के सम्बन्ध में जफराबाद थाने पर अपनी रिपोर्ट दर्ज करवायी है। बीते मंगलवार की रात्रि क्षेत्र के एक गांव की किशोरी अपनी बहन के साथ शौच करने के लिये घर से बाहर रोड की तरफ गयी थी। वहां पहले से मौजूद किशोरी के गांव के ही एक युवक के साथ एक अन्य युवक जो कि अगरौरा थाना बक्सा का निवासी है दोनो ने किशोरी को अपनी बाइक पर बैठाकर भगा ले गये। किशोरी की मां ने थाने पर दी हुई तहरीर में आरोप लगाया है कि उसकी 16 वर्षीया पुत्री को उक्त दोनों युवकों ने गांव के ही एक दम्पति के इशारे पर बुधवार की रात्रि भगा ले गये और एक दिन बाद गांव की ही सड़क पर किशोरी को लाकर छोड़ दिया। तहरीर प्राप्त होने पर पुलिस कार्यवाही में जुट गयी है।

जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट

जफराबाद। जलालपुर स्थानीय थाना क्षेत्र के इजरी गांव के कोड़री हरिजन बस्ती में शनिवार की सुबह में एक आबादी की जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई जिसमें एक पक्ष के मां बेटे व बेटी घायल हो गये। जानकारी के अनुसार ओमप्रकाश गौतम निवासी कोड़री का अपने पड़ोसी तिलकधारी व शम्भू व अन्य के साथ काफी दिनों से आबादी की जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। शनिवार की सुबह में आबादी की जमीन में नाद रखने को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई जो मारपीट में तब्दील हो गई जिसमें एक पक्ष के रीतू राज उम्र 22 वर्ष पुत्र ओमप्रकाश, निर्मला उम्र 45 वर्ष पत्नी ओमप्रकाश, वर्षा उम्र 21 वर्ष पुत्री ओमप्रकाश, सत्य प्रकाश उम्र 35 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गये। वहीं मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने सभी घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेहटी के लिए भेज दिया। मामले को संज्ञान में लेकर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली पहुंच किया निरीक्षण

मड़ियाहूं। शनिवार को कोतवाली परिसर में आयोजित थाना समाधान दिवस पर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ ने पहुंचकर थाना दिवस व अभिलेखों के निरीक्षण के क्रम में उन्होंने त्यौहार रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, जनसुनवाई रजिस्टर आदि अभिलेखो व भवन, टॉयलेट, भोजनालय, आरो वॉटर आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलेखों के रखरखाव को ठीक करने व थाने आने वाले फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए त्वरित निस्तारण का निर्देश दिया। इस दौरान समाधान दिवस में कुल 3 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें 1 पुलिस तथा 2 राजस्व से संबंधित थे। एक का भी निस्तारण नहीं हो सका। इस दौरान पुलिस तथा राजस्व कर्मचारी मौजूद रहे।

एक दिन की बीएसए बनी दीपिका विश्वकर्मा

जौनपुर। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बीएसए कार्यालय में दीपिका विश्वकर्मा कक्षा-5, कम्पोजिट विद्यालय तारा (उमरी) मुफ्तीगंज को एक दिन के लिऐ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बनाया गया। यह दिवस विशेष कर महिलाओं के प्रति सम्मान, प्रशंसा व प्रेम प्रकट करते हुए महिलाओं के आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों एवं कठिनाइयों की सापेक्षता के उपलक्ष्य में उत्सव के रूप में मनाया जाता है। बीएसए डॉ. गोरखनाथ पटेल ने छात्रा को एक दिन के लिए बीएसए बनने पर शुभकामनाएं दी। कंपोजिट विद्यालय तारा उमरी की छात्रा दीपिका विश्वकर्मा ने बेसिक शिक्षा अधिकारी बनकर विभागीय कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दिया। दीपिका विश्वकर्मा ने कार्यों की समीक्षा की और जानकारी प्राप्त की। दीपिका ने अपने प्रभावी प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। जिलाधिकारी दिनेश चंद्र छात्रा की प्रतिभा से मंत्र मुग्ध हुए और छात्रा के लिए 11000 धनराशि फिक्स करने की बात कही जिसका प्रयोग वह 18 वर्ष पूर्ण होने पर कर सकेगी। बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल ने दीपिका को इनाम स्वरूप 5100 रुपए की धनराशि प्रदान की। दीपिका विश्वकर्मा ने सभी को महिला दिवस की शुभकामनाएं दी और कहा कि वह भविष्य में पढ़ लिख कर अपने माता पिता का नाम रौशन करना चाहती है। उसने कहा कि आज बेसिक शिक्षा अधिकारी की कुर्सी पर बैठकर मुझे बहुत ही गर्व महसूस हो रहा है। मैं सभी बहनों से अपेक्षा करती हूं कि वह भी पढ़ लिखकर अच्छे पदों पर आसीन होकर समाज, देश व महिलाओं और बच्चों की सेवा करें, जिससे हमारा देश आत्मनिर्भर बन सकें।

लगातार हो रही चोरियां, पुलिस नहीं कर पा रही खुलासा

खुटहन। क्षेत्र के विभिन्न गांवों में दो माह के भीतर हुई चोरी की दस बड़ी घटनाओं में पुलिस एक का भी खुलासा नहीं कर सकी। यहां तक कि कई घटनाओं में मुकदमा भी दर्ज नहीं किया गया है। इसके अलावा तमाम छोटी मोटी चोरियों की तहरीर तो पीड़ित के द्वारा दी गई लेकिन पुलिस उसे ठंडे बस्ते में डाल आरोपितों तक पहुंचने का प्रयास तक नहीं किया। पीड़ित थक हार कर घर बैठ गये। पहली घटना धमौर तकिया गांव के अंसार अहमद के घर में नगदी समेत लगभग लगभग 1 लाख के गहने चोरों ने पार कर दिया। जगजीवनपट्टी गांव निवासी ऊषा देवी पत्नी स्व. अनिल तिवारी अपनी बहन से मिलने वाराणसी गई थी। वापस लौट कर आईं तो उनके बंद पड़े घर से गहने और नकदी चोर समेत ले गए जिसकी कीमत 3 लाख से अधिक बताई जाती है। रामनगर बाजार में 7 गुमटियों बहादुर निषाद, लालता प्रयास यादव, अच्छेलाल रजक, हंसराज, विनोद गुप्ता, सजनू, रामभुवन शर्मा को तोड़कर नकदी समेत हजारों का सामान समेट ले गए थे। इसी प्रकार पिलकिछा ग्रामसभा के नकवी पुरवा निवासी नरेंद्र सिंह पुत्र चंद्रिका सिंह के घर से नकदी समेत लगभग 15 लाख की जेवर चोरों ने पार कर दिया था। खुटहन गांव के बड़ेलाल और अनिल यादव के घर से एक ही रात अज्ञात चोर नकदी समेत लगभग पांच लाख के जेवर चोरी कर लिए। इसी तरह पटैला निवासी अजय उर्फ गुड्डू अग्रहरि के बंद घर से नकदी समेत 3 लाख के गहने चोरों ने उड़ा दिया। स्वजन विंध्याचल दर्शन को गए थे। मौका पाकर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। प्राथमिक विद्यालय सधनपुर से बैटरी इनवर्टर एमडीएम बर्तनों समेत हजारों का समान पार कर दिया। असरफगढ़ औघड़ बाबा मंदिर से लगभग 2 क्विंटल भार के दर्जनों घंटे और नकदी पार कर दिया। जिसकी जानकारी मंदिर के पुजारी राजेंद्र महाराज को दूसरे दिन हुई। शेरपुर गांव के केशरी हनुमान जी के मंदिर से चांदी का छत और मुकुट चोर उठा ले गए। पुजारी परमेंद्र तिवारी को घटना की जानकारी दूसरे दिन सुबह हुई। उक्त सभी घटनाओं की तहरीर के बाद छानबीन के नाम पर दो चार दिन भागदौड़ के बाद मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया।

लोक जन सेवा फाउंडेशन परिवार ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

जौनपुर। लोक जनसेवा फाउंडेशन ट्रस्ट परिवार ने शनिवार को ओलन्दगंज नखास मोहल्ले में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गरीब महिलाओं के साथ खुशियां मनाई। साथ ही साथ संस्था ने इस मौके पर महिलाओं को उनके जरूरत के सामान भी वितरित।

संस्था के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष अक्षय कुमार गुप्ता ने बताया कि यह संस्था सदैव गरीब महिलाओं के आत्म सम्मान के लिए कार्य करती आ रही है। संस्था के अध्यक्ष ने बताया कि संस्था अब गरीब महिला को संस्था द्वारा सिलाई सेंटर, ब्यूटी पार्लर के साथ साथ महिला उद्योग के सम्बंधित रोजगार भी मुहैया करायेगी जिनमें सभी गृहिणी महिला को संस्था परीक्षण देकर उन सभी को आत्मनिर्भर बनाएगी।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर संस्था की संरक्षक गीता सिंह ने गरीब महिलाओं की दिनचर्या के बारे में जाना। इस मौके पर संस्था के पदाधिकारी सतीश कुमार निषाद, सत्यम प्रजापति, सिद्धार्थ गुप्ता, निखिल, अनुराग निषाद अन्य संस्था के सदस्य मौजूद रहे।

मातृशक्ति को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस : अजय सिंह

आयोजन

उत्कृष्ट कार्य करने वाली मातृशक्तियों को प्रमुख प्रतिनिधि ने किया सम्मानित

जनसंदेश टाइम्स

खेतासराय। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर कार्यक्रम का आयोजन कर महिला दिवस मनाया गया। जिसके क्रम में विकास खण्ड शाहगंज सोंधी के सभागार में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य करने वाली।

मातृशक्ति को ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अजय सिंह ने प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। जिसमें पंचायत सहायक, बी.सी. सखी, बैंक सखी, समूह सखी के साथ समूह की महिलाएं शामिल रही। कार्यक्रम में बी.एम.एम. संदीप द्विवेदी, रवींद्र कुमार, अरुण कुमार, कमलाकांत, विजय कुमार यादव, रहमान मन्नू, समेत आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बी.सी. कमलाकांत ने किया। वही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोंधी पर शनिवार को एक प्रभातफेरी निकाली गयी जो खेतासराय चौराहे पर जाकर सम्पन्न हो गयी। रैली में महिला दिवस का यही पैगाम नारी का हो सदा सम्मान, इस सृष्टि की शान है नारी जगत जननी महान है नारी, हम सबकी यही पुकार नारी का हो सदा सम्मान आदि तख्ती पर लिखे नारों को लगाते हुए कतारबद्ध होकर महिलाएं चल रही थी।

रैली सम्पन्न होने के पश्चात एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें डॉक्टर समरीन सहला ने कहा कि महिलाएं आज पुरुषों से किसी कार्य में पीछे नहीं है, महिलाएं देश को आगे बढ़ाने में विशेष योगदान दे रही है, विज्ञान, शिक्षा, स्वास्थ्य व व्यवसाय के क्षेत्र में नारी सशक्त हो चुकी है। अब महिलाओं के साथ किसी प्रकार का शोषण या अत्याचार नहीं होना चाहिए। वही कार्यक्रम में डॉक्टर फिरदौसिया ने कहा कि बिना महिला के परिवार की कल्पना नहीं की जा सकती है। आज महिलाएं न होती तो सृष्टि की कल्पना नहीं की जा सकती, इसीलिए सभी को महिला का सम्मान करना चाहिए। इस दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर सूर्य प्रकाश यादव, डॉ. मसूद अहमद खान, डॉक्टर फैजान अंसारी, अवधेश कुमार तिवारी, रश्मि सेठ, विनीता, राधेश्याम टण्डन समेत राहुल, अंकुर श्रीवास्तव, सुजीत मौर्य आदि लोग उपस्थित रहे।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के तहत लगाया गया रासेयो का एक दिवसीय शिविर

जनसंदेश टाइम्स

जौनपुर। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर तिलकधारी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का एक दिवसीय शिविर लगाया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से एनएसएस के स्वयंसेवक समाज में महिला सशक्तिकरण के लिए मिसाल बने, इस उद्देश्य से महिला सशक्तिकरण के संबंध में उन्हें जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में टीडी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने स्वयं सेवकों को अनुशासन के महत्व को बताया तथा निरंतर आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बालमुकुंद सेठ ने स्वयं सेवकों को महिला सशक्तिकरण के महत्व को बताया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रशांत त्रिवेदी ने स्वयंसेवकों के राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व को बताया और इसके द्वारा कैसे समाज और राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है, इस पर प्रकाश डाला। इस एक दिवसीय कैंप में कॉलेज के सातों यूनिट के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बालमुकुंद सेठ, डॉ. प्रशांत त्रिवेदी, डॉ. विजयलक्ष्मी, डॉ. विजय लक्ष्मी सिंह, डॉ. अनुराग चौधरी, डॉ. आशा रानी और डॉ. राजेंद्र गुप्ता उपस्थित रहे।

महाविद्यालय के प्राचार्य कैप्टन (प्रो.) ओम प्रकाश सिंह ने छात्र एवं छात्रों को अनुशासन में रहते हुए एनएसएस के कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया और उन्हें अपने आशीर्वाद भी दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर डॉ. विजय सिंह, प्रो. हिमांशु सिंह, फुफुक्ता के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. राहुल सिंह, अध्यक्ष शिक्षक संघ वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने अपनी गरिमामयी उपस्थित से कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग और आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बालमुकुंद सेठ ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रशांत त्रिवेदी ने किया।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर गोष्ठी का हुआ आयोजन

पराऊगंज। कुटीर पीजी कॉलेज चक्के में राष्ट्रीय सेवा योजना तथा रोवर रेंजर्स एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर गोष्ठी का आयोजन हुआ। गोष्ठी में अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य प्रोफेसर राघवेंद्र कुमार पाण्डेय ने कहा कि समाज मे महिलाओं की भूमिका और योगदान को मान्यता देना और उन्हें समाज में सम्मान और प्रतिष्ठा प्रदान करना ही दिवस की सार्थकता होगी। वाचस्पति त्रिपाठी आईयूएससी ने लैंगिक समानता के लिए सामाजिक एवं शैक्षिक प्रयास पर प्रकाश डाला। डा. सीबी पाठक विभाग प्रभारी शिक्षा संकाय तथा डा. नीता तिवारी संयोजक महिला जागरूकता प्रकोष्ठ ने आसपास तथा अंतरराष्ट्रीय देशों में महिलाओं के सकारात्मक कार्यों से समाज में हो रही बदलाव एवं उत्थान को साझा किया। छात्रों ने दहेज प्रथा एवं द्रोपदी चीर हरण पर नाटक तथा भाषण प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर डॉ. पूनम सिंह, अनामिका शुक्ल, रागिनी, अनुपमा, पूजा, शीला, डा. अनुज शुक्ल, डा. विनय कुमार पाठक, आलोक कुमार प्रजापति रोवर्स प्रभारी डॉ. रंजीत राही, डा. मुकेश डा. शैलेन्द्र, वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. एनपी मिश्र, डॉ. संजय यादव, अखिलेश राकेश, कृष्ण कुमार मिश्र समेत छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डा. प्रियंका उपाध्याय रेंजर्स प्रभारी ने किया। आभार ज्ञापन डॉ. वंदना मिश्र ने किया।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं का किया सम्मान

आयोजन

बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित किया गया जनपद स्तरीय कार्यक्रम

जनसंदेश न्यूज

प्रा. वि. कुशीयरा की शिक्षामित्र सरिता यादव और शिक्षिका पूनम को सम्मानित करते बीईओ यशवंत सिंह

ज्ञानपुर। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा जनपद स्तरीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी शिवाकांत द्विवेदी द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में ही मुख्य विकास अधिकारी द्वारा वैदिक मंत्रो के साथ 51 कन्याओं का पूजन किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी महिला कल्याण विभाग सहित जनपद की समस्त विभाग की महिला कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम का आरंभ करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने महिलाओं की सुरक्षा संरक्षण और उनके सशक्तिकरण को समाज की जरूरत के रूप में रेखांकित किया। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह ने महिला शिक्षा की महत्ता और समाज में उसके प्रभाव पर अपने विचार व्यक्त किये।

प्रभारी महिला थाना ज्ञानपुर सीमा सिंह ने महिलाओं को इस अवसर पर जागरुक किया। इस अवसर पर डिटॉल इंडिया ने स्वच्छता का महत्व समझते हुए विद्यालयों में विशेष योगदान करने वाली 25 महिला शिक्षकों को सम्मानित किया। जनपद स्तरीय कार्यक्रम में पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आंगनवाड़ी विभाग एवं शिक्षा विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 150 महिला कर्मचारियों का सम्मान मंच पर किया गया। पुरस्कार पाने के पश्चात सभी महिलाएं अभिभूत दिखाई दी और उन्होंने सतत बेहतरीन कार्यों के निष्पादन का वचन भी लिया।

साइबर फ्रॉड के शिकार चार पीड़ितों के खाते में पुलिस ने धनराशि को कराया वापस

भदोही। लखनो ज्ञानपुर निवासी मो. माजिद से आनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर सात लाख छियासठ हजार आठ सौ अस्सी रुपए का फ्रॉड किया गया था, जिसमें से 1,52,231 रुपए पीड़ित के बैंक खाता में वापस कराया गया है। रईस अहमद निवासी घोसिया थाना औराई से आनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर 29,56,331 रुपए का फ्रॉड किया गया था, जिसमें 3,82,000 रुपए पीड़ित के बैंक खाता में वापस कराया गया है।

अन्य एनसीआरपी शिकायतकर्ता इशतियाक अहमद खान निवासी चौरी रोड भदोही से जमीन खरीददारी के नाम पर 1,50,000 रुपए का फ्रॉड किया गया था। जिसमें 50,000 रुपए पीड़ित के बैंक खाता में वापस कराया गया तथा आवेदिका नसीम फतिमा निवासी चौरी रोड भदोही का 1,00,685 रुपए बिजनेस के नाम पर फ्रॉड किया गया। जिसमें पीड़िता का कुल 1,00685 रुपए वापस कराया गया है। साइबर क्राइम पुलिस थाना द्वारा उक्त मुकदमें तथा प्रार्थना पत्र का अवलोकन कर त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना बृजेश सिंह, का. कन्हैया कुमार सिंह एवं म. का. शालिनी सिंह द्वारा कुल छः लाख चौरासी हजार नौ सौ सोलह रुपए धनराशि को पीड़ितों के खाते में वापस कराया गया। पीडितों द्वारा अपने खाते से गयी धनराशि को वापस पाकर पुलिस अधीक्षक भदोही व साइबर क्राइम पुलिस थाना टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भदोही पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

साइबर फ्रॉड के बचने के लिए सावधानिया

साइबर फ्रॉड होते ही तत्काल 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करें। किसी अन्जान व्यक्ति के कहने पर कोई एप डाउनलोड़ न करें। वर्क फ्राम होम, शेयर ट्रेडिंग करने से पहले सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त कर ही उपयोग करें। किसी अनजान व्यक्ति के द्वारा पैसो की मांग किये जाने पर अच्छे से जाँच ले एवं अपने खाते का बैलेंस चेक कर ले, किसी के बहकावे में न आये।अज्ञात व्यक्ति या अज्ञात मोबाइल नम्बर द्वारा भेजी गयी लिंक को क्लिक न करें।

संक्षेप

आज सात घंटे बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

भदोही। बिजली विभाग द्वारा आरडीएसएस के अंतर्गत 132 केवी फत्तूपुर से निकलने वाले 33 केवी सुरियावां फीडर पर मिड स्पैन पोल लगाने एवं तार बदलने का कार्य किया जाएगा। उपखंड अधिकारी सुरियावां राजेश जायसवाल ने बताया कि शटडाउन से 33 केवी सुरियावां से चलने वाले तीन उपकेंद्र मोढ़, करियाव एवं सुरियावां उपकेंद्र की विद्युत सप्लाई आज 9 मार्च को सुबह दस बजे से शाम पाँच बजे तक बाधित रहेगी। उपखंड अधिकारी राजेश जायसवाल ने उक्त उपकेंद्र के उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा सुबह दस बजे से पहले ही विद्युत से सम्बंधित कार्य कर लें।

हृदय गति रुकने से पूर्व प्रधान का निधन

गोपीगंज। क्षेत्र के माधोरामपुर के पूर्व प्रधान व पूर्व जिला अध्यक्ष प्रधान संघ सतीश पाठक उम्र 70 का हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। बताया जाता है कि शुक्रवार की रात अचानक उनकी तबीयत ज्यादा बिगड़ गई, परिजन उपचार के लिए वाराणसी ले जा रहे थे कि रास्ते में ही दम तोड़ दिए। उनका शव घर आने पर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल रहा। पूर्व प्रधान के निधन का समाचार सुनते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना पर पूर्व ब्लाक प्रमुख दिनेश सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, अखिलेन्द्र सिंह बघेल, अखिलेश सिंह, कलक्टर सिंह, कन्हैया तिवारी, शेरई सिंह, अजीत सिंह बघेल, गगन गुप्ता, लल्लन मिश्रा, रमाशंकर यादव समेत बड़ी संख्या में लोग माधोरामपुर स्थिति आवास पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त कर श्रद्धा सुमन अर्पित की।

सड़क हादसे मे बाइक सवार दो युवक घायल

गोपीगंज। कठौता मोड़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क दुर्घटना में दो बाइक सवार घायल हो गए।घायलावस्था में दोनों युवकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज ले जाया जा जहाँ पर प्राथमिक उपचार के बाद अन्यत्र रेफर कर दिया गया। बाइक सवार प्रदीप जोशी उम्र 27 वर्ष जगतपट्टी औराई, प्रकाश मौर्या उम्र 29 वर्ष भीटी प्रयागराज निवासी बाइक सवार दोनों युवक भीटी से गोपीगंज की ओर आ रहे थे कि कठौता मोड़ के पास अचानक आ गए किसी वाहन के टक्कर से बाइक सहित गिर जाने से दोनों घायल हो गए। इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

दो बाइकों की आमने सामने की टक्कर में एक युवक घायल

गोपीगंज। कोतवाली क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग के पहलवानबीर बाबा मंदिर के पास दो बाईकों की आमने सामने की टक्कर में मोहम्मद अमीन 22 पुत्र स्वर्गीय पप्पू मास्टर नामक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि शनिवार को मोहम्मद अमीन पुत्र स्वर्गीय पप्पू मास्टर नई बस्ती गोपीगंज, ओबीटी कंपनी से वापस घर को आ रहा था तभी सामने से आ रहे अनियंत्रित बाईक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे युवक गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे स्थानीय नागरिकों ने तत्काल गोपीगंज स्थित निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया। मौके पर भारी संख्या में परिजन सहित लोग पहुंच गए थे, वही घटना के बाद दूसरा बाईक सवार मौके से भाग निकला।

अनियंत्रित कार दुकान मे घुसी, दो घायल

गोपीगंज। थाना क्षेत्र के कठौता गांव में गिराई दानूपुर मार्ग पर शुक्रवार की रात अनियंत्रित कार राजेन्द्र प्रसाद के दुकान मे घुस गई। दुकान बंद कर दुकानदार खाना खाने घर चला गया था, इसलिए कोई अप्रिय घटना नही हुई, लेकिन दुकान धराशायी हो गया है। घटना मे चालक सहित कार सवार दो लोग घायल हुए हैं। घटना के संबंध में बताया जाता है कि शुक्रवार की रात दानूपुर की ओर से आ रही कार मोड़ पर अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे स्थित चायपान दुकान मे घुस गई। कार के टक्कर से दुकान पूरी तरह धराशायी हो गया। कार मे कुल पांच लोग सवार थे घटना के बाद पीछे बैठे तीन लोग भाग निकले चालक सहित एक अन्य घायल हो गए।

बैग में रखे एक लाख नकद व गहने गायब, मुकदमा

गोपीगंज। थाना क्षेत्र के लालानगर टोल प्लाजा के पास वाहन मे गड़बड़ी बता मैजिक चालक यात्रियो को उतार कर एक महिला यात्री के बैग मे रखा एक लाख नकद व सोने की चैन लेकर भाग जाने वाले वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा कायम कर लिया गया है। नगर के फूलबाग निवासी चिन्तलाल चौहान की पत्नी पुष्पा देवी ने थाने मे तहरीर देकर अवगत कराया कि गुरुवार को सुबह वाराणसी जाने के लिए मैजिक सवारी वाहन मे बैठ गई, जिसमें पहले से कई लोग बैठे थे। लालानगर टोल प्लाजा के पास चालक गड़बड़ी बता कर वाहन रोक दिया। सबको नीचे उतारने के बाद उसके बैग मे रखा एक लाख नकद व सोने की चैन निकाल कर बैग बाहर फेक भाग निकला। जांच के उपरांत पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ संबंधित धारा में मुकदमा कायम कर लिया।

डीसीएम वाहन सहित जर्दा व पान मसाला चोरी करने के दो आरोपी गिरफ्तार

चोरी के माल के साथ पकड़े गए आरोपी और पुलिस टीम

जनसंदेश न्यूज

भदोही। कोइरौना पुलिस ने डीसीएम ट्रक से चोरी किए गए जर्दा और पान मसाले के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मामलें का खुलासा किया।

प्रेस कांफ्रेंस के दौरान एसपी ने बताया कि शुक्रवार को नोएडा के ट्रांसपोर्टर सुजीत सिंह ने कोइरौना थाने में सूचना दिया कि उनकी कम्पनी का चालक कानपुर से पान मसाला व जर्दा लोडकर कोलकाता के लिए निकला था, चालक को तीन मार्च तक कोलकाता पहुंचना था, किंतु उसका मोबाइल नंबर बंद आ रहा है। जीपीएस से वहां का लोकेशन थाना कोईरॉना होने की जानकारी मिल रही है। सूचना पर थाना कोइरौना ने मुकदमा पंजीकृत करते हुए माल बरामद करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विजय सिंह और महेंद्र सिंह के रूप में हुई है। दोनों बेरवा पहाड़पुर के रहने वाले हैं। आरोपियों की निशानदेही पर उनके पंप सेट पर बने कमरे से डीसीएम ट्रक बरामद किया गया। इसके अलावा सफेद बोरियों में रखे 27 बॉक्स जर्दा और 101 बोरी पान मसाला भी मिला। पुलिस को मौके से 48,500 रुपए की नकदी भी मिली, जो माल की बिक्री से प्राप्त हुई थी। बरामद माल और वाहन की कुल कीमत 35 लाख रुपए आंकी गई है।

रंग भरी एकादशी कल, आयोजित होगा महोत्सव

गोपीगंज। फाल्गुन माह एकादशी पर दस मार्च सोमवार को बाबा बड़े शिव धाम, तिलेश्वरनाथ धाम सहित नगर और ग्रामीण क्षेत्र मे स्थित प्रमुख शिव मंदिर और शिवालयों में भव्य श्रृंगार किया जाएगा। रंग बिरंगे सुगंधित पुष्पों विद्युत झालरों से आकर्षक सजावट की जाएगी। इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। बाबा बड़े शिव धाम मे सायंकाल 06 बजे से रंगभरी एकादशी महोत्सव का आयोजन किया गया है, महापर्व पर बाबा बड़े शिव का परम पावन दिव्य स्वरुप का श्रृंगार होने जा रहा है। इस दिन पूरे मंदिर परिसर को विद्युत झालरों से सजाया जाएगा और आकर्षक रंग बिरंगे सुगंधित पुष्पों से श्रृंगार होगा। अबीर गुलाल के द्वारा भक्ति मय माहौल पूर्ण रुप से होलीमय हो जाएगा। मान्यता है कि इस दिन बाबा को अबीर गुलाल लगाने के बाद से ही होली की शुरूआत हो जाती है, बाबा बड़े शिव की महा आरती रात्रि 8:00 बजे उतारी जाएंगी। रंग भरी एकादशी पर नगर और जनपद के शिव भक्तों के आने वाली भीड़ को देखते हुए रामकृष्ण खट्टू नगर पालिका परिषद से विशेष साफ सफाई,पेयजल व पुलिस प्रशासन से पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की गई हैं।

जब अल्लाह की राह में देने की बात आए तो न करें कंजूसीः हाफिज फहद अत्तारी

तरावीह की नमाज मुकम्मल होने पर हाफिज फहद अत्तारी का इस्तकबाल करते नमाजी

जनसंदेश न्यूज

भदोही। मस्जिद आस्ताने औलिया हजरत मीरा शाह रहमतुल्लाह अलैहि में बीती रात तराबीह की नमाज मुकम्मल की गयी। हाफिज फहद अत्तारी ने मुकद्दस कुरान ए पाक के तीस पारों को 6 रमजान में पढ़ कर सुनाया। तरावीह मुकम्मल होने पर नमाजियों ने हाफिज फहद अत्तारी का फूल माला पहनाकर इस्तकबाल किया।

माहे रमजान का चांद दिखते ही सभी मस्जिदों में तराबीह की विशेष नमाज पढ़ी जाती है, जो रमजान के 30 रोजे तक बाद नमाजे एशा पढ़ी जाती है। शुक्रवार की रात तराबीह की नमाज मुकम्मल होने के बाद मस्जिद में तकरीर करते हुए हाफिज फहद अत्तारी ने कहा कि हमें दूसरों की बदनामी करने, लालच करने, पीठ पीछे बुराई करने, झूठ बोलने और झूठी कसम खाने से तौबा करनी चाहिए। जब अल्लाह की राह में देने की बात आए तो कंजूसी नहीं करें, अल्लाह की राह में खर्च करना अफजल है।

जरूरत मंद चाहे वह अन्य धर्म के क्यों ना हो उनकी मदद करनी चाहिए। जकात, सदका, फितरा, खैरात, जरूरतमंदों की मदद करना जरूरी है। कहा कि पूरी कुरान पाक सुनना, सुनाना दोनो सुन्नत है। इस मौके पर दानिश सिद्दीकी, चंदू भाई, अख्तर, मेराज हबीबी उर्फ टीपू, ताबिश अत्तारी, अमन नूर अत्तारी, अफजल अत्तारी, राशिद अत्तारी, वामिक अत्तारी, वकील अहमद, मेराज राइन, सदरुद्दीन बाबा, मुख्तार राइन, अख्तर राइन, समशेर राइन, मोना खान, इरशाद राइन चुन्नी, इश्तियाक राइन आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

चार पहिया वाहन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

करंजाकला। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के लुंबिनी दुद्धी मार्ग पर स्थित जासोपुर गांव के शुक्रवार रात करीब 8 बजे चार पहिया वाहन की चपेट में आने से 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने परिजनो के तहरीर पर शव का पोस्टमार्टम करावाकर विधिक कार्रवाई में जुट गई है। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र की जेठपुरा गांव का निवासी भोला गौतम 45 वर्ष सरायख्वाजा के कुत्तुपुर बाजार में एक बिल्डिंग मटेरियल की दुकान पर काम करता है। रोज की तरह शुक्रवार शाम जब वह अपना काम खत्म कर मोटर साइकिल लेकर घर के लिए निकला इसी दौरान लुंबिनी दुद्धी मार्ग पर स्थित जासोपुर गांव के समीप किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। भोला को सड़क पर घायल अवस्था में देखकर आसपास के लोगों ने तुरंत एंबुलेंस बुलाकर इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने भोला को मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी विनय प्रकाश सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवाकर दिया गया है। विधिक कार्रवाई की जा रही है।

चोरी का एक अभियुक्त गिरफ्तार

मुंगराबादशाहपुर। स्थानीय पुलिस ने चोरी के एक अभियुक्त को शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। क्षेत्राधिकारी मछलीशहर प्रतिमा वर्मा के पर्यवेक्षण में अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा के नेतृत्व मे शनिवार को चोरी करने वाले एक अभियुक्त अंश पाण्डेय पुत्र शत्रुधन पाण्डेय निवासी सकापुर थाना सुजानगंज को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा, उपनिरीक्षक गंगासागर मिश्रा, हे.का. वीरेन्द्र बहादुर, का. राजा भईया शामिल रहे।

जिला विद्यालय निरीक्षक ने परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

सुइथाकला। जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने शनिवार को इंटर की चल रही परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान केन्द्रों पर चल रही शुचिता पूर्ण ढंग से परीक्षा को देख संतुष्ट दिखे। अपने दौरे में उन्होंने क्षेत्र के श्री सालिक राम जायसवाल स्वतंत्रता सेनानी बालिका इंटर कॉलेज सूरापुर, जनता इंटर कालेज अमारी, इन्दिरा स्मा. सर्वोदय इंटर कालेज कटघर रामनगर, इंटर कालेज राम बहाल पाल इंटर कालेज काजीपुर, मो. हुसैन सन इंटर कालेज खानबड़ेपुर आदि परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। शुचिता पूर्वक ढंग से चल रही परीक्षा से संतुष्ट दिखे।

खड़े डंपर में ट्रक ने मारा टक्कर, ड्राइवर व खलासी घायल

जौनपुर। जौनपुर-मिर्जापुर हाईवे पर शनिवार सुबह गंधौना गांव के पास सड़क किनारे खड़ी डंपर में मिर्जापुर की तरफ से आ रही ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर में खलासी और ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि ट्रक ड्राइवर नींद का शिकार हो गया था जिसकी वजह से ट्रक उसके नियंत्रण में न होने के कारण सड़क किनारे खड़े डंपर से जा भिड़ी। टक्कर की तेज आवाज सुन स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए किसी ने जमालापुर चौकी पर फोन कर घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही तत्काल जमालपुर चौकी पर कार्यरत इंस्पेक्टर हीरामणि दुबे अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचकर ड्राइवर और खलासी को सीएससी रामपुर पहुंचवाते हुए सड़क पर लगे वाहनों के भीषण जाम को हटवाते हुए यातायात को सुचारू रूप से चालू कराया।

खिड़की तोड़कर सिंचाई के सामान को चुरा ले गए चोर

करंजाकला। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के मुड़ेला मोमिनापुर में सिंचाई के लिए लगाए गए मशीन के सामान को हौसला बुलंद चोरों ने खिड़की तोड़कर गायब कर दिया। पीड़ित ने सरायख्वाजा थाने पर तहरीर देकर खोजबीन की गुहार लगाई है। मुड़ेला गांव के निवासी श्रीप्रकाश पाठक अपने घर से करीब 1 किलोमीटर दूरी पर मुड़ेला मोमिनापुर गांव में खेत की सिंचाई के लिए एक मकान में पंपी सेट की स्थापना कराई हुई है। रोज की तरह शनिवार सुबह जब वह खेत के देखरेख के लिए मुड़ेला मोमिनापुर गांव पहुंचा तो देखा कि मकान की खिड़की टूटी पड़ी थी। मकान के अंदर जब वह घुसा तो देखा कि मकान के अंदर रखा एक स्टेबलाइजर, 3 मोनोब्लॉक, करीब 10 किलो प्लास्टिक की पाइप समेत अन्य सामान गायब थे। आसपास के लोगों से पूछताछ की लेकिन कुछ पता नहीं चला।

नारी संसार की जननी है, इनके बिना सृष्टि अधूरी : डॉ. सुषमा

मुंगराबादशाहपुर। नारी केवल शक्ति ही नहीं, स्नेह और सहनशीलता की प्रतिमूर्ति है जब एक महिला आगे बढ़ती है तो परिवार, समाज और देश प्रगति करता है। नारी ही संसार की जननी है उसके बिना सृष्टि अधूरी है। सशक्त नारी ही सशक्त समाज की पहचान है। उक्त बातें गांव भैरोपुर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित सौहार्द और बंधुता मंच बैनर तले पूर्व विधायक डॉ. सुषमा पटेल ने मुख्य अतिथि बतौर उपस्थित महिलाओं के बीच कही।उन्होंने कहा कि महिलाएं अब शिक्षा, खेल, चिकित्सा, राजनीति से लेकर सेना समेत भारत के सर्वोत्तम पद तक में सफल भागीदारी निभा रही है।

भाजपा सरकार ने महिलाओं को दिया सबसे ज्यादा सम्मान : दया शंकर दयालु

जनसंदेश टाइम्स

जौनपुर। महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह के अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट स्थित प्रेक्षागृह में बैठक आयोजित हुई। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप आयुष, खाद्य सुरक्षा एव औषधि प्रशासन मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा रागिनी सिंह ने किया।

उक्त अवसर पर महिलाओं का सम्मान करते हुये उपस्थित महिलाओं को सम्बोधित करते हुये दयाशंकर मिश्र ने कहा कि भाजपा सरकार ने पिछली सरकारों की तुलना में महिलाओं को अधिक सम्मान दिया है। भाजपा की सरकार महिलाओं की सुरक्षा व सशक्तीकरण के लिए समर्पित है महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं जिसका लाभ उन्हें मिल रहा है। विधायक बदलापुर रमेश मिश्र ने कहा कि ने कहा कि हर क्षेत्र में महिलाएं देश का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने महिलाओं के त्याग, प्रेम और धैर्य को उनकी पहचान बताया। भाजपा सरकार की महिला सशक्तिकरण योजनाओं का जिक्र किया। बजट में महिलाओं के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। जिलाध्यक्ष रामविलास पाल ने कहा कि पूरे देश और दुनिया में आज महिला दिवस को सेलिब्रेट किया जा रहा है। अध्यक्षीय भाषण देते हुये जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने कहा कि महिलाओं की ताकत और सम्मान के प्रतीक के रूप में हर साल अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को 8 मार्च को पूरी दुनिया में मनाते है। यह दिन महिलाओं के अधिकारों, लैंगिक समानता और उनके सशक्तिकरण के प्रति जागरुकता फैलाने वाले दिन का प्रतीक है। उक्त अवसर पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष मनोरमा मौर्य जिला महामंत्री सुशील मिश्र, अंजना श्रीवास्तव, अंजू पाठक, अंजना सिंह, सारिका सोनी, विमला श्रीवास्तव, अंजू कुशवाहा, नीरज मौर्य, सुशांत चौबे आदि उपस्थित रहे।

महिला दिवस पर गोष्ठी व सम्मान समारोह का आयोजन

जौनपुर। सदभावना क्लब के अध्यक्ष मोहम्मद रजा खान की अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर गोष्ठी व सम्मान समारोह का आयोजन ब्लास्मस स्कूल मानिक चौक में किया गया। मुख्य अतिथि उम्मे रहिला चेयरमैन नगर पंचायत जफराबाद द्वारा गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कहा गया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पूरी दुनिया के सभी देश चाहे वह विकसित हो या विकासशील में मिलकर महिला अधिकारों की बात करते हैं। इसी दिशा में उनके सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक अधिकारों के बारे में चर्चा की जाती है। विशिष्ट अतिथि कंचन पांडेय (चौकी प्रभारी शकरमण्डी) ने कहा की आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर संगोष्ठी व सम्मान का आयोजन करके भारतीय संस्कृति में महिला की गरिमामय स्थिति और सामाजिक विकास यात्रा में महिलाओं के योगदान की महत्वपूर्ण भूमिका से इंकार नही किया जा सकता है। संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए पूर्व अध्यक्ष हफीज शाह ने महिलाओं की दोहरी भूमिका का जिक्र करते हुए कर्तव्यनिष्ठा पर बल दिया। इस दौरान मुख्य रूप सह सचिव हर्ष माहेश्वरी, सलमान शेख, हाजी सैय्यद फरोग अहमद, डॉ. मोहम्मद मुजम्मिल, शोएब कलाम, अस्मा जहरा, मिस्बाह जहरा समेत विद्यालय की अध्यापक व अध्यापिका समस्त छात्र व छात्राएं उपस्थित रहे।

डायट सभागार में आयोजित हुआ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

जौनपुर। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को डायट सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ज्वाइंट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर, विशिष्ट अतिथि उपजिलाधिकारी निधि शुक्ला तथा जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी दिव्या शुक्ला, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अनिता द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम के आयोजक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल द्वारा पुष्प गुच्छ देकर तथा सभी अतिथियों का बैज अलंकरण कर स्वागत किया गया। अतिथियों के स्वागत में कस्तूरबा गाँधी की छात्राओं द्वारा बालिका शिक्षा से संबंधित मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। उपजिलाधिकारी निधि शुक्ला ने महिला सशक्तिकरण के विभिन्न चरणों के बारे में विस्तार से बताया। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर ने बालिकाओं को आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए अभिप्रेरित किया। जिला अल्पसंख्यक अधिकारी अनीता ने सभी से अपील किया कि बालिका शिक्षा को अधिक बढ़ावा दिया जाय। जिला दिव्यांग अधिकारी दिव्या शुक्ला ने दहेज के प्रति जागरूक किया। वित्त एवं लेखाधिकारी राजीव पाण्डेय ने महिला दिवस के अवसर पर प्राचीन कल्पनाओं के साथ महान देवियों के बारे में जिक्र किया तथा बाल विवाह रोकने पर पूर्णतः बल दिया। कार्यक्रम के आयोजक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

यूबीआई ने डॉ. स्वाति यादव को किया सम्मानित

जौनपुर। नारी सशक्तिकरण के अन्तर्गत यूनियन बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा विश्व महिला दिवस के उपलक्ष्य में यूनियन बैंक की महिला कर्मियों को उनके उत्कृष्ट कार्य की सराहना के लिए सम्मानित किया गया। वहीं कार्यक्रम की अतिथि रेडियो डायग्नोसिस डा. स्वाति यादव व डा. अलका यादव को क्षेत्र प्रमुख शैलेन्द्र कुमार द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पर्सनल लाइफ और ऑफिस/प्रोफेशनल लाइफ को कैसे संतुलित रखा जाए। वर्तमान में पैरेंटिंग के क्या चैलेंजेस हैं और उनसे कैसे निपटा जाएं आदि विषयों पर चर्चा की गई। इस दौरान तमाम लोग उपस्थित रहे।

महिलाएं सशक्त होंगी तभी होगा समाज का विकास : प्रो. मानस पांडेय

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर व्यावसायिक अर्थशास्त्र विभाग में ₹वर्तमान परिप्रेक्ष्य में महिला सशक्तिकरण की दशा एवं दिशा₹ विषय पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो. मानस पांडेय ने कहा कि समाज का सशक्तिकरण तब तक संभव नहीं जब तक महिलाएं सशक्त न हों। उन्होंने कहा कि सरकार महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए आर्थिक योजनाओं के माध्यम से ऋण उपलब्ध करा रही है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने देश की कई महिलाओं का नाम लेते हुए बताया कि अपने काबिलियत से आज भी उच्च पदों पर आसीन हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के बिना समाज और देश का विकास संभव नहीं होगा। विशिष्ट वक्ता डॉ. आशुतोष सिंह ने कहा कि 2001 को महिला सशक्तिकरण वर्ष घोषित किया गया था और इससे संबंधित राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की गई थी। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह और गैर-सरकारी संगठन महिलाओं के अधिकारों को मजबूत करने में सहायक रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इससे महिलाओं को निर्णय लेने की स्वतंत्रता और आत्मसम्मान प्राप्त होता है। कार्यक्रम में डॉ. निशा पांडे ने स्वागत उद्बोधन दिया और महिलाओं के आत्म-सम्मान की रक्षा हेतु शपथ दिलाई। संचालन दीपांजलि ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. राकेश उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर डॉ. अंजनी कुमार मिश्र, डॉ. सुशील कुमार सिंह, प्रिंस सिंह, हर्ष एवं डॉ. नितिन चौहान उपस्थित रहे।

महिला दिवस पर सीएमओ सभागार में आयोजित हुई गोष्ठी : जौनपुर। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी के सभागार में गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. लक्ष्मी सिंह द्वारा बताया गया कि भारत में सरकार विभिन्न नीतियों, योजनाओं और विधायी उपायों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण और लैंगिक समानता की दिशा में सक्रिय रूप से काम कर रही है। देश महिला विकास से महिला नेतृत्व वाले विकास की ओर बढ़ रहा है, जो राष्ट्रीय प्रगति में समान भागीदारी सुनिश्चित करता है। महिलाए भारत के सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य को आकार देने, शिक्षा, स्वास्थ्य डिजिटल समावेशन और नेतृत्व की भूमिकाओं में बाधाओं का तोडने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग में चल रही योजनाओं जननी सुरक्षा योजना, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, एनीमिया मुक्त भारत, योजनाओं के बारें में प्रकाश डाला। गोष्ठी में डा. राजीव कुमार एंव डा. बीसी पन्त अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।

विज्ञान संकाय में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस : जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभाग की शिक्षिका डॉ. श्वेता सोनम ने कहा कि आज समाज में पुरुष और महिला समान हैं, लेकिन महिलाओं की जिम्मेदारियाँ अधिक होती हैं। ईशानी भारती ने महिलाओं की मानसिक सुदृढ़

दो मेमू ट्रेनों का महिलाओं ने किया संचालन

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए विविध आयोजन किये गये। इसी क्रम में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर वाराणसी मंडल के वाराणसी मंडल के बनारस एवं वाराणसी सिटी रेलवे स्टेशनों से कुल दो मेमू पैसेंजर गाड़ियों का संचालन महिला रेल कर्मियों द्वारा किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पूर्वोत्तर रेलवे,वाराणसी मंडल के बनारस स्टेशन से झूंसी के लिए गाड़ी सं 65129 (बनारस-झूंसी डेमू) ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर स्टेशन अधीक्षक ने रवाना किया। इसी क्रम में वाराणसी सिटी से गाड़ी सं 65106(वाराणसी सिटी-गाजीपुर सिटी डेमू) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उक्त संचालन पूरी तरह से महिला कर्मचारियों (महिला क्रू और रनिंग स्टाफ) द्वारा किया गया। ज्ञातव्य हो कि पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल पर महिला कर्मचारियों तथा यात्रियों हेतु उत्साहजनक एवं अनुकूल वातावरण बनाने के लिये व्यापक कदम उठाये गये हैं।

महिला कर्मचारियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता करने के लिये समय-समय पर सेमिनार एवं नाटकों का मंचन किया जाता है। वाराणसी मंडल के सभी संवर्गों में महिलायें कार्यरत हैं और पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रही हैं तथा रेलवे एवं देश के उत्थान में अपना योगदान दे रही हैं। इस रेलवे पर महिला कर्मचारी लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर, कॉन्सटेबल/रेलवे सुरक्षा बल (आर.पी.एफ.), टी.टी.ई., सिगनल एवं दूर संचार अनुरक्षक तथा ट्रैक मेन्टेनर इत्यादि महत्वपूर्ण पदों पर अपना उल्लेखनीय योगदान दे रही हैं।

51 आत्मनिर्भर महिलाओं का हुआ सम्मान

वाराणसी। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर, रथयात्रा स्थित एक लॉन में महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें नारी सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और समाज में उनके योगदान को विशेष रूप से सराहा गया। इस समारोह का प्रमुख आकर्षण 51 आत्मनिर्भर महिलाओं को सम्मानित करना रहा, जिन्होंने आर्थिक स्वतंत्रता हासिल की और अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाए। इन महिलाओं ने अपने दृढ़ संकल्प और मेहनत के बल पर समाज में मिसाल कायम की और आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरणादायक यात्रा तय की। महिलाओं के हेल्थ से जुड़ी एक संस्था के सदस्य पुष्कर मिश्रा ने कहा कियह सिर्फ सम्मान समारोह नहीं, बल्कि नारी शक्ति को प्रेरित करने और उनके संघर्ष की सराहना करने का एक मंच है।

11 दिव्यांग महिलाओं का सम्मान

कार्डियबकान सोसायटी ने नेशनल कांफ्रेंस के दूसरे दिन अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उल्लेखनीय योगदान के लिए 11 दिव्यांग व 11 सामान्य महिलाओं को अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सम्मान पाने वाली महिलाओं में डॉक्टर अपूर्वा, डॉक्टर ममता टंडन, डॉक्टर पंखुड़ी जैन, डॉक्टर सैफालिक राय, दिव्या वर्मा, डॉ नीति टहलानी, अंजना, उपमा पांडेय, श्यामकली, डॉक्टर सुनीता तिवारी, प्रमिला चरण, डॉ रितिका, डॉक्टर पूर्णिमा, डॉक्टर सुनीता गुप्ता, रीना सिंह, वैशाली यादव, रिचा सिंह, शीलू पांडेय, पूनम श्रीवास्तव, प्रोफेसर विनीता जयसवाल व मीरा ओझा थी। महिला सम्मान समारोह कार्यक्रम का संचालन करते हुए दिव्यांग सशक्तिकरण राज्य सलाहकार बोर्ड के सदस्य डॉक्टर उत्तम ओझा ने कहा कि हम लोग लगातार दिव्यांग बंधुओं को समाज से मुख्य धारा से जोड़ने में लगे हुए हैं ताकि 2047 में जब देश आजादी का शताब्दी वर्ष मनाए तो उस समय हमारे दिव्यांग बंधु अपनी क्षमता से एक ट्रिलियन अर्थव्यवस्था से सुसज्जित होकर देश के आर्थिक विकास में अपना महत्व पूर्ण योगदान दे। तभी समय सही मायने में देश एक विकसित देश के रूप में स्थापित हो पाएगा। कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन सोसायटी के डायरेक्टर डॉ अभिजीत चटर्जी मुख्य रूप से उपस्थित हुए,जिनका स्वागत आयोजन समिति की सदस्य डॉ आशुतोष मिश्रा डॉक्टर पल्लवी मिश्रा व डॉक्टर नूपुर ओझा ने संयुक्त रूप से किया। दूसरे दिन के सत्रों में हृदय,गुर्दा व मधुमेह रोग के नियंत्रण पर महत्वपूर्ण विचार सामने आए। साथ ही चिकित्सा जगत में उल्लेखनीय योगदान देने वाले प्रोफेसर डॉक्टर सरिता बजाज प्रोडक्ट अनूप मिश्रा स्थापित आयामों पर व्याख्यान का भी आयोजन किया गया। दूसरे दिन डॉक्टर अरविंद कुमार आर्य, डॉक्टर छवि कोहली, डॉक्टर दीपक खंडेलवाल, डॉक्टर समीर अग्रवाल डॉ अजय पांडेय डॉक्टर भागीरथ सोलंकी, डॉक्टर संदीप, डॉ राजीव अवस्थी, डॉक्टर सुनील गुप्ता, डॉक्टर सौमिक घोष, डॉ विपुल छाबड़ा, डॉ विनोद अभिचंदानी डॉ यासमीन सैयद, डॉ मुरलीधर आदि ने अपने विचार रखें। आभार सारण्या ओझा ने व्यक्त किया।

महिला पुलिसकर्मियों ने संभाली यातायात व्यवस्था

वाराणसी। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं के सम्मान को लेकर जिले में तरह-तरह के कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इसी कड़ी में शनिवार को महिला पुलिसकर्मी यातायात व्यवस्था संभालते हुए दिखी। महिला पुलिस कर्मियों ने न केवल यातायात व्यवस्था को संभाला बल्कि लोगों को यातायात नियमों की जानकारी भी दिया। जिले के सभी ट्राफिक पॉइंट पर महिला पुलिस कर्मियों को लगाया गया। महिला सशक्तिकरण का संदेश देने के लिए पुलिस विभाग की तरफ से यह पहल किया गया है। शनिवार को सुबह 8 बजे से महिला पुलिस सड़कों पर ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए ड्यूटी करती नजर आईं। इस दौरान ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों का चालान किया व नियमों का पाठ पढ़ाया। उन्होंने न केवल ट्रैफिक व्यवस्था संभाली, बल्कि सड़क से गुजरने वाले वाहन चालकों को भी जागरूक किया। साथ ही लोगों से कहा कि यातायात नियम का पालन करना प्रत्येक वाहन चालक की जिम्मेदारी है।

विश्व महिला दिवस पर महिला स्वयंसेवकों ने किया रक्तदान

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। विश्व महिला दिवस पर सिविल डिफेंस कलेक्ट्रेट प्रखंड की महिला वार्डेन और स्वयंसेवकों ने पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय जिला चिकित्सालय में 39 यूनिट रक्तदान कर विश्व महिला दिवस मनाया। मुख्य अतिथि उप नियंत्रक जितेन्द्र देव सिंह, विशिष्ट अतिथि डिप्टी सीएमएस प्रेम प्रकाश, पार्षद अशोक मौर्या, एडीसी इरफानुल होदा थे।

अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम संयोजक डिवीजनल वार्डेन संजय कुमार राय और डिप्टी डिवीजनल वार्डेन अरविन्द विश्वकर्मा ने किया। इस अवसर पर रक्तदाता महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। ब्लड बैंक प्रभारी रमेश चंद्र राय और प्रियंका गोस्वामी ने भी रक्तदान किया।

सिविल डिफेंस की कंचन गुप्ता, शिवांकी आर्या, शशि सिंह, प्रियंका गोस्वामी, मीना मुखर्जी, शशि श्रीवास्तव, जया भट्टाचार्या समेत अन्य महिला स्वयंसेवकों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर अंजनी सिंह, सेक्टर वार्डेन अयन बोस, चंद्रकला, अजय कुमार श्रीवास्तव, पवन सिंह, गोपाल मुखर्जी, आयुष गुप्ता, अनुष्का, शबाना आजमी आदि थीं।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मातृ शक्तियों का सम्मान

वाराणसी। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शनिवार को कमिश्नरी ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में 400 मातृ शक्तियों को आयुष एवं खाद्य सुरक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने सम्मानित किया।

राज्य मंत्री डॉ. दयालु ने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने के मकसद से मोदी सरकार ने महिला ई-हॉट योजना को साल 2016 में लांच किया। इसका उद्देश्य महिला व्यापारियों को अपने प्रोडक्ट ऑनलाइन बेचने के लिए एक मंच प्रदान करना है। यह योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और उनके उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बढ़ावा देने में मदद कर रही हैं। इसी प्रकार प्रधानमंत्री महिला शक्ति केंद्र योजना का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से सरकार द्वारा ग्रामीण महिलाओं के लिए उपलब्ध कराई गई योजनाओं के बारे में जागरुकता पैदा करने के लिए सशक्त बनाना है। उन्होंने महिलाओं के उत्थान एवं स्वावलंबन के लिए चलायी जा रही केंद्र और प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं का जिक्र किया। कहा कि मिशन शक्ति अभियान (उप्र) के अंतर्गत महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सुरक्षा, सम्मान और रोजगार के अवसर दिए जाते हैं। महिला सुरक्षा बल (एंटी रोमियो स्क्वॉड) गठित किया गया है। यह बल महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए महिला ग्राम प्रधान और पंचायतों में भागीदारी-उत्तर प्रदेश सरकार ने पंचायत चुनावों में महिलाओं के लिए 50% सीटें आरक्षित की हैं, जिससे वे राजनीति में आगे बढ़ सकें। प्रदेश के हर जिले में महिला सशक्तिकरण केंद्र खोले गए हैं, जहां महिलाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाती है।

कार्यक्रम

केंद्र एवं राज्य सरकार मातृशक्ति के उत्थान एवं स्वावलंबन के लिए कृत संकल्पित

एनएसएस शिविर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर परिचर्चा

वाराणसी। राष्ट्रीय सेवा योजना, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ की तरफ से सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन शनिवार को गायत्री शक्तिपीठ सामने घाट नगवा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में एक परिचर्चा आयोजित हुई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ध्यानेंद्र कुमार मिश्र ने कहा कि कार्य के प्रत्येक क्षेत्र में महिलाएं अपनी योग्यताएं और दम-खम प्रदर्शित कर रही हैं। शिक्षा, चिकित्सा, प्रबंधन, विधि, राजनीति, रक्षा जैसे सभी क्षेत्रों में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। स्वयंसेवक नारायणजी चौबे ने कहा कि सैंधव सभ्यता से लेकर आधुनिक युग तक हर काल में महिलाओं ने अपनी प्रतिभा के बल पर अपनी पहचान बनाई है। स्वयंसेवक मोहम्मद शुऐब अली ने कहा कि जिस समाज व राष्ट्र में महिला का सम्मान होता है, वह राष्ट्र विकास के पथ पर अग्रसर होता है। स्वयंसेवक कृष त्रिपाठी ने कहा कि वर्तमान में महिलाओं की स्थिति बहुत परिवर्तित हो चुकी है। अब वह प्रत्येक क्षेत्र में अपनी भूमिका कुशलतापूर्वक निभा रही है। शिविर में हर्ष गुप्ता, सुमित रावत, आर्यन मौर्य, प्रियांशु, कार्तिकेय, सचिन, दीपांशु, अंकित, विधान, प्रिंस सिंह, आदित्य अग्रहरि, सोनू, आकाश, अनुराग, कृष त्रिपाठी, अर्पित जायसवाल, आनंद, अंकुश, वरुण, सिद्धार्थ, आदित्य, रोहन आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

मांगलिक कार्य स्थगितः खरमास प्रारंभ

सूर्य देव के धनु और मीन राशि में प्रवेश करते ही खरमास शुरू

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। जब सूर्य देव धनु और मीन राशि में प्रवेश करते हैं, तो इस अवधि को खरमास कहा जाता है। ये दोनों राशियां देवगुरु बृहस्पति के आधिपत्य हैं।

सूर्य के प्रभाव में आने से बृहस्पति का शुभ फल कम हो जाता है, जिसके कारण इस समय को धार्मिक दृष्टि से विशेष माना जाता है। खरमास के दौरान विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन और अन्य मांगलिक कार्य स्थगित हो जाते हैं। यह अवधि वर्ष में दो बार आती है, पहली बार दिसंबर-जनवरी में और दूसरी बार मार्च-अप्रैल में।

इस दौरान देवगुरु बृहस्पति और सूर्य की ऊर्जा कमजोर मानी जाती है, जिससे शुभ कार्यों के लिए अनुकूल समय नहीं रहता।

18 मार्च को सूर्य उत्तराभाद्रपद नक्षत्र में प्रवेश करेंगे

मार्च 2025 में सूर्य देव 14 मार्च को शाम 6:59 बजे मीन राशि में प्रवेश करेंगे, तब खरमास आरंभ होगा। इसके बाद 18 मार्च को सूर्य उत्तराभाद्रपद नक्षत्र में प्रवेश करेंगे और 13 अप्रैल को जब सूर्य मीन राशि से निकलकर मेष राशि में प्रवेश करेंगे। तब खरमास समाप्त हो जाएगा। खरमास के दौरान मंत्र जाप और पाठ करना शुभ माना जाता है। श्री राम कथा, भागवत कथा और शिव पुराण का पाठ करें। इस दौरान तीर्थ यात्रा और नदी स्नान का भी महत्व है। जो लोग तीर्थ यात्रा नहीं कर सकते, वे घर पर गंगाजल से स्नान कर सकते हैं। अनाज, वस्त्र, जूते-चप्पल, गायों के लिए चारा आदि का दान करना अत्यंत शुभ होता है। खरमास के दौरान सुबह जल्दी उठकर स्नान के बाद तांबे के लोटे से सूर्य को जल अर्पित करें और 'ऊँ सूर्याय नमः' मंत्र का जाप करना चाहिए।

लैंगिक असमानता कुत्सित मानसिक विकृति की उपज

बोलीं डॉ. अनामिका

आर्य महिला पीजी कॉलेज में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन

वाराणसी। आर्य महिला पीजी कॉलेज की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अनामिका सिंह ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को कहा कि लैंगिक असमानता कुत्सित मानसिक विकृति की उपज है। समाज की आधी आबादी स्त्रियों की है। इन्हें साथ लिए बिना कोई भी समाज या देश अपनी संपूर्णता में बेहतर नहीं हो सकता। लेकिन विडंबना यह है कि समाज की आदिम संरचना से ही सत्ता की लालसा में पुरुषों ने स्त्रियों के प्रति शोषण की भावना रखकर उन्हें दोयम दर्जे का घोषित कर दिया।

राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से सेमरा में आयोजित सात दिवसीय शिविर के समापन के मौके पर उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 में दशकों से चली आ रही लैंगिक असमानता की इस समस्या को केंद्र में रखकर समाधान के रूप में कुछ ऐसे दिशा निर्देश भी दिए हैं, जिनसे लैंगिक समानता प्राप्त करने की दिशा में प्रगति आ सके। संयुक्त राष्ट्र के द्वारा सुझाई गई इन नीतियों पर विशेष टिप्पणी करते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि लैंगिक असमानता को जड़ से खत्म करने में यह सभी नीतियां 100 प्रतिशत तभी कारगर होगी, जब मानव चेतना का आध्यात्मिक रूपांतरण हो। जब मनुष्य स्वयं को भौतिक शरीर और अहंकार की सीमाओं से परे मानकर शुद्ध चेतना के रूप में खुद को स्वीकार करेगा, तभी समता की दृष्टि आएगी और लैंगिक भेदभाव वैश्विक पटल से समाप्त हो सकेगा। इस मौके पर स्वयंसेवकों ने पूरे सप्ताह क्षेत्र में किए गए सेवा कार्य और उपलब्धियां पर चर्चा की और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम अधिकारी डी सुरेंद्र नायक ने उपलब्धियां के बारे में बताया। धन्यवाद डॉ. असोंगपो ने दिया।

अर्थशास्त्र विभाग में वेल्थ ऑफ नेशंस' कार्यक्रम

वाराणसी। अर्थशास्त्र विभाग महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ की तरफ से वेल्थ ऑफ नेशंस के प्रकाशन को 250 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. पारसनाथ मौर्य ने एडम स्मिथ की पुस्तक के वर्तमान महत्व से परिचित कराया। इस मौके पर विभाग के शोधार्थियों ने पुस्तक के विभिन्न अध्यायों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ. राकेश सिंह, डॉ. ऊर्जस्विता सिंह, डॉ. पारिजात सौरभ, डॉ. गंगाधर, अरुण यादव, राकेश कुमार गुप्ता, जैनेंद्र कुमार, विजय, दीपा, नीलम, प्रियंका श्रीवास्तव, रीना निगम, मुकेश, नितेश, अखिलेंद्र, केतन आदि उपस्थित रहे।

मौखिक परीक्षा 22 मार्च को

वाराणसी। विधि विभाग महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में एलएलबी पंचम सेमेस्टर सत्र 2024-25 की मौखिक परीक्षा 22 मार्च को आयोजित है। विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष प्रो. रंजन कुमार ने बताया कि परीक्षा पूर्वाह्न 11 बजे से विधि विभाग में होगी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को व्यवहारिक प्रशिक्षण/ अनुकरण अभ्यास पुस्तिका के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है अन्यथा उनकी मौखिकी परीक्षा सम्भव नहीं हो पायेगी।

महिलाएं अपने आसपास को भी करें सशक्त

जनसंदेश न्यूज

बोलीं प्रो. सोनाली सिंह

स्पंदन एवं उड़ान के विजयी प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

वाराणसी। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर डीएवी पीजी कॉलेज में शनिवार को आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करती हुई राजनीति विज्ञान विभाग-बीएचयू की वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. सोनाली सिंह ने कहा कि समाज में स्त्री सशक्तिकरण को लेकर गलत धारणा बना दी गयी है। महिलाओं को सम्मान मिले, वे सशक्त हो और अपने आसपास के परिवेश को सशक्त बनाये। तब सही मायने में स्त्री सशक्तिकरण माना जायेगा।

उन्होंने कहा कि एनसीआरबी के आंकड़े बताते है कि महिलाएं बाहर से ज्यादा अपने घरों, आसपास के समाज में ज्यादा खतरे में हैं। अब वह समय गया, जब सिर्फ लैंगिक समानता की बात हो, अब इसके क्रियान्वयन का समय आ गया है। इस मौके पर नाटककार गौतम चटर्जी लिखित 'बहुरि अकेला' का मंचन किया गया। नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि कलयुग में रावण को मारना बहुत मुश्किल है, परन्तु अंत तो उसका भी सुनिश्चित है। नाटक का संयोजन डॉ. विजय यादव ने किया। कार्यक्रम में युवा महोत्सव उड़ान एवं स्पंदन में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले युवाओं का सम्मान किया गया।

स्पंदन में डीएवी की टीम ने कुल नौ पदक हासिल किए। अध्यक्षता कार्यकारी प्राचार्य प्रो. मिश्रीलाल ने की। स्वागत डॉ. पारुल जैन, संचालन डॉ. बंदना बालचंदनानी ने किया। धन्यवाद डॉ. कल्पना सिंह ने दिया। इस दौरान उपाचार्य प्रो. राहुल, डॉ. तरु सिंह, प्रो. विजयनाथ दुबे, डॉ. हसन बानो, डॉ. साक्षी चौधरी, डॉ. स्वाति सुचरिता नंदा, डॉ. श्रुति अग्रवाल, डॉ. शालिनी सिंह, डॉ. विकास सिंह, डॉ. त्रिपुर सुंदरी, डॉ. विजय यादव, डॉ. सत्यार्थ आदि उपस्थित थे।

नारी के बिना समाज और संसार की कल्पना असंभव

बोले डॉ. हरेंद्र राय

महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ एवं सेवाज्ञ संस्थानम काशी की तरफ से संगोष्ठी

वाराणसी। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन बोर्ड के सदस्य डॉ. हरेंद्र राय ने कहा कि नारी के बिना समाज और संसार की कल्पना असंभव है। वह महामना मदन मोहन मालवीय हिन्दी पत्रकारिता संस्थान, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ एवं सेवाज्ञ संस्थानम काशी के संयुक्त बैनर तले अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शनिवार को संस्थान सभागार में आयोजित 'भारतीय समाज में नारी की यात्रा : परम्परा एवं प्रगति का संगम' विषयक संगोष्ठी में मुख्य अतिथि थे।

उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों से मित्रवत व्यवहार अपना कर उनकी परवरिश करें ताकि बच्चों में आत्मविश्वास और सामाजिक मूल्यों का विकास हो सके। मुख्य वक्ता डॉ. स्वाति एस. मिश्रा ने नारीवाद के सामाजिक परिप्रेक्ष्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नारीवाद शब्द की उत्पत्ति पाश्चात्य संस्कृति से हुई है, जिसका उदय अमेरिका में हुआ और यूरोप के माध्यम से संपूर्ण विश्व में इसका प्रसार हुआ। उन्होंने नारीवाद के पहली से चौथी लहर तक के क्रमिक विकास को स्पष्ट करते हुए कहा कि आज नारीवाद के चौथे चरण में हम महिलाओं की स्थिति में हो रहे बदलाव को देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाज में स्तरीकरण आज भी मौजूद है, लेकिन आने वाले समय में इसमें सकारात्मक बदलाव की आशा है। अध्यक्षता करते हुए महामना मदन मोहन मालवीय हिन्दी पत्रकारिता संस्थान के निदेशक डॉ. नागेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि नारी स्वयं में शक्ति का प्रतीक हैं और उन्हें किसी विशेष दिवस की आवश्यकता नहीं है। भारत में नारी ही सर्वोपरी है, बिन नारी के मानवता की कल्पना नहीं की जा सकती है। विषय स्थापना करते हुए डॉ. कुमकुम पाठक ने वैदिक वाङ्मय के इतिहास को नारीवादी परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति का सर्वोच्च उदाहरण झांसी की रानी हैं, जो साहस और दृढ़ संकल्प का प्रतीक हैं। संचालन सोनी शर्मा ने किया।

समाज निर्माण में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका

संगोष्ठी

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ व आर्य महिला पीजी कॉलेज का संयुक्त आयोजन

वाराणसी। अकादमी स्टाफ कॉलेज बीएचयू के प्रो. आनंद वर्धन शर्मा ने कहा कि समाज में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। चाहे वह समाज निर्माण के क्षेत्र में हो या युद्ध में शस्त्र उठाने के लिए। भारतीय इतिहास में अनेक ऐसी नारियां हुई है, जिन्होंने अपने कालखंड में राष्ट्र निर्माण की ज्वाला को जलाए रखा।

हमारी संस्कृति में देवताओं के नाम से पूर्व देवियों का नाम आता है, जिससे यह पता चलता है कि भारतीय संस्कृति में नारी का स्थान पुरुष से पहले है। वह अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शनिवार को तेजस्विनी महिला प्रकोष्ठ आर्य महिला पीजी कॉलेज तथा राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के संयुक्त बैनर तले आयोजित 'स्त्री आदर्श की गाथा : सीता एवं अहिल्याबाई होल्कर' विषयक संगोष्ठी में मुख्य वक्ता थे।

राम मनोहर लोहिया पीजी कॉलेज के प्रो. नरेंद्र राय कहा कि माता सीता और अहिल्याबाई होल्कर दोनों ही नारियां भारतीय संस्कृति की मूर्तिमान प्रतीक थीं। कितनी ही आपत्तियों और कसौटियों के प्रसंग तेजस्विनियों पर आए, लेकिन उन सबका वे धैर्य से मुकाबला कर धर्म को संभालते हुए राज्य का संसार सुरक्षित रखा। भारतीय संस्कृति जब तक जागृत रहेगी, माता सीता और अहिल्याबाई के चरित्र से हमें प्रेरणा मिलती रहेगी। मुख्य अतिथि प्रसिद्ध कथावाचक रविंद्र पाठक ने प्रभु राम के नाम का स्मरण करते हुए बहुत ही भावपूर्ण एवं सुंदर कथा प्रस्तुत किया। स्पंदन युवा महोत्सव कार्यक्रम में प्रतिभागी छात्राएं हिंदी कविता पाठ में द्वितीय पुरस्कार श्रेया सिंह, संस्कृत काव्य पाठ में तृतीय पुरस्कार सौम्या को प्राचार्या प्रो. रचना दुबे ने सम्मानित किया। संचालन प्रो. सुचिता त्रिपाठी ने किया। धन्यवाद प्रो. जया मिश्रा ने दिया। मौके पर प्रो. बिन्दु लहरी, डॉ. नमिता गुप्ता, डॉ. अंशुल, डॉ. मीनाक्षी बाजपेई, डॉ. वीना सुमन, डॉ. मंजू मल्होत्रा समेत छात्राएं उपस्थित रहीं।

स्वास्थ्य को देखते हुए जैविक खेती करें किसान

बोलीं पूनम मौर्य

जिला पंचायत अध्यक्ष ने प्रगतिशील महिला किसानों को किया सम्मानित

चांदमारी। हमारे देश में हो रही गंभीर बीमारियों से निजात पाने तथा स्वस्थ रहने के लिए किसानों को रासायनिक खेती को त्यागकर गो आधारित जैविक खेती को अपनाना होगा। उक्त बाते नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत कृषि विभाग की तरफ से हरहुआ विकास खंड के गहनी गांव में शनिवार को आयोजित जैविक किसान मेला का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य ने कहीं।

उन्होंने कृषि क्षेत्र की उत्कृष्ट प्रगतिशील महिला किसानों को स्कोप सर्टिफिकेट वितरित कर सम्मानित किया। जैविक विशेषज्ञ स्वामी शरण कुशवाहा तथा ऋषिकेश एवं अखिलेश कुमार तिवारी ने किसानों को देशी गाय पालन, मिट्टी में जीवांश बढ़ाने, गो मूत्र व गोबर गुड़, चने का बेसन, जीवांश युक्त मिट्टी को मिलाकर जीवामृत घोल का प्रयोग, लाइन में फसलों की बुवाई करने, मिलवा खेती करने, बीज शोधन के लिए ट्राइकोडरमा का प्रयोग, देशी बीज का प्रयोग करने की विस्तारपूर्वक से जानकारी दी। इस दौरान उपनिदेशक अखिलेश सिंह, ग्राम प्रधान शशि कला, जिला पंचायत सदस्य शंभू यादव, राहुल कुमार, तकनीकी सहायक आकांक्षा, डॉ. राजशेखर, कृषि सखी अनीता मणि, गुलाब पटेल, त्रिलोचन पटेल, जयप्रकाश मिश्रा, हरिश्चंद्र यादव, गीता, दिव्या, बिंदु, हीरावती, लक्ष्मीना आदि थीं। संचालन कृष्ण कुमार मौर्य ने किया। धन्यवाद अखिलेश तिवारी ने दिया।